www.anantgyaan.in

सूर्योदय 7:19 सूर्यास्त 5:25

आज का तापमान

| शहर | न्यूनतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| शिमला | 7.06 | 16.05 |
| धर्मशाला | 8.00 | 21.00 |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 72038.43 |
| निफ्टी | 21654.80 |

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार



धर्मशाला | वीरवार, 28 दिसंबर 2023 | 13 पौष, विक्रमी संवत 2080 | वर्ष 1, अंक 10 | कुल पृष्ठ 16 | मूल्य : 5 रुपए

कांगड़ा जिले के हरिपुर में है 827 साल पुराना राम मंदिर ..पेज 3

# एक किलो सोना और सात किलो चांदी से बनीं रामलला की चरण पादुकाएं

अनंत ज्ञान विशेष

**अयोध्या** में रामलला को विराजमान करने के लिए भव्य श्री राम मंदिर को, जैसा पौराणिक कथा में उल्लेख है, वैसा स्वरूप दिया जा रहा है। वहीं, रामलला के पहनावे से लेकर उनके रूप-रंग और उनकी साज-सज्जा की हर वस्तुओं को मूर्तिकार और शिल्पकार अपनी कला से रूप देने में लगे हैं।




भगवान राम की पादुकाएं बनकर तैयार हो गई हैं, जिन्हें एसजी हाईवे पर तिरुपति बालाजी मंदिर में दर्शन के लिए रखा गया है। इन पादुकाओं को हैदराबाद के श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री ने तैयार किया है। पादुकाओं को बनाने में एक किलो सोना और सात किलो चांदी का इस्तेमाल किया गया है। इसके अलावा पादुकाओं में बहुमूल्य रत्न भी लगाए गए हैं। रामलला की चरण पादुकाएं पूरे देश में घुमाई जा रही हैं। ये पादुकाएं प्राण प्रतिष्ठा समारोह से पहले 19 जनवरी, 2024 को अयोध्या पहुंच जाएंगी। 17 दिसंबर को इन्हें रामेश्वर धाम से अहमदाबाद लाया गया था। तिरुपति बाला जी के बाद इन्हें सोमनाथ भी ले जाया जाएगा।



**19** जनवरी को अयोध्या पहुंचेंगी चरण पादुकाएं

**41** दिन अयोध्या में श्रीचल्ला श्रीनिवास शास्त्री रामलला की चरण पादुकाओं के साथ निर्माणाधीन मंदिर की परिक्रमा कर चुके हैं




**2** साल से इन पादुकाओं को रामेश्वरम से बद्रीनाथ तक सभी प्रसिद्ध मंदिरों में ले जाया जा रहा

**22** जनवरी को रामलला की प्राण-प्रतिष्ठा का कार्यक्रम, पीएम मोदी के हाथों होगी प्राण-प्रतिष्ठा

## बेशकीमती रत्नों का प्रयोग

**चरण** पादुकाओं में सोने और चांदी के अलावा बेशकीमती रत्नों का भी प्रयोग हुआ है। राम मंदिर में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा के बाद भगवान की चरण पादुकाएं भी यहीं पर रखी जाएंगी। अहमदाबाद पहुंची इन चरण पादुकाओं को बालाजी मंदिर के ट्रस्टी टीके सुब्बारायुडू अपने सिर पर रखकर मंदिर के अंदर ले गए। इसके बाद बालाजी मंदिर के पंडितों ने इसकी विशेष पूजा की। कुछ भक्तों ने इन पादुकाओं को अपने सिर पर भी रखा।



**5000** अमेरिकन डायमंड्स और दो किलो चांदी के इस्तेमाल से बना राम मंदिर की थीम वाला नेकलेस। इसे गुजरात के सूरत में एक हीरा कारोबारी ने बनाया

**35** दिन लगे नेकलेस को बनाने में

**40** कारीगरों ने मिलकर बनाया राम मंदिर की थीम वाला नेकलेस

## राम मंदिर को उपहार में देंगे नेकलेस

रासेश ज्वेलर्स के डायरेक्टर कौशिक काकडिया ने बताया कि हम अयोध्या में बन रहे राममंदिर से बहुत प्रेरित हैं। हमने 5000 से ज्यादा अमेरिकन डायमंड्स का इस्तेमाल कर इस नेकलेस को बनाया है। यह बिक्री के लिए उपलब्ध नहीं है। हम इसे राम मंदिर को तोहफे में देंगे। हम चाहते थे कि राम मंदिर को कुछ उपहार दें, इसीलिए ये खास नेकलेस बनाया है। इस नेकलेस की लड़ियों में रामायण के मुख्य पात्रों को उकेरा गया है।

## न्यूज शॉर्ट्स

### श्रीनगर में आईईडी बरामद सुरक्षाबलों ने किया डिफ्यूज

**श्रीनगर।** सुरक्षाबलों ने बुधवार को आतंकवादियों की बड़ी साजिश को विफल कर दिया। जवानों ने श्रीनगर के लावापोरा में श्रीनगर-बारामूला राजमार्ग पर एक गैस सिलेंडर में लगे इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस (आईईडी) का पता लगाकर डिफ्यूज कर दिया। राजौरी में 21 दिसंबर को आतंकी हमला हुआ था और पांच जवान शहीद हो गए थे। इसके बाद से सेना सर्च ऑपरेशन चला रही है।

### असम के तेजपुर में आया 3.4 तीव्रता का भूकंप



**नई दिल्ली।** असम के तेजपुर में बुधवार सुबह साढ़े पांच बजे भूकंप के हल्के झटके महसूस किए गए। नेशनल सेंटर फॉर सीस्मोलॉजी ने बताया कि रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.4 मापी गई। फिलहाल भूकंप से किसी भी तरह के जानमाल के नुकसान की खबर नहीं है।

### कुश्ती संघ को चलाएगी तीन सदस्यीय कमेटी, भूपेंद्र अध्यक्ष

**नई दिल्ली।** पेरिस में अगले साल 26 जुलाई, 2024 से 11 अगस्त 2024 तक ओलंपिक का आयोजन होने जा रहा है। इसके चलते भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ को चलाने के लिए तीन सदस्य समिति का गठन किया है, जिसका भूपेंद्र सिंह बाजवा को अध्यक्ष बनाया गया है, जबकि एमएम सोमाया और मंजूषा कंवर को मेंबर के रूप में नियुक्त किया गया है। -संबंधित खबर पेज-15 पर

## टॉप स्टोरीज

शिमला में पर्यटकों का सैलाब, दस दिन में पहुंचीं 1.60 लाख गाड़ियां ...पेज 2

सेंचुरियन में शतक जड़ केएल राहुल ने रचा इतिहास, विराट की बराबरी की ...पेज 15

हूती विद्रोहियों ने पाकिस्तान जा रहे जहाज पर किया हमला ...पेज 16

एजेंसी लेने एवं अनंत ज्ञान की प्रति न मिलने पर

निम्न नंबरों पर संपर्क करें :

मंडी-कुल्लू : 88949-01670

कांगड़ा-चंबा : 98166-45634, 98052-49634




ऊना-हमीरपुर-बिलासपुर : 82192-07770

मुख्य कार्यालय

98162-32526, 98160-10065

### कांग्रेस हाई कमान ने दिल्ली में हिमाचल-आंध्र के नेताओं के साथ बनाई रणनीति

# हिमाचल में कैंडिडेट की लिस्ट बनाएं : राहुल

# लोस चुनाव चारों सीटों पर लड़ेंगे : सुक्खू

एजेंसी, नई दिल्ली

**कांग्रेस** नेतृत्व ने नई दिल्ली में हिमाचल प्रदेश और आंध्र प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक की। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में हुई मीटिंग में लोकसभा चुनाव को लेकर रणनीति बनाई गई। हिमाचल प्रदेश में चारों लोकसभा सीटों पर जल्द संभावित कैंडिडेट का चयन करने के निर्देश दिए। राहुल गांधी ने कहा कि पार्टी के संभावित प्रत्याशियों की लिस्ट तैयार की जाए। उन्होंने लोकसभा चुनाव घोषित होते ही पार्टी नेताओं को समय रहते ग्राउंड पर चुनाव प्रचार शुरू करने निर्देश दिए।

**▶ समय रहते ग्राउंड पर चुनाव प्रचार में जुटने के दिए निर्देश**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने विपक्षी गठबंधन को लेकर कहा कि कांग्रेस चारों सीटों पर अच्छी स्थिति में है और सभी सीटों पर खुद चुनाव लड़ेगी। सुक्खू ने कहा कि हिमाचल में आपदा से सदी की सबसे भीषण तबाही हुई है। केंद्र से हमें आर्थिक मदद नहीं मिल पाई।



लोकसभा चुनाव को लेकर हिमाचल और आंध्र प्रदेश के नेताओं के साथ बैठक करता कांग्रेस हाईकमान।

### केंद्र ने हिमाचल से किया सौतेला व्यवहार : मुकेश

**डिप्टी** सीएम मुकेश अग्निहोत्री ने कहा कि केंद्र ने हिमाचल की लोन लेने की लिमिट कम कर दी, जीएसटी प्रतिपूर्ति राशि बंद कर दी है। केंद्र की योजनाओं के बजट में कटौती की गई। प्रदेश में इतनी बड़ी त्रासदी के बावजूद हिमाचल की केंद्र ने मदद नहीं की, जबकि प्रदेश में आपदा से 12 हजार करोड़ रुपए का नुकसान हुआ। कांग्रेस पार्टी इन सब मुद्दों को चुनाव में जनता के बीच उठाएगी।

### जिसको पार्टी का आदेश होगा, उसे चुनाव लड़ना होगा

**हाई कमान** ने कहा कि जिसको भी पार्टी का आदेश होगा, उसे लोकसभा चुनाव लड़ना होगा। वहीं, प्रदेश कांग्रेस नेताओं ने आपदा के दौरान हिमाचल की अनदेखी के मुद्दे को लोकसभा चुनाव में उठाने का निर्णय लिया। इस अवसर पर कांग्रेस पार्टी के संगठन महामंत्री केसी वेणुगोपाल, आंध्र प्रदेश के प्रभारी महासचिव मणिकम टैगोर व हिमाचल प्रदेश के प्रभारी राजीव शुक्ला, हिमाचल की प्रदेशाध्यक्ष प्रतिभा सिंह सहित कई वरिष्ठ नेता मौजूद रहे।

### प्रदेश में छह बड़े ऑफिस टूटीकंडी होंगे शिफ्ट

**शिमला।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को छह बड़े सरकारी विभागों को किराये की जगह छोड़कर जनवरी में शिमला के खाली पड़े टूटीकंडी पार्किंग कॉम्प्लेक्स में स्थानातंरित होने का निर्देश दिया है। सुक्खू ने कहा कि राज्य सरकार ने पैसे बचाने के लिए अपने मौजूदा संसाधनों का लाभ उठाने का फैसला किया है और इस फैसले का मकसद न सिर्फ खाली पड़ी इमारत का उपयोग करना है, बल्कि सार्वजनिक व्यय में कटौती करना भी है।

**▶ खाली पड़ी इमारत का उपयोग कर बचाएंगे पैसे : सुक्खू**

महिला एवं बाल विकास, हिमाचल प्रदेश निजी शैक्षणिक संस्थान नियामक आयोग, राज्य कर एवं आबकारी विभाग, हिमाचल प्रदेश राज्य खाद्य आयोग, ऊर्जा निदेशालय और डीजीपी पुलिस मुख्यालय आपातकालीन प्रतिक्रिया सहायता प्रणाली का विभाग को स्थानातंरित किया जाएगा।

# जम्मू-कश्मीर से होगा आतंकवाद का सफाया

### राजौरी में रक्षा मंत्री ने लिया सुरक्षा स्थिति का जायजा



राजौरी में सुरक्षा स्थिति का जायजा लेते रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह।

एजेंसी, जम्मू

**जम्मू-कश्मीर** के सीमावर्ती जिले पुंछ में हाल ही में हुए आतंकवादी हमले के मद्देनजर सुरक्षा स्थिति की समीक्षा करने के लिए केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह एकदिवसीय दौरे पर बुधवार को राजौरी पहुंचे। राजनाथ सिंह ने अधिकारियों के साथ बैठक की और घटनास्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान सेना प्रमुख मनोज पांडे भी मौजूद रहे।

रक्षा मंत्री ने सैनिकों को संबोधित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने पुंछ हमले में बलिदान हुए चार जवानों को श्रद्धांजलि दी और घायलों के शीघ्र ठीक होने की कामना की।

उन्होंने कहा कि हमारे लिए हर सैनिक बेहद महत्वपूर्ण है, हमारा हर एक सैनिक हमारे परिवार का सदस्य है और आपके ऊपर कोई नजर डाले, यह हमें कतई बर्दाश्त नहीं है। उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर से आतंकवाद का सफाया करके रहेंगे। वहीं रक्षा मंत्री पुंछ में मारे गए तीन नागरिकों के परिवार वालों से भी मिले।

**▶ कहा- हर सैनिक हमारे परिवार का सदस्य**

**▶ पुंछ में मारे गए नागरिकों के परिवारों से मिले रक्षा मंत्री**

### आतंकी हमले को लेकर सरकार गंभीर

**सेना** का मनोबल बढ़ाते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा कि मैं आपको यह सुनिश्चित करना चाहूंगा कि घटना की गंभीरता को ध्यान में रखते हुए आवश्यक कदम उठाए जा रहे हैं। हमारी सेना का प्रत्येक जवान हमारे लिए महत्वपूर्ण है। हम सभी के अंदर यह भावना है कि सेना के जवान हमारे परिवार का सदस्य हैं।

## मुस्लिम लीग जेएंडके पर लगाया बैन

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने मुस्लिम लीग जेएंडके-मसरत आलम गुट (एमएलजेके-एमए) पर बैन लगा दिया है। सरकार ने यह कार्रवाई गैरकानूनी गतिविधि रोकथाम कानून (यूएपीए) के तहत की है। संगठन पर आरोप है कि उसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में आतंकी गतिविधियों में शामिल थे और आतंकी समूहों का समर्थन कर रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने 'एक्स' पर लिखा कि यह संगठन और इसके सदस्य जम्मू-कश्मीर में राष्ट्र-विरोधी और अलगाववादी गतिविधियों में शामिल हैं। लोगों को जम्मू-कश्मीर में इस्लामी शासन स्थापित करने के लिए उकसाते हैं।



**▶ शाह बोले- राष्ट्र के खिलाफ काम करने वाले नपेंगे**

# बिहार में दीघा-सोनपुर के बीच बनेगा सिक्स लेन ब्रिज

एजेंसी, नई दिल्ली

**केंद्र** सरकार ने बुधवार को कैबिनेट मीटिंग में कई बड़े फैसले लिए हैं। बिहार के दीघा सोनपुर के बीच गंगा नदी पर छह लेन पुल के निर्माण को मंजूरी दी है। इसके साथ नॉर्थ त्रिपुरा और साउथ त्रिपुरा को जोड़ने से जुड़े प्रस्ताव को भी कैबिनेट की हरी झंडी मिल गई है।



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में फैसलों की जानकारी दी। उन्होंने बताया कि असम और त्रिपुरा में सड़क परियोजनाओं पर दो हजार करोड़ खर्च होंगे। खोवाई से हरिना तक सड़क बनाने को मंजूरी दी गई है। इस परियोजना के ऊपर 2487 करोड़ खर्च होंगे। उन्होंने कहा कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने पर असम और त्रिपुरा के बीच में परिवहन और आसान हो जाएगा। ये उत्तर त्रिपुरा को दक्षिण त्रिपुरा से जोड़ने का प्रयास है।

### केंद्रीय कैबिनेट के फैसले

### नारियल की एमएसपी बढ़ाई

**केंद्र** सरकार ने नारियल की एमएसपी बढ़ाई दी है। साल 2024 के लिए एमएमसी तय की है। किसानों के आर्थिक हितों के ध्यान में रखा गया है। दुनियाभर में नारियल के दाम गिरे हैं। 2023 के तुलना में मिलिंग कोपरा की निर्धारित एमएसपी 300 रुपए प्रति क्विंटल और बाल कोपरा की 250 रुपए प्रति क्विंटन बढ़ा दी है। सरकार ने बताया कि छह लेन वाला ब्रिज 4.56 किलोमीटर होगा।

# एसआर ओझा बन सकते हैं हिमाचल के डीजीपी

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** में पहली बार पुलिस मुखिया को हाई कोर्ट के आदेशों पर हटाया जाएगा। अब नए पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को लेकर चर्चाएं तेज हो गई हैं और कयास लगाए जा रहे हैं कि सेंटर डेपुटेशन से एक महीने पहले ही लौटे 1989 बैच के सीनियर आईपीएस एवं डीजी जेल एसआर ओझा पुलिस विभाग के नए मुखिया हो सकते हैं।



**▶ एक माह पहले ही सेंटर डेपुटेशन से लौटे हैं वापस**

ओझा भी संजय कुंडू के बैच के ही सीनियर आईएएस है। संजय कुंडू अप्रैल 2024 रिटायर हो रहे हैं, जबकि एसआर ओझा मई 2025 में रिटायर होंगे। गौर रहे कि पुलिस मुखिया को हाई कोर्ट के आदेशों पर हटाया जाएगा, जिससे सरकार की किरकिरी हुई है, क्योंकि अदालत ने 21 दिसंबर की सुनवाई में भी सख्त टिप्पणी करके इसके संकेत दे दिए थे। फिर भी सरकार ने डीजीपी संजय कुंडू को नहीं बदला। विपक्ष में रहते हुए कांग्रेस पार्टी ने संजय कुंडू को पद से हटाने के लिए राजभवन के बाहर प्रदर्शन किया।

पुलिस कांस्टेबल पेपर लीक का मास्टर माइंड बताया और संजय कुंडू पूर्व मुख्यमंत्री जयराम ठाकुर के काफी करीबी रहे हैं, इतने गंभीर आरोप लगने और हाई कोर्ट के स्वत: संज्ञान लेने के बावजूद कांग्रेस सरकार डीजीपी कुंडू का बचाव करती रही है।

### चार जनवरी से पहले बदलना होगा डीजीपी

**हाई कोर्ट** के आदेशों पर अब चार जनवरी से पहले डीजीपी बदलना होगा। कोर्ट में इसी मामले में अब चार जनवरी को सुनवाई होगी। इसमें राज्य सरकार को कोर्ट के ऑर्डर की कंप्लायंस रिपोर्ट देनी है। सीएम सुखविंद्र सुक्खू दो दिन के लिए प्रदेश से बाहर हैं। सीएम के लौटते ही नए डीजीपी की ताजपोशी हो सकती है। लिहाजा अदालत में सरकार को अगली सुनवाई में कोर्ट के ऑर्डर की कंप्लायंस रिपोर्ट देनी है। कोर्ट के ऑर्डर के बाद सरकार के पास डीजीपी को लेकर अब दो विकल्प बचे हैं। पहला संजय कुंडू को डीजीपी पद से हटाने का और दूसरा लंबी छुट्टी पर भेजने का है। अब अंतिम फैसला मुख्यमंत्री सुक्खू का होगा। दोनों ही सूरत में किसी एक सीनियर आईपीएस अधिकारी के पास डीजीपी की कमान जाएगी।

**मिशन** 14 जनवरी से शुरू होने वाली 6200 किलोमीटर की यात्रा 14 राज्यों की 355 लोकसभा सीटों से गुजरेगी

# लोकसभा चुनाव से पहले राहुल की 'भारत न्याय यात्रा'

एजेंसी, नई दिल्ली

**भारत** जोड़ो यात्रा के बाद अब राहुल गांधी नए साल में 14 जनवरी से भारत न्याय यात्रा शुरू करेंगे, जो 20 मार्च को खत्म होगी। मणिपुर से मुंबई तक छह हजार किलोमीटर से अधिक दूरी तय होगी। राहुल गांधी यात्रा 2.0 में अधिक दूरी कम समय में तय करेंगे।

6200 किलोमीटर की यात्रा कई ऐसे राज्यों से होकर गुजरेगी, जहां लोकसभा की अधिक सीटें हैं। वहां से लोकसभा की 355 सीटें आती हैं। लोकसभा चुनाव से पहले इस यात्रा का कांग्रेस के नजरिये से काफी महत्व होगा। हालांकि, इस भारत न्याय यात्रा पर विपक्षी गठबंधन के साथियों की भी नजर रहेगी। विपक्षी गठबंधन में सीटों का बंटवारा अभी हुआ नहीं है और उम्मीद की जा रही है कि जल्द हो जाएगा।

**▶ गठबंधन पर भी रहेगी दलों की नजर**

**▶ विपक्षी गठबंधन में अभी नहीं हुआ बंटवारा**

राहुल गांधी इस बार जिन राज्यों से होकर गुजरेंगे उनमें से अधिकांश राज्य ऐसे हैं, जहां गठबंधन के भीतर सीटों के तालमेल को लेकर सवाल हैं। बंगाल, बिहार, महाराष्ट्र शामिल हैं। यह भी तय हो जाएगा कि 2024 से पहले विपक्ष की दिशा क्या होगी।



### 6200 किलोमीटर की दूरी और ये राज्य

**कांग्रेस** ने राहुल गांधी की अगुआई में यह यात्रा मणिपुर से शुरू होकर मुंबई तक जाएगी। इस दौरान 14 राज्यों और 85 जिलों में छह हजार किलोमीटर से अधिक की दूरी तय की जाएगी। भारत जोड़ो यात्रा के बाद पार्टी राहुल गांधी के नेतृत्व में भारत न्याय यात्रा निकालेगी। भारत न्याय यात्रा मणिपुर, नागालैंड, असम, मेघालय, पश्चिम बंगाल, बिहार, झारखंड, ओडिशा, छत्तीसगढ़, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, राजस्थान और गुजरात और महाराष्ट्र से होकर गुजरेगी और 6,200 किलोमीटर की दूरी तय करेगी। भारत न्याय यात्रा ज्यादातर बस से होगी, लेकिन कहीं-कहीं पदयात्रा भी होगी।

### 2024 लोकसभा चुनाव से पहले विपक्ष किस राह पर

**पूरी** यात्रा के केंद्र राहुल गांधी ही रहेंगे। पोस्टर- बैनर से लेकर यात्रा के केंद्र में रहेंगे। ऐसे में यह काफी दिलचस्प है, क्योंकि हाल ही में दिल्ली में इंडिया गठबंधन की बैठक में दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल और बंगाल की सीएम ममता बनर्जी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को 2024 में इंडिया गठबंधन की ओर से पीएम उम्मीदवार बनाए जाने का प्रस्ताव रखा। हालांकि, खड़गे इस बात पर जोर दिया था कि गठबंधन को एक पीएम चेहरा पेश करने की जरूरत नहीं है। फिलहाल जरूरी काम चुनाव जीतना है। राहुल गांधी का नाम फिलहाल गठबंधन के किसी साथी की ओर से आगे नहीं रखा जा रहा है।

## कोरोना के नए वेरियंट जेएन-1 के 110 केस तीन लोगों की मौत

**नई दिल्ली।** देश में कोरोना के नए वेरियंट जेएन-1 के मामले में लगातार तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। बुधवार को स्वास्थ्य मंत्रालय ने जेएन-1 के 110 मामलों की पुष्टि की है। कोरोना का नया वेरिएंट जेएन-1 देश के आठ राज्यों में फैल चुका है। सबसे ज्यादा मामले 36 गुजरात में दर्ज किए गए हैं। महाराष्ट्र में इस वेरिएंट के 10 और दिल्ली में एक मिला है। देशभर में कोरोना के रोजाना 400 से 600 केस आ रहे हैं। स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, पिछले 24 घंटे में 617 लोगों की कोरोना रिपोर्ट पॉजिटिव आई, 603 मरीज ठीक हुए और तीन की मौत हुई है। एक्टिव केसों की संख्या 4181 हो गई है। केरल में सबसे ज्यादा 353, कर्नाटक में 74 और महाराष्ट्र में 124 संक्रमित हैं। पिछले 24 घंटों में कोरोना से तीन लोगों की मौत हुई है।


# प्रदेश सरकार ने बदले तीन एचएएस अधिकारी

**▶ नरेश ठाकुर को सेक्रेटरी स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी का जिम्मा**

**▶ आशीष कोहली को डायरेक्टर एलीमेंट्री एजुकेशन लगाया**

अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला

**प्रदेश** सरकार ने तीन एचएएस अधिकारियों को बदल दिया है। सेक्रेटरी स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी कम एडिशनल कमिश्नर ट्रांसपोर्ट आशीष कोहली को डायरेक्टर एलीमेंट्री एजुकेशन लगाया है। अभी तक आशीष कोहली पर डायरेक्टर एलीमेंट्री एजुकेशन का अतिरिक्त कार्यभार था।



सरकार ने एडिशनल कमिश्नर ट्रांसपोर्ट (लीड एजेंसी/रोड सेफ्टी) नरेश ठाकुर को सेक्रेटरी स्टेट ट्रांसपोर्ट अथॉरिटी कम एडिशनल कमिश्नर ट्रांसपोर्ट लगाया है। ज्वॉइंट सेक्रेटरी स्टेट कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लासेज शिमला सुरी दास नेगी को एडिशनल कमिश्नर ट्रांसपोर्ट (लीड एजेंसी/रोड सेफ्टी) लगाया है। वहीं, 2013 बैच की एचएएस एवं स्टेट इलेक्ट्रिसिटी रेगुलेटरी कमीशन की सेक्रेटरी छवि नेंटा को ज्वॉइंट सेक्रेटरी स्टेट कमीशन फॉर बैकवर्ड क्लासेज शिमला का एडिशनल चार्ज सौंपा है।

मुख्य सचिव प्रबोध सक्सेना ने बुधवार को तबादला आदेश जारी कर दिए हैं।

## राम जी का अयोध्या धाम



**अराध्य** भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम में शामिल होने की मन में लालसा तो है, लेकिन घर से ही इस कार्यक्रम को देखना पड़ेगा। इस कार्यक्रम के भव्य आयोजन के लिए सभी देशवासियों को बहुत-बहुत बधाई। भगवान राम सभी पर अपनी कृपा बनाए रखें।

**राजेंद्र कुमार, अंब**



**अयोध्या** नगरी को रामलला के विराजमान होने पर दुल्हन की तरह सजाया संवारा गया है। इस पावन अवसर पर हर सनातनी एक पर्व की तरह मनाएगा। इस पावन बेला पर सभी सनातनियों को बहुत-बहुत बधाई और शुभकामनाएं। इस युग को देखने वाले सभी देशवासियों को मेरी ओर से अनंत कोटी बधाई।

**कंचन रायजादा, अंब**



**हर्ष** की बात है कि अयोध्या में भगवान श्रीराम के मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा होने जा रही है। भगवान राम की जन्मस्थली पर भव्य मंदिर बनने से हमारे देश की शोभा बढ़ी है और हम सभी के लिए गौरव की बात है। इससे सनातन धर्म को और मजबूती मिलेगी। अयोध्या जाने का जब भी अवसर मिलेगा अवश्य जाऊंगा।

**सुरेंद्र मेहता, व्यवसायी अखाड़ा बाजार कुल्लू।**



**मैं** अयोध्या में राम मंदिर निर्माण को लेकर बहुत ही प्रसन्न हूं और भगवान राम के जन्म स्थान पर भव्य मंदिर बनने से हमारे देश की शोभा बढ़ी है। इससे सनातन धर्म को और मजबूती मिलेगी। भविष्य में यहां राम दर्शन के लिए जरूर जाऊंगा।

**विवेक शर्मा कुल्लू।**



**इतिहास** गवाह है कि अयोध्या भगवान श्रीराम जन्म भूमि है, जिसके चलते वर्षों तक इस दिशा में न्यायालय में मामला विचाराधीन रहा, लेकिन तमाम बातों व साक्ष्यों को ध्यान में रखते हुए सर्वोच्च न्यायालय ने जहां अपना ऐतिहासिक फैसला दिया। वहीं, केंद्र सरकार ने अपनी अहम भूमिका निभाई।

**शिशु गुप्ता, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी चंबा।**



**अयोध्या** में भगवान श्रीराम का मंदिर निर्माण हर एक सनातम धर्म से जुड़े व्यक्ति के लिए गर्व की बात है। जिस श्रीराम मंदिर निर्माण व अयोध्या श्रीराम जन्म भूमि पर गत कई वर्षों तक विवाद रहा उसपर विराम लगने सहित सौहार्द वातावरण उत्पन्न हुआ है।

**शिवांक शर्मा**
**पूर्व अध्यक्ष युकां जिला चंबा।**

## न्यूज ब्रीफ

### मलांगण में पेड़ से गिरकर व्यक्ति की मौत



**बरठीं।** उपमंडल झंडूता के मलांगण गांव में पेड़ से गिरकर एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे के समय व्यक्ति पेड़ से चारा काट रहा था। तलाई थाना पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संजीव कुमार (40) निवासी गांव मलांगण तहसील झंडूता जिला बिलासपुर मंगलवार शाम को घर के पास पेड़ पर चढ़ कर चारा काट रहे थे। इसी बीच वह नीचे गिर गए। परिजन उन्हें बरठीं अस्पताल ले गए, जहां चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह ने मामले की पुष्टि की है।

### पकड़ा गया बंद कमरे से लैपटॉप चुराने वाला

**सोलन।** सदर थाना पुलिस ने घर से लैपटॉप चोरी करने के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है। आरोपी से पूछताछ जारी है। एसपी सोलन गौरव सिंह के हवाले से मिली जानकारी के अनुसार सदर थाने में कोटला नाला निवासी पंकज ने तहरीर दी थी कि 25 दिसंबर को दिन के समय वह कमरे से बाहर गए थे, तो उनके कमरे में उनका लैपटॉप चोरी हो चुका था। सीसी टीवी कैमरे से चोरी की पूरी घटना की फुटेज जांची और आरोपी की शिनाख्त मूलरूप से नेपाल के रहने वाले संजय थापा के रूप में हो गई। पुलिस के अनुसार संजय सोलन के शमलेच में किराए के कमरे में रहता है। मंगलवार की शाम पुलिस ने संजय को गिरफ्तार कर लिया।

### ताले तोड़कर सामान बाहर फेंकने पर मामला दर्ज

**बंगाणा।** बंगाणा पुलिस थाना के तहत पड़ते गांव घरलू में एक घर के ताले तोड़कर सारा सामान बहार फेंक दिया गया है। पीड़ित ने पुलिस को शिकायत देकर आरोपियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की गुहार लगाई है। बंगाणा पुलिस को दी शिकायत में तिलक राज निवासी अरलू ने बताया कि मंगलवार सायं इसके गांव के रामपाल व अन्य ने इसके घर के ताले तोड़कर इसका सारा सामान बहार फेंक दिया। इसके अलावा आरोपियों ने गाली-गलौज व जान से मारने की धमकी भी दी है। पुलिस ने तिलक राज की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज करके आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने मामले की पुष्टि की है।

### अवैध खनन करने पर दो टिप्पर जब्त

**ऊना।** जिला पुलिस ने अवैध खनन, सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान व यातायात नियमों की अवहेलना करने पर कार्रवाई की है। जिला पुलिस ने अवैध खनन करने वालों पर शिकंजा कसते हुए दो वाहनों को जब्त किया है, जिनके चालान काटकर मौके पर जुर्माने के रूप में 9500 रुपए प्राप्त किए हैं। इसके अलावा जिला पुलिस ने यातायात नियम तोड़ने पर 108 वाहनों के चालान किए हैं, जिसमें से दो चालानों का मौके पर ही निपटारा करके 1500 रुपए जुर्माना प्राप्त किया है, जबकि अन्य 106 चालानों को आगामी कार्रवाई के लिए अदालत में भेज दिया है। वहीं, सार्वजनिक स्थान पर धूम्रपान करने पर जिला पुलिस द्वारा धूम्रपान निषेध अधिनियम के अंतर्गत तीन व्यक्तियों का चालान करके तीन सौ रुपए जुर्माना वसूला है।

### 918 ग्राम चरस के साथ दबोचे दो सैलानी

**मंडी।** क्रिसमस व नए साल का जश्न मनाने के लिए हिमाचल प्रदेश में हजारों सैलानी पहुंचे हैं। ऐसे में जश्न के इस मौहाल में काले कारोबार की भी सक्रियता भी बढ़ गई है। किरतपुर-मनाली फोरलेन में बल्ह थाना की टीम ने नागचला में मंगलवार सुबह नाके के दौरान लग्जरी वाहन से 918 ग्राम चरस बरामद की है। पुलिस ने गाड़ी सवार दो युवकों को गिरफ्तार किया। दोनों आरोपियों से पुलिस गहन पूछताछ कर रही है। शुरुआती जांच में यह सामने आया है कि आरोपी कुल्लू से चरस खरीदकर अपने साथ ले जा रहे थे। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस थाना बल्ह ने नागचला में मंगलवार सुबह को नाकाबंदी की थी। इस दौरान पुलिस द्वारा 20-25 वाहनों को चेक किया गया। इस बीच एक काली रंग की स्कॉर्पियो गाड़ी मनाली से चंडीगढ़ जा रही थी, जिसे जांच के लिए रोका गया। तलाशी लेने पर गाड़ी से 918 ग्राम चरस बरामद की गई। आरोपियों की पहचान जयदीप 33 निवासी दौलताबाद गुरुग्राम हरियाणा व सोनू 21 निवासी पालम विहार, गुरुग्राम हरियाणा के रूप में हुई है। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सागर चंद्र ने मामले की पुष्टि की है।

### दुबई गई शाहपुर की लड़की लापता

**धर्मशाला।** कांगड़ा जिले के शाहपुर विधानसभा क्षेत्र की एक लड़की के विदेश जाने के दौरान लापता होने का मामला सामने आया है। लड़की के भाई ने इस मामले को की शिकायत पुलिस में दर्ज करवा दी है। वहीं, स्थानीय कांग्रेस विधायक केवल सिंह पठानिया ने इस मामले को लेकर दिल्ली में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की और उन्हें सारे घटनाक्रम से अवगत करवाया। उन्होंने बताया कि उनके निर्वाचन क्षेत्र के कुठारना गांव की 24 वर्षीय लड़की पवना बीते 16 दिसंबर को घरेलू काम के लिए दुबई गई थी। चंडीगढ़ में एक एजेंट के माध्यम से विदेश गई यह लड़की अब बड़ी मुसीबत में है। लड़की के किसी परिचित ने उनसे संपर्क किया, जिसके बाद उन्होंने इस संबंध में तत्काल हस्तक्षेप के लिए मुख्यमंत्री को एक पत्र सौंपा। पठानिया ने बताया कि उक्त लड़की बेहद गरीब परिवार से ताल्लुक रखती है। लड़की ने 16 दिसंबर को दिल्ली में विमान में चढ़ने के बाद अपने भाई से वीडियो कॉल की थी। उसके बाद लड़की का कोई सुराग नहीं लगा। वहीं, मुख्यमंत्री ने सारे मामले को जानने के बाद कहा कि वह इस मुद्दे को विदेश मंत्रालय के समक्ष उठाएंगे। उन्होंने हिमाचल प्रदेश के पुलिस महानिदेशक को भी इस मामले को तत्काल देखने का निर्देश दिया हैं।

---

उमंग फाउंडेशन के वेबिनार में दृष्टिबाधित दिव्या शर्मा ने सुनाई संघर्ष और सफलता की कहानी

# दिखाई न देने पर जिस बेटी को स्कूल ने सातवीं में निकाला, राष्ट्रपति ने उसे दिया राष्ट्रीय पुरस्कार

**रविंद्र जस्टा, शिमला**

राष्ट्रपति द्वारा दिव्यांगता के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान के लिए विगत तीन दिसंबर को राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित दिव्या शर्मा (31) ने उमंग फाउंडेशन द्वारा आयोजित वेबिनार में कहा कि दिखाई न देने के कारण सातवीं कक्षा में उसे स्कूल से निकाल दिया गया था। फिर भी उसने हार नहीं मानी और अंग्रेजी में एमए तक की समस्त पढ़ाई प्राइवेट विद्यार्थी के तौर पर की।

वह दृष्टिबाधित लोगों की टेक्नोलॉजी की विशेषज्ञ हैं। कंटेंट क्रिएशन से संबंधित उनका अपना बिजनेस है और अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड और यूएई आदि देशों के क्लाइंट्स के लिए वह काम करती हैं। वह मोटिवेशनल स्पीकर हैं। इसके अलावा वह 115 देश में सुने जाने वाले ऑनलाइन रेडियो उड़ान की आरजे हैं और उस पर तीन कार्यक्रम प्रस्तुत करती हैं। वह कराटे की ब्लू बेल्ट होल्डर, मैराथन धावक, गायिका, गिटार वादक और कवि भी हैं। उन्होंने अपने भाषणों और कार्यों से अभी तक हजारों लोगों को प्रेरणा दी है। भारतीय चुनाव आयोग की दृष्टिबाधित ब्रांड एंबेसेडर और उमंग फाउंडेशन की प्रवक्ता, असिस्टेंट प्रोफेसर मुस्कान नेगी ने बताया कि यह वेबीनार दृष्टिबाधित दिव्या शर्मा के संघर्ष और सफलताओं से युवाओं को प्रेरित करने के लिए आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय में कंप्यूटर साइंस के प्रोफेसर और विकलांगता मामलों के नोडल अधिकारी डॉ. धीरेंद्र शर्मा ने की। उमंग फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय श्रीवास्तव ने बताया कि दिव्या शर्मा पिछले लगभग 11 वर्षों से उमंग फाउंडेशन से जुड़ी हैं। कार्यक्रम के संचालन में सवीना जहां, निकिता चौधरी, शिवानी अत्री, मीनाक्षी शबाब, उदय वर्मा, श्वेता शर्मा, और प्रतिभा ठाकुर ने सहयोग दिया। (अनंत ज्ञान)

### तीन साल की उम्र में चली गई थी आंखों की रोशनी



**दिव्या** शर्मा मूल रूप से ऊना जिले के महत्वपूर्ण की रहने वाली हैं, लेकिन अब उनका परिवार साथ लगते नया नंगल में रहता है। उन्हें श्रेष्ठ दिव्यांगजन श्रेणी के अंतर्गत राष्ट्रपति ने अंतरराष्ट्रीय विकलांगता दिवस पर तीन दिसंबर को राष्ट्रपति भवन में राष्ट्रीय पुरस्कार से सम्मानित किया। उन्होंने बताया तीन वर्ष की उम्र में ग्लूकोमा नामक बीमारी के कारण उनके आंखों की रोशनी लगभग समाप्त हो गई थी। सातवीं कक्षा में स्कूल से इसीलिए निकाल दिया गया। स्कूल का मानना था की दृष्टिबाधित बच्चे पढ़ाई नहीं कर पाएंगे।

### पहले दिखाते थे दया अब लोग देते हैं बधाई

**दिव्या** ने बताया कि उन्होंने अपने पिता अरुण शर्मा और मां सुषमा शर्मा तथा भाई बहन के सहयोग से अपनी सारी पढ़ाई प्राइवेट विद्यार्थी के तौर पर पूरी की। जीवन में लगातार संघर्ष किया और आत्मनिर्भर होने के साथ-साथ समाज के अन्य वर्गों के लिए कुछ बेहतर करने का लक्ष्य भी सामने रखा। लोग अक्सर उन्हें दया भावना से देखते थे और सोचते थे कि यह अंधी लड़की जीवन में कुछ नहीं कर पाएगी।राष्ट्रपति से पुरस्कार मिलने के बाद वही लोग बधाई दे रहे हैं।

# जोगिंद्रनगर गर्ल्स स्कूल की नैंसी का कबड्डी में नेशनल के लिए चयन

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**



राष्ट्रीय स्तर की खेलकूद प्रतियोगिता में नैंसी का चयन।

राजकीय आदर्श कन्या पाठशाला जोगिंद्रनगर की एक और खिलाड़ी छात्रा नैंसी का कबड्डी में नेशनल के लिए चयन हो गया है। इतिहास रचते हुए नैंसी शायद इस क्षेत्र से आज तक की पहली खिलाड़ी छात्रा हैं, जो कबड्डी में नेशनल के लिए चयनित हुई है। यह समस्त जोगिंद्रनगर क्षेत्र के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है।

प्रतियोगिता में भाग लेने से पूर्व नैंसी नालागढ़ में हो रहे कोचिंग कैंप के लिए पाठशाला से रवाना हो गई है। कैंप 27 से 31 दिसंबर तक चलेगा। उसके पश्चात नैंसी कबड्डी की राष्ट्रीय प्रतियोगिता, जो की जयपुर, राजस्थान में तीन जनवरी से आठ जनवरी तक चलेगी, उसमें भाग लेंगी। प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने नैंसी को बधाई दी और इसका श्रेय नैंसी की कठिन मेहनत और उसके पिता सुरेश कुमार और माता अंजू देवी के सहयोग को दिया है। साथ ही डीपीई मनोहर लाल और शारीरिक शिक्षक उमेश कुमार की मेहनत की भी सराहना की। इसके अलावा समस्त स्टाफ और एसएमसी को भी इस उपलब्धि पर प्रधानाचार्य डॉ. सुनील ठाकुर ने बधाई दी है। नैंसी के खेल को देखते हुए भविष्य में भी इस छात्रा से बहुत सी उम्मीदें हैं।

# शिमला में पर्यटकों का सैलाब, दस दिन में पहुंचीं 1.60 लाख गाड़ियां

## ट्रैफिक व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस ने बनाया प्लान, कैमरों से रखी जा रही नजर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश की राजधानी शिमला में नए साल का जश्न मनाने के लिए सैलानियों का सैलाब उमड़ रहा है। बीते दस दिनों में शिमला के प्रवेश द्वार शोघी बैरियर से एक लाख 60 हजार गाड़ियां शहर में दाखिल हुई हैं। इनमें 60 हजार गाड़ियां केवल पर्यटकों की ही हैं।

पर्यटकों की भारी भीड़ को नियंत्रित करने के लिए शिमला पुलिस ने ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था के पुख्ता इंतजाम किए हैं। शिमला के एसपी संजीव गांधी ने बुधवार को बताया कि नए वर्ष का जश्न मनाने के लिए राजधानी में भारी संख्या में पर्यटक पहुंच रहे हैं। पुलिस प्रशासन ने ट्रैफिक और सुरक्षा व्यवस्था के कड़े इंतजाम किए हैं। कैमरों से नजर रखी जा रही है।

### पर्यटकों के लम्हों को यादगार बना रहा विंटर कार्निवाल

**पहाड़ों** की रानी शिमला में पहली बार हो रहा आयोजित हो रहा है कि विंटर कार्निवाल यहां घूमने आए पर्यटकों के लिए यादगार टूर बना रहा है। हिमाचल की लोक संस्कृति से रू-ब-रू होने के साथ पर्यटक तरह-तरह के कार्यक्रमों से रोमांचित हो रहे हैं। विभिन्न जिलों के सांस्कृतिक दल पर्यटकों व लोगों का मनोरंजन कर रहे हैं। गेयटी थियेटर में कश्मीर के झनकार ग्रुप ने सूफियाना महफिल का आयोजन किया, जिसमें सूफी गायक शफी सोपोरी ने समां बांधा।



लक्कड़ बाजार के समीप जाम में फंसे वाहनों की लगी कतार।

### शहर सहित जिले को पांच सेक्टरों में बांटा

**शहर** समेत जिले को पांच सेक्टरों में बांटा गया है और 87 जगह पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए हैं, जबकि पार्किंग के लिए भी वेकल्पिक इंतजाम किए गए हैं, पर्यटकों का शिमला में स्वागत है, लेकिन किसी भी तरह के कानून व्यवस्था से छेड़छाड़ बर्दाश्त नहीं होगा। एसपी ने पर्यटकों से कानून व्यवस्था बनाए रखने की अपील की है, ताकि स्थानीय लोगों को भी किसी तरह की समस्या न हो। वहीं, ट्रैफिक जाम से निपटने के लिए भी वन मिनट ट्रैफिक प्लान के तहत वाहनों को शहर के भीतर समन्वय से छोड़ा जा रहा है।

### बनखंडी की मान्या ने पास की नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा



**देहरा।** देहरा उपमंडल के एक छोटे से गांव बनखंडी की मान्या डोगरा ने नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी की प्रवेश परीक्षा पास कर अपने देहरा के साथ-साथ पूरे जिला का नाम रोशन किया है।

गौरतलब है कि मान्या बॉक्सिंग में तीन बार नेशनल स्तर पर भी खेल चुकी है। वहीं डीएवी नेशनल स्कूल प्रतियोगिता में बॉक्सिंग चैंपियन भी रही है। मान्या ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता को दिया है। मान्या के पिता राहुल डोगरा ने बताया कि हम अपनी बेटी की इस सफलता पर काफी खुश हैं। उसने यह मुकाम दिन-रात अपनी कड़ी मेहनत से हासिल किया है। उन्होंने बताया कि मान्या ने दसवीं में 95 प्रतिशत और 12वीं में भी 96 प्रतिशत से अधिक अंक हासिल किए हैं।

# छात्रों को राहत, अब घर बैठे ही बनवा सकेंगे बस पास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश के छात्र अब घर बैठे बस पास बनवा सकेंगे। हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) ने अब कॉलेज विद्यार्थियों को बस पास बनाने की सुविधा ऑनलाइन कर दी है। शिमला से इस योजना को ट्रायल आधार पर शुरू किया है। इसके बाद प्रदेशभर में इसे शुरू किया जाएगा।

हिमाचल पथ परिवहन निगम ने इसके लिए सॉफ्टवेयर तैयार किया है। सॉफ्टवेयर की मदद से कॉलेज छात्रों एचआरटीसी बस पास ऑनलाइन बना सकेंगे। पहले चरण में यह सुविधा शिमला से शुरू करने की योजना है। दूसरे चरण में ऊना और हमीरपुर को सुविधा से जोड़ा जाएगा। निगम के प्रबंध निदेशक शुक्रवार को ऑनलाइन कॉलेज बस पास बनाने का डेमोंसट्रेशन लेंगे। निगम प्रबंधन ने एचआरटीसी की सभी सुविधाएं यात्रियों को ऑनलाइन माध्यम से देने की योजना पर काम शुरू किया है। इसकी शुरुआत कॉलेज छात्रों को ऑनलाइन बस पास की सुविधा से की जा रही है। इसके बाद स्कूली बच्चों के बस पास भी ऑनलाइन जारी किए जाएंगे। इतना ही नहीं एचआरटीसी के सभी रियायती कार्ड भी लोग ऑनलाइन बनवा सकेंगे। सुविधाएं ऑनलाइन होने से लोगों को सहूलियत होगी। छात्रों को एचआरटीसी की वेबसाइट पर उपलब्ध लिंक पर जाना होगा।

यहां उपलब्ध फार्म भरना होगा। फार्म सीधे कालेज प्रधानाचार्य तक पहुंच जाएगा। प्रधानाचार्य द्वारा सत्यापन करने के बाद आवेदन संबंधित क्षेत्रीय प्रबंधक के पास पहुंच जाएगा।

# अपहरण वाले दिन ही कर दी थी किशोरी की हत्या

## पुलिस का दावा, शराब के नशे में दुष्कर्म के इरादे से आरोपी ने किया था अपहरण

**सन्नी पुरी, गगरेट**

अनंत ज्ञान फॉलोअप

उपमंडल गगरेट के नंगल जरियालां गांव में किशोरी के अपहरण के बाद की गई हत्या के मामले को गगरेट पुलिस ने सुलझा लेने का दावा किया है। पुलिस का दावा है कि आरोपी ने वासना को शांत करने के लिए शराब के नशे में धुत होकर किशोरी का पहले अपहरण किया। फिर उसे सुनसान जगह पर ले जाकर उससे अनैतिक कार्य करना चाहा और बाद में किशोरी की सांसें बंद करके उसे मौत के घाट उतार दिया। पुलिस के पास चश्मदीद भी हैं, जिन्होंने अपहरण वाले दिन करीब दो घंटे आरोपी को नंगल जरियालां में ही खड़े देखा।

डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि इस प्रकरण की सारी कड़ियां जुड़ गई हैं। हालांकि किशोरी के साथ दुष्कर्म हुआ था या नहीं इसकी पुष्टि पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद होगी। डीएसपी वसुधा सूद के अनुसार गिरफ्तार आरोपी ने कबूल किया है कि 11 दिसंबर को दिन में ही उसने देशी दारू की तीन बोतल दौलतपुर चौक में गटकीं। उसके बाद उसके सिर पर वासना का भूत सवार हो गया।

उन्होंने बताया कि आरोपी ने माना है कि उसकी किशोरी पर पहले भी नजर थी। 11 दिसंबर को किशोरी उसे नंगल जरियालां में मिल गई। उसने उसे बहला फुसला कर अपनी बाइक पर बिठा लिया और सीधे हरवाल के साथ लगते सुनसान स्थान पर ले गया। यहां उसने उसके साथ जबरदस्ती का प्रयास किया। इसके बाद उसने किशोरी के ही कपड़ों से उसका मुंह दबाकर उसकी सांस बंद कर दीं। फिर वह वहां से फरार हो गया। आरोपी ने यह भी स्वीकार किया है कि उसने रजनीगंधा खाकर वहीं थूका भी था, जिसे भी प्रिजर्व कर पुलिस ने जांच के लिए फॉरेंसिक लैब भेजा है।

डीएसपी डॉ. वसुधा सूद ने बताया कि सीसीटीवी फुटेज में भी आरोपी की उपस्थिति दर्ज हुई है, तो उसे चश्मदीद ने भी वहां पर देखा था। (अनंत ज्ञान)

### कुछ सवाल जिनके नहीं मिल रहे जवाब

**बेशक** पुलिस आरोपी द्वारा बताई गई कहानी पर यकीन कर रही है, लेकिन अभी भी कुछ सुलगते सवाल हैं, जो अपना जवाब मांग रहे हैं। अगर आरोपी की कहानी पर यकीन भी कर लिया जाए कि उसने11 दिसंबर को ही जिस जगह लाश मिली, वहीं पर किशोरी को मौत के घाट उतारा तब भी जब किशोरी की सांसे रोकी गईं तो उसने हाथ-पैर चलाए होंगे। इससे क्या वहां पर पड़ी मिट्टी जरा भी नहीं हिली, जब जोर से मुंह या गला दबाया होगा, तो मुंह व गले पर भी कुछ निशान होने चाहिए थे, लेकिन जब पुलिस ने डेड बॉडी रिकवर की तो उस पर कोई निशान नहीं था। हैरत की बात यह है कि अगर 11 दिसंबर को ही किशोरी की मौत हुई तो फिर उसके शव को न तो आवारा कुत्तों ने नोचा और न ही किसी जंगली जानवर ने उसे छुआ। हालांकि जिस पर किशोरी का अपहरण हुआ उस समय दिन था और जिस रास्ते से आरोपी उसे लेकर गया, उस रास्ते पर भी आना-जाना लगा रहता है। ऐसे में किसी ने किशोरी को आरोपी के साथ जाते कैसे नहीं देखा।

**फरमान** हाई कोर्ट ने सरकार को शपथपत्र दायर कर की गई कार्रवाई का ब्यौरा मांगा

# 416 पेड़ों के अवैध कटान पर क्या कार्रवाई हुई

**लीगल रिपोर्टर, शिमला**



प्रदेश हाई कोर्ट ने वन रेंज कोटि जिला शिमला में 416 पेड़ों की अवैध कटाई से जुड़े मामले में सरकार को शपथपत्र दायर कर दोषियों के खिलाफ की गई कार्रवाई का ब्यौरा प्रस्तुत करने के आदेश दिए। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने 20 अप्रैल, 2021 के आदेशानुसार विभागीय कार्रवाई की जानकारी मांगी है।

कोर्ट ने दोषी वन कर्मियों की चल-अचल संपत्ति की जांच संबंधी जानकारी भी तलब की है। 20 अप्रैल, 2021 को हाई कोर्ट ने प्रधान सचिव (वन) को 16 आरोपी वन अधिकारियों से 34,68,233 रुपए की वसूली करने के लिए उनकी जिम्मेदारी तय करने के आदेश जारी किए थे। इन अधिकारियों में दो वन अरण्यपाल, दो मंडल वन अधिकारी, तीन सहायक वन अरण्यपाल, दो रेंज फॉरेस्ट ऑफिसर, छह ब्लॉक ऑफिसर और एक फॉरेस्ट गार्ड शामिल है। यह सभी कर्मी भलावाग बीट, कोटि फॉरेस्ट ब्लॉक, कोटि फॉरेस्ट रेंज, शिमला फॉरेस्ट डिवीजन और शिमला फॉरेस्ट सर्किल में तैनात वर्ष 2015 से 2018 के बीच तैनात थे। इसी दौरान कोटि रेंज में 416 पेड़ों का अवैध कटान हुआ था। कोर्ट ने इन अधिकारियो को अदालत में उपस्थित होने का अवसर भी दिया था और कहा था कि यह कर्मी उपरोक्त वसूली और उनके सेवा रिकॉर्ड में उल्लिखित चूक की प्रविष्टि करने से पहले अपनी बात अदालत के समक्ष रख सकते हैं। इस मामले में कोर्ट को बताया गया था कि अनिवार्य फील्ड निर्देशों के अनुसार विभिन्न वन अधिकारियों का यह अनिवार्य कर्तव्य है कि वे अपने अधीन आने वाले क्षेत्र का निरीक्षण करे और पेड़ों की किसी भी तरह की कटाई का पता लगाए। विभाग ने उच्च अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई करने के बजाय केवल उन अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई शुरू की जो रैंक में सबसे कम हैं और केवल छोटे वन कर्मियों को ही निशाना बनाया।मामले पर अगली सुनवाई 26 मार्च को होगी।

### कोटि धीमान पंचायत के प्रधान, उपप्रधान वार्ड सदस्य को पद से हटाने की याचिका खारिज

**शिमला।** प्रदेश हाई कोर्ट ने ग्राम पंचायत कोटि धीमान तहसील ददाहू जिला सिरमौर के प्रधान, उपप्रधान और वार्ड सदस्य को पद से हटाने को लेकर दायर याचिका दस हजार रुपए की कॉस्ट लगाते हुए खारिज कर दिया। मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश ज्योत्स्ना रिवाल दुआ की खंडपीठ ने प्रार्थी दलीप आजाद को कॉस्ट की राशि मुख्यमंत्री आपदा राहत कोष में चार सप्ताह के भीतर जमा करने के आदेश भी दिए। प्रार्थी ने ग्राम पंचायत के तीनों पदाधिकारियों के खिलाफ सरकारी धन के गबन सहित अन्य अवैध कार्य करने का आरोप लगाया था। प्रार्थी ने डिविजनल कमिश्नर शिमला द्वारा 25 नवंबर को पारित आदेशों को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। डिविजनल कमिश्नर शिमला ने प्रार्थी की अपील को खारिज करते हुए डीसी सिरमौर के उन आदेशों को बरकरार रखा था, जिसके तहत उक्त पंचायत प्रतिनिधियों के निलंबन आदेशों को खारिज कर दिया गया था। शिकायत की प्रारंभिक जांच के पश्चात जिला पंचायत अधिकारी ने प्रधान को निलंबित करने के आदेश जारी कर दिए थे। अपने निलंबन के खिलाफ प्रधान ने डीसी सिरमौर के समक्ष अपील दायर की थी। अपील को स्वीकारते हुए डीसी सिरमौर ने प्रधान को क्लीन चिट दे दी थी।

## न्यूज ब्रीफ

### टिप्पर की चपेट में आने से एक की मौत




**चंबा।** चंबा-साहो मार्ग पर फुलनुटाला गांव समीप टिप्पर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मृत्यु हो गई। वहीं, दुर्घटना की सूचना मिलते ही पुलिस थाना सदर की टीम ने मौके पर पहुंच शव कब्जे लेकर उसे पोस्टमार्टम के लिए पंडित जवाहर लाल नेहरू मेडिकल कॉलेज एवं चिकित्सालय चंबा भेजा। पुलिस ने टिप्पर जब्त करने सहित टिप्पर चालक पर मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई आरंभ कर दी है। जानकारी के अनुसार टिप्पर की चपेट में आए व्यक्ति की पहचान पुलिस ने जोगिंद्र कुमार (55) पुत्र संतो राम निवासी सुंगल तहसील व जिला चंबा के रूप में की है। मामले की पुष्टि करते हुए पुलिस अधीक्षक जिला चंबा अभिषेक यादव ने बताया कि पुलिस ने टिप्पर को कब्जे में ने लिया है, जबकि टिप्पर चालक पर लापरवाही से वाहन चलाने सहित अन्य धाराओं के तहत मामला दर्ज कर जांच आरंभ कर दी है।

### अज्ञात वाहन ने युवक को कुचला, मौत


**नादौन।** नादौन के नगारड़ा वार्ड के युवक शशि कुमार पुत्र धर्म चंद की रात अज्ञात वाहन के कुचलने से भरमोटी के पास नेशनल हाई-वे पर मौत हो गई है, जिससे क्षेत्र में शोक व्याप्त है। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव को परिजनों को सौंप दिया है। आसपास के सीसीटीवी कैमरों को खंगाला जा रहा है। परिजनों के अनुसार रात को शशि कुमार के घर पर उसके जानने वाला व्यक्ति आया और दोनों लेबर का पता करने के लिए घर निकले। रात करीब दस बजे उसके साथी का फोन आया कि शशि को अज्ञात वाहन कुचल कर चला गया है। शशि के साथी सुभाष चंद शर्मा ने इस बारे पुलिस को शिकायत की है कि वह शशि को भरमोटी के पास ट्राले से उतार कर यह कह कर चला गया कि यहां रुकना मैं वापस आपकर आपको घर छोड़ दूंगा। वापस आने पर देखा तो शशि बेसुध पड़ा था, उसके परिजनों को फोन पर सूचना दी। शशि को नादौन अस्पताल ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। वहीं, डीएसपी रोहिन डोगरा ने कहा की मामले की जांच की जा रही है।

# कांगड़ा जिले के हरिपुर में है 827 साल पुराना राम मंदिर

**अनिल छांगू, जवाली**

कांगड़ा जिले के हरिपुर में भगवान राम का 827 साल पुराना राम मंदिर है। यह मंदिर बनेर खड्ड के मुहाने पर स्थित है। इस मंदिर में श्रीराम, माता सीता और लक्ष्मण की तीन से चार फुट ऊंची मूर्तियां हैं, जबकि बाहर हनुमान जी की मूर्ति स्थापित है। ये मूर्तियां काले संगमरमर से बनी हैं।

राजा हरिचंद ने 1398 से 1405 के बीच हरिपुर नगर की स्थापना की थी। उसी दौरान उन्होंने हरिपुर नगर में 365 कुओं व मंदिरों का निर्माण करवाया था। श्रीराम का मंदिर उससे पहले ही मौजूद था। कुछ लोग इसे पांडव काल से भी जोड़ते हैं। पांडवों ने अज्ञातवास के दौरान मंदिर का निर्माण करवाया है। राम मंदिर राजमार्ग पर कुछ दुकानों या घरों के पीछे है। संवत 1540 की 537 वर्ष पुरानी घंटी मंदिर में मौजूद थी और उसमें संवत सहित श्रीराम मंदिर हरिपुर लिखा था, लेकिन किसी कारणवश वह घंटी अब मंदिर में नहीं है। इन तथ्यों से पता चलता है यह मंदिर कितना प्राचीन है। मंदिर में प्रवेश करते ही बाईं ओर तीन गुफाएं थीं, जो कि सराय के रूप में उस समय इस्तेमाल की जाती थीं, लेकिन अब गुफाएं खंडित हो चुकी हैं।




## राजा बलदेव के बाद न वंशजों और न ही सरकार ने करवाया कोई कार्यक्रम

**राजा** बलदेव के समय श्रीरामनवमी पर मंदिर परिसर में कार्यक्रम होता था। इस दौरान भजन कीर्तन सहित अन्य मुकाबले करवाए जाते थे। राजा बलदेव के बाद न तो उनके वंशजों और न ही सरकार ने कोई कार्यक्रम करवाया। स्थानीय लोगों को इस बात का मलाल है कि यह मंदिर बेहद पौराणिक है, लेकिन आज तक किसी भी सरकार ने इसका जीर्णोद्धार नहीं किया। राजा हरिचंद जिन्होंने नंदपुर-गुलेर पर शासन किया था। एक दिन शिकार अभियान पर अपने समूह से अलग हो गए और उन्हें मृत मान लिया गया। शिकार दल नंदपुर लौट आया और उसकी पत्नियां सती हो गईं। उसका भाई नंदपुर की गद्दी पर बैठा, जब तक राजा वापस पहुंचे, नए राजा ने आधिकारिक तौर पर कार्यभार संभाल लिया था। जल्दबाजी में सत्ता संभालने वाले अपने भाई के खिलाफ तख्तापलट करने के बजाय, राजा राजा हरिचंद ने एक और राज्य बनाने का फैसला किया। उन्होंने इस उद्देश्य के लिए हरिपुर को चुना और इस क्षेत्र को एक भव्य किले और कई खूबसूरत मंदिरों से अलंकृत किया। यह दुखद है कि इन संरचनाओं का रखरखाव नहीं किया जा रहा है। (अनंत ज्ञान)




**827 साल पुराना राम मंदिर कांगड़ा जिले के हरिपुर में स्थित है।**







1398 से 1405 के बीच राजा हरिचंद ने हरिपुर नगर की स्थापना की थी। उसी दौरान उन्होंने हरिपुर नगर में 365 कुओं व मंदिरों का निर्माण करवाया था।

## दो से छह जनवरी तक रहेगी विंटर कार्निवाल की धूम

# विंटर कार्निवाल 2024 के लिए सजने लगी पर्यटन नगरी मनाली



पर्यटन नगरी मनाली के मालरोड में चहल-पहल करते सैलानी। इन दिनों यहां सैलानियों की बहार है।

**नरेंद्र अंगारिया, मनाली**

मनाली विंटर कार्निवाल

राष्ट्र स्तरीय विंटर कार्निवाल 2024 हर साल की तरह इस साल भी दो से छह जनवरी तक आयोजित किया जा रहा। कार्निवाल का शुभारंभ मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू देवी हिडिंबा के मंदिर ढूंगरी से महिला मंडलों की झांकियों को हरी झंडी दिखाकर करेंगे। प्रदेश में वैसे भी क्रिसमस से लेकर पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है।

मनाली में पर्यटन की दृष्टि के देखा जाए तो कार्निवाल का आयोजन इस तरह से किया जाता है, ताकि नववर्ष के बाद भी पर्यटकों को एक सप्ताह तक मनाली में रोका जा सके। जिला प्रशासन एवं विंटर कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष इस उत्सव को सफल बनाने में पूरे तरह से जुटे हैं।

इस दौरान पर्यटन निगम के मनाली स्थित होटलों में भी न्यू ईयर और कार्निवाल को लेकर अग्रिम बुकिंग चल रही है। कार्निवाल कमेटी के उपाध्यक्ष एसडीएम मनाली रमण कुमार शर्मा का कहना है कि इस बार विंटर कार्निवाल 2024 बदले हुए स्वरूप में नजर आएगा। दो जनवरी को घाटी के लगभग 200 से अधिक महिलामंडलों की महिलाएं मनाली के माल रोड पर महानाटी डालेंगे और इस अवसर पर मुख्यमंत्री भी मौजूद रहेंगे। कार्निवाल में स्थानीय टीमों के अलावा देश भर से आने वाली टीमें दर्शकों का मनोरंजन करेंगी। रमण कुमार शर्मा ने कहा कि विंटर क्वीन इस आयोजन मुख्य आकर्षण रहता है, जिसके लिए ऑडिशन पूरे हो चुके हैं। विंटर कार्निवाल के आयोजन को लेकर सुरक्षा व्यवस्था भी सही रहे इसके लिए अतिरिक्त पुलिस बल मनाली पहुंच चुके हैं। बहरहाल प्रशासन इस आयोजन के लिए पूरी तरह से तैयारियां कर चुका है। (अनंत ज्ञान)

### मनाली में ऑडिशन आज

**मनाली।** विंटर क्वीन व वायस ऑफ कार्निवाल के ऑडिशन वीरवार को मनाली में होंगे। चंडीगढ़, शिमला, मंडी व कुल्लू में हुए ऑडिशन में 85 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया है। 28 को मनाली के वन्य प्राणी विभाग में ऑडिशन होंगे, जो प्रतिभागी इन ऑडिशन में भाग नहीं ले पाए हैं वे दो जनवरी को बाहरी राज्यों के प्रतिभागियों के लिए रखे गए ऑडिशन में भी भाग ले सकते हैं। ऑडिशन प्रभारी दिव्यांगना ने बताया कि लगभग 85 प्रतिभगियों ने क्वीन व वॉयस ऑफ कार्निवाल के लिए ऑडिशन दिए हैं। मनाली में ऑडिशन होने के बाद परिणाम भी निकाला जाएगा। दूसरी ओर विधायक भुवनेश्वर गौड़ ने की विंटर कार्निवाल की तैयारियों की समीक्षा की। उन्होंने कार्निवाल कमेटी को निर्देश दिए कि न्यू ईयर का जश्न मनाने मनाली आ रहे पर्यटकों की संध्या को भी माल रोड में डीजे लगाकर यादगार बनाएं।

# चिंतपूर्णी में रोपवे प्रोजेक्ट का विरोध व्यापारियों-पुजारियों ने बाजार किया बंद

## रोष रैली निकाल कर किया विरोध-प्रदर्शन, बोले- रोपवे से चौपट हो जाएगा उनका व्यापार

**महेश कालिया, चिंतपूर्णी**

प्रदेश सरकार द्वारा चिंतपूर्णी में यात्रियों की सुविधाओं के लिए रोपवे के निर्माण को लेकर कदमताल शुरू कर दी गई है। इसके विरोध में बुधवार को चिंतपूर्णी व्यापार मंडल, पुजारियों और तमाम दुकानदारों द्वारा बाजार को बंद करके मंदिर के मुख्य भवन से लेकर माइदास भवन तक रोष रैली निकालकर प्रदर्शन किया गया।

पुजारी वर्ग के विरोध-प्रदर्शन के चलते बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को माथा टेकने में काफी परेशनी हुई। इस प्रदर्शन में स्थानीय व्यापार मंडल के पदाधिकारी, होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी और तमाम दुकानदार मौजूद रहे। इस प्रदर्शन में मौजूद रहे व्यापार मंडल के पदाधिकारी द्वारा सरकार के समक्ष चिंतपूर्णी में प्रस्तावित रोपवे के निर्माण को स्थगित करने की मांग रखी गई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसके द्वारा उनका व्यापार पूरी तरह से चौपट हो जाएगा। इसको लेकर सरकार इस रोपवे के निर्माण को बंद करें।

स्थानीय निवासी संजीव शर्मा, संजीव कालिया व निरंजन कालिया ने इस विरोध-प्रदर्शन में भाग लेकर सरकार के समक्ष अपनी मांग को रखा। उन्होंने विश्वास जताया है कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू इसके ऊपर जरूर कोई न कोई निर्णय लेंगे। चिंतपूर्णी होटल एसोसिएशन के पदाधिकारी संजीव कालिया और संजीव शर्मा ने कहा कि चिंतपूर्णी में जिस तरह से सुबह 10:00 से शाम 3:00 बजे तक मंदिर वाली सड़क पर गाड़ियों के आने-जाने पर पाबंदी है, उसको लेकर भी स्थानीय लोगों में रोष है। क्योंकि यदि उन्हें कोई काम 10:00 बजे के बाद बाजार में पड़ता है, तो उन्हें गाड़ी से बाजार नहीं जाने दिया जाता। पुलिस द्वारा उनकी गाड़ी बैरियर पर ही रोक दी जाती है। उन्होंने कहा कि इससे होटल में आने वाले टूरिस्ट भी काफी परेशान होते हैं। क्योंकि उन्हें 10:00 से 3:00 बजे तक अपनी गाड़ी नीचे पार्किंग में ही खड़ी करनी पड़ती है, जिस कारण उन्हें काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। विरोध प्रदर्शन में स्थानीय लोगों ने स्थानीय दुकानदारों ने काफी संख्या में भाग लिया। चिंतपूर्णी बाजार पहली बार इस तरह के प्रदर्शन के कारण बंद किया गया, जिसके कारण यात्रियों को परेशानी हुई।

पुजारी वर्ग के विरोध के बावजूद श्रद्धालुओं ने लाइनों में लगकर मंदिर में माथा टेका। मंदिर प्रशासन ने बाहर से आने वाले श्रद्धालुओं को वैकल्पिक मार्गों से मंदिर तक पहुंचाया। इस कार्य के लिए मंदिर प्रशासन ने आपदा मित्र मयंक, प्रबल व संदीप कुमार का सहयोग लिया। (अनंत ज्ञान)



बुधवार को चिंतपूर्णी में पुजारी व व्यापारी वर्ग ने किया रोपवे निर्माण का विरोध प्रदर्शन।

### श्रद्धालुओं का रखा ख्याल

**अतिरिक्त** मंदिर अधिकारी, संजीव कुमार ने कहा कि श्री चिंतपूर्णी मंदिर के रास्ते में अवरोध होने के चलते श्रद्धालुओं को वैकल्पिक मार्गों से मंदिर तक पहुंचाया गया। इस कार्य में आपदा मित्रों का विशेष सहयोग लिया गया। रोष प्रदर्शन के चलते बाहर से आने वाले यात्रियों को कोई असुविधा न हो इस बात का विशेष ख्याल रखा गया।

### डीसी के समक्ष रखी थी मांग

**मंगलवार को** मंदिर दौरे पर पहुंचे डीसी ऊना के समक्ष स्थानीय व्यापारियों ने अपनी मांगे रखी थी, जिस पर डीसी ने स्थानीय लोगों को उनकी बात सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया था। बावजूद इसके मंदिर में बनने वाले रोपवे को लेकर बुधवार को होटल व्यवसायी, पुजारी तथा व्यापारी वर्ग ने इस मसले को लेकर रोष प्रदर्शन किया। पुजारी वर्ग मंदिर मार्ग पर वाहनों की आवाजाही को लेकर भी खासे रोष में हैं, जिसके चलते स्थानीय लोगों ने मंदिर मार्ग पर अपना रोष प्रदर्शन किया।

## सत्या को लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड

**मंडी।** मंडी की सत्या शर्मा को इन्फ्ल्यूशिल वुमन लीडर अवॉर्ड के संदर्भ में समाज सेवा के लिए लाइफ टाइम अचीवमेंट अवॉर्ड से नवाजा गया है। यह अवॉर्ड नई दिल्ली के रेडिसन ब्लू द्वारका दिल्ली में आयोजित एक भव्य कार्यक्रम में दिया गया। सत्या शर्मा मंडी शहर पैलेस कॉलोनी की रहने वाली है और उपायुक्त कार्यालय मंडी से अधिकारी के पद से सेवानिवृत्त हुई हैं। यह अवॉर्ड आंध्र प्रदेश की पूर्व मंत्री पुष्प लीला व दिल्ली विश्वविद्यालय की निदेशक प्रो. गीता सिंह ने दिया। सत्या शर्मा को इससे पहले भी मानवाधिकार व समाज सेवा में अवार्ड मिल चुके हैं। यह अवार्ड मिलने से उसके परिजनों में खुशी का माहौल है।



दिल्ली में अवार्ड हासिल करते हुए सत्या शर्मा।

## बंपर फसल, इस साल लक्ष्य से अधिक की धान की खरीद

**अनंत ज्ञान, शिमला**

प्रदेश में इस वर्ष पहली बार लक्ष्य से अधिक धान की खरीद की गई। सरकार ने इस वर्ष धान की खरीद के लिए 22,000 मीट्रिक टन का लक्ष्य रखा था। इसकी तुलना में खाद्य एवं आपूर्ति विभाग ने 22,897.95 मिट्रिक टन धान 50.4 करोड़ में खरीदा गया।

पिछले वर्ष विभाग ने किसानों से 28.99 करोड़ रुपए की धान खरीदी थी। यह खरीद दस मंडियों के माध्यम से चार जिलों में की गई है। धान की यह खरीद राज्य नागरिक आपूर्ति निगम द्वारा हिमाचल प्रदेश राज्य कृषि विपणन बोर्ड तथा कृषि विभाग की मदद से की गई। राज्य नागरिक आपूर्ति निगम ने किसानों से कुल 50.4 करोड़ रुपए की धान खरीदी है। प्रदेश में सरकार ने किसानों को न्यूनतम समर्थन मूल्य का लाभ प्रदान करने के लिए तीन अक्तूबर, 2023 से 26 दिसंबर, 2023 तक धान की खरीद की।

इस दौरान कुल 3746 किसानों ने ऑनलाइन पंजीकरण कर 22897.95 मीट्रिक टन धान की बिक्री की।

### भारी बारिश के बीच हुई धान की अच्छी फसल

**हिमाचल** प्रदेश में भारी बारिश व आपदा के बीच इस वर्ष धान की अच्छी फसल हुई है। राज्य में सिरमौर, सोलन, ऊना व कांगड़ा जिले में धान की बंपर क्रॉप हुई है। निगम ने इन जिलों की विभिन्न मंडियों में धान की खरीद की है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के निदेशक रामकुमार गौतम ने बताया कि इस बार धान की बंपर क्रॉप हुई है और विभाग ने 50.4 करोड रुपए का धान किसानों से खरीद लिया है। उन्होंने बताया कि धान की यह खरीद गत तीन अक्तूबर से 26 दिसंबर तक की गई। धान की बंपर क्रॉप का अंदाजा यहां से भी लगाया जा सकता है कि राज्य में प्रदेश खाद्य नागरिक आपूर्ति निगम के पोर्टल पर कुल 4,150 किसान पंजीकृत हैं।

## जोगिंद्रनगर में आज से दौड़ेगी रेलगाड़ी

**जोगिंद्रनगर।** जोगिंद्रनगर में गत पांच माह से बंद पड़ी पठानकोट-जोगिंद्रनगर नेरोगेज लाइन में बुधवार को रेलवे विभाग दो चरणों में रेल गाड़ियां बहाल करेगा। उत्तर रेलवे के वरिष्ठ मंडल परिचालक प्रबंधक ने अपने आदेशों में इस बात की पुष्टि की है। उन्होंने कहा कि यह रेल सेवा कांगड़ा से पपरोला तथा पपरोला से जोगिंद्रनगर के बीच वीरवार से बहाल होगी। पहले चरण के तहत पपरोला सुबह छह बजे रेल सेवा कांगडा के लिए चलेगी जो कि कांगड़ा में सुबह सवा आठ बजे पहुंचेगी। कांगड़ा से सुबह सवा नौ बजे चलेगी, जो कि दोपहर 12 बजे पपरोला पहुंचेगी। इसी तरह शाम तीन बजे पपरोला से कांगड़ा के लिए रवाना होगी जो कि शाम 5.10 बजे कांगड़ा पहुंचेगी। कांगड़ा से शाम छह बजे पपरोला के लिए चलेगी तथा रात्रि 8.20 मिनट पपरोला पहुंचेगी। ऐसे ही दूसरी रेल गाड़ी सुबह आठ बजे पपरोला से जोगिंद्रनगर के बीच चलेगी, जो कि 9.35 मिनट पर जोगिंद्रनगर पहुंचेगी। जोगिंद्रनगर सुबह 10.30 बजे चल कर दोपहर 12 बजे पपरोला पहुंचेगी। एक बजे पपरोला से चलकर 2.35 मिनट पर जोगिंद्रनगर पहुंचेगी तथा शाम को 3.30 बजे जोगिंद्रनगर से पपरोला के लिए रवाना होगी, जो कि शाम पांच बजे पपरोला पहुंचेगी। उन्होंने कहा कि कांगड़ा तथा पठानकोट के बीच पुलों का निर्माण पूरा होने के बाद रेल सेवा आगे बहाल की जाएगी।

## केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मिले अग्रिहोत्री

# हिमाचल की मदद के लिए उदारता से हाथ बढ़ाए केंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**

हिमाचल के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने बुधवार को जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से उनके आवास पर मुलाकात की। अग्निहोत्री ने केंद्रीय मंत्री से राज्य में हाल ही में आई भारी प्राकृतिक आपदा के मद्देनजर हिमाचल की मदद के लिए उदारता से हाथ बढ़ाने का आग्रह किया।


अग्निहोत्री ने कहा कि राज्य को हुआ नुकसान अभूतपूर्व है और इसका भारी खामियाजा जल शक्ति विभाग हिमाचल प्रदेश को भुगतना पड़ा है। जल शक्ति विभाग की 11863 योजनाओं को 2132 करोड़ रुपए की व्यापक क्षति हुई और इनमें से जल जीवन मिशन के तहत निर्मित 671 योजनाओं को भी 614 करोड़ रुपए की क्षति हुई। केंद्रीय मंत्री ने आश्वासन दिया कि प्रस्तावों पर प्राथमिकता के आधार पर विचार किया जाएगा। केंद्रीय मंत्री से सिंचाई एवं बाढ़ से संबंधित मुद्दों पर भी चर्चा की गई।



केंद्रीय जल शक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत से भेंट करते मुकेश अग्निहोत्री।

## केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर आज हमीरपुर में

**हमीरपुर।** हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर 28 दिसंबर को हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के प्रवास पर होंगे। 28 दिसंबर को प्रात: 8:40 पर गगल एयरपोर्ट धर्मशाला में पहुंचेंगे। जिला भाजपा मीडिया प्रभारी विकास शर्मा ने जानकारी देते हुए बताया कि उसके बाद सांसद सड़क मार्ग के माध्यम से 10:30 बजे हमीरपुर जिला के बड़सर विधानसभा क्षेत्र भोटा में होटल के स्टार में सेक्टर प्रभारियों के साथ मीटिंग करेंगे। इसके उपरांत 1:30 बजे बड़सर विधानसभा क्षेत्र के सोहारी पंचायत में विकसित भारत यात्रा में शामिल होंगे। उसके उपरांत दोपहर 3:30 बजे बड़सर विधानसभा क्षेत्र के होटल पुष्पम ग्राम पंचायत हरसौर में सेक्टर प्रभारियों के साथ मीटिंग करेंगे।



**मसला** धर्मशाला की लैब में सुविधाओं का अभाव, 250 की शराब पर 500 रुपए का खर्चा

# शराब से महंगा गुणवत्ता जांच का खर्चा

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

सस्ती शराब की महंगी जांच के कारण सालाना लाखों रुपए खर्च हो रहे हैं। आलम यह कि कई मामलों में पकड़ी गई शराब की कीमत से ज्यादा खर्च उसकी जांच पर हो जाता है। पुलिस विभाग और आबकारी विभाग की ओर से पकड़ी गई अवैध शराब को आबकारी एक्ट में नीलाम करने का प्रावधान है, लेकिन नीलामी से पहले उक्त शराब के पीने लायक है या नहीं, की प्रयोगशाला जांच होना जरूरी है। वहीं, प्रदेश में सोलन के कंडाघाट स्थित कंपोजिट टेस्टिंग लैब (सीटीएल) में ही ऐसी जांच संभव है। ऐसे में कांगड़ा, ऊना, चंबा, कुल्लू, मंडी में जब्त की गई अवैध शराब के सैंपलों को मीलों दूर सोलन के कंडाघाट ले जाना पड़ता है।



फाइल फोटो



इस साल की बात करें तो अब तक कांगड़ा जिला में देशी व अग्रेजी समेत करीब 7435509 एमएल शराब पकड़ी गई है। कई बार तो शराब की बोतल की जांच के लिए उसकी कीमत का दोगुना शुल्क चुकाना पड़ता है। सूत्रों के अनुसार (सीटीएल) भी एक समय में 100 से ज्यादा सैंपल न लाने की बात कहती है और 100 सैंपलों की जांच में भी खासा समय लग जाता है। धर्मशाला स्थित फोरेंसिक लैब में शराब में मौजूद कंटेंट का पता चल जाता है, लेकिन इस बात की पुष्टि नहीं हो पाती कि शराब पीने लायक है या नहीं है। इसके चलते पुलिस तथा आबकारी विभाग को पकड़ी गई शराब के सैंपल लेकर कंडाघाट ही तो जाना पड़ता है, जिसमें प्रति करीब बोतल 500 रुपए के शुल्क के साथ जाने और ठहरने का खर्च भी चुकाना पड़ता है। लिहाजा पकड़ी गई अवैध शराब को डिस्ट्रॉय करने के अलावा पुलिस और आबकारी विभाग को कोई दूसरा रास्ता नहीं दिखता। कंडाघाट स्थित सीटीएल में जांच के लिए प्रति बोतल 500 रुपए का शुल्क अदा करना पड़ता है, वहीं सैंपल ले कर जाने वाले का यात्रा व्यय और ठहरने का खर्च भी उठाना पड़ता है। देशी शराब की प्रति बोतल औसतन कीमत 200-250 होती है, जबकि प्रयोगशाला में टेस्ट का खर्च इससे डबल से भी ज्यादा है। ऐसे में जांच करवाकर अवैध शराब की नीलामी कर नुकसान की बेहतर विकल्प नजर आता है। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं लैब अधिकारी

**नॉर्दन** रेंज धर्मशाला की रीजनल फोरेंसिक साइंस लैब के सहायक निदेशक डॉक्टर राकेश सोनी के अनुसार धर्मशाला स्थित फोरेंसिक लैब में जांच के लिए आने वाले शराब के सैंपलों में इथाइल एल्कोहल एवं मिथाइल एल्कोहल के कंटेट की मात्रा का पता चलता है, लेकिन ये पता नहीं चलता की शराब पीने लायक है या नहीं। उन्होंने बताया कि धर्मशाला लैब में कैमिस्ट्री एंड टॉक्सिकलॉजी सेक्शन में शराब के पीने लायक होने की जांच के लिए होने वाले टेस्ट नहीं होते।



## न्यूज ब्रीफ

### ओबीसी सैल के अध्यक्ष बने सुमित बाबा

**डाडासीबा।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी सैल द्वारा सुमित बाबा को जसवां परागपुर कांग्रेस ओबीसी अध्यक्ष पद पर नियुक्त किया गया है। इस पद पर अपनी नियुक्ति होने पर सुमित बाबा ने प्रदेश कांग्रेस ओबीसी सैल के अध्यक्ष विक्रम चौधरी एवं कामगार कल्याण बोर्ड के पूर्व उपाध्यक्ष सुरेंद्र सिंह मनकोटिया का तहे दिल से धन्यवाद किया है। उन्होंने कहा कि वह ओबीसी संगठन को आगे बढ़ाने में कोई कोर कसर नहीं रखेंगे। आने वाले लोकसभा चुनाव में हमीरपुर लोकसभा सीट से होने वाले कांग्रेस प्रत्याशी को भारी मतों से जीत दिलवाएंगे।

### बच्चों को नशे से दूर रहने के लिए किया प्रेरित



बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में एनएसएस शिविर में मौजूद स्वयंसेवी।

**डाडासीबा।** बाबा कांशी राम राजकीय महाविद्यालय डाडासीबा में एनएसएस कैंप के पांचवें दिन सुबह प्रभात फेरी निकाली गई। इसके पश्चात योग और व्यायाम किया गया। कॉलेज के प्राचार्य जतिंद्र कुमार ने दीप प्रज्वलित किया। एनएसएस के नोडल अधिकारी खेम चंद ने बताया सुबह के एकेडेमिक सेशन के रिसोर्सपर्सन नरेंद्र कुमार लेक्चरर इंग्लिश, केंद्रीय विद्यालय नलेटी कांगड़ा रहे। उन्होंने बच्चों को नशे से दूर रहने, मोबाइल फोन की लत से बच्चों को बाहर निकलने और समाज सेवा के क्षेत्र में आगे बढ़ने पर अपना व्याख्यान दिया। शाम के समय स्वयंसेवियों ने कॉलेज कैंपस की झाड़ियों को साफ किया।

### धलूं ने सुनेहड़ टीम को 35 रन से हराया

**नगरोटा बगवां।** ग्रामीण विकास खेल एकता मैदान नोरा में एक महीने तक चलने वाले क्रिकेट ट्रॉफी के मुकाबले के चौथे दिन धलूं पंजपुलियां की टीम ने टास जीतकर कर पहले बल्लेबाजी करते हुए 168 रनों का लक्ष्य जीत के लिए सुनेहड़ टीम को दिया। सुनेहड़ टीम 35 रन से पिछड़ गई व पंजपुलियां धलूं टीम विजेता रही। यह जानकारी टूर्नामेंट संयोजक विशाल, सुशांत, मुन्नू, अमन ने दी। उन्होंने बताया कि आजकल युवा राह भटके रहे हैं व चिट्टे जैसे जानलेवा नशे का शिकार हो रहे हैं। यह अति गंभीर मसला है। हमारा लक्ष्य युवाओं को कुरीतियों और नशों से बचाना है, इसलिए समय-समय पर खेल व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

### गरली में बेटी है अनमोल पर निकाली रैली


गरली में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन सफाई करते स्वयंसेवी।

**गरली।** राजकीय बाल वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गरली में चल रहे एनएसएस शिविर के तीसरे दिन वालंटियर ने बेटी है अनमोल पर रैली निकाली। स्कूल प्रधानाचार्य अनिरुद्ध शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित हुए इस कार्यक्रम में वालंटियर ने लोगों को बेटी का महत्व बताया। वहीं इलाके में बिखरे कूड़े को ठिकाने लगाया। प्रधानाचार्य ने छात्र-छात्राओं को नशे के प्रति शपथ दिलवाई। उन्होंने छात्र-छात्राओं के भविष्य के लिए शिक्षा पर जानकारी दी। कार्यक्रम अधिकारी मंजीत सिंह और सपना देवी ने कहा कि यह शिविर 2 जनवरी तक चलेगा, जिसमें 48 स्वयंसेवी भाग ले रहे हैं।

### सांस्कृतिक प्रस्तुति से सभी को किया मंत्रमुग्ध



बेली राम मेमोरियल पब्लिक स्कूल गयोरा में मुख्यातिथि के साथ बच्चे।

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र के बेली राम मेमोरियल पब्लिक स्कूल गयोरा में बुधवार को वार्षिक पुरस्कार वितरण समारोह का मनाया गया। जिसमें स्कूली बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर सभी को मंत्रमुग्ध किया। समारोह में मुख्यातिथि के तौर पर सेवानिवृत्त कैप्टन बलदेव सिंह शामिल हुए। उन्होंने सरस्वती मात्रा के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलित कर समारोह का शुभारंभ किया। प्रधानाचार्य विजय सेन ने स्कूल की गतिविधियों के बारे में जानकारी दी। उन्होंने मुख्यातिथि को शाल, टोपी और स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने ग्रामीण स्तर पर बेहतर शिक्षा प्रदान करने के लिए संस्थान की प्रशंसा की। उन्होंने अपनी ओर से सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेने वाले बच्चों को 11 हजार की राशि प्रदान की।

## नववर्ष को लेकर कांगड़ा पुलिस के 150 से ज्यादा जवान संभालेंगे लॉ एंड ऑर्डर, सेक्टरों में ड्यूटी देंगे पुलिस के बाइक राइडर्स

# 11 सेक्टरों में बंटेगा धर्मशाला-मैक्लोडगंज

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

नववर्ष को लेकर कांगड़ा पुलिस के 150 से ज्यादा जवान धर्मशाला तथा मैक्लोडगंज में तैनात रहेंगे। न्यू ईयर सेलिब्रेशन को लेकर पर्यटन स्थल में काफी संख्या में पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है। इस दौरान बढ़े हुए ट्रैफिक को सुचारु रखना पुलिस के लिए चुनौती रहेगा।

क्रिसमस के मौके पर भी मैक्लोडगंज समेत दूसरे पर्यटन स्थलों पर काफी लोग उमड़े थे। इसे देखकर नववर्ष को लेकर पुलिस लॉ एंड ऑर्डर तथा यातायात व्यवस्था को लेकर तैयार है। पूरे पर्यटन सर्किल को 11 सेक्टरों में बांटा गया है। पुलिस थाना मैक्लोडगंज को छह तो धर्मशाला को पांच सेक्टरों में बांटा गया है। इसके अलावा मोटरसाइकिल राइडरों को भी हर सेक्टर में तैनात किया जाएगा। लॉ एंड ऑर्डर को संभालने के लिए काफी संख्या में महिला पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है ताकि महिला सैलानियों को भी सुविधा हो। इसके अलावा हुड़दंगियों तथा यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों को काबू करने के लिए रात्रि नाके भी पुलिस लगाएगी।

नाइट पार्टियों में ड्रग्स के इस्तेमाल की आशंका को रोकने के लिए जल्द ही पुलिस होटल कारोबारियों के साथ भी बैठक करेगी ताकि ऐसी आशंका न हो। धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर से प्रदेश के सीएम के झूमते हुए पर्यटकों को घर तक पुलिस के छोड़ने के बयान बारे पूछा गया तो उन्होंने कहा कि ऐसा कोई आदेश आधिकारिक रूप से नहीं आया है। हालांकि उन्होंने कहा कि अपराध न होने की सूरत में पर्यटकों को पुलिस की ओर से पूरी सुविधा देने का प्रयास किया जाएगा ताकि नववर्ष का जश्न मनाने आए देश भर के सैलानियों को समस्या का सामना करना पड़े।




### पुलिस ने की सहयोग की अपील



धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने लोगों को नववर्ष की अग्रिम बधाई देते हुए बताया कि कानून तथा ट्रैफिक की व्यवस्था को लेकर 150 से ज्यादा पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया है तथा पूरे टूरिज्म सर्किल को 11 सेक्टरों में बांटा गया है। उन्होंने बताया कि सेक्टरों के मोटरसाइकल राइडर्स तथा हुड़दंगियों को काबू करने के लिए पुलिस की विशेष टीम भी तैनात रहेगी। उन्होंने लोगों से अपील की कि नववर्ष के उत्सव को खुशी से मनाएं लेकिन ऐसा कोई भी काम न करें जिसके लिए पुलिस को सख्ती करने को मजबूर होना पड़े। उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा तथा शहर में जाम से बचने के लिए पुलिस तैनात रहेगी तथा इस दौरान पुलिस के उच्चाधिकारी भी व्यवस्था पर नजर रखेंगे।

## कोटला मेन बाजार में बर्तन की दुकान से नकदी, सामान चोरी


कोटला मेन बाजार में बर्तन की दुकान से चोरी की सीसीटीवी में कैद हुई वारदात।

**अनिल छांगू, जवाली**

पुलिस थाना जवाली के अधीन पुलिस चौकी कोटला के अंतर्गत कोटला मेन बाजार में चोरों ने एक बर्तन की दुकान पर सेंधमारी की। जिसमे चोर नकदी व दुकान से कीमती सामान ले उड़े।

दुकान मालिक सुमीत अधिकारी ने बताया कि मंगलवार सुबह मुझे एक चायवाले ने फोन करके बताया कि आपकी दुकान का ताला टूटा लगा हुआ है। शटर बीच से उठाकर चोर अंदर घुसकर चोरी कर गए हैं। मैंने दुकान में जाकर देखा कि दुकान में रखे हुए पैसे, कुछ समान गायब था व दुकान का शटर बीच से खुला हुआ था। उन्होंने बताया कि मैंने सीसीटीवी देखा तो दो नकाबपोश चोरों ने मेरी दुकान में लूट को अंजाम दिया था। जिसकी सूचना उन्होंने पुलिस चौकी कोटला में दी है। उन्होंने बताया कि 46 साल से दुकान चल रही है, आज तक ऐसी घटना नहीं हुई। उन्होंने कहा कि लगातार तीन दिन से बैंकों में छुट्टी होने के कारण पैसे जमा नहीं किए थे और बैंक का वाउचर और 45 हजार रुपए दुकान में ही रखे थे। जिनको चोर चोरी करके सामान के साथ ले गए। लगभग 75 से 80 हजार रुपए का सामान चोरी हुआ है। उन्होंने पुलिस प्रशासन ने मांग की है कि कोटला बाजार में रात्रि गश्त लगाई जाए। साथ ही शिकायत पर जल्द कार्रवाई करते हुए इस चोरी की गुत्थी को सुलझाया जाए। (अनंत ज्ञान)

## जेएंडके से आने वाले वाहनों की हो रही चेकिंग

### नववर्ष को देखते हुए पंजाब पुलिस की क्विक रिएक्शन टीम क्षेत्र में 24 घंटे कर रही गश्त

**अनंत ज्ञान, पठानकोट**

नववर्ष के आगमन को देखते हुए पुलिस की ओर से सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस पर चौकसी और मजबूत कर दी गई है। 24 घंटे विशेष नाकाबंदी करके वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है। बॉर्डर एरिया में जम्मू-कश्मीर की सीमा से लगते सभी विकल्प मार्गों पर पुलिस की ओर से स्पेशल नाके लगाकर जम्मू से पंजाब प्रवेश करने वाले हर छोटे-बड़े वाहन की बारीकी से जांच के उपरांत ही प्रवेश की अनुमति दी जा रही है।

क्षेत्र में पुलिस की क्विक रिएक्शन टीम की ओर से पूरे क्षेत्र में गश्त की जा रही है। अधिकारियों की ओर से बताया जा रहा है कि जिला पुलिस प्रमुख के दिशा निर्देश तहत नववर्ष के आगमन को देखते हुए क्षेत्र में चौकसी बढ़ाई गई है। जानकारी के मुताबिक जिला पठानकोट के इस सीमांत क्षेत्र में पुलिस द्वारा जम्मू-कश्मीर से जोड़ने वाले विकल्प मार्गों पर यहां नाकाबंदी करके वाहनों की जांच पड़ताल की जा रही है। वहीं क्षेत्र के दरिया के रास्ते जिले में प्रवेश होने वाले स्थान पर भी पुलिस की ओर से विशेष नजर रखी जा रही है। पुलिस और कमांडो की ओर से क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन भी चलाए जा रहे हैं ताकि किसी प्रकार की सामाजिक गतिविधि घटित न हो सके। बता दें कि यह क्षेत्र जम्मू-कश्मीर और पाकिस्तान की सीमा से सटा हुआ है और सुरक्षा की दृष्टि से अति संवेदनशील है। नववर्ष के आगमन को कुछ ही दिन शेष रहे हैं और अब गहरी धुंध पड़नी शुरू हो चुकी है। इन सभी बातों को केंद्रित करते हुए जिला पुलिस की ओर से यहां सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस पर सुरक्षा घेरा मजबूत किया गया है और बीएसएफ अधिकारियों के साथ तालमेल करते हुए हर गतिविधि पर निगाह रखी जा रही है। बताते चलें कि वर्ष 2016 की नववर्ष की संध्या पर पठानकोट एयरवेज पर आतंकी हमला करने वाले आतंकियों की ओर से 31 दिसंबर 2015 को इसी बॉर्डर क्षेत्र के रास्ते जिले में प्रवेश किया था। आतंकियों की ओर से 31 दिसंबर 2015 की रात इसी क्षेत्र से पंजाब पुलिस के एक एसपी रैंक के अधिकारी को उसके कुक और दोस्त को उक्त पुलिस अधिकारी की गाड़ी सहित हाईजैक किया था और उसे गाड़ी के जरिए जिले में प्रवेश कर गए थे। आतंकियों की ओर से एसपी को किडनैप करने से पहले इस क्षेत्र में ही एक टैक्सी चालक की हत्या कर दी गई थी। पठानकोट एयरबेस पर हुए आतंकी हमले के बाद से इस बॉर्डर क्षेत्र को सुरक्षा की दृष्टि से अतिसंवेदनशील माना जाता है और यहां पुलिस की ओर से सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस की स्थापना कर दी गई थी। कोई भी राष्ट्रीय पर्व हो या त्योहार यहां बॉर्डर क्षेत्र में सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस पर पुलिस की ओर से चौकसी और बढ़ा दी जाती है। अब नववर्ष का आगमन नजदीक है लिहाजा जिसे देखते हुए यहां सुरक्षा के लिहाज से पुलिस की ओर से पहरा कड़ा कर दिया गया है।


वाहनों की चेकिंग करती पठानकोट पुलिस।

पुलिस थाना नरोट जमाल सिंह के प्रभारी हर प्रकाश सिंह ने बताया कि जिला पुलिस प्रमुख के दिशा निर्देश के तहत सेकेंड लाइन ऑफ डिफेंस पर पुलिस की ओर से चौकसी बढ़ाते हुए वाहनों की विशेष जांच की जा रही है एवं सर्च ऑपरेशन चला कर सुरक्षा व्यवस्था मजबूत की जा रही है।

## पौंग झील किनारे बसे 51 गांवों का ईको सेंस्टिव जोन बनने से नहीं होगा विस्थापन

### राजनेता लोगों को गुमराह कर राजनीतिक रोटियां सेंकने का कर रहे प्रयासः मिल्खी राम

**अनंत ज्ञान, जवाली**

शिक्षाविद् एवं पर्यावरण प्रेमी मिल्खी राम शर्मा ने जवाली में आयोजित प्रेसवार्ता में कहा कि विधानसभा क्षेत्र देहरा, जवाली, नूरपुर व फतेहपुर के अधीन पौंग झील किनारे बसे 51 गांवों के लोगों को ईको सेंस्टिव जोन बनाने के कारण विस्थापन का डर सता रहा है लेकिन ऐसा कुछ नहीं होगा।

कुछेक राजनेता अपनी राजनीतिक रोटियां सेंकने का प्रयास कर रहे हैं और जनता को जानबूझ कर गुमराह कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि आम जनता को झील किनारे ईको सेंस्टिव जोन बनने से कोई परेशानी नहीं होगी। केवल मात्र धन्नासेठों व साधन संपन्न लोगों को ही इसकी परेशानी झेलनी पड़ेगी। उन्होंने कहा कि राजनेता जनता को गुमराह न करें जबकि जनता को इसके बारे में सही से बताएं।


जानकारी देते शिक्षाविद् एवं पर्यावरण प्रेमी मिल्खी राम शर्मा।

मिल्खी राम शर्मा ने कहा कि 662 वन्य सेंक्चुरी हैं, जिनमें से पौंग झील भी एक है। उन्होंने कहा कि पौंग झील को छोड़कर अन्य सभी सेंक्चुरी में ईको सेंस्टिव जोन बन चुके हैं, जिनके बनने से किसी का कोई विस्थापन नहीं हुआ है तथा अब पौंग झील किनारे ईको सेंस्टिव जोन बनने से भी किसी को अपना घर नहीं छोड़ना पड़ेगा। उन्होंने कहा कि ईको सेंसिटिव जोन बनने से पौंग झील किनारे बसे लोगों को डरने की जरूरत नहीं है। ईको सेंस्टिव जोन बनने से किसी का कोई नुकसान नहीं होगा। उन्होंने कहा कि ईको सेंस्टिव जोन में मकान बनाए जा सकते हैं, कृषि की जा सकती है लेकिन इसके लिए अनुमति लेने की ही औपचारिकता है। उन्होंने कहा कि पाबंदी बड़े-बड़े लोगों को महसूस हो रही है, जिन्होंने होटल, कारखाने इत्यादि खोलने हैं। शिक्षाविद् व पर्यावरणप्रेमी मिल्खी राम शर्मा ने कहा कि ईको सेंस्टिव जोन से एक किलोमीटर के बाहर खनन पर रोक होगी। आटा मिल व वाणिज्यिक उद्देश्यों के लिए कारखाने पर रोक होगी। उन्होंने कहा कि इस एरिया में पैराग्लाइडर उड़ाने पर पाबंदी होती है। उन्होंने कहा कि इस ईको सेंस्टिव जोन में आम लोगों की रोजमर्रा कार्य में कोई भी असर नहीं पड़ेगा।

### शिविर में 69 मरीजों का स्वास्थ्य जांचा

**डाडासीबा।** सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा टीम एमओ डॉक्टर विजय जरियाल, लैब टेक्नीशियन अनुराधा, फार्मासिस्ट सरबजीत, सहयोगी रविंद्र कुमार ने गांव तयामवल में निशुल्क स्वास्थ्य शिविर लगाया। शिविर में पंचायत प्रतिनिधियों और लोगों ने सहयोग किया। स्वास्थ्य शिविर में 69 मरीजों की स्वास्थ्य जांच की गई। 28 मरीजों के लैब टेस्ट किए गए। जिसमें 20 मरीज हड्डियों के रोगी, 3 शुगर के और 8 बीपी के, एक स्त्री रोगी व 37 साधारण रोगी पाए गए। शिविर के दौरान लोगों की पूरी जांच के बाद उन्हें उचित रहन सहन व उचित खानपान के लिए प्रेरित किया गया। इस मौके पर रमेश चंद्र, लेखराज, जसवंत सिंह, अतुल राजियाल तथा पंचायत प्रतिनिधियों सहित गणमान्य लोगों ने एमओ डॉक्टर विजय जरियाल व उनकी पूरी टीम को सम्मानित किया। साथ ही मोबाइल स्वास्थ्य सेवा शिविर के लिए सांसद अनुराग ठाकुर का धन्यवाद किया।

## सीयू धर्मशाला परिसर के निर्माण के लिए संघर्ष में आगे आएं सभी संगठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

सामाजिक कार्यकर्ता अतुल भारद्वाज ने हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण के लिए 30 करोड़ की धनराशि 31 दिसंबर तक जमा करवाने के आग्रह को पुनः मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू व प्रदेश सरकार से किया है।

अतुल भारद्वाज ने सभी संगठनों व नेताओं से अनुरोध किया है कि वह हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण के लिए संघर्ष में राजनीतिक विचारधारा से ऊपर उठकर आगे आएं। अतुल भारद्वाज ने बताया कि यह आंदोलन कांगड़ा-चंबा लोकसभा के स्वाभिमान का प्रश्न बन चुका है तथा लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र के लोगों से उपरोक्त मांग के समर्थन के लिए सहयोग मांगा जा रहा है। इसी कड़ी में पालमपुर विधानसभा क्षेत्र से पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं मुख्यमंत्री व शांता कुमार से समर्थन जुटाने के बाद धर्मशाला के प्रबुद्ध जन कांगड़ा के संघर्षशील नेता पूर्व मंत्री मेजर विजय सिंह मनकोटिया से उनके निवास स्थान त्यारा में मिले तथा लोकसभा क्षेत्र से संबंधित मांगों का समर्थन करने का आग्रह किया। अतुल भारद्वाज ने बताया कि अब हिमाचल केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला परिसर के निर्माण का मुद्दा धीरे-धीरे जन अंदोलन का आकार ले रहा है। प्रतिनिधिमंडल में जदरांगल के उपप्रधान सुनील दत्त, कैप्टन सुरेंद्र भट्ट व कैप्टन शिवि सिंह पठानिया, टेक चंद शामिल रहे।


मनकोटिया से मिलता प्रतिनिधिमंडल।

### मझीन कॉलेज में स्वयंसेवा भाव पर दिया व्याख्यान

**ज्वालामुखी।** एनएसएस शिविर के चौथे दिन राजकीय स्नातक महाविद्यालय मझीन में विद्यार्थियों को संजीव वत्स, फॉर्मर डिप्लोमेट यूएनओ ने स्वयंसेवा भाव पर व्याख्यान दिया। प्राचार्य डॉक्टर चंदन भारद्वाज ने रिसोर्स पर्सन संजीव वत्स का स्वागत किया। संजीव वत्स ने विद्यार्थियों को सामाजिक चेतना के महत्व, सामाजिक कल्याण में विद्यार्थियों की अहम भूमिका, मिलजुल कर काम करने की भावना एवं शिक्षा के महत्व के विषय पर जानकारी दी। उन्होंने विद्यार्थियों को व्यक्तिगत कौशल विकास के विषय में भी बताया, जो कि आधुनिक सामाजिक निर्माण के लिए अति आवश्यक है। उन्होंने युवाओं के कौशल विकास पर बल देते हुए समाज एवं देश में विकास एवं प्रगति के विषय में भी बताया। साथ ही विद्यार्थियों द्वारा पूछे गए जिज्ञासु प्रश्नों का उत्तर दिया। इस अवसर पर विद्यार्थियों के साथ समस्त शिक्षक भी उपस्थित रहे।

## आस्था | सदाशिव टिल्लेश्वर महादेव मंदिर की पांच पांडवों के नाम से प्रसिद्ध है कहानी, मंदिर के दाएं-बाएं सीढ़ीनुमा ढलान

# ठारू में स्वयंभू पिंडी रूपी लिंग में विराजमान हैं भगवान शिव

**शिवाली परमार, नगरोटा बगवां**

शिव मंदिर टिल्ला, ठारू में भगवान शिव स्वयंभू पिंडी रूपी लिंग में विराजमान हैं। प्राचीनकाल की कहावत है कि शिव मंदिर टिल्ला की कहानी पांच पांडवों के नाम से प्रसिद्ध है।

प्राचीनकाल में पांडव कांगड़ा कस्बे में छेब नामक स्थान से कुदाल से छेब (मिट्टी का ढेला) उठा कर ले जा रहे थे। उस दौरान कुदाल की मिट्टी के अंश कुछ स्थानों पर गिरे थे तथा पांडवों ने इस स्थान को कुदाल से साफ किया था जिससे एक मिट्टी का टिल्ला बन गया। जहां सदाशिव आज भी निवास करते हैं जिसे हम सब लोग टिल्लेश्वर महादेव के नाम से पुकारते हैं। कुदरती टिल्ला मंदिर के दाएं-बाएं सीढ़ीनुमा ढलानें बनीं है जहां प्राचीन समय में बजुर्गों द्वारा धान, गेहूं आदि फसलों की गुहाई का कार्य बैलों द्वारा किया जाता था तथा अपनी फसलों का पहला हिस्सा व भोग शिव जी को अर्पण करने के उपरांत ही ग्रहण किया जाता था। यही रीत युगों-युगों से चली आ रही है।


ठारू स्थित सदाशिव टिल्लेश्वर महादेव मंदिर, जिसका कार्य चल रहा है।

एक समय की बात है कि मंदिर में पिंडी के ऊपर कोई जानवर हर रोज गंदगी डाल जाता था, जिससे सभी बुजुर्ग इस बात से हैरान होते थे कि केवल इसी जगह पर ही यह सब क्यूं हो रहा है। सभी बुजुर्गों ने सदाशिव महाराज से प्रार्थना कि कौन सी चीज है जो आपके स्थान पर रात्रि के समय में गंदगी डालती है। प्रार्थना करके सभी पूर्वज शाम को अपने-अपने घर वापस आ गए। जब दूसरे दिन वहां पहुंचे तो एक सुनहरे रंग का गीदड़ जिसके शरीर पर त्रिशूल का निशान था, मृत पाया गया। बुजुर्ग हैरान हो गए और मंदिर के सामने बैठकर अपने अराध्य देवता से क्षमा याचना करने लगे कि हम आपकी शक्ति को पहचान नहीं पाए। इसके उपरांत उन्होंने मिलकर गीदड़ को कपडे में लपेट कर जमीन में दबा दिया। इसके उपरांत यह अलौकिक शक्ति जनमानस के समक्ष प्रकट हुई। आज के समय में यह मंदिर केवल किसी कुल विशेप या जाति विशेष का न होकर आम जनमानस का मंदिर बन चुका है। सन् 1973 में आपस में सम्मेलन बुलाया और वहां पर सारे पूर्वज व नौजवान एकत्रित हुए और उनके द्वारा मंदिर का शिलान्यास करने का प्रस्ताव पास किया और विधिवत पूजा अर्चना उपरांत मंदिर की नींव रखी गई और मंदिर का निर्माण किया गया। (अनंत ज्ञान)

### बरगद के पेड़ों के बीच विराजे हैं सदाशिव महाराज

कई सौ वर्षों पहले यह धार्मिक स्थान कच्चा था जो तीन बरगद के पेड़ों के बीच स्थित था। इन तीन बरगद के पेडों को पूर्वजों द्वारा ब्रह्मा, विष्णु और महेश की संज्ञा दी जाती थी। आज भी दो बरगद के पेड़ इस स्थान पर मौजूद हैं और उनके बीच में सदाशिव महाराज विराजे हुए हैं। चारों तरफ बरगद पेडों की लटकती हुई लताएं इसकी सुंदरता को अत्यंत ही रमणीय बनाती हैं। इस देवीय स्थान के बारे में यह जाता है कि गांव के पूर्वजों द्वारा मिलकर कंकर, पत्थर व मिट्टी से चौका आदि बनाके इसकी पूजा की जाती थी, जहां मान्यता अनुसार 33 करोड़ देवी-देवता निवास करते हैं।

### मंदिर के बारे में कई किस्से और कहानियां

कई किस्से इस मंदिर के बारे में सुने और सुनाए जाते हैं। बताया जाता है कि जब ग्वाले अपने अपने पशुओं को घास चराने के लिए टिल्ला मंदिर के समीप ले जाते थे, तब अचानक एक सफेद रंग का दूधाधारी नाग यहां गाय का दूध पिया करता था और वहां से लुप्त हो जाता था। समस्त गांववासी अपनी नई फसल का हिस्सा ओरा, दूध, दही आदि व शादी विवाह अन्य उत्सवों का न्योता हमेशा पहले अपने देवता को देते हैं। इस स्थान के बारे में यह भी कहा जाता है कि यह भारतीय सेना के द्वारा प्रयोग किये जाने वाले नक्शों में भी दर्ज है क्योंकि योल छावनी की सैन्य टुकड़ियों द्वारा जंगल मार्च आदि के अभ्यासों के दौरान इस स्थान को स्थायी बिंदु के रूप में प्रयोग किया जाता है।

### बसंत पंचमी एवं मूर्ति स्थापना पर की चर्चा

**शाहपुरकंडी।** श्री सनातन धर्म सभा शाहपुरकंडी टाउनशिप की एक विशेष बैठक स्थानीय श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर परिसर में अध्यक्ष शिवप्रसाद धीमान की देखरेख हुई। बैठक में बसंत पंचमी एवं 38वां मूर्ति स्थापना महोत्सव एवं 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम जन्मभूमि के संबंध में होने वाली प्राण प्रतिष्ठा कार्यक्रम मनाने के अलावा कई अन्य बिंदुओं पर विचार विमर्श किया गया। सभा के अध्यक्ष शिव प्रकाश धीमान ने बताया कि बैठक में सर्वसम्मति से 14 फरवरी को बसंत पंचमी महोत्सव के उपलक्ष्य में 11 फरवरी से 13 फरवरी तक मंदिर प्रांगण में धार्मिक कार्यक्रमों के अलावा 13 फरवरी को रामायण का पाठ शुरू किया जाएगा जिसका भोग 14 फरवरी को डाला जाएगा। उन्होंने बताया कि 22 जनवरी को अयोध्या में प्रभु राम की प्राण प्रतिष्ठा की उपलक्ष में मंदिर प्रांगण में कार्यक्रम होगा। उन्होंने लोगों से अपील की कि इस मौके इलाका वासी अपने अपने घर में दीपमाला एवं भगवान का भजन संकीर्तन करें।

## न्यूज ब्रीफ

### गुम्मर स्कूल में दो जनवरी को मिलेंगे टैब

**ज्वालामुखी।** ज्वालामुखी विधायक संजय रतन राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मर में दो जनवरी 2024 को परीक्षाओं में अवल प्रदर्शन करने वाले मेधावी छात्रों को टैब वितरित किए जाएंगे। प्रधानाचार्य एवं खंड परियोजना अधिकारी खुंडियां कमलेश कुमार शर्मा ने यह जानकारी दी। तहसील ज्वालामुखी व मझीन के अंतर्गत आने वाले विद्यालयों के मेधावी छात्र जिन्होंने सत्र मार्च 2022 में दसवीं व 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है। वे विद्यार्थी दो जनवरी को टैब प्राप्त करने हेतु राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गुम्मर में लगभग दस बजे पहुंच जाएं। विद्यार्थी अपने साथ संबंधित विद्यालय द्वारा सत्यापित प्रमाण पत्र लेकर आएं ताकि टैब आवंटन में कोई असमंजस की स्थिति पैदा न हो।

### वालंटियर्स को छोटी बचत का महत्व बताया

**बैजनाथ।** पंडित संत राम राजकीय महाविद्यालय बैजनाथ में बुधवार को एनएसएस के सात दिवसीय शिविर का दूसरा दिन सुबह की मॉर्निंग असेंबली से शुरू हुआ। जिसमें योग, सूर्य नमस्कार और प्रातः भ्रमण शामिल रहा। इसके पश्चात सुबह का भोजन करवाया गया और होस्टल के आगे और पीछे की सारी झाड़ियां साफ की तथा प्लास्टिक और कांच का कचरा भी इकट्ठा किया। दोपहर के भोजन के पश्चात इशांत अरोड़ा इंचार्ज स्मॉल सेविंग्स, पोस्टल डिपार्टमेंट ने एनएसएस वालंटियर्स को छोटी-छोटी बचत का महत्व बताया और बचत खाता खोलने के लिए प्रेरित किया इस सत्र में प्राचार्य डॉक्टर मोहिंद्र पाल तथा अन्य प्रध्यापक भी मौजूद रहे। इसके पश्चात शाम की चाय के बाद सांस्कृतिक कार्यक्रम करवाया गया।

### अनुशासन से छात्रों का जीवन होता है सफल

**परागपुर।** रावमापा बाल परागपुर में चल रहे सात दिवसीय एनएसएस शिविर चतुर्थ बौद्धिक सत्र में वालंटियरों का हिमाचल प्रदेश शिक्षा विभाग के गरली कन्या विद्यालय के डीपीई विकास शर्मा का मार्गदर्शन मिला। उन्होंने कहा कि अनुशासन पालन से छात्रों का जीवन सफल और सार्थक बनता है।

### आर्य डिग्री कॉलेज में जागरूकता शिविर लगाया

**नूरपुर।** महिला एवं बाल विकास विभाग के सौजन्य से बुधवार को राजकीय आर्य डिग्री कॉलेज में 'वो दिन' कार्यक्रम के तहत महिलाओं व किशोरियों के लिए जागरूकता शिविर लगाया गया। जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा ने बताया कि इस शिविर का मुख्य उद्देदय महिलाओं तथा किशोरियों को स्वच्छता, मासिक धर्म प्रबंधन तथा शरीर में रक्त की कमी विषय पर जानकारी दी गई। इस मौके पर विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा महिलाओं को अपने स्वास्थ्य के प्रति विशेष सतर्कता बरतने एवं नियमित चेकअप तथा मासिक धर्म के दौरान बरती जाने वाली विभिन्न सावधानियों के बारे में भी जागरूक किया गया। इस अवसर पर स्लोगन राइटिंग,पोस्टर मेकिंग और क्विज कंपीटिशन करवाए गए तथा विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। शिविर में जिला कार्यक्रम अधिकारी अशोक शर्मा, कार्यकारी सीडीपीओ सुनीत कुमार, आर्य कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ. विश्वजीत सिंह, आयुष विभाग की चिकित्सा अधिकारी डॉ. पूनम शर्मा सहित कॉलेज स्टाफ व छात्राएं उपस्थित रहीं।

### आम जनता को मतदान का महत्व बताया

**नूरपुर।** नूरपुर विधानसभा क्षेत्र में मतदाता जागरूकता अभियान के अंतर्गत असिस्टेंट नोडल अधिकारी बृजेश पठानिया ने नूरपुर की कंडवाल और नागाबाड़ी पंचायतों में पहुंचकर पंचायत प्रतिनिधियों व आम जनता के साथ संबंधित विषय को लेकर बात की। उन्होंने सुव्यवस्थित मतदाता एवं निर्वाचक अभियान के तहत मतदाताओं को आगामी लोकसभा चुनावों के दौरान अपने मताधिकार का प्रयोग करने व आम जनमानस को भी जागरूक किया। इस अवसर पर पंचायत प्रधान मोंटी और उपप्रधान सुच्चा सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहे। असिस्टेंट नोडल अधिकारी बृजेश पठानिया ने आम जनता को बताया कि लोकतंत्र में मतदान करना कितना जरुरी है ।

### स्थानीय उत्पादों के इस्तेमाल को दें प्राथमिकता

**देहरा।** राजकीय महाविद्यालय देहरा में शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्र के तत्वावधान में अर्थशास्त्र, वाणिज्य विभाग, राष्ट्रीय सेवा इकाई व कृषि विज्ञान केंद्र कांगड़ा ने संयुक्त रूप से प्राकृतिक कृषि, मूल्य संवर्धन व विपणन नामक विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया। कार्यक्रम में बतौर विषय विशेषज्ञ डॉक्टर संजय शर्मा, मृदा विज्ञान और डॉक्टर नीतू शर्मा, गृह विज्ञान विभाग कृषि वैज्ञानिक पालमपुर कृषि यूनिवर्सिटी ने शिरकत की। इस अवसर पर शिक्षण-प्रशिक्षण केंद्र के समन्वयक प्रो. कर्ण सिंह पठानिया ने कहा कि हमें स्थानीय उत्पादों के इस्तेमाल को प्राथमिकता देनी चाहिए। उनके अनुसार इन उत्पादों में हमें अपनी संस्कृति व विरासत के दर्शन होते हैं। विरासत को सहेजने, संस्कृति को बचाने व स्थानीय तौर पर रोजगार के अवसर पैदा करने के लिए हमें इन उत्पादों को जीवन का हिस्सा बनाना चाहिए। इस कार्यशाला में देहरा ब्लॉक के स्वयं सहायता समूह, महिला मंडल और विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### नगरोटा कॉलेज में प्राचार्य ने संभाला कार्यभार



**नगरोटा बगवां।** राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में बुधवार को प्राचार्य डॉक्टर सुरेंद्र सोनी ने अपना कार्यभार संभाल लिया है। 1998 से 2007 तक उन्होंने पालमपुर और धर्मशाला में भौतिकी के प्रवक्ता के रूप में अपनी सेवाएं दी हैं। अपना कार्यभार संभालते हुए डॉक्टर सोनी ने बताया कि बाहरी हस्तक्षेप को कम किया जाएगा और कॉलेज पोस्ट शैक्षणिक वातावरण स्थापित किया जाएगा।

### गले की फांस बनी गारंटियों ने उलझाई सरकार

**धर्मशाला।** भाजपा के प्रदेश सह-मीडिया प्रभारी एवं पूर्व सीएम के मीडिया कोर्डिनेटर विश्व चक्षु ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू सार्वजनिक रूप से कह रहे हैं कि प्रदेश कांग्रेस सरकार के पास मात्र 23 करोड़ ही शेष बचे हैं। उन्होंने कहा कि कांग्रेस सरकार की झूठी गारंटियां अब उनके गले की फांस बन चुकी हैं और राज्य के कल्याण में लगाए जाने वाली ऊर्जा को अपनी साख बचाए जाने के लिए प्रयोग में लाया जा रहा है। इसके साथ ही विश्व चक्षु ने प्रदेश के मुख्यमंत्री की ओर से शराबी व हुड़दंग मचाने वाले पर्यटकों को लेकर कही बात पर चिंता जताई है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था धड़ाम हो रही है, ऐसे में उन्हें उचित व्यवस्था बनाने के निर्देश देने चाहिए, न कि उसे बिगाड़ने को कहना चाहिए।

### पशु तस्करी करते दो लोग गिरफ्तार

**पठानकोट।** सुजानपुर पुलिस ने गुगरां मोड के पास से पशुओं की तस्करी कर ले जा रहे एक कैंटर को पकड़ा कर कैंटर चालक समेत दो लोगों को गिरफ्तार किया गया है। कैंटर से पुलिस ने 12 गायों समेत 13 पशु बरामद किए हैं। आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरु कर दी गई है। डीएसपी राजेंद्र मन्हास तथा थाना प्रभारी दविंदर प्रकाश ने यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि पकड़े गए पशुधन को डेयरीवाल गोशाला भेज दिया गया है।

### बढ्हूं में कबड्डी प्रतियोगिता का आगाज



मुख्यातिथि सुनील कश्यप को सम्मानित करते महादेव युवा क्लब के सदस्य।

**देहरा।** देहरा की ग्राम पंचायत बढ्हूं में महादेव युवा क्लब ने तीन दिवसीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया। प्रतियोगिता का शुभारंभ केसीसी बैंक निदेशक सुनील कश्यप ने किया। उन्होंने अपनी तरफ से कबड्डी प्रतियोगिता में खिलाड़ियों की रिफ्रेशमेंट के लिए सहायता राशि भी दी। प्रतियोगिता के पहले दिन दो मैच खेले गए। इस अवसर पर कबड्डी प्रतियोगिता के आयोजक अंकुश सिपेहिया ने कहा कि इस प्रतियोगिता में कांगड़ा, ऊना और हमीरपुर जिला से कुल 16 टीमें भाग ले रही हैं। उन्होंने कहा कि प्रतियोगिता के अंतिम दिन 29 दिसंबर को विजेता टीम को नकद पुरस्कार और ट्रॉफी प्रदान की जाएगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत बढ्हूं की महिलाओं, बच्चों, बुजुर्गों सहित महादेव युवा क्लब के सभी सदस्य व गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

# दो सौ मीटर दौड़ में आशीष और स्वाति देवी ने मारी बाजी

## राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**



राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में विजेता बच्चे मुख्यातिथि के साथ।

राजकीय उत्कृष्ट महाविद्यालय नगरोटा बगवां में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ प्राचार्य डॉ. सुरिंद्र सोनी ने रिबन काट कर किया। इस मौके कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। हाई जंप (पुरुष वर्ग) में बीए प्रथम वर्ष के सुजल चौधरी प्रथम, द्वितीय स्थान पर बीए प्रथम के प्रफुल और बीकॉम प्रथम वर्ष के अभिषेक तृतीय स्थान पर रहे।

वहीं महिला वर्ग में बीए प्रथम वर्ष की रजनी प्रथम, द्वितीय स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की स्वाति राणा, बीए द्वितीय वर्ष की कोमल तीसरे स्थान पर रही। शॉट पुट के पुरुष वर्ग में आकाश प्रथम, दूसरे स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष के सुखविंद्र सिंह, तृतीय स्थान पर बीए तृतीय वर्ष के अभिषेक रहे। महिला वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष की कोमल प्रथम, तमन्ना बीए द्वितीय वर्ष दूसरे और बी कॉम प्रथम की काजल तृतीय रही। 100 मीटर दौड़ पुरुष वर्ग में बीए द्वितीय वर्ष के अभय उत्तम प्रथम, बीए तृतीय वर्ष के वरुण चौधरी द्वितीय, बीए द्वितीय के अभिनीत तीसरे स्थान पर रहे। 200 मीटर दौड़ प्रतियोगिता के पुरुष वर्ग में बीए प्रथम वर्ष के आशीष प्रथम, बीबीए द्वितीय वर्ष के आदित्य उत्तम दूसरे, बीएससी द्वितीय वर्ष के कनव तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में बीए तृतीय वर्ष में स्वाति देवी प्रथम, बीए प्रथम वर्ष की सुनीता दूसरे, बीएम प्रथम वर्ष की कशिश तृतीय स्थान पर रही। 400 मीटर पुरुष वर्ग की दौड़ में बीए द्वितीय वर्ष के अभेय उत्तम प्रथम, बीए द्वितीय वर्ष के अभिनीत दूसरे और बीबीए द्वितीय वर्ष के अद्वितीय तीसरे स्थान पर रहे। महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर बीए अंतिम वर्ष की स्वाति, बीए प्रथम वर्ष की अंचल दूसरे और नेहा बीए तृतीय वर्ष तीसरे स्थान पर रहीं। डिस्कस थ्रो के पुरुष मुकाबले में बीए द्वितीय वर्ष के आकाश सरोच प्रथम, अभिषेक बीए तीसरा वर्ष द्वितीय और बीएससी द्वितीय वर्ष के कनव तीसरे स्थान पर रहे। इसी प्रतियोगिता के महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर बीए तृतीय वर्ष की स्वाति देवी, द्वितीय स्थान पर बीए द्वितीय वर्ष की कोमल और तीसरे स्थान पर बीए प्रथम वर्ष की कशिश रहीं। पुरुष वर्ग में अभय उत्तम, वहीं महिला वर्ग में स्वाति देवी बेस्ट एथलीट रहे।

# पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बिनॉय, प्रीति, रंजना अव्वल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय के मोनाल क्लब की ओर से अंतरराष्ट्रीय महामारी तैयारी दिवस पर पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। एमएससी जूलॉजी के छात्रों ने पोस्टर निर्माण प्रतियोगिता में भाग लिया। जंतु विज्ञान विभाग के अध्यक्ष प्रो. सुनील ठाकुर ने बताया कि महामारी, जो किसी संक्रामक रोग के अचानक और व्यापक प्रसार को कहा जाता है, मानव इतिहास और समाज के पथ को प्रभावित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

इतिहास में, विभिन्न संक्रमक एजेंट्स, जैसे कि बैक्टीरिया, वायरस, और कीटाणु, महामारियों का कारण बने हैं, जैसा कि 14वीं सदी की ब्लैक डेथ से लेकर 1918 के इंफ्लुएंजा पैंडेमिक और हाल ही में कोरोना की तरह विभिन्न घटनाएं हैं। अंतरराष्ट्रीय महामारी तैयारी दिवस, जो सालाना 27 दिसंबर को मनाया जाता है, एक महत्वपूर्ण अवसर है। जब दुनिया भर में सार्वजनिक स्वास्थ्य क्षेत्र के प्रति जागरूकता और साझेदारी को बढ़ावा दिया जाता है। वैश्विक स्वास्थ्य चुनौतियों के सामने लचीली और मजबूत स्वास्थ्य प्रणालियों की आवश्यकता पर जोर देने के लिए 2020 में संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा अंतरराष्ट्रीय महामारी तैयारी दिवस नामित किया गया था। कोविड-19 महामारी ने संक्रामक रोग के प्रकोप को रोकने, पता लगाने और प्रतिक्रिया देने के लिए प्रणालियों में निवेश के महत्व को रेखांकित किया है। डब्ल्यूएचओ आपातकालीन और महामारी तैयारी प्रणाली बनाने के प्रयासों का समर्थन करने के लिए सरकारों के साथ मिलकर काम करता है। इस मौके पर आयोजित पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता में बिनॉय को प्रथम पुरस्कार, प्रीति को द्वितीय पुरस्कार और रंजना को तृतीय पुरस्कार से सम्मनित किया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य रचनात्मकता, जागरूकता, और महामारी तैयारी के महत्वपूर्ण विषय पर सामाजिक संबंध को बढ़ावा देना था।

विश्वविद्यालय ने एक समृद्ध कार्यक्रम आयोजित किया ताकि संभावित स्वास्थ्य संकटों के लिए जागरूकता बढ़ाई जा सके। माननीय कुलपति प्रो. एसपी बंसल ने जंतु विज्ञान विभाग द्वारा आयोजित गतिविधियों की प्रशंसा की।

# न्यू ईयर पर बदला ट्रेंड, होटलों में 90 प्रतिशत तक ऑक्यूपेंसी

## होटल एसोसिएशन आयोजित करेगी कल्चरल प्रोग्राम

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

धर्मशाला पर्यटन सर्किल में इस बार टूरिज्म ट्रेंड बदला हुआ नजर आ रहा है। क्रिसमस के दौरान यहां उमड़ी भीड़ को देखकर नववर्ष के दौरान अच्छे कारोबार की उम्मीद पर्यटन से जुड़े कारोबारी कर रहे हैं।

पहले के सालों की तुलना में पर्यटन सर्किल धर्मशाला में पर्यटकों की बढ़ी हुई आमद के चलते होटल कारोबारियों के चेहरे खिले हुए हैं। वहीं इस ट्रेंड को देखते हुए क्षेत्र की विभिन्न एसोसिएशन भी अपनी-अपनी यूनिटों में सैलानियों के मनोरंजन के लिए सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन कर नए ट्रेंड में सैलानियों के स्वागत को तैयार हैं। क्षेत्र के होटलों में नववर्ष के दौरान शत-प्रतिशत ऑक्यूपेंसी की उम्मीद बनी हुई है। वहीं कुछ होटलों में इस दौरान सांस्कृतिक गतिविधियों के आयोजन से पर्यटकों का मनोरंजन भी किया जाएगा। वहीं हिमाचल प्रदेश पर्यटन विकास निगम के होटलों में भी सैलानियों के लिए नववर्ष की सांस्कृतिक संध्या के अवसर पर कई गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। धर्मशाला स्थित पर्यटन विकास अधिकारी विनय धीमान ने बताया कि टूरिस्ट की ज्यादा मूवमेंट का नया ट्रेंड इस बार दिख रहा है तथा नववर्ष के दौरान क्षेत्र के होटलों में 90 से 95 प्रतिशत ऑक्यूपेंसी होने की उम्मीद है। उन्होंने बताया कि निजी होटलों के अलावा पर्यटन विकास निगम के होटलों में भी सांस्कृतिक कार्यक्रम सैलानियों के लिए आयोजित किए जा रहे हैं। (अनंत ज्ञान)

# मेरा रंग दे बसंती चोला... गाने से मोहा मन

## ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर मोहटली में उत्सव 2023 की धूम, बच्चों ने पेश किए कार्यक्रम

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर मोहटली में उत्सव 2023 सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते बच्चे।

इंदौरा में सालाना उत्सव 2023 ग्रीनलैंड पब्लिक स्कूल सूरजपुर मोहटली में बड़ी धूमधाम से मनाया गया। जिसमें मुख्यातिथि के तौर पर कमांडिंग ऑफिसर कर्नल संदीप शर्मा उपस्थित हुए।

मुख्यातिथि का कार्यक्रम में पहुंचने पर स्कूल की प्रधानाचार्य द्वारा स्वागत किया गया। मुख्य अतिथि, चेयरमैन रणबीर सिंह तथा प्रिंसिपल अनुमीत कौर ने मां सरस्वती की पूजा कर कार्यक्रम की शुरुआत की तथा मां सरस्वती वंदना कर विशेष प्रस्तुति दी गई। कार्यक्रम में स्कूली बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में स्कूल के बच्चों ने एक से बढ़कर एक प्रस्तुति देकर हर किसी का मन मोह लिया। स्कूल की प्रधानाचार्य अनुमीत कौर ने आए हुए अतिथियों का धन्यवाद करते हुए स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट सुनाई । इस मौके पर मुख्य अतिथि को स्कूल की प्रधानाचार्य तथा चेयरमैन द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित भी किया गया । इस मौके पर देशभक्ति, भंगड़ा, गिद्दा व नशे के खिलाफ नाटक तथा अन्य कई कार्यक्रम छात्र-छात्राओं द्वारा प्रस्तुत कर मेहमानों की वाहवाही लूटी। मेरा रंग दे बसंती चोला, संदेशे से आते हैं आदि देशभक्ति के गाने बच्चों ने प्रस्तुत किए। इस मौके पर मुख्यातिथि कर्नल संदीप शर्मा ने अपने भाषण में स्कूल द्वारा उन्हें सम्मानित करने पर धन्यवाद किया तथा स्कूल के छात्र-छात्राओं द्वारा पेश किए गए कार्यक्रमों की सराहना की। उन्होंने कहा कि आज भारत वर्ष नौजवानों के चलते दुनिया के चंद देशों में शामिल है जो आज विश्व में अग्रणी पंक्ति में खड़े हैं।

# विश्व सनातन सेवा फाउंडेशन ने दिशांत कपिल को बनाया हिमाचल का अध्यक्ष

## कांगड़ा के युवा समाजसेवी ने पाया मुकाम, प्रदेश में सनातन का करेंगे प्रचार

**अनंत ज्ञान, जवाली**

कांगड़ा अखिल विश्व अखंड सनातन सेवा फाउंडेशन पुणे ने दिशांत कपिल को हिमाचल का अध्यक्ष बनाया है। यह फाउंडेशन नीति आयोग द्वारा अनुमोदित है और सनातन धर्म का प्रचार करती है। हिमाचल में इसका मुख्य ध्येय ज्यादा से ज्यादा सनातनियों को इससे जोड़ना रहेगा। दिशांत कपिल हिमाचल के नगरोटा सूरियां के रहने वाले हैं। वह भाजपा से जुड़े हैं तथा पर्यटन जैसे मसलों पर खुलकर राय रखते हैं।

दिशांत कपिल ने कहा कि इतनी प्रतिष्ठित फाउंडेशन की ओर इतनी बड़ी जिम्मेदारी मिलना गौरव की बात है। उन्हें जो जिम्मेदारी मिली है, उसे वह बखूबी निभाएंगे। उन्होंने कहा कि सनातन और प्रभु श्रीरामजी का प्रचार करने का मौका मिलना उनके लिए सौभाग्य की बात है। मौजूदा समय में दिशांत कपिल नई दिल्ली में बिजनेस करते हैं। उनका कसौली और गोवा में भी पर्यटन व्यवसाय है। धर्मशाला में एक होम स्टे है तथा दूसरा वह जल्द बीड़ में शुरू करने जा रहे हैं। धर्मशाला में ही वह अंतरराष्ट्रीय स्तर का वेलनेस रिजार्ट खोलने जा रहे हैं। जनवरी माह में इसका शिलान्यास होने जा रहा है। दिशांत कपिल ने बताया कि उनके पास युवाओं की एक बड़ी टीम है, जो इस कार्य में जुटी हुई है। इसमें हिमाचल के लोगों को भी जोड़ा जा रहा है।

### दि अर्बन मोंक किताब से मिली सराहना



दिशांत कपिल की पहचान भाजपा नेता, यंग बिजनेसमैन के अलावा एक समाजसेवी व लेखक के तौर पर भी है। दिशांत कपिल की किताब दि अर्बन मोंक को शिक्षाविदों से लेकर अधिकारियों तक खूब सराहना मिल रही है। हिंदू धर्म के पवित्र ग्रंथ श्रीमदभगवद् गीता से प्रेरणा पाकर लिखी इस किताब में बताया गया है कि आज के वैश्वीकरण के दौर में भी गीता के उपदेश कितने प्रासंगिक हैं। गीता के सभी 18 अध्यायों को आधार बनाकर लिखी किताब में हर बात को सरलता से कहा गया है। यह किताब अमेजन और फ्लिपकॉर्ट जैसी साइट पर भी पाठकों के लिए उपलब्ध है। इस किताब को लेकर छात्र और अधिकारी लगातार उनसे संपर्क कर रहे हैं। कई नामचीन हस्तियां उनसे इस किताब के बारे में जानना चाह रही हैं।

### पूर्व विधायक रवि धीमान पर उठाए सवाल

**जयसिंहपुर।** ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष जसवंत डढवाल ने जयसिंहपुर के पूर्व विधायक रवि धीमान पर सवाल उठाते हुए कहा है कि सोमवार को चंबी पंचायत में किसके इशारे पर सामुदायिक भवन के उद्घाटन की पट्टिका पर उनका नाम लिखा था। उन्होंने कहा कि सोमवार को जब सांसद इंदु गोस्वामी ने चंबी में इंडोर जिम का शुभारंभ किया तो उनकी उद्घाटन पट्टिका के साथ एक और पट्टिका भी लगाई गई थी। जिसे उद्घाटन के समय कागज से ढका गया था लेकिन जब जिम का उद्घाटन हो गया तो उस पट्टिका पर लगे कागज को हटा दिया गया। ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि उस पट्टिका पर यह लिखा था कि इस भवन का शुभारंभ पूर्व विधायक रवि धीमान ने किया है। जसवंत डढवाल ने सवाल उठाते हुए कहा कि किस व्यक्ति ने वो पट्टिका बनवाई थी और वहां क्यों लगाई, यह जांच का विषय है। उन्होंने कहा कि पूर्व विधायक व उनके समर्थकों को यह पता नहीं कि भाजपा सरकार चली गई है और एक साल से ज्यादा समय से प्रदेश में कांग्रेस सरकार काम कर रही है।

# बैंकों को जमा ऋण अनुपात में सुधार करने के दिए निर्देश

**अनंत ज्ञान, धर्मशाला**

अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने सभी बैंकों को जमा ऋण अनुपात को सुधारने के लिए कारगर कदम उठाने के निर्देश दिए हैं।

इसके साथ ही उपभोक्ताओं के प्रति संवेदनशीलता दिखाने के लिए भी कहा गया है। बुधवार को डीआरडीए के सभागार में जिला कांगड़ा के बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की त्रैमासिक बैठक की अध्यक्षता करते हुए अतिरिक्त उपायुक्त सौरभ जस्सल ने सभी बैंकों को निर्धारित लक्ष्यों को समयबद्ध पूरा करने के निर्देश भी दिए।

इसके साथ ही सरकारी स्कीमों के लोगों को ऋण उपलब्ध करवाने के निर्देश भी दिए। इस अवसर पर वर्ष 2024-25 के क्रेडिट प्लान की लांचिंग भी की गई। इस अवसर पर अमरेंद्र कुमार, मंडल प्रमुख, पंजाब नेशनल बैंक धर्मशाला ने बताया कि जिला कांगड़ा में विभिन्न बैंकों के पास लोगों के 39739 करोड़ रुपए जमा हैं तथा जिला के सभी बैंक अब तक लोगों को 9442 करोड़ रुपए के ऋण सितंबर, 2023 तक दे चुके हैं। सितंबर तिमाही तक जमा ऋण अनुपात 24 प्रतिशत है, जिसे अगली तिमाही में 60 प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिला अग्रणी मुख्य प्रबंधक कुलदीप कुमार कौशल ने कहा कि छोटे सड़क विक्रेताओं तथा रेहडी-फड़ी वालों के लिए चलाई गई प्रधानमंत्री स्वनिधि स्कीम के अंतर्गत अधिक से अधिक ऋण प्रदान करने के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है।

इस योजना के तहत पहले चरण में दस हजार, दूसरे चरण में बीस हजार तीसरे चरण में पचास हजार का ऋण देने का प्रावधान किया गया है। उन्होंने कहा कि अधिक से अधिक कृषि कार्ड बनाने तथा कृषि औजारों के लिए ऋण प्रदान के लिए भी विशेष प्राथमिकता दी जा रही है।

**उलझन** प्रस्तावित फोरलेन का अभी तक खाका नहीं हुआ है तैयार, विकिपीडिया पर बना रोड मैप सोशल मीडिया पर

# रानीताल-मुबारिकपुर फोरलेन का फेक वीडियो वायरल


**शुभम शर्मा, देहरा**

मुबारिकपुर से रानीताल तक फोरलेन प्रस्तावित है लेकिन अभी इसका फाइनल खाका तैयार नहीं हुआ है। बीते कुछ दिनों से विकिपीडिया पर बना एक रोड मैप सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। जिसमें दिखाया गया है कि सड़क कहां से निकलेगी। इससे पूरे इलाके में कई बाजारों के उजड़ने का डर लोगों को सता रहा है।

जब इसकी जानकारी विभाग से ली गई तो पता चला कि मुबारिकपुर से रानीताल तक प्रस्तावित फोरलेन के लिए एनएच विभाग ने पीएमसी (प्रोजेक्ट मैनेजमेंट कंसल्टेंसी) को काम देने की तैयारी शुरू कर दी है। उम्मीद है कि जल्द इस संबंध में टेंडर निकाल दिए जाएंगे। टेंडर होने के बाद संबंधित कंपनी प्रस्तावित फोरलेन के लिए सर्वेक्षण का काम शुरू करेगी। मुबारिकपुर-रानीताल राष्ट्रीय राजमार्ग 503 के तहत 52 किलोमीटर लंबी सड़क देहरा उपमंडल से होकर गुजरती है। जिस तरह से सड़क पर यातायात बढ़ा है और आए दिन जगह-जगह जाम की समस्या रहती है, इसी को देखते हुए फोरलेन बनाने का प्रस्ताव है।

कई सालों से इस पर काम हो रहा है और अब विभाग इसके लिए प्रक्रिया शुरू कर चुका है। जिसके चलते सबसे पहले पीएमसी को काम दिया जाएगा। फिर कंपनी सर्वेक्षण का कार्य शुरू करेगी। सर्वे को मंजूरी मिलने के बाद ही तय होगा कि प्रस्तावित फोरलेन कहां से होकर गुजरेगा। रानीताल और मुबारिकपुर के बीच दूरी 52 किलोमीटर है। अभी यह मार्ग भरवाईं, ढलियारा, नैहरनपुखर, सुनहेत, देहरा , मानगढ़ और बनखंडी दरकाटा से होते हुए रानीताल मिलता है। सर्वे के समय कई बातों का ध्यान रखा जाता है। जैसे कि कम से कम दूरी वाला रास्ता बने। सड़क में कम मोड़ हों ताकि रास्ते की मौजूदा दूरी कम हो। दूसरा फोरलेन में किस तरह की जमीन आ रही है। लोगों की मलकीयत भूमि आने पर विभाग को क्लेम के रूप में ज्यादा धन चुकाना पड़ता है। इससे प्रोजेक्ट की लागत बढ़ जाती है। रास्ते की दूरी कम हो और जहां भूमि की कम कीमत चुकानी पड़ी, इसे प्राथमिकता दी जाती है। इससे निर्माण की लागत कम होती है। विभाग का प्रयास रहता है कि कम दाम पर ही भूमि मिले। मौजूदा हाईवे के दोनों ओर एनएचएआई पहले ही हाई बीम क्रैश बैरियर लगा चुका है।

दुर्घटना होने की स्थिति में यह मजबूत बैरियर वाहन को खाई में गिरने से रोकते हैं। पहले हाईवे के किनारे सीमेंट- बजरी-रेत से बने पैरापिट ही लगे थे। लोहे से तैयार ये बैरियर भारी वाहनों की टक्कर झेलने में भी सक्षम होते हैं। (अनंत ज्ञान)




सोशल मीडिया पर दिखाया गया फेक वीडियो।

### सोशल मीडिया पर दिख रहा झूठा सर्वेक्षण

कुछ दिनों से सोशल मीडिया पर प्रस्तावित फोरलेन को लेकर झूठा सर्वेक्षण वायरल हो रहा है। इसमें दिखाया जा रहा है कि फोरलेन कहां- कहां से होकर गुजर रहा है। गूगल मैप से दिखाई जा रही इमेज में दावा किया जा रहा है कि इससे कई बाजारों और गांवों पर असर पड़ेगा। जबकि ऐसा कुछ भी अभी नहीं हुआ है। एनएच विभाग देहरा के सहायक अभियंता नितिन चौधरी ने बताया कि अभी इस तरह का कोई सर्वेक्षण नहीं करवाया है। लोग इस अफवाह पर विश्वास न करें। करीब दो साल पहले सुरक्षा के मद्देनजर क्रैश बैरियर भी लगाए गए हैं। राष्ट्रीय राजमार्ग 503 पर ढलियारा के पास एनएचएआई रोलिंग क्रैश बैरियर लगा चुका है। खास तरह से बने इन बैरियर से टकराते ही वाहन सड़क की दिशा में घूम जाता है। इससे टकराकर वाहन को ज्यादा नुकसान भी नहीं पहुंचता है। ढलियारा के पास तीन स्थानों पर इसे कुल 300 मीटर सड़क पर लगाया है। हिमाचल में नाहन के बाद ढलियारा में दूसरी ऐसी जगह है। जहां ये बैरियर लगाए हैं। इन पर करीब 2.25 करोड़ रुपए खर्च किए गए है। करीब एक साल में यहां दर्जन वाहन टकराकर खाई में गिरने से बचे हैं।

# लोकसभा चुनाव पर सियासी कशमकश

**लोकसभा** चुनाव-2024 पर सियासी कशमकश शुरू हो गई है। भाजपा ने रणनीतिक तैयारियां तेज कर दी हैं। वहीं, विपक्षी गठबंधन सभी दलों से तालमेल बिठाने में उलझा है तो वहीं, लगातार तीसरे कार्यकाल की उम्मीद लगाए बैठे भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए के सभी दलों के नेता खासे एक्टिव हो गए हैं। लोकसभा चुनाव में सबकी निगाहें उत्तर प्रदेश पर टिकी होती हैं, क्योंकि यहां सबसे ज्यादा 80 सीटें हैं, जो केंद्र की सत्ता का मार्ग तैयार करती हैं। पीएम मोदी बीते कुछ महीनों में कई बार यूपी के दौरे पर आ चुके हैं, जिससे साफ संकेत है कि भाजपा का ध्यान यूपी पर सबसे ज्यादा है। पिछले दो चुनावों में यूपी में भाजपा का प्रदर्शन भी तो शानदार रहा है। ऐसे में पार्टी यहां अपना जनाधार बनाए रखने के लिए पूरा दमखम लगा देगी। एक टीवी चैनल के ओपिनियन पोल में मौजूदा सियासत को लेकर कई तथ्य निकलकर आए। ओपनियन पोल के अनुसार, 2024 में भाजपा के नेतृत्व वाले एनडीए को यूपी में 73-75 सीटें मिलने की संभावना है, जबकि कांग्रेस+एसपी को 4-6 सीटें, बीएसपी को 0-2 सीटें मिल सकती हैं। एनडीए को 49 प्रतिशत वोट मिलने की संभावना है तो वहीं, कांग्रेस+एसपी को 35 प्रतिशत, बीएसपी को 5 प्रतिशत और अन्य को 11 प्रतिशत वोट मिल सकते हैं। एक तरफ भाजपा 2024 के लोकसभा चुनाव की तैयारी में जुटी हुई है तो वहीं उसने महागठबंधन को बिहार की 40 सीटों पर धूल चटाने का भी फार्मूला सेट कर लिया है। लोकसभा चुनाव अभियान को धार देने के लिए अहम बैठक बुलाई गई है। दूसरी ओर, प्रियंका गांधी के दक्षिण भारत से लोकसभा चुनाव लड़ने की चर्चा है, लेकिन भाई राहुल गांधी की वजह से कांग्रेस उलझन में है। क्या प्रियंका गांधी वाकई इस बार लोकसभा चुनाव लड़ेंगी? क्या वो दक्षिण भारत की किसी सीट से संसद पहुंच सकती हैं? ऐसे सवाल इसलिए उठने लगे हैं, क्योंकि कांग्रेस पार्टी ने हालिया सांगठनिक बदलावों में प्रियंका गांधी से उत्तर प्रदेश का प्रभार वापस ले लिया है। राहुल गांधी भारत जोड़ो यात्रा के बाद अब भारत न्याय यात्रा करने वाले हैं। कांग्रेस लोकसभा चुनाव में इस यात्रा के जरिए लाभ लेने की जुगत में है। महागठबंधन की अगली बैठक में आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर सीट बंटवारे पर चचाज़ होने की संभावना है, लेकिन इससे पहले ही तमाम दल गठबंधन में अपनी सीटों को लेकर अलग-अलग तरह के दावे कर रहे हैं। इन दावों की वजह से उत्तर प्रदेश और बिहार समेत तीन राज्यों में पेंच फंसता हुआ नजर आ रहा है। कांग्रेस और सपा के बीच पहले ही पेंच फंसता रहा है। समाजवादी पार्टी इस गठबंधन में यूपी के लिए नेतृत्व करने की बात पहले ही दोहराती रही है, लेकिन अब पार्टी ने गठबंधन के लिए कांग्रेस के सामने केवल आठ सीटों का ऑफर रखा है। इस बार का लोकसभा चुनाव कुछ हटकर होने वाला है। एक तरफ जहां महागठबंधन मोदी सरकार को सत्ता से हटाना चाहता है तो वहीं, दूसरी ओर भाजपा केंद्र में रिकॉर्ड तीसरी बार प्रचंड बहुमत से सरकार बनाने के लिए जद्दोजहद कर रही है। जनता के मन में क्या छिपा है यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

# पर्यावरण और स्वास्थ्य को खराब कर ही रासायनिक खाद

**रासायनिक उर्वरकों के दुष्प्रभावों को हल करने में लगेंगे कई साल, वैकल्पिक और टिकाऊ तरीकों पर विचार करना बुद्धिमानी। किसानों को उर्वरकों के उपयोग की सवोत्तम प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करें, जिसमें सही मात्रा, समय और उपयोग की तकनीकें शामिल हैं। जो किसान अधिक ज्ञान प्राप्त करेंगे वे निर्णय लेने में बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे। लक्षित सब्सिडी कार्यक्रमों को लागू करें जो छोटे और हाशिये पर रहने वाले किसानों को समर्थन देने पर केंद्रित हों जो वित्तीय बाधाओं का सामना कर रहे हैं। यह सुनिश्चित करता है कि सब्सिडी उन लोगों को दी जाए, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। विशेष फसल और मिट्टी की आवश्यकताओं के आधार पर उर्वरक के उपयोग को अधिकतम करने के लिए, मिट्टी परीक्षण और पोषक तत्व प्रबंधन रणनीतियों जैसी सटीक कृषि तकनीकों के कार्यान्वयन को बढ़ावा दें। इससे पर्यावरण और उपयोग पर नकारात्मक प्रभाव कम हो जाता है। रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छिपे खतरे भी हैं। चाहे खेत में या लॉन में उपयोग किया जाए, पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जितना उपयोग किया जा सकता है उससे अधिक लगाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान होता है। चूंकि रासायनिक उर्वरकों से होने वाली क्षति अक्सर दीर्घकालिक और संचयी होती है, इसलिए मिट्टी को उर्वरित करने के वैकल्पिक और टिकाऊ तरीकों पर विचार करना बुद्धिमानी हो सकती है।**



लेखक
डॉ. सत्यवान सौरभ
कवि, स्वतंत्र पत्रकार एवं स्तंभकार, भिवानी, हरियाणा, मो: 9466526148



**उर्वरक** भारत में कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आदानों में से एक है। कुल उर्वरक खपत के मामले में भारत दुनिया में दूसरे और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) देशों में पहले स्थान पर है। उर्वरक वितरण और उपयोग से संबंधित सरकारी नीतियों में बदलाव ने पोषक तत्व उपयोग अनुपात को काफी प्रभावित किया है। उर्वरक पोषक तत्वों का अत्यधिक उपयोग या दुरुपयोग या असंतुलित उपयोग पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। असंतुलित उर्वरक उपयोग के मिश्रित हानिकारक प्रभाव न केवल मिट्टी और वायुमंडलीय प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं, बल्कि जल निकायों (यूट्रोफिकेशन) को भी प्रभावित कर रहे हैं। जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं। उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण प्रदूषण होता है, क्योंकि उनकी अवशिष्ट और अप्रयुक्त मात्रा हवा, पानी और मिट्टी के लिए प्रदूषक बन जाएगी। यह जल निकायों में यूट्रोफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू करता है, जिससे मिट्टी के माइक्रोफ्लोरा को मारकर मिट्टी की गुणवत्ता कम हो जाती है। उर्वरकों के अधिक प्रयोग से मिट्टी की अम्लता भी बढ़ती है।

उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को भी परेशान करता है, जो अंतत: मिट्टी की उत्पादकता को बाधित करता है। रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छिपे खतरे भी हैं। चाहे खेत में या लॉन में उपयोग किया जाए, पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जितना उपयोग किया जा सकता है। उससे अधिक लगाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान होता है। चूंकि रासायनिक उर्वरकों से होने वाली क्षति अक्सर दीर्घकालिक और संचयी होती है, इसलिए मिट्टी को उर्वरित करने के वैकल्पिक और टिकाऊ तरीकों पर विचार करना बुद्धिमानी हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पर्यावरण संबंधी समस्याएं खराब हैं और उन्हें हल करने में कई साल लगेंगे। हालांकि, रासायनिक उर्वरकों से एक तात्कालिक चिंता मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। कम से कम, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करके उत्पादित खाद्य फसलें उतनी पौष्टिक नहीं हो सकती हैं, जितनी होनी चाहिए। ऐसा इसलिए है, क्योंकि रासायनिक उर्वरक पौधों के स्वास्थ्य के लिए तेजी से विकास करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी फसलें होती हैं, जिनका पोषण मूल्य कम होता है। पौधे एनपीके से थोड़े अधिक पर बढ़ेंगे, लेकिन उनमें कैल्शियम, जिंक और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्व नहीं होंगे या कम विकसित होंगे। इसका उपभोग करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। सबसे खराब स्थिति में रासायनिक उर्वरक वयस्कों और बच्चों में कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं और भ्रूण के मस्तिष्क के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। वर्तमान में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए उर्वरक के उपयोग में संतुलन की आवश्यकता महती आवश्यकता है। किसानों को उर्वरकों के उपयोग की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करें, जिसमें सही मात्रा, समय और उपयोग की तकनीकें शामिल हैं। जो किसान अधिक ज्ञान प्राप्त करेंगे वे निर्णय लेने में बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे।

लक्षित सब्सिडी कार्यक्रमों को लागू करें जो छोटे और हाशिये पर रहने वाले किसानों को समर्थन देने पर केंद्रित हों और जो वित्तीय बाधाओं का सामना कर रहे हों। यह सुनिश्चित करता है कि सब्सिडी उन लोगों को दी जाए, जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। विशेष फसल और मिट्टी की आवश्यकताओं के आधार पर उर्वरक के उपयोग को अधिकतम करने के लिए, मिट्टी परीक्षण और पोषक तत्व प्रबंधन रणनीतियों जैसी सटीक कृषि तकनीकों के कार्यान्वयन को बढ़ावा दें। इससे पर्यावरण और उपयोग पर नकारात्मक प्रभाव कम हो जाता है। जैविक खेती के तरीकों को प्रोत्साहित करें, जो प्राकृतिक रूप से मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाते हैं और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को कम करते हैं। इससे जैव विविधता और मृदा स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है।

पोषक तत्व-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल उर्वरकों के उपयोग को बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए अनुसंधान और विकास निवेश करें। पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव को कम करने वाले विकल्पों की जांच करना इसका हिस्सा है। उर्वरक सब्सिडी नीतियों में सुधार करें, ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कुशल और पारदर्शी हों और अति प्रयोग को प्रोत्साहित न करें। पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी प्रणाली की ओर बढ़ने पर विचार करें, जो सामान्य उर्वरकों की बजाय विशिष्ट पोषक तत्वों के अनुप्रयोग का समर्थन करने पर केंद्रित हैं। आईएनएम तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दें, जो जैविक और अकार्बनिक दोनों स्रोतों से पोषण इनपुट को जोड़ती हैं। यह रणनीति मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हुए पर्यावरण पर इसके नकारात्मक प्रभावों को कम करती है। कीटों और बीमारियों के चक्र को बाधित करने और निरंतर उच्च उर्वरक इनपुट की आवश्यकता को कम करने के लिए फसल चक्र और विविधीकरण को प्रोत्साहित करें। कृषि पारिस्थितिकी प्रथाओं के माध्यम से कृषि प्रणालियों में पारिस्थितिक सिद्धांतों के अनुप्रयोग को प्रोत्साहित और समर्थन करना जो बाहरी इनपुट पर निर्भरता को कम करता है और स्थिरता पर जोर देता है।

सामुदायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में किसानों को शामिल करके सुनिश्चित करें कि नीतियां स्थानीय समुदायों की जरूरतों और वास्तविकता को प्रतिबिंबित करें। परिणामस्वरूप, लोग अधिक जवाबदेह महसूस कर सकते हैं और टिकाऊ खेती के तरीकों में निवेश कर सकते हैं। सर्वोत्तम फसल और उर्वरक प्रबंधन प्रथाओं को अपनाना, नीम तेल लेपित यूरिया का उपयोग, पोषक तत्व कुशल जीनोटाइप का बढ़ना, संतुलित पोषक अनुप्रयोग, निवारक रणनीतियों को अपनाना और सक्षम नीतियों द्वारा सुगम जैविक खेती प्रथाओं से 20-30 प्रतिशत की कमी प्राप्त की जा सकती है।

उर्वरक का उपयोग, भारत सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय प्रमुख कृषि, बागवानी और औषधीय फसलों के लिए उर्वरकों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए समग्र प्रयास कर रहा है। भारत को एक अच्छी तरह से परिभाषित व्यापक प्रणाली स्थापित करनी होगी, जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जैविक खाद/फसल अवशेषों के साथ एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन और कुशल फसल जीनोटाइप की खेती की सुविधा के अलावा, संतुलित उर्वरक उपयोग पर कठोर नीतियों को लागू करें। उर्वरक सब्सिडी कार्यक्रम में किसी भी संशोधन को सफल और दीर्घकालिक बनाने के लिए, केंद्र सरकार को सुधार प्रक्रिया में किसानों, राज्य सरकारों और उर्वरक कंपनियों जैसे सभी संबंधित पक्षों को भी शामिल करना चाहिए।

## बोलता है कैमरा...



**सरकाघाट।** एसपीएस इंटरनेशनल स्कूल ने 21वां वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह मनाया। समारोह में बच्चों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। जनरल सेक्रेटरी हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी पवन ठाकुर ने बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे और स्कूल के डायरेक्टर प्रेमचंद ठाकुर ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। स्कूल के चेयरमैन सुरेंद्र कुमार राणा, स्कूल प्रबंधन समिति के प्रधान शालिनी, मेंबर सीमा, भावना शर्मा और रोजदिन ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया। प्रधानाचार्य नरेंद्र कुमार गौतम ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। अंत में मुख्यातिथि ने मेधावी छात्रों को पुरस्कृति किया।

## प्रेरक कथा



## जीवन आज है कल नहीं

**एक** नगर में बहुत ही अमीर आदमी रहता था, उस आदमी ने अपना सारा जीवन पैसे कमाने में लगा दिया। उसके पास इतना धन था कि वह उस नगर को भी खरीद सकता था, लेकिन उसने अपने संपूर्ण जीवन में कभी किसी की मदद तक नहीं की। वह पैसे कमाने में इतना व्यस्त और मस्त हो गया कि उसे अपने बुढ़ापे का भी पता नहीं चला और वह जीवन के आखिरी पड़ाव पर पहुंच गया। इस तरह उसके जीवन का अंतिम दिन भी नजदीक आ गया । यमराज उसके प्राण लेने धरती पर आए। वह आदमी डर गया। यमराज ने कहा, 'अब तेरे जीवन का अंतिम समय आ गया है और मैं तुझे अपने साथ ले जाने आया हूं।' यह सुनकर वह आदमी बोला, 'प्रभु अभी तक तो मैंने अपना जीवन जिया भी नहीं, मैं तो अभी तक आपने काम में व्यस्त था, अत: मुझे अपनी कमाई दौलत का उपयोग करने के लिए समय चाहिए।' यमराज ने उत्तर दिया, 'मैं तुम्हें और समय नहीं दे सकता।' यमराज की यह बात सुनकर उस आदमी ने कहा, 'प्रभु मेरे पास इतना पैसा है, आप चाहो तो आधा धन लेकर मुझे जीवन का एक और वर्ष दे दीजिए।' यमराज ने कहा, 'ऐसा संभव नहीं है। इस पर आदमी ने कहा, 'आप चाहो तो मेरा 90 प्रतिशत धन लेकर मुझे एक महीने का समय ही दे दीजिए।' यमराज ने फिर मना कर दिया। फिर आदमी ने कहा, 'आप मेरा सारा धन लेकर एक ही घंटा दे दीजिए।' तब यमराज ने उसको समझाया कि बीते हुए समय को धन से दोबारा प्राप्त नहीं किया जा सकता। इस प्रकार जिस आदमी को अपने धन पर अभिमान था, उसे वह सब व्यर्थ लगने लगा, क्योंकि उसने अपना संपूर्ण जीवन उस व्यर्थ चीज को कमाने में लगा दिया, जो आज उसे जिंदगी का एक घंटा भी खरीद के नहीं दे पाई। दुखी मन से वह अपनी मौत के लिए तैयार हो गया।

# जंक फूड का बढ़ता चलन स्वास्थ्य के लिए हानिकारक

अक्सर कहा जाता है कि स्वस्थ शरीर के लिए स्वस्थ जीवन शैली को अपनाना बेहद जरूरी है। यदि हमारा शरीर स्वस्थ होगा तो हमारा मस्तिष्क भी स्वस्थ होगा और एक स्वस्थ सामाजिक प्राणी ही देश या राष्ट्र को उन्नति के शिखर तक पहुंचा सकता है। वह भी जमाना था, जब हमारे बुजुर्ग मोटा अनाज खाते थे, मीलों तक पैदल चलते थे, दिन-रात पसीना बहाते थे और स्वस्थ जीवन शैली को अपनाते थे तभी वे इसके बदले में लंबी उम्र, निरोगी काया और सुकून भरा जीवन पाते थे। मनोरंजन के भी सीमित साधन थे, लेकिन वह एक-दूसरे से मेल-जोल बढ़ाकर, हमेशा एक-दूसरे के सुख-दुख में साथ देते थे। घर की महिलाएं हर नए त्योहार पर अलग-अलग व्यंजन बनाती थीं।

चाहे वह देसी घी का चूरमा हो, एंकलियां, बबरू, बटूरू, मक्की या बाजरे की रोटी और सरसों का साग हो। घर का सारा काम हाथ से करने के बावजूद उनके पास एक-दूसरे के लिए भरपूर समय हुआ करता था। वर्तमान समय में इस मशीनी युग में भी जब हमारी दिनचर्या के काफी काम मशीनें कर देती हैं, तब भी हमारी जीवन शैली व्यस्तताओं से भरी है। आज दिन-प्रतिदिन पकवानों का यह दौर घट रहा है और पश्चिमी सभ्यता और संस्कृति को बढ़ावा मिल रहा है। जंक फूड और फास्ट फूड को बहुत तवज्जो दी जा रही है। भारतीय आयुर्विज्ञान अनुसंधान परिषद (आईसीएमआर) के अनुसार, जंक फूड ऐसे खाद्य पदार्थ हैं, जिसमें पोषक तत्व न के बराबर होते हैं और यह बहुत तैलीय और उच्च कैलोरी वाला होता है। इसमें अक्सर चीनी, नमक और वसा की मात्रा अधिक रहती है। यह खाद्य पदार्थ चटपटे, मसालेदार, आकर्षक और इतने स्वादिष्ट बनाए जाते हैं ताकि इनकी मांग और अधिक बढ़े। दुनिया भर में जंक फूड का व्यापार घट रहा है, लेकिन भारत में इसका कारोबार प्रतिदिन तेजी से बढ़ रहा है। इसका फायदा ग्लोबल कंपरियां उठा रही हैं और भारत में जंक फूड का निवेश बढ़ाने के लिए विज्ञापनों के जरिए लोगों को लुभा रही हैं। निवेश, बैंकिंग सर्विस फर्म 'एवेंडस कैपिटल' की नई रिपोर्ट में दावा किया है कि भारत दुनिया का सबसे तेजी से बढ़ता जंक फूड मार्केट है और 2026 तक 2.49 लाख करोड़ रुपए (30 अरब डॉलर) का जंक फूड कारोबार होने का अनुमान है।

दुनिया भर में सेंटर फॉर साइंस एंड एनवायरमेंट की प्रयोगशाला में किए एक अध्ययन के अनुसार, भारत में बिकने वाले ज्यादातर जंक फूड और फास्ट फूड में नमक और वसा की मात्रा बहुत ज्यादा होती है। आज की व्यस्त जीवन शैली में फास्ट फूड या जंक फूड ने अपना अहम स्थान बना लिया है। आज ऑफिस से लेकर घर तक हर जगह जंक फूड की उपलब्धता बहुत सुगम हो गई है। लोग इसे पार्टियों में भी खूब अपना रहे हैं बर्थडे पार्टी हो, ऑफिस पार्टी या फैमिली पार्टी हो सभी में जंक फूड अनिवार्य हो गया है। कामकाजी महिलाएं भी अब घर में खाना बनाने से इतराती हैं।

माना कि आप पैसा कमा रही हैं, लेकिन इसका कतई फायदा नहीं है। आपके परिवार का स्वास्थ्य इससे खतरे में पड़ जाए और आपका वह कमाया हुआ धन ज्यादातर दवाइयों पर ही खर्च हो। बच्चों से लेकर बूढ़ों तक सभी इस जंक फूड के मुरीद हो चुके हैं और इसे खाने का कोई न कोई बहाना ढूंढते रहते हैं। वर्तमान समय में हमारी भावी पीढ़ी रोटी, सब्जी और फल को देखकर अक्सर उन्हें दरकिनार कर देती है और जंक फूड का नाम सुनते ही ऐसे खाद्य पदार्थ को खाने से वे जरा भी गुरेज नहीं करती, तभी आज की पीढ़ी छोटी ही उम्र में कई बीमारियों से ग्रसित होती जा रही है। लंबे समय तक इन खाद्य पदार्थों के सेवन से बच्चों की प्रतिरोधक क्षमता पर ही नहीं, बल्कि शारीरिक विकास पर भी बुरा असर पड़ रहा है। समय से पहले ही बालों का सफेद होना, आंखें खराब होना, दांतों में सड़न, मधुमेह, अवसाद से ग्रसित होना, मोटापा, थकान और सुस्ती, शरीर में पोषक तत्वों की भारी कमी व लड़कियों में समय से पहले ही माहवारी का आना जैसी समस्याएं देखने को मिल रही हैं। यह जंक फूड शरीर को नुकसान पहुंचाने के साथ-साथ बच्चों के मानसिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर डालता है।

स्वस्थ जीवन शैली के लिए यदि शरीर को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखना है, तो हमें जंक फूड और फास्ट फूड को छोड़कर चना, दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, स्वस्थ वसा और प्रोटीन युक्त भोजन जैसे फलियां, मेवे, अंकुरित अनाज आदि को शामिल करना चाहिए। यदि आप प्राकृतिक ताजी उपज से भरपूर आहार का सेवन करते हैं तो कैंसर, मोटापा, मधुमेह, और हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम से भी बच सकते हैं। जंक फूड और फास्ट फूड के प्रचलन को रोकना हम सभी का उत्तरदायित्व बनता है। इसके लिए जंक फूड और उनके विज्ञापन संबंधी सामग्री को लेकर स्पष्ट और सख्त कानून व्यवस्था होनी चाहिए। मोटे अनाजों को प्राथमिकता दी जाए तथा स्वास्थ्य संबंधी जागरूकता कार्यक्रमों के माध्यम से उपभोक्ताओं को जागरूक करवाने की आवश्यकता है।



लेखिका
वसुंधरा धर्माणी
घुमारवीं, बिलासपुर
हिमाचल प्रदेश।

**स्वस्थ जीवन शैली के लिए यदि शरीर को स्वस्थ और तंदुरुस्त रखना है, तो हमें जंक फूड और फास्ट फूड को छोड़कर चना, दालें, हरी पत्तेदार सब्जियां, फल, स्वस्थ वसा और प्रोटीन युक्त भोजन जैसे फलियां, मेवे, अंकुरित अनाज आदि को शामिल करना चाहिए। यदि आप प्राकृतिक ताजी उपज से भरपूर आहार का सेवन करते हैं तो कैंसर, मोटापा, मधुमेह, और हृदय संबंधी बीमारियों के जोखिम से भी बच सकते हैं।**



# तारीफों के पुल के नीचे हमेशा मतलब की नदी बहती है



ब्लॉगर

लेखिका : रेणु शर्मा।

यह कॉलम ब्लॉगर के लिए है। इस व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

**सभ्य** समाज व संस्कार जीवन की आधारशिला होते हैं। सभ्य व स्वस्थ समाज होगा तभी संस्कार बच सकते हैं। आज संस्कारों का अंतिम संस्कार हो रहा है। समाज को मंथन करना चाहिए। समाज में स्वार्थी लोग बढ़ते जा रहे हैं। मनुष्य ने अपने स्वार्थ में धरती को भी कहीं का नहीं छोड़ा।

समय के साथ, शालीनता का तात्पर्य शिष्टाचार से है, लेकिन आज शालीनता मुख्य रूप से सही और गलत की एक मजबूत भावना और ईमानदारी का एक उच्च मानक है। पृथ्वी हमारे जीवन का आधार है, उसे भी मानव का स्वार्थ नुकसान पहुंचा रहा है। मनुष्य इच्छाओं का पुतला है, उसका व्यवहारिक जीवन आकांक्षाओं से भरा पड़ा है। प्राय: बिना किसी निहित प्रयोजन और स्वार्थ के कोई किसी की प्रशंसा नहीं करता है। तारीफों के पुल के नीचे मतलब की नदी बहती है। तारीफ शब्द का यहां तात्पर्य खुद से है।

बांस से बनाया एक पुल है, इस पुल से लोग आते जाते हैं, उनका रास्ता कम हो जाता है, समय बच जाता है। सामने से प्रशंसा और आपके पीछे बुराई करने वाले का भूलकर भी साथ नहीं देना चाहिए। ऐसे लोग सामने मधुर व्यवहार करते हैं और आपको खुश करने की कोशिश करते हैं, लेकिन जैसे ही इन्हें मौका मिलता है आपको नुकसान पहुंचाते हैं। किसी पर आंख बंद करके विश्वास नहीं करना चाहिए और न ही उससे अपनी गुप्त या राज की बातों को बताना चाहिए। क्योंकि जब आपके रिश्ते में खटास आती है, तो ऐसे लोग आपके राज का सबके सामने खुलासा कर सकते हैं। संबंध हमेशा अपने बराबर के लोगों से बनाना चाहिए।

ऐसा नहीं करने पर रिश्तों के खराब होने की संभावना बढ़ जाती है। रिश्तों में दूरियां पैदा हो जाती हैं और एक-दूसरे के जानी दुश्मन बन जाते हैं। स्वार्थी को धर्म की परवाह नहीं होती। उसे केवल अपने मतलब की परवाह रहती है। व्यवहार व भावना अच्छी होनी चाहिए। व्यवहार अच्छा होगा, तो समाज में एक प्रतिष्ठा होगी। अच्छा व्यवहार बड़ी से बड़ी समस्या का समाधान कर देता है। सभ्य समाज में नाटकीय लोग इतनी अशांति पैदा करते हैं कि वे जहां भी जाते हैं अपनी असहमतियों को ले जाते हैं। जरूरत के समय दूसरों की मदद करनी चाहिए। स्वार्थ से ऊपर उठकर हर मानव की निस्वार्थ भावना से सहायता करें। कर्म करते रहिए फल की इच्छा मत रखिए, समाज के हर मानव को अहंकार व स्वार्थ से दूर रखें और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करें। आज समय बदल गया है कोई भी बिना किसी स्वार्थ के किसी तारीफ नहीं करता है। ऐसे लोग कहीं भी हो सकते हैं। आपकी मित्रता के सर्कल में भी ऐसे लोग होते हैं, जिन्हें अपना कोई स्वार्थ साधना होता है और वे इसके लिए आपका उपयोग करते हैं। ऐसे लोगों से सतर्क रहना चाहिए।



## आपका पत्र

**ऐसा नहीं** है कि सोशल मीडिया पर जो कुछ परोसा जाता है वो सारा ही खराब या गलत हो। आज सोशल मीडिया पर डॉक्टर, आयुर्वेद और अन्य विभिन्न पेशे के माहिर अपना-अपना अनुभव पेश कर रहे हैं और मार्गदर्शन कर रहे हैं। जो किसी के काम भी आ सकता है। सोशल मीडिया पर बहुत सी संस्थाओं, न्यूज पेपर और न्यूज चैनलों ने अपने पेज बनाए है, जहां अफवाहें नहीं हकीकत पोस्ट की जाती है। सोशल मीडिया का प्रयोग करने वालों को उन्हीं पर भरोसा करना चाहिए। हमारे देश में जिस तरह साइबर क्राइम, चोरी, ठगी के मामले बढ़ रहे हैं, उस पर गौर किया जाए तो यह साफ जाहिर है कि हमारे देश में साइबर सुरक्षा व्यवस्था खास उचित नहीं है। आम लोगों का यह दायित्व बनता है कि सोशल मीडिया से अपनी निजता को खतरे में डालने से बचने के लिए सावधानी और सतर्कता बरतें। अपनी कोई भी निजी जानकारी या फोटो इन पर शेयर न करें। खासतौर पर महिलाओं और लड़कियों को अपनी कोई ऐसी फोटो यहां शेयर न करें, जो आपकी बदनामी का कारण बन जाए।

लेखक : राजेश चौहान, हमीरपुर
मो : 9023693142

यह कॉलम आपके लिए है। कृपया अपनी समस्याएं व्हाट्सऐप नंबर 9882400808 पर भेजें।

# चंबा में डंपिंग साइट न होना बना नासूर

## जिला मुख्यालय सहित भरमौर, पांगी, भटियात, सलूणी व डलहौजी में समस्या हुई गंभीर, प्रदूषित हो रहा वातावरण

**एमएम डैनियल, चंबा**

चंबा जिला में गार्बेज डंपिंग साइट का न होना वातावरण और क्षेत्रवासियों के लिए नासूर बन गया है। नगर परिषद चंबा तो पहले ही पर्याप्त और सुरक्षित साइट न मिल पाने की दुहाई प्रशासन को दे चुकी है। उधर प्रशासन के नुमाइंदे भी इस समस्या का हल नहीं निकाल पा रहे हैं। लिहाजा समस्या गंभीर बनती जा रही है।

हालांकि इस दिशा में पीएम मोदी के स्वच्छता अभियान में हिमाचल प्रदेश राज्य का न केवल जिला चंबा बल्कि अन्य 11 जिले भी स्वच्छ एवं प्राकृतिक वातावरण में फलफूल सके। गौर हो कि भौगोलिक रूप से भी चंबा में आबादी से सुरक्षित दूरी पर ऐसी कोई जगह नहीं है। जहां पर डंपिंग साइट चलाई जा सके। ऐसे में इस समस्या का समाधान तभी हो सकेगा जब समाज के प्रतिनिधि, नगर परिषद और प्रशासन विषय विशेषज्ञों के सही परामर्श अनुसार कार्य करें।

पांच तहसीलों वाले चंबा जिले की इकलौती डंपिंग साइट कुरांह में है। जिसे भी स्थानीय लोगों की शिकायत के बाद एनजीटी ने बंद करने के निर्देश दे रखे हैं। हालांकि प्रशासन और नगर परिषद की पुखरी व सरोल में साइट लगाने का मन है, लेकिन कुरांह स्थित डंपिंग साइट के विरोध के बाद लगता नहीं है कि प्रशासन की यह योजना पूरी हो पाएगी। उधर ऐसी ही कुछ हालत चंबा की अन्य तहसीलों की भी है।

जिनमें भटियात, सलूणी, तीसा, पांगी ,भरमौर व डलहौजी में भी इस दिशा के प्रयास शिथिल हैं। लिहाजा यह कहना अतिशियोक्ति नहीं होगी कि चंबा में डंपिंग साइट निर्धारित न हो पाना नासूर बन गया है। आलम इस कद्र है कि आबादी वाले क्षेत्र से या तो कूड़ा उठाया नहीं जाता है। यदि उठाया भी गया तो डंपिंग साइट के अभाव में किसी दूसरी साफ जगह में डंप कर दिया जाता है। (अनंत ज्ञान)


डंपिंग साइट न होने के चलते रावी नदी के किनारे फेंकी गई गंदगी।

### नप अधिकारियों को दिए हैं निर्देश


अपूर्व देवगन उपायुक्त चंबा का कहना है कि एसडीएम चंबा व नप अधिकारियों को कूड़ा निष्पादन स्थल के लिए भूमि तलाशने के निर्देश दिए जा चुके है। जबकि इस विषय पर मंडे मीटिंग में अधिकारियों के के साथ बैठक बुलाई गई है। भूमि चयनित होते ही कूड़ा निष्पादन केंद्र स्थापित करवा जाएगा ताकि जिलावासी कूड़े की समस्या से निजात पा सकें।

### कूड़ा निष्पादन कंपनियों से चल रही बातचीत


नीलम नैय्यर अध्यक्ष नप चंबा का कहना है कि नगर परिषद चंबा द्वारा कूड़ा-कर्कट से जनता को निजात दिलवाने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। जिसमें नप द्वारा कूड़ा निष्पादन स्थल के लिए भूमि तलाशने सहित जिला प्रशासन से सहयोग मांगा है। जबकि कूड़ा निष्पादन केंद्र के लिए जापान व चाईना की कुछ कंपनियों से बातचीत चल रही है।

# ड्यूटी पर वर्दी नहीं पहनी तो खैर नहीं

## बिजली बोर्ड चंबा में तकनीकी स्टाफ पर करेगा कार्रवाई

**आरके रांगड़ा, चंबा**

बिजली बोर्ड में कार्यरत क्षेत्र तकनीकी कर्मियों को वर्दी न पहनने पर बोर्ड के नियमों की गाज से गुजरना पड़ सकता है। बोर्ड ने कई तकनीकी कर्मियों के ड्यूटी पर बिना वर्दी आना व साधारण लिबास की आड़ में ड्यूटी से बंक मारने की दिशा में कड़ा संज्ञान लिया है। जिसके चलते बोर्ड ने ड्यूटी अवधि में वर्दी न पहनकर आने वाले व बंक मारने वाले फिल्ड कर्मियों पर विभागीय कार्रवाई करने की कवायद छेड़ दी है। इसके लिए विभाग ने सहायक व कनिष्ठ अभियंता के अधीन एक निरीक्षण कमेटी का गठन किया है। जो कि कर्मियों के वर्दी से लेकर उनकी ड्यूटी अवधि पर उपस्थिति पर पैनी नजर रखेगी। जिसमें दोषी पाने जाने वाले कर्मियों को सस्पेंड करने तक का प्रावधान रखा गया है। गौर हो कि एक लंबे अर्से से फील्ड तकनीकी स्टाफ द्वारा शिकायत कार्यालय में बिना वर्दी आना व फील्ड में विद्युत शिकायत ठीक करने के पश्चात दोबारा उपस्थिति दर्ज करवाने के कई मामले बोर्ड अधिकारियों ने समय-समय पर दर्ज किए हैं। जिसके चलते बोर्ड ने चंबा, तीसा, भरमौर, भटियात, डलहौजी में स्थित बोर्ड कार्यालयों में कई कर्मियों को बिना वर्दी व ड्यूटी समय पर बंक मारने के तहत औचक निरीक्षण में कई कर्मियों को रंगे हाथों पकड़ा है। जिन्हें विभागीय अधिकारियों ने मौखिक व लिखित रूप से चेतावनी भी जारी की गई, लेकिन असर गिन-चुने कर्मियों तक सीमित रहा। कर्मियों की इस अनुशासनहिनता का क्रम घटने की बजाय दिन प्रतिदिन बढ़ता चला गया। जिसके चलते बोर्ड के अधिकांश शिकायत कक्ष कार्यालयों में बोर्ड द्वारा जारी वर्दी न पहनने का रिवाज ही बन गया। जिसे तोड़ते हुए बोर्ड ने इस दिशा में विभागीय अधिसूचना निकालने सहित हर क्षेत्र तनकीकी कर्मियों को वर्दी पहनने के कड़े निर्देश जारी कर दिए हैं। जिसके लिए उपमंडल स्तर पर गठित विभागीय कमेटी में एसडीओ, जेई व सीनियर फोरमैन फील्ड कर्मियों पर नजर रख उनके कार्य एवं रहन सहन की मॉनिटरिंग करेंगे। (अनंत ज्ञान)

### नियमों को सख्ती से लागू किया जा रहा है

ई.आर राजीव ठाकुर अधीक्षण अभियंता बिजली बोर्ड वृत्त चंबा का कहना है कि विभाग में अनुशासन व ड्यूटी अवधि में जनसाधारण को विद्युत सेवाएं पूर्ण रूप से मुहैया करवाने के लिए नियमों को सख्ती से लागू किया जा रहा है। जिसमें सर्वप्रथम वर्दी व ड्यूटी पर बंक मारने वाले कुछ कर्मियों पर अंकुश लगाने की योजना तैयार की गई है। सभी अधिकारियों व कर्मियों को इस दिशा में निर्देश जारी कर दिए हैं।

## बीएसएनएल नेटवर्क न होने से परेशान

**चंबा।** जिला चंबा में पिछले लंबे समय से चल रही बीएसएनएल की लचर व्यवस्था से उपभोक्ताओं को अभी तक कोई राहत नहीं मिली है। हालात यह है कि जिला में आए दिन बीएसएनएल का नेटवर्क गुल होने के साथ ही उपभोक्ताओं को वन साइड नेटवर्क का भी सामना करना पड़ रहा है। जिसके चलते उन्हें भारी दिक्कतें झेलनी पड़ रही हैं। लिहाजा जिला में बीएसएनएल की लचर व्यवस्था को लेकर उपभोक्ताओं ने निगम के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। उपभोक्ता नरेश कुमार, किरण कुमार, सुमन कुमार, जग्गो राम, पवन और अजय कुमार ने बताया कि चंबा जिला में बीएसएनएल द्वारा सुविधाएं देने के जितने भी दावे किए जाते हैं वे सब खोखले हैं। उन्होंने बताया कि आए दिन जिला के विभिन्न क्षेत्रों में बीएसएनएल का सिग्नल गुल होने के चलते उन्हें भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता हैं। उन्होंने दूरसंचार निगम से मांग की है कि जिला में बीएसएनएल की व्यवस्था को जल्द दुरुस्त किया जाए।

# न्यूज ब्रीफ

## बनीखेत में शहीदी दिवस पर लगाया लंगर


बनीखेत में आयोजित लंगर में प्रसाद ग्रहण करते लोग।

**डलहौजी।** बनीखेत के पंजाब हार्टबीट डीजे एंड साउंड लाइट सिस्टम बनीखेत के मालिक लखबीर सिंह लक्खा ने शहीदी दिवस पर बनीखेत में चाय पकौड़े के लंगर का आयोजन किया। गौर हो कि 27 दिसंबर 1704 में गुरुगोविंद सिंह के दो साहिबजादे जोरावर सिंह और फतेह सिंह को इस्लाम धर्म कबूल न करने पर सरहिंद के नवाब ने दीवार में जिंदा चुनवा दिया था। इसलिए सिखों के दसवें गुरु दशमेश पिता गुरु गोविंद सिंह के दोनों छोटे पुत्रों की इस शहादत को शहीदी दिवस को वीर बाल दिवस के रूप में हर वह व्यक्ति जो सिख धर्म में अपनी आस्था रखता है मानता आ रहा है। इस आयोजन में लोगों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया।

## चंबा में संस्कृत शिक्षकों की कार्यशाला

**चंबा।** जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सरु में संस्कृत अध्यापकों के प्रशिक्षण के लिए मास्टर ट्रेनर्स की राज्य स्तरीय पांच दिवसीय कार्यशाला की अध्यक्षता जिला परियोजना अधिकारी (समग्र शिक्षा) एवं जिला प्रारंभिक उपशिक्षा निदेशक जिला चंबा सुमन कुमार मिन्हास द्वारा की गई। कार्यशाला की अध्यक्षता करते हुए सुमन कुमार मिन्हास ने बताया कि प्रदेश के सभी 12 जिलों के संस्कृत अध्यापक इस कार्यशाला में भाग ले रहे हैं। जिला चंबा में शायद यह पहली बार है कि राज्य स्तर की ट्रेनिंग का वेन्यू हमें मिला है इसके लिए हम राज्य परियोजना निदेशक राजेश शर्मा का व राज्य ट्रेनिंग समन्वयक सोनिया शर्मा का आभार व्यक्त करते हैं जिन्होंने हमें ऐसा अवसर दिया।

## छात्रों का बनेगा बहु आयामी रिपोर्ट कार्ड

**चंबा।** एनसीईआरटी की परख संस्था ट्रायल पर सरकारी स्कूलों में प्रोजेक्ट चलाएगी, इसमें छात्र की शक्तियों, रूकावटों और कौशलों की पहचान की जाएगी। सरकारी स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों के रिपोर्ट कार्ड का स्वरूप बदलने वाला है। इसके लिए एनसीईआरटी ने पहल शुरू कर दी है। दरअसल एनसीईआरटी की परख संस्था ने एक समग्र बहुआयामी रिपोर्ट कार्ड जिसको हॉलिस्टिक रिपोर्ट कार्ड का नाम दिया गया है, तैयार किया गया है। इस रिपोर्ट कार्ड में स्कूलों में पढ़ रहे विद्यार्थियों का संपूर्ण विवरण दर्ज किया जाएगा। इसके लिए हिमाचल प्रदेश के सभी जिलों के पांच-पांच स्कूलों का चयन किया गया है। इन चयनित स्कूलों में ट्रायल बेस पर पायलट प्रोजेक्ट चलेगा इस प्रोजेक्ट के तहत चयनित स्कूल में एक-एक छात्र का रिपोर्ट कार्ड तैयार किया जाएगा। रोहित शर्मा जिला समन्वयक ने इस विषय में जानकारी दी जिन्होंने एनसीईआरटी में जाकर प्रशिक्षण प्राप्त किया था और उनकी देखरेख में यह पायलट प्रोजेक्ट कार्यान्वित हो रहा है। ट्रायल बेस पर चलने वाले इस प्रोजेक्ट के लिए जिला चंबा के राजकीय माध्यमिक पाठशाला सिद्धपुरा, हरदासपुरा,सरू और राजकीय प्राथमिक पाठशाला चंबा (असमानेकोठी) और मैहला विद्यालय को चयनित करके इसमें रिपोर्ट कार्ड बनवाए जाएंगे।

## चंबा कॉलेज में मेधावियों को टैबलेट बांटे

**चंबा।** राजकीय महाविद्यालय चंबा में बुधवार को विधायक नीरज नैय्यर ने श्रीनिवास रामनुजन विद्यार्थी डिजिटल योजना के अंतर्गत हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की परीक्षाओं की मेरिट में आए 29 छात्रों को टैबलेट वितरित किए। विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि विद्यार्थियों को पढ़ाई में उत्कृष्टता प्राप्त करने व प्रोत्साहित करने के लिए प्रदेश सरकार द्वारा जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं, जिसमें शैक्षणिक करियर में बेहतर प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित करने के लिए विभिन्न छात्रवृत्ति कार्यक्रम और अन्य आकर्षक योजनाएं शुरू की गई हैं। इससे पहले महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. विद्या सागर शर्मा ने मुख्यातिथि को शॉल, टोपी व बैज लगाकर सम्मानित किया। प्रोफेसर अविनाश ने आभार व्यक्त करते हुए कहा जिला चंबा के विभिन्न राजकीय महाविद्यालयों व निजी महाविद्यालय के 2021-22 बैच के 29 विद्यार्थियों को टैबलेट वितरित कर लाभान्वित किया गया।

## एंबाइब क्विज से जुड़े 3500 छात्र

**चंबा।** आकांक्षी जिला कार्यक्रम के तहत चंबा जिला के 150 स्कूलों के लगभग 3500 विद्यार्थियों ने एंबाइब प्लेटफॉर्म पर हुए क्विज महाकुंभ के माध्यम से अपनी बौद्धिक क्षमता का प्रदर्शन किया। उपायुक्त अपूर्व देवगन ने बताया कि महा क्विज में छठी से 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया। इस क्विज के माध्यम से विद्यार्थियों ने सामान्य बौद्धिक सीमाओं से बढ़कर अपनी अभूतपूर्व उत्कृष्टता की दिशा में प्रतिभा का प्रदर्शन किया। वहीं उपनिदेशक उच्च शिक्षा प्यार सिंह ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में स्कूलों में शिक्षा प्रक्रिया में सकारात्मक परिवर्तन देखा है, और इसका यही कारण है कि हमने एडवांस अर्टिकिफिशल इंटेलिजेंस में उत्कृष्ट कार्य में चयनित एजुकेशन में अग्रणी - एंबाइब कंपनी के साथ सहयोग किया है।

## अक्षम का मददगार बना जिला प्रशासन

**चंबा।** चंबा में मंगलवार को सोशल मीडिया पर एक लड़की का वीडियो वायरल हुआ जिसे लेकर जिला प्रशासन ने तुरंत कार्रवाई करते हुए मानसिक रूप से अक्षम लड़की के घर की पहचान करवाई और तुरंत प्रभाव से संवेदनशीलता दिखाते हुए स्वास्थ्य एवं पंचायतीराज संस्था के अधिकारियों की टीम को अक्षम लड़की के घर के लिए रवाना किया। पहचान कर अक्षम लड़की की मां सविता निवासी गांव तडोली चंबा से मिली। टीम ने मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल आवश्यक कदम उठाते हुए मानसिक रूप से अक्षम लड़की को पंडित जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज चंबा पहुंचाया। उपायुक्त चंबा ने बताया कि लड़की को चिकित्सा विशेषज्ञों और पीआरआई की टीम की उपस्थिति मे अस्पताल पहुंचने पर ईसीजी और अल्ट्रासाउंड व स्वास्थ्य संबंधी विभिन्न परीक्षण किए गए। इसके बाद एमडी मेडिसिन, स्त्री रोग विशेषज्ञ और फिजियोट्रिस्ट द्वारा उसकी शारीरिक जांच की गई और प्रथम दृष्टया रिपोर्ट सामान्य पाई गई। डीसी अपूर्व देवगन ने बताया कि फिलहाल, वह मेडिकल विशेषज्ञों की निगरानी में है। उसे पीटी के मनोरोग वार्ड में भर्ती कराया गया है।

# हर हाथ अनंत ज्ञान


कश्मीरी मोहल्ला निवासी परवेज डैनियल अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।


जुलाकड़ी वार्ड में टायरमैन नागेश चौहान अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।


चंबा में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते पाठक अशोक कुमार।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते मोहल्ला चरपट निवासी दीपक महाजन।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते पंचायत राजपुरा निवासी संजीव कुमार।


वार्ड हरदासपुरा निवासी विकास अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते चंबा के ठेकेदार यशवंत सिंह ठाकुर।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते हुए सुल्तानपुर वार्ड निवासी सुधीर शर्मा।


परिधिगृह चंबा में अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते युका के पूर्व अध्यक्ष चंबा शिवांक शर्मा।


अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ते वार्ड धड़ोग निवासी चरणजीत सिंह।


नकरोड़ बाजार में अनंत ज्ञान समाचार पढ़ते हुए मुनीर खान।


नकरोड़ में अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते पाठक शेरदीन।


नकरोड़ बाजार में आसिफ मेडिकल स्टोर पर याकूब खान अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# नक्काशी का नमूना भुरू मंदिर का मुख्यद्वार



**डलहौजी।** डलहौजी क्षेत्र के अंतर्गत आस्था के प्रतीक प्रसिद्ध भुरू नाग देवता मंदिर बनीखेत के मुख्य द्वार को बुधवार को स्थापित किया गया जो की बेहद ही खूबसूरत लकड़ी पर की गई नक्काशी का नमूना है जो कि हमें हमारी पौराणिक संस्कृति की याद दिलाता है। बताते चलें कि भुरू नाग देवता मंदिर का निर्माण कार्य जारी है। जिसके तहत बुधवार को मुख्य द्वार को लगाया गया। इसके बाद अंदर गर्भ गृह द्वार को को भी तैयार किया जाएगा। इस कार्य को अंजाम देने वाले कारीगर हिमाचल प्रदेश के मंडी सिराज घाटी से संबंध रखने वाले हैं जिन्होंने दो महीने की कड़ी मेहनत के उपरांत इस कार्य को अंजाम दिया।

# पेंशन धारकों की शिकायतें निपटाईं

## चंबा मिलेनियम एजुकेशनल सोसायटी सरू ने लगाया शिविर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

कर्मचारी भविष्य निधि संगठन क्षेत्रीय कार्यालय शिमला द्वारा नियुक्ताओं की भविष्य निधि संबंधित शिकायतों और समस्याओं के निराकरण के लिए चंबा मिलेनियम एजुकेशनल सोसायटी सरू चंबा में जिला नोडल अधिकारी प्रकाश चंद नवानी व सामाजिक सुरक्षा सहायक अश्विनी नागपाल की अध्यक्षता में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में चंबा मिलेनियम एजुकेशनल सोसायटी के प्रशासनिक अधिकारी आकाश महाजन ने उपस्थिति दर्ज करवाई। इस अवसर पर जिला नोडल अधिकारी प्रकाश चंद नवानी तथा सामाजिक सुरक्षा सहायक अश्विनी नागपाल ने बताया कि शिविर में चंबा मिलेनियम एजुकेशनल सोसायटी के कर्मचारियों और पेंशन धारकों की शिकायतों का निवारण करने सहित उन्हें जागरूक किया गया। जबकि कर्मचारी भविष्य निधि आपके निकट 2.0 कार्यक्रम नियोक्ताओं और कर्मचारियों के लिए शिकायत निवारण मंच और सूचना विनियम नेटवर्क है। इस कार्यक्रम के तहत भविष्य निधि से संबंधित शिकायतों का निवारण मौके पर ही किया जाता है और जिन शिकायतों का निवारण मौके पर न किया जा सके तो ऐसी शिकायतों को ईपीएफओ के शिकायत पोर्टल पर दर्ज कर इनका प्राथमिकता के आधार पर समाधान किया जाता है। आकाश महाजन ने बताया कि इस प्रकार के सार्वजनिक कार्यक्रम कर्मचारी भविष्य निधि और ऐप तथा पेंशन के मुद्दों के समाधान के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करते हैं ऐसे आयोजन से नियोक्ताओं में जागरूकता आती है। इस मौके पर कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पदाधिकारियों, कर्मचारी व सदस्यों ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।


शिविर के दौरान मौजूद कर्मचारी भविष्य निधि संगठन के पदाधिकारी व कर्मचारी।

# शक्तिदेहरा स्कूल के होनहारों को इनाम बांटे


राजकीय उच्च विद्यालय शक्तिदेहरा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान मुख्यातिथि को सम्मानित करते आयोजक।

**अनंत ज्ञान, तीसा**

राजकीय उच्च विद्यालय शक्तिदेहरा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि चुराह विधानसभा क्षेत्र के पूर्व विधायक एसके भारद्वाज ने शिरकत की। इस अवसर पर मुख्यातिथि ने कहा कि वार्षिक समारोह के माध्यम से विद्यार्थियों में एक नई ऊर्जा अर्जित होती है। उन्होंने कहा कि राजकीय उच्च विद्यालय शक्तिदेहरा की वार्षिक रिपोर्ट विद्यार्थयों व शिक्षकों की हर क्षेत्र में किए जा रहे परिश्रम को उजागर करती है। जिसके लिए स्कूल प्रबंधन बधाई का पात्र है। वहीं इससे पूर्व स्कूल के प्रधानाचार्य राज कुमार ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। वही स्कूल में अव्वल रहे बच्चों को पुरस्कार भी बांटे गए। वार्षिक समारोह के मौके पर बच्चों द्वारा रंगारंग कार्यक्रम पेश किए गए। बच्चों द्वारा हिंदी, पंजाबी, पहाड़ी, हरियाणवी, कई गानों पर नृत्य करके अपनी प्रस्तुति दी गई। वहीं कई बच्चों ने गीत गाकर इस समारोह को चार चांद लगा दिए। इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के हाशु शेख, मीडिया अध्यक्ष मौसम दीन, समाजसेवी गनी मोहम्मद, स्थानीय प्रधान भावनेश्वरी, उपप्रधान, बीडीसी सदस्य त्रिलोक सिंह और बच्चों के अभिभावक उपस्थित रहे।

**समारोह** मंगला स्कूल में मुख्यातिथि विधायक नीरज ने छात्रों को दी सलाह

# लक्ष्य प्राप्ति को कठिन परिश्रम जरूरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंगला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में विधायक नीरज नैय्यर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए विधायक नीरज नैय्यर ने कहा कि प्रदेश सरकार ने प्रदेश के ग्रामीण एवं दूरवर्ती क्षेत्रों में बच्चों को घरद्वार पर बेहतर शिक्षा उपलब्ध करवाने के लिए प्रभावी कदम उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थी के जीवन में शिक्षक की भूमिका बेहद अहम होती है व शिक्षक बच्चों को ज्ञान प्रदान करने के साथ-साथ उनको जीवन के विविध क्षेत्रों में सफलता की राह भी दिखातें हैं। उन्होंने युवाओं को नशे से दूर रहने और पढ़ाई-लिखाई के साथ खेलकूद, सांस्कृतिक तथा अन्य सामाजिक गतिविधियों में भाग लेने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि जीवन में सफलता प्राप्त करने के लिए कठिन परिश्रम बेहद जरूरी है और युवा शक्ति हमारी बहुमूल्य संपदा है।

विधायक नीरज नैय्यर ने वर्ष भर में आयोजित की गई विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। विधायक ने स्कूल में सांस्कृतिक गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए 11 हजार रुपए की राशि देने की भी घोषणा की। स्कूल के प्रधानाचार्य नरेंद्र भारद्वाज ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की और स्कूल द्वारा चलाई जा रही विभिन्न गतिविधियों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि विधानसभा क्षेत्र चंबा में राजीव गांधी राजकीय मॉडल डे-बोर्डिंग स्कूल खोला जाएगा जिसकी औपचारिकता पूर्ण की जा रही है।

विधायक ने कहा कि जिला चंबा को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने पर विशेष बल दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि जिला चंबा में हेलिपोर्ट स्थापित कर वहां से हेली टैक्सी सेवा और रावी नदी में रिवर राफ्टिंग शुरू करने का प्रयास किया जा रहा है। इस अवसर पर अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी करतार सिंह ठाकुर, गैर-सरकारी सदस्य मत्स्य विभाग जितेंद्र मैहरा, डिप्टी डीईओ जितेश्वर सूर्या, एसएमसी अध्यक्ष संजय रैना व स्कूल स्टाफ सहित विद्यालय के बच्चे और अभिभावक मौजूद रहे।



राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला मंगला के वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह के दौरान संबोधित करते मुख्यातिथि विधायक नीरज नैय्यर।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



कमल किशोर शिवा मेडिकल स्टोर ढालपुर कुल्लू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



अखाड़ा बाजार के रोहित कुमार अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



भुंतर के केशव कायस्था अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



पारला भुंतर में बीज भंडार के एमडी कीर्ति ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



भुट्टी कॉलोनी के रोहित अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



टैक्सी यूनियन कुल्लू ऑफिस इंचार्ज हुकुम सिंह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



ढालपुर के अशोक अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



फैशन फेयर दुकान सरवरी के राजेंद्र सूद अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



चौधरी मेडिकल स्टोर कुल्लू के सौरभ चौधरी अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

# भूभू जोत टनल निर्माण को पांच साल बाद भी स्वीकृति नहीं

## भुंतर सुधार समिति ने केंद्र व प्रदेश सरकार से भूभू जोत टनल निर्माण की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान, भुंतर**

हाल ही में आई प्राकृतिक आपदा के समय जब कुल्लू- मंडी नेशनल हाई-वे क्षतिग्रस्त हो गए तो जिला कुल्लू विश्व से कट हो गया। ऐसी स्थिति में गंभीर बीमारी से ग्रस्त मरीजों को चंडीगढ़ ले जाना मुश्किल हो गया। कुल्लू की जनता को इसी स्थिति में बहुत बड़ी चुनौती का सामना करना पड़ा। हालांकि उसमें सभी को याद आए कि अगर भूभू जोत टनल बनी होती तो शायद कुल्लू, मंडी व कांगड़ा आने का रास्ता खुला रहता और मरीज आसानी से चंडीगढ़ भी पहुंच जाते। ऐसी स्थिति में भुंतर सुधार समिति ने भूभू जोत टनल की महत्वता को विस्तार से पत्र के माध्यम से केंद्र व प्रदेश सरकार के समक्ष रखा।

पत्र के जवाब में अधिशाषी अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग मंडल हिमाचल प्रदेश लोक निर्माण विभाग जोगिंद्रनगर ने जानकारी देते हुए बताया कि परिवहन मंत्रालय भारत सरकार द्वारा घटासनी-सिल्हा-बधानी-भूभू जोत-कुल्लू सड़क को सैद्धांतिक रूप से राष्ट्रीय उच्च मार्ग घोषित किया गया है। तदानुसार इस कार्य को कंसल्टेंसी सर्विस वापकोस लिमिटेड कंपनी भारत सरकार के उपकरण को आवंटित किया है। वापकोस द्वारा इस कार्य की इंस्पेक्शन रिपोर्ट सुरंग सहित तैयार कर दी है जिसे प्रमुख अभियंता राष्ट्रीय उच्च मार्ग शिमला



भुंतर सुधार समिति की ओर से केंद्र सरकार को भेजा गया ज्ञापन।

के कार्यालय से छह सितंबर 2018 को भूतल परिवहन मंत्रालय भारत सरकार को स्वीकृति हेतु भेज कर दी है। जैसे ही केंद्र से इसकी स्वीकृति मिलती है तो आगे के कार्य संभव है।

भुंतर सुधार समिति के अध्यक्ष मेघ सिंह कश्यप का कहना है कि भूभू जोत टनल सामाजिक दृष्टि से अति महत्वपूर्ण है देश व प्रदेश सरकार को शीघ्र ही इसके निर्माण की औपचारिकता पूरी करनी चाहिए। मेघ सिंह कश्यप ने कहा कि जिला कुल्लू की लग घाटी के भूभू जोत पर अगर टनल का निर्माण किया जाता है तो इससे जहां मंडी, कांगड़ा व कुल्लू की दूरी कम होगी। वहीं इस टनल के निर्माण से तीन जिलों को जोड़ने का एक बहुत बड़ा विकल्प होगा। जिस तरह हाल ही में आई बाढ़ के कारण कुल्लू-मंडी के रोड क्षतिग्रस्त हुए जिस कारण पूरे विश्व से कुल्लू कट गया। टनल का निर्माण होता है तो इस तरह की परेशानी नहीं आएगी। जहां भूभू जोत टनल से लोगों को आने जाने में भी सुविधा मिलेगी। वहीं पठानकोट से सेना को लेह-लद्दाख पहुंचने में भी काफी कम समय तय करना होगा। इस रास्ते के बनने से कांगड़ा जाने के लिए भी लोगों को मंडी का रुख नहीं करना होगा और व्यापारिक कार्यों के लिए भी यह टनल काफी फायदेमंद होगी।

### टनल का निर्माण होने से जिला कुल्लू, मंडी और कांगड़ा की होंगी दूरियां कम

**इस** टनल के बनने से तीन चार जिलों के लोगों को सुविधा के साथ-साथ पर्यटन की दृष्टि से आय के साधन भी बनेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार अगर केंद्र सरकार से इस बारे में पुरजोर से चर्चा करें तो लग घाटी के भूभू जोत टनल का निर्माण किया जा सकता है। टनल का निर्माण होने से जिला कुल्लू, मंडी व कांगड़ा के लोगों की दूरियां कम होंगी और सेना के लिए भी यह मार्ग काफी महत्वपूर्ण साबित होगा।

## विंटर टूरिज्म चलाने के लिए स्पीति में ईको डेवलपमेंट कमेटी का गठन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, काजा**

लाहौल-स्पीति के काजा क्षेत्र में ईको डेवलपमेंट कमेटियों के माध्यम से पर्यटन गतिविधियां चलाई जाएंगी। इसके लिए क्षेत्र में ईको डेवलपमेंट कमेटियों का गठन किया गया है।

गौरतलब है कि स्पीति घाटी के चिचम और किब्बर गांव में विंटर सीजन में हिम तेंदुए को देखने के लिए सैलानियों की भारी संख्या में आते हैं। विश्व के जाने-माने फोटोग्राफर्स और डॉक्यूमेंटरी बनाने वाले भी कई संख्या में हिम तेंदुए को अपने कैमरे में कैद करने के लिए आते हैं। इससे चिचम और किब्बर के कई लोगों को रोजगार भी मिलता है। इसी ईको टूरिज्म को मूर्त रूप से चलाने के लिए वन्य प्राणी मंडल स्पीति स्थान काजा द्वारा इस वर्ष चिचम तथा किब्बर गांव में ईको डेवलपमेंट कमेटियों का गठन किया गया है। इसके तहत स्थानीय लोग और वन विभाग साथ में मिलकर ईको टूरिज्म को नियंत्रित करेंगे और बढ़ावा देंगे। इस बारे में वन मंडल अधिकारी स्पीति मंदार जेवरे ने कहा कि इन ईको डेवलपमेंट समितियों के माध्यम से वन्य जीव संवर्धन और ईको टूरिज्म को शाश्वत रूप से चलाने में सहायता होगी।



बैठक के दौरान उपस्थित मंदार जेवरे व अन्य।

इन ईको डेवलपमेंट समितियों के माइक्रो प्लान बनाए जाएंगे जिसके तहत चिचम और किब्बर गांव में वन्य जीव संरक्षण एवं गांव के विकास काम किए जाएंगे। माइक्रो प्लान के अनुसार बजट का आवंटन होगा और वन्य जीव संवर्धन तथा ईको डेवलपमेंट के कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। ईको डेवलपमेंट समिति के हर सदस्य को वन विभाग की ओर से पहचान पत्र भी दिए जाएंगे। हर ईको डेवलपमेंट समिति की कार्यकारिणी समिति बनाई गई है जिसे भारतीय वन कानून के तहत फॉरेस्ट ऑफिसर के पॉवर्स होंगे और ये समितियां ईको डेवलपमेंट समितियों के कार्य तथा अकाउंट्स की देख-रेख करेंगी। इससे लोगों को भी रोजगार प्राप्त होगा और वन्य जीवों के बारे में टूरिस्ट्स अधिक जानकार बनेंगे।

## चार व पांच को मनाया जाएगा इंतकाल व राजस्व लोक अदालत दिवस

**कुल्लू।** जिला राजस्व अधिकारी सुरभि नेगी ने कहा है कि प्रदेश सरकार द्वारा कुल्लू जिले में इंतकाल दिवस के साथ-साथ राजस्व लोक अदालत दिवस के रूप में मनाया जा रहा है।

हिमाचल प्रदेश सरकार द्वारा यह निर्णय लिया गया है कि कुल्लू जिले में लंबित इंतकालों के साथ-साथ भूमि तकसीम के लंबे समय से लंबित मामलों की सुनवाई एवं निपटारा किया जा सके। जिसको मद्देनजर रखते हुए जिला कुल्लू में चार व पांच जनवरी को इंतकाल दिवस तथा राजस्व लोक अदालत दिवस मनाया जाना है।

उन्होंने कहा कि सभी जिलावासियों को यह सूचित किया जाता है कि इस विशेष अभियान का फायदा उठाकर अपने-अपने नजदीकी तहसील कार्यालय में जाकर निर्धारित तिथि के अनुसार अपने-अपने इंतकाल व तकसीम के लंबे समय से लंबित पड़े मामलों का निपटारा करवाएं।

## न्यूज ब्रीफ

### पतलीकूहल पहुंचा भगवान श्रीराम का भव्य कलश



नग्गर में भव्य कलश यात्रा में शामिल लोग।

**पतलीकूहल।** श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या से पूजित अक्षत कलश पतलीकूहल खंड की यात्रा के लिए 25 दिसंबर को नग्गर के जागती लाया गया। यात्रा के दौरान पवित्र कलश को पुलग, रुमसू, शरन, ढुआडा, फोजल, धारा, पनगा, लीगन, शांगचर, बरान, डोभा से होकर बुधवार को पतलीकूहल पहुंचा। अब इस कलश की यात्रा 30 दिसंबर तक पतलीकूहल खंड के गांवों में होगी। इस दौरान पूरा क्षेत्र राम भक्ति में डूबा नजर आ रहा है। पूरी घाटी यात्रा के दौरान श्रीराम के जय घोष से गूंज रही है। विश्व हिंदू परिषद के जिला सह संयोजक डीणे राम ने बताया कि अयोध्या में 22 जनवरी को भगवान श्रीराम के भव्य मंदिर की स्थापना की जाएगी। खंड संयोजक प्रेम और आलम चांद ने जानकारी देते हुए कहा कि पतलीकूहल में अक्षत कलश यात्रा 25 दिसंबर से 30 दिसंबर तक की जा रही है, इस दौरान अयोध्या से आए पूजित कलश की खंड के गांव-गांव में यात्रा आयोजित की जा रही है। 30 दिसंबर को कलश यात्रा के पूर्ण होने पर अक्षत कलश को वापस अयोध्या भेजा जाएगा। अक्षत कलश यात्रा के सफल आयोजन में कार्यकर्ता रिमन, पन्ना लाल, जितेंद्र वर्मा और रूधर एहम भूमिका निभा रहे हैं।

### खनाग स्कूल के होनहार स्टूडेंट्स पुरस्कृत

**आनी।** खंड के अंतर्गत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय खनाग में वार्षिक परितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ समाजसेवी घनश्याम शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि दीप प्रज्वलन कर किया। प्रिंसिपल सुरजीत सिंह ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए कहा कि खनाग स्कूल में ग्राम पंचायत खनाग-लझेरी के होनहार स्टूडेंट्स शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। उन्होंने ह कहा कि आनी ब्लॉक की खनाग स्कूल 1946 से प्राथमिक स्कूल के रूप में खोली गई थी जो आज वरिष्ठ स्कूल बन चुका है। स्कूल के स्टूडेंट्स ने शिक्षा व खेलों सहित सांस्कृतिक कार्यक्रम में बेहतरीन प्रदर्शन किया है। इस वर्ष 2022 और 2023 में 50 मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कृत किया गया। घनश्याम शर्मा ने कहा कि सरकारी स्कूल गांव के स्टूडेंट्स को बेहतरीन शिक्षा प्रदान कर रहे हैं। यहां पर पढ़े स्टूडेंट्स डॉक्टर, वकील, इंजीनियर, प्रशासनिक अधिकारी के रूप में चयनित होकर सेवाएं दे रहे हैं। सरकारी स्कूल अब हर क्षेत्र में आगे बढ़ रहे हैं।

### हरिपुर स्कूल में एनएसएस शिविर आयोजित



हरिपुर स्कूल में सात दिवसीय एनएसएस शिविर के समापन पर स्वयंसेवी व शिक्षक।

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की ऊझी घाटी के राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल हरिपुर में एनएसएस के सात दिवसीय विशेष कैंप समापन हो गया है। समापन समारोह में स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य नीलम कपूर सूद विशेष रूप से उपस्थित रही। उन्होंने कैंप के सफल आयोजन के लिए कार्यक्रम अधिकारी जय सिंह, अमृता कुमारी और समस्त स्वयंसेवियों का आभार जताया। कार्यक्रम अधिकारी जय सिंह ने बताया कि इन सात दिनों के दौरान स्वयंसेवियों ने विभिन्न गतिविधियों में हिस्सा लिया, जिनमें कैंपस ब्यूटीफिकेशन, प्रभात फेरी, गोद लिए हुए गांव सोयल की साफ-सफाई, सोम वन में जाकर नए लगाए गए पौधों की निराई-गुड़ाई की गई। इसके अलावा विभिन्न स्रोत व्यक्तियों ने महत्वपूर्ण विषयों पर स्वयंसेवियों का मार्ग-दर्शन किया।

## बधाइयां

हिमाचल प्रदेश में एक और दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का प्रकाशन शुरू होना हर्ष का विषय है। मेरी ओर से टीम को हार्दिक बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं।



--दिनेश सेन, अध्यक्ष सूत्रधार कला संगम संस्था कुल्लू

दैनिक के रूप में शुरू हुए अनंत ज्ञान समाचार पत्र की टीम को मेरी ओर से बधाई एवं भविष्य के लिए शुभकामनाएं।



-होमेंद्र महंत, अध्यक्ष ट्रक यूनियन कुल्लू

## सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के साक्षात्कार 30 को

**हमीरपुर।** एसआईएस इंडिया लिमिटेड शाहतलाई, बिलासपुर द्वारा सिक्योरिटी गार्ड और सुपरवाइजर के 100 पदों पर भर्ती के लिए 30 दिसंबर को सुबह 11 बजे जिला रोजगार कार्यालय हमीरपुर में साक्षात्कार लिए जाएंगे। जिला रोजगार अधिकारी सुरेंद्र शर्मा ने बताया कि इन पदों के लिए 21 वर्ष से 37 वर्ष तक के पुरुष उम्मीदवार भर्ती किए जाएंगे। उम्मीदवार कम से कम दसवीं पास होना चाहिए तथा उसकी लंबाई कम से कम 168 सेंटीमीटर होनी चाहिए। चयनित उम्मीदवारों को मौके पर ही ऑफर लैटर प्रदान किए जाएंगे तथा उन्हें साढ़े 16 हजार रुपए से लेकर साढ़े 19 हजार रुपए तक मासिक वेतन मिलेगा।

जिला रोजगार अधिकारी ने बताया कि कोई भी युवा जो उपरोक्त योग्यता रखता है तथा उसका नाम किसी भी रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है तो वह हिमाचली स्थायी प्रमाण पत्र तथा अपने अन्य सभी प्रमाण पत्रों की मूल प्रतियों के साथ साक्षात्कार में भाग ले सकता है। अधिक जानकारी के लिए मोबाइल नंबर 85580-62252 या जिला रोजगार कार्यालय के दूरभाष नंबर 01972-222318 पर संपर्क किया जा सकता है। जिला रोजगार अधिकारी ने पात्र युवाओं से इस अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।

## सैंज स्कूल में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का उत्कृष्ट शिविर आयोजित





राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के उत्कृष्ट शिविर के अवसर पर स्वयंसेवी व शिक्षक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सैंज**

राजकीय महाविद्यालय सैंज स्थित राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई ने एक उत्कृष्ट शिविर का आयोजन किया। जहां स्वयंसेवियों ने चौथे दिन महाविद्यालय के परिसर में विभिन्न गतिविधियों में भाग लिया।

बुधवार सुबह की शुरुआत योगाभ्यास के साथ हुई, जिसमें केंद्रीय विद्यालय सैंज के योग शिक्षक नवल किशोर ने स्वयंसेवियों को विभिन्न योगाभ्यासों में मार्ग-दर्शन किया। इसके बाद एएनओ मनोज कुमार ने ड्रिल अभ्यास का संचालन किया। इसके पश्चात मुख्य वक्ता के रूप में प्रो. प्रेम नेगी ने स्वयंसेवियों को राष्ट्रीय सेवा योजना की कार्यप्रणाली के बारे में विस्तारपूर्वक बताया। स्वयंसेवियों ने प्रोजेक्ट कार्य के तहत परिसर में साफ-सफाई की कार्यशैली को बढ़ावा दिया। यह सामूहिक प्रयास ने नगर को स्वच्छता के प्रति प्रतिबद्धता को प्रदर्शित किया। इसके पश्चात, सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया, जिसमें सामूहिक नृत्य और स्थानीय नृत्य प्रतियोगिताएं शामिल थीं। कुल्लवी, लाहौली, और किन्नौरी नाटी प्रतियोगिता में भाग लेने वाले स्वयंसेवियों ने समृद्धि से भरा एक दृश्य प्रस्तुत किया, जो उपस्थित सभी दर्शकों को आकर्षित करता रहा।

### योगा सहित विभिन्न गतिविधियों का हुआ आयोजन

इस शिविर के माध्यम से, स्वयंसेवियों ने न सिर्फ योगा और सांस्कृतिक गतिविधियों के माध्यम से अपने शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखा, बल्कि वे एक साथी समुदाय के साथ भी सक्रिय रूप से मिलकर नगर के विकास में योगदान करने का संकल्प लिया।

## कुल्लू में दिव्यांगता शिविर 30 को

**कुल्लू।** कुल्लू जिला के क्षेत्रीय अस्पताल में आगामी 30 दिसंबर को दिव्यांगता दिवस का आयोजन होने जा रहा है। बुधवार को इस शिविर के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए अधीक्षक क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू डॉ. नरेश चंद ने बताया कि क्षेत्रीय अस्पताल कुल्लू में 30 नवंबर 2023 को दिव्यांगता शिविर का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने बताया कि दिव्यांगता शिविर के दौरान मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. कल्याण सिंह ठाकुर, डॉ. नेहा वर्मा, डॉ. नीतीश कुमार, हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ. संतुष्ट शर्मा, डॉ. अभिषेक बदान व डॉ. अशोक कुमार, आंख, नाक, गला रोग विशेषज्ञ डॉ. सुमित, शल्य चिकित्सा विशेषज्ञ डॉ. कमल दता, नेत्र विशेषज्ञ डॉ. ऋचा शर्मा सहित शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. रबलीन कौर शिविर में आने वाले दिव्यांगनों को अपनी सेवाएं देंगे।



डॉ. नरेश चंद।

## ‘संफू’ आमजनों को जागरूक करने का माध्यम : हिमदल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

सांफिया फाउंडेशन द्वारा नेचर पार्क मौहल में दिव्यांगता पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान आमजनों और पार्क में आए अभिभावकों को जागरूक किया गया। सांफिया फाउंडेशन के कार्यक्रम प्रबंधक बीजू जंर जानकारी देते हुए बताया कि फाउंडेशन की ओर से संफू के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाता है, संफू जागरूकता का एक माध्यम है, जिसके तहत भीड़भाड़ वाले इलाकों एवं बाजारों में लोगों को दिव्यांगता के बारे में जागरूक किया जाता है।

इसी कड़ी में बुधवार को सांफिया फाउंडेशन की समावेशी टीम नें नेचर पार्क मौहल में घुमने आए आम जनों को जागरूक किया। उन्होंने बताया कि इस दौरान सांफिया फाउंडेशन का समावेशी योद्धा जिसे संफू का नाम दिया है उसके माध्यम से बच्चों तथा अभिभावकों का ध्यान केंद्रित करने के चलाया गया, जो वास्तव में बच्चों के पसंदीदा कार्टून डोरेमोउन का डम्मी है। इस दौरान सांफिया फाउंडेशन की तरफ से धनेश्वरी ठाकुर, सन्नी, अमन एवं श्रवण आदि मौजूद रहे।





नेचर पार्क मौहल में दिव्यांगता पर आधारित जागरूकता कार्यक्रम के दौरान सांफिया फाउंडेशन के सदस्य।

## आह्वान — केलांग में बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की 51वीं त्रैमासिक बैठक

# पात्र लोगों को प्राथमिकता के आधार पर प्रदान करें ऋण : संकल्प गौतम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

स्टैट बैंक ऑफ इंडिया के सौजन्य से बैंकों की जिला स्तरीय समीक्षा समिति की 51वीं त्रैमासिक बैठक केलांग में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता सहायक आयुक्त जिला लाहौल-स्पीति संकल्प गौतम ने की। बैठक की अध्यक्षता करते हुए कहा कि जिला लाहौल-स्पीति की भौगोलिक परिस्थितियों को देखते हुए यहां के बैंकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। ऐसे सामाजिक परिवेश में सरकार की कल्याणकारी नीतियों को अमलीजामा पहनाने में बैंकों की अहम भूमिका रहती है।

उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों से अपने-अपने विभागों की योजनाओं के बारे में भी जनता को अवगत करवाने तथा कार्यांवयन करवाने पर भी जोर दिया। बैठक की अध्यक्षता करते हुए सहायक आयुक्त ने बताया कि जिला के विभिन्न बैंकों के माध्यम से वर्ष 2024-25 में जिला लाहौल-स्पीति के लिए 144.10 करोड़ का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बैठक में उपस्थित सभी बैंक अधिकारियों से आग्रह किया है कि हमें इन लक्ष्यों को पूरा करने के लिए जोर देना होगा। सहायक आयुक्त ने आवेदन करने वाले पात्र लोगों को प्राथमिकता के आधार पर ऋण प्रदान करें ताकि जिले के लोग विभिन्न ऋण योजनाओं से लाभान्वित हो सके साथ ही वर्ष, 2024-25 के लिए वार्षिक ऋण योजना की निर्धारित लक्ष्यों को समय पर प्राप्त कर सकें। इस अवसर पर नाबार्ड के डीडीएम ऋषभ सिंह ठाकुर ने बताया कि जिले में दो आदिवासी परियोजना चल रही है जिसमें त्रिलोकीनाथ शकोली तांदी तथा मडग्रा पंचायतों के नाबार्ड परियोजना के तहत कृषि ऋण के लिए 400 किसानों को लाभ दिया जा रहा है। इस वर्ष मयाड बैली में 200 किसानों के लिए परियोजनाओं को चलाया जाएगा। त्रिलोकनाथ में नाबार्ड के तहत स्वयं सहायता समूह महिलाओं के लिए ग्रामीण मार्ट की सुविधा दी गई है साथ ही साथ लाहौल के 150 महिलाओं को जीबी पंत संस्थान के साथ मिलकर सीबकथॉन उत्पाद के बारे में प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



बैठक के दौरान ऋण योजना का विमोचन करते हुए सहायक आयुक्त संकल्प गौतम व अन्य अधिकारी।

इस अवसर पर सहायक आयुक्त ने संभाव्यतायुक्त ऋण योजना 2024-25 विमोचन किया गया। बैठक के दौरान जिला स्तरीय तकनीकी समिति कांगड़ा बैंक द्वारा जिला लाहौल स्पीति में राज्य वितमान कृषि ऋण के लिए 2024-25 के किसानों तथा बागवानों तथा पशुपालकों के वित्तमानों का निर्धारण किया गया। इस अवसर पर जिला आग्रणी बैंक प्रबंधक नोरबू छेरिंग ने वार्षिक ऋण योजना के बारे विभिन्न बैंकों को निर्धारित की गई लक्ष्यों के बारे विस्तृत जानकारी दी। इस अवसर पर जिले के वन मंडल अधिकारी अनिकेत वानवे उपनिदेशक पशुपालन विभाग अमिताभ ठाकुर कृषि अधिकारी गगन प्रदीप सहित विभिन्न बैंक के अधिकारी उपस्थित थे।

# बैडमिंटन कोर्ट का काम शुरू

## घेराव की चेतावनी के बाद हरकत में आए भटवाड़ के पंचायत प्रतिनिधि

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

युवक मंडल भटवाड़ की चेतावनी के बाद पंचायत प्रतिनिधियों ने राजकीय प्राथमिक पाठशाला भटवाड़ में बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया है। युवक मंडल भटवाड़ ने बीते रविवार को बैठक कर एक हफ्ते में बैडमिंटन कोर्ट का काम शुरू न करने पर पंचायत का घेराव करने का अल्टीमेटम दिया था।

घेराव की खबर को अनंत ज्ञान समाचार पत्र ने प्रमुखता से उठाया, जिसके बाद ग्राम पंचायत रोपाधर के प्रतिनिधियों में हड़कंप मच गया और खबर छपते ही बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण का कार्य शुरू कर दिया। बता दें कि बीते तीन साल से बैडमिंटन कोर्ट न बनाए जाने को लेकर युवक मंडल भटवाड़ ने कड़ा संज्ञान लिया था और अल्टीमेटम


राजकीय प्राथमिक पाठशाला में बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण कार्य में जुटे लोग।

देते हुए चेताया कि अगर एक हफ्ते के भीतर बैडमिंटन कोर्ट का काम शुरू नहीं किया गया, तो वे पंचायत प्रतिनिधियों का घेराव करने को विवश होंगे, जिसकी सारी जिम्मेदारी पंचायत की होगी। गौर हो कि विकास खंड द्रंग की ग्राम पंचायत रोपाधर के प्रतिनिधियों की लापरवाही का खामियाजा भटवाड़ वार्ड के नौनिहालों को भुगतना पड़ रहा था। हालांकि युवक मंडल भटवाड़ व स्कूल प्रबंधन समिति ने पंचायत प्रतिनिधियों को कई बार बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करने को लेकर अवगत करवाया गया, लेकिन करीब तीन साल तक पंचायत प्रतिनिधियों ने कोई कार्रवाई नहीं की।

### विधायक ने दिए हैं एक लाख रुपए

स्थानीय विधायक प्रकाश राणा ने करीब तीन साल पहले लोगों की मांग पर राजकीय प्राथमिक पाठशाला भटवाड़ में बैडमिंटन कोर्ट के निर्माण के लिए एक लाख रुपए स्वीकृत किए हैं, लेकिन खेद की बात यह है कि पंचायत प्रतिनिधि तीन साल में भी बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण करवाने में नाकाम रहे हैं। कोर्ट का निर्माण जल्द करवाने को लेकर स्कूल प्रबंधन समिति व युवक मंडल द्वारा कई बार पंचायत प्रतिनिधियों को अवगत करवाया गया, लेकिन पंचायत प्रतिनिधि तीन साल में भी बैडमिंटन कोर्ट का निर्माण नहीं करवा पाए हैं, जिससे युवक मंडल सहित स्थानीय लोगों में पंचायत प्रतिनिधियों के खिलाफ भारी रोष था।

## शिशु मृत्यु दर में गिरावट दर्ज

**मंडी।** गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाओं के कारण नवजात व शिशु मृत्यु दर में गिरावट दर्ज की गई है। यह जानकारी मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी डॉ. नरेंद्र भारद्वाज ने नवजात व शिशु मृत्यु समीक्षा विषय पर दो दिवसीय प्रशिक्षण शिविर की अध्यक्षता करते हुए दी। उन्होंने बताया कि मृत्यु दर को और कम करने के लिए राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के माध्यम से कई कार्यक्रम व प्रशिक्षण शिविर आयोजित किए जा रहे हैं। प्रशिक्षण शिविर का आयोजन मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय के सभागार मुख्य चिकित्सा अधिकारी में किया गया। कार्यशाला में मुख्य प्रशिक्षक डॉ. दिनेश ठाकुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी व डॉ. अनुराधा शर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि वर्ष 2014 के स्वास्थ्य सर्वेक्षण में प्रति 1000 जीवित जन्म पर 30 शिशुओं की मृत्यु हो जाती थी जिसे सन 2030 तक 12 तक लाने का प्रयास किया जा रहा है।

## अब लोकसभा चुनाव के लिए तैयार रहें कार्यकर्ता


भाजपा महिला मोर्चा की बैठक के दौरान मौजूद महिलाएं।

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

जोगिंद्रनगर उपमंडल के वन विश्राम गृह चौंतड़ा में महिला मोर्चा की बैठक हुई। बैठक में मंडी जिला भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष सीमा शर्मा ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत की व विशेष अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक प्रकाश राणा ने शिरकत की। इस मौके पर प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य रीमा राणा भी उपस्थित रही। कार्यक्रम का आगाज स्थानीय महिला मोर्चा की अध्यक्ष अंजना शर्मा ने मुख्यातिथि को पुष्प गुच्छ और टोपी भेंटकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि अब लोकसभा के चुनाव नजदीक आ रहे हैं, इसलिए मोदी सरकार की नीतियों को लोगों के बीच ले जाना है। इस मौके पर भाजपा महिला मोर्चा की दोनों महामंत्री आशा ठाकुर व अंजना शर्मा, उपाध्यक्ष कमला, सचिव मंजू बंसल, कार्यालय सचिव सोहनी शर्मा, जिला उपाध्यक्ष बीना शर्मा, उपाध्यक्ष बबली देवी, मीरा, कोषाध्यक्ष भावना, मीडिया प्रभारी प्रोमिला, वरिष्ठ कार्यकर्ता कुंती ठाकुर व पूर्व प्रधान तलकेहड़ पंचायत कमलेश कुमारी, इत्यादि उपस्थित रही।

## पूरे देश में बैलेट पेपर से हो चुनाव

**मंडी।** सदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता व कांग्रेस नेता एनके पंडित ने ईवीएम पर सवाल उठाने के साथ भाजपा पर कई आरोप लगाए हैं। पंडित ने कहा कि ईवीएम बीजेपी की सत्ता की चाबी है। मंडी सदर ब्लॉक कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता एनके पंडित ने सभी राजनीतिक पार्टियों से अपील की है कि वे ईवीएम से चुनाव न लड़ने का ऐलान करें। इसके लिए इंडिया गठबंधन की सभी 28 पार्टियों ने तो एक प्रस्ताव पास कर चुनाव आयोग को दिया है। उन्होंने कहा कि देश की जनता जानती है कि चुनाव आयोग तो केंद्र सरकार के इशारे पर नाचता है। ऐसे में चुनाव आयोग से कोई उम्मीद नहीं की जा सकती। एनके पंडित ने आगामी लोकसभा और विधानसभा चुनाव पूरे देश में ईवीएम से नहीं बैलेट पेपर से करवाने की चुनौती केंद्र की मोदी सरकार को दी है। एनके पंडित ने कहा कि भाजपा हिमाचल में गारंटी को लेकर अनाप-शनाप बयान देकर अपने अस्तित्व की लड़ाई लड़ रही है।

# दो करोड़ की धनराशि से विकास कार्यों को दी जाएगी गति

## नगर परिषद सुंदरनगर की मासिक बैठक में लिया फैसला

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

नगर परिषद सुंदरनगर में दो करोड़ की धनराशि से विकास कार्यों को गति दी जाएगी। नगर परिषद के अध्यक्ष जितेंद्र शर्मा ने कहा कि नगर परिषद सुंदरनगर की मासिक बैठक बुधवार को समस्त पार्षदों की मौजूदगी में हुई। बैठक में पार्षदों द्वारा करवाए गए विभिन्न विकास कार्यों की जानकारी सदन में रखी गई। इसके साथ लंबित पड़े कार्यों को जल्द पूरा किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि नगर परिषद की बैठक में लोक निर्माण और विद्युत विभाग की ओर से क्षेत्र के कार्यों में आ रही समस्याओं पर चर्चा की। जितेंद्र शर्मा ने कहा कि बैठक में नगर परिषद क्षेत्र के तहत स्वच्छता को लेकर लोगों की सहभागिता अधिक से अधिक सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। क्षेत्र में चल

- नगर परिषद ने हासिल की गृहकर की 75 फीसदी राशि
- कहा- लंबित पड़े काम भी जल्द किए जाएंगे पूरे

रहे विकास कार्यों की देखरेख संबंधित पार्षदों और लोगों द्वारा की जाएगी। इससे नगर परिषद द्वारा कार्य की गुणवत्ता को लेकर उचित कदम उठाए जा सकते हैं। वहीं कार्य कर रहे ठेकेदारों को भी कार्य का स्तर उचित रखने की हिदायत दी गई है।

जितेंद्र शर्मा ने कहा कि नगर परिषद सुंदरनगर ने गृह कर को लेकर एक बड़ी उपलब्धि हासिल की है। इसके तहत नगर परिषद ने लोगों से बकाया राशि का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा प्राप्त कर लिया है। उन्होंने कहा कि नगर परिषद सुंदरनगर गृह कर की बची हुए राशि को वसूलने के लिए भविष्य में कार्य किया जा रहा है।

### किराये की बकाया राशि के लिए नोटिस जारी किए

जितेंद्र शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के तहत परिषद की दुकानों के किराये की बकाया राशि के भुगतान को लेकर नोटिस जारी किए गए हैं। उन्होंने कहा कि बीबीएमबी से बकाया राशि को लेकर प्रबंधन से संपर्क किया गया है। बीबीएमबी प्रबंधन द्वारा बकाया राशि के भुगतान को लेकर आश्वासन दिया गया है। इसके साथ नगर परिषद क्षेत्र में बीबीएमबी द्वारा कार्य करवाने के लिए सहमति जताई गई है।

## एसवीएम बालीचौकी ने मनाया वार्षिकोत्सव

**बालीचौकी।** सरस्वती विद्या मंदिर उच्च पाठशाला बालीचौकी ने वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह धूमधाम से मनाया। समारोह की मुख्यातिथि भारतीय किसान संघ की प्रांत अध्यक्ष ममता शर्मा रही। मुख्यातिथि ने इस अवसर पर छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि सरस्वती विद्या मंदिर बालीचौकी क्षेत्र के बच्चों को न केवल संस्कारित शिक्षा दे रहा है, बल्कि पाठशाला में पढ़ने वाले छात्रों को संस्कृति से जोड़ने का भी प्रयास करता है। इस अवसर पर पाठशाला के प्रधानाचार्य गुलाब सिंह ने पाठशाला की वार्षिक रिपोर्ट पेश की। सरस्वती विद्या मंदिर संस्थान के प्रबंध निदेशक महेंद्र सिंह ठाकुर ने समारोह में उपस्थित मुख्यातिथि व समस्त अभिभावकों का संस्थान को सहयोग देने के लिए आभार जताया। इस अवसर पर पाठशाला के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी पेश किए। मुख्यातिथि ने विभिन्न क्षेत्रों में शानदार प्रदर्शन करने के लिए पाठशाला के मेधावी छात्र-छात्राओं को सम्मानित किया।

**कार्यक्रम** छोटी काशी में भगवान दत्तात्रेय महोत्सव की धूम

# गणपति पूजन के साथ अखंड दीप स्थापित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

श्री दत्तात्रेय जयंती के उपलक्ष्य पर छोटी काशी पुरानी मंडी में दत्तात्रेय महोत्सव का आयोजन किया गया। बता दें कि दत्तात्रेय जयंती प्रतिवर्ष मार्गशीर्ष माह की पूर्णिमा को मनाई जाती है। कार्यक्रम संयोजक महंत राजेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि गणपति पूजन के साथ कलश स्थापना सहित अखंड दीप की स्थापना भी की गई। दोपहर बाद भगवान दत्तात्रेय की पालकी मंदिर से शुरू होकर कार्यक्रम स्थल तक पहुंची, जहां भगवान दत्तात्रेय की पूजा-अर्चना की गई। ध्वजा पताका सहित भगवान दत्तात्रेय की पालकी संग ढोल-नगाड़े व नरसिंगे आदि वाद्ययंत्रों से छोटी काशी गुंजायमान हो गई। उन्होंने बताया कि दत्तात्रेय महाभिषेक और सहस्त्रार्चन पूजन व समस्त मंडी वासियों के लिए भंडारे का आयोजन किया। भगवान दत्तात्रेय राजोपचार पूजन, गुरुचरित्र


श्री दत्तात्रेय जयंती के उपलक्ष्य पर पालकी में दत्तात्रेय भगवान।

पाठ व प्राकटा उत्सव का भी आयोजन किया जाएगा। भगवान दत्तात्रेय के तीन सिर और छह भुजाएं हैं। इनके भीतर ब्रह्मा, विष्णु तथा महेश तीनों का ही संयुक्त रूप से अंश मौजूद है। इस दिन दत्तात्रेय के बाल रूप की पूजा की जाती है। मान्यता अनुसार दतात्रेय का जन्म मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा को प्रदोषकाल में हुआ था। श्रीमद्भागवत ग्रंथों के अनुसार दत्तात्रेय ने चौबीस गुरुओं से शिक्षा प्राप्त की थी। भगवान दत्त के नाम पर दत्त संप्रदाय का उदय हुआ। दक्षिण भारत में इनके अनेक प्रसिद्ध मंदिर भी है। मार्गशीर्ष मास की पूर्णिमा को भगवान दत्तात्रेय के निमित व्रत एवं उनके दर्शन-पूजन करने से सभी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

### भगवान रूप में होती है पूजा

महत राजेश्वरानंद सरस्वती ने बताया कि केवल भगवान दत्तात्रेय ही विष्णु के ऐसे अवतार हैं, जिनकी गुरु और भगवान के रूप में पूजा होती है। दक्षिण भारत की तर्ज पर पालकी उत्सव मनाया गया। भगवान दत्तात्रेय के साथ चार कुत्ते, वेद और गाय धरती माता का प्रतीक है। जब पाप इतना बढ़ गया कि धरती फटने लगी तो धरती गाय का रूप धारण कर भगवान विष्णु के पास पहुंची और पाप का नाश करने की प्रार्थना की।

## हर हाथ अनंत ज्ञान


केंद्र पाल सिंह दुकानदार घंटाघर बेदी शू-हाउस दुकान नंबर 116 दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


महेश कुमार अनंत राम एंड सन्स दुकान नंबर 25 दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


चौहाटा बाजार में इलेक्ट्रीशियन जगदीश दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ने का आनंद लेते हुए।


चौहटा बाजार में रोहित सनातनी दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


टांकरी लिपि प्रशिक्षण केंद्र मंडी में पारुल अरोड़ा दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते का आनंद लेते हुए।


निर्मल प्रिंटिंग प्रेस के निदेशक शांति स्वरूप शर्मा व उनकी पत्नी खुशबू शर्मा अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


ज्योत्सना हांडा, अध्यक्ष रानी अमृत कौर कन्या वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।


संतोष कुमार, महासचिव विजय हाई स्कूल ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन अनंत ज्ञान पढ़ने का आनंद लेते हुए।


मंडी की पल्लवी कपूर दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।


मंडी के दिनेश गुप्ता दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


नीरज शर्मा इंडियन नेशनल ट्रस्ट फॉर आर्ट एंड कल्चर हेरिटेज दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ती हुई।


मंडी बस अड्डे पर चडयारा के फागणु राम दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान का अवलोकन करते हुए।


पंजाब नेशनल बैंक से रिटायर्ड मैनेजर राजीव वैद्य दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


मंडी बस अड्डे पर एचपीएमसी के जूस बार पर अनंत ज्ञान दैनिक समाचार पत्र पढ़ता एक पाठक।


महेश पुरी ऑर्नामेंट्स मंडी दैनिक समाचार पत्र अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


पड्डल में सब्जी विक्रेता राकेश कुमार अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


लडभड़ोल में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते स्थानीय हॉकर राकेश।


लडभड़ोल में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते स्थानीय निवासी राजेश और सुनील।


व्यापार मंडल लडभड़ोल के प्रधान सुरेंद्र सोनी अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


लडभड़ोल में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते अध्यापक गफूर खान।


मंडी के अजय सहगल अपने दोस्तों के साथ अनंत ज्ञान न्यूज पेपर पढ़ते हुए।


कांग्रेस पार्टी कमेटी के सचिव जीवन ठाकुर अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।


गोहर उपमंडल की पिंकी ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।


एसडीएम कार्यालय जोगिंद्रनगर में श्याम लाल अनंत ज्ञान न्यूज पेपर पढ़ते हुए।


प्रसिद्ध कलाकार, निर्देशक, लेखक व साहित्यकार अमर स्नेह अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


गोहर के रिंकू अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


गोहर की प्रेरणा ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ती हुई।


ग्राम पंचायत खणी के पूर्व प्रधान एवं प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य भागीरथ शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


विश्व हिंदू परिषद के जिला उपाध्यक्ष दीपक शर्मा अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।


व्यापार मंडल बालीचौकी के अध्यक्ष यशवंत शर्मा अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।


ग्राम पंचायत बालीचौकी के पूर्व उपप्रधान बलदेव राज अनंत ज्ञान पढ़ते हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### सीएमओ कार्यालय में मिलेगी लिफ्ट की सुविधा

**मंडी।** मंडी जिला के दूसरे सबसे बड़े स्वास्थ्य संस्थान जोनल अस्पताल मंडी के मुख्य चिकित्सा अधिकारी परिसर में नई लिफ्ट की सुविधा मिलने जा रही है। करीब 20 लाख की लागत से इस लिफ्ट को यहां लगाया जाएगा। लिफ्ट के लिए प्रदेश सरकार से मंजूरी मिलने के बाद सामान भी यहां पहुंच चुका है। इससे पहले जोनल अस्पताल के एमएस भवन, सर्जिकल, ऑर्थो व ऑपरेशन थिएटर भवन, एमसीएच भवनों में लिफ्ट सुविधा है। केवल सीएमओ कार्यालय भवन बिना लिफ्ट से चल रहा था। हालांकि करीब 40 वर्ष पूर्व बने इस भवन के शुरू होने पर यहां लिफ्ट सुविधा थी, जोकि खराब होने पर बंद कर दी गई थी। वहीं इस बारे में मुख्य चिकित्सा अधिकारी मंडी ने बताया कि ईसीजी कक्ष को ऑर्थो ओपीडी के समीप स्थानांतरित कर यहां करीब 20 लाख की लागत से लिफ्ट सुविधा शुरू की जाएगी। टेंडर प्रक्रिया पूरी होने के बाद सामान भी यहां पहुंच गया है। इसी हफ्ते से कंपनी काम शुरू कर देगी।

### एहजु स्कूल ने मनाया वार्षिक समारोह

**जोगिंद्रनगर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला एहजु में मंगलवार को वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान मुख्यातिथि के रूप में अंतरराष्ट्रीय धावक स्वर्ण पदक विजेता सावन बरवाल ने शिरकत की। इस मौके पर उनके साथ उनकी माता विशेष रूप से उपस्थित रही। इस दौरान सबसे पहले विद्यालय की प्रधानाचार्य मीना राठौड़, उपप्रधानाचार्य बुद्धि सिंह ठाकुर व सभी अध्यापकों द्वारा मुख्यातिथि का स्वागत किया गया। इस मौके पर विद्यालय की प्रधानाचार्य मीना राठौर ने सावन बरवाल को शॉल, टोपी व स्मृति चिन्ह भेंट किया। इस दौरान विद्यार्थियों द्वारा रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। अंत में सभी मेधावी विद्यार्थियों को मुख्यातिथि ने पुरस्कार बांटे।

### हिम फ्लावर स्कूल में रक्तदान शिविर

**लडभड़ोल।** हिम युवा जन कल्याण संगठन व समर्पण ब्लड डोनर संस्था की ओर से बुधवार को स्वास्थ्य विभाग टीम टांडा मेडिकल कॉलेज के मार्गदर्शन में हिम फ्लावर पब्लिक स्कूल लड़भडोल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। रक्तदान शिविर हिम युवा जन कल्याण संगठन के सदस्य विशाल उपाध्याय के बेटे अथर्व शर्मा के जन्मदिन के उपलक्ष्य में आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्यातिथि के तौर पर सिविल इंजीनियर एवं समाजसेवी दीपक, सरकाघाट की समाजसेविका पूजा ठाकुर व दिनेश भाटिया ने विशेष अतिथि के रूप में शिरकत की। मुख्य अतिथियों ने शिविर में आए लोगों को प्रशस्ति पत्र और मोमेंटो देकर सम्मानित भी किया। 58 लोगों ने इस रक्तदान शिविर में भाग लिया। समर्पण ब्लड डोनर संस्था के अध्यक्ष सनवीर ठाकुर ने बताया कि लडभड़ोल में तीसरी बार रक्तदान शिविर लगाया गया है। इस मौके पर एक्स आर्मी कै. चुनी लाल, बेटियां फाउंडेशन के अध्यक्ष त्रिलोकनाथ, अशोक गौतम, भरत रोजला, समर्पण ब्लड डोनर संस्था के अध्यक्ष सनवीर कुमार और राजकुमार, राजेश कुमार, हिम युवा जन कल्याण संगठन के सदस्य विशाल उपाध्याय, विकास उपाध्याय आदि मौजूद रहे।

### डॉ. चरणजीत परमार को दी श्रद्धांजलि

**मंडी।** सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी में कैमिस्ट्री विभाग एवं बॉटनी विभाग द्वारा कृषि विज्ञानी एवं फल वैज्ञानिक डॉ. चरणजीत परमार को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत पुष्पांजलि अर्पण के साथ की गई उसके उपरांत दो मिनट का मौन रखा गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता आचार्य अनुपमा सिंह प्रति कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी ने की तथा अनिल शर्मा ओल्ड स्टूडेंट एसोसिएशन विजय स्कूल को मुख्यातिथि के रूप में सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में आचार्य अनुपमा सिंह ने डॉ. चरणजीत परमार के कार्यों की सराहना करते हुए कहा कि डॉ. चरणजीत परमार ऐसी व्यक्ति थे, जो मुसीबतों से कभी भी हार नहीं मानते थे। कार्यक्रम में डॉ. तारा सिंह और डॉ. सुमन लता ने अपने शोध पत्र पढ़े।

### रखोटा स्कूल के होनहार नवाजे

**सरकाघाट।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला रखोटा में वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इसमें मुख्य अतिथि के रूप में पवन ठाकुर महासचिव प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने शिरकत की। इस अवसर पर प्रधानाचार्य प्रवीन गुलेरिया ने स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट पढ़ी। पवन ठाकुर ने स्कूल के होनहारों को इनाम बांटे। स्कूल के छात्रों ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए। मुख्यातिथि ने लोगों से आग्रह किया कि वे अपने बच्चों को सरकारी स्कूलों में पढ़ाएं। इस मौके पर स्कूल स्टाफ, स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य, अभिभावक और स्थानीय पंचायत प्रधान सुरेश ठाकुर, केडी शर्मा, डॉक्टर बीडी शर्मा व प्रकाश ठाकुर, कश्मीर सिंह, पुष्प राज, राम लाल, सोमा देवी, संसार ठाकुर, प्रेम सुख, राकेश, गुरदेव, राजिंद्र इत्यादि मौजूद रहे।

### टारना में नौनिहालों ने खूब जमाया रंग

**मंडी।** बाल विकास परियोजना के तहत कार्यरत आंगनबाड़ी केंद्र टारना में बुधवार को वार्षिक समारोह का आयोजन किया गया जिसमें नौनिहालों ने अपने सांस्कृतिक कार्यक्रम से खूब रंग जमाया। इस मौके पर स्वास्थ्य विभाग से सेवानिवृत्त शम्मी देवी, पुलिस विभाग से सेवानिवृत्त निरीक्षक रामकृष्ण कौंडल व बाल विकास परियोजना की पर्यवेक्षिका लता ने मुख्य मेहमान के तौर पर भाग लिया। टारना आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता ने बताया कि यह कार्यक्रम दो घंटे तक चला। छोटे बच्चों ने अपने रंगारंग कार्यक्रम से खूब प्रभावित किया।


### अंक ज्योतिष के हिसाब से 2024 आध्यात्मिक व भौतिक का वर्ष, भूकंप और प्राकृतिक आपदा का बना रहेगा खतरा, काफी लोगों को मिलेगा न्याय

# देश में युवा वर्ग ला सकता है क्रांति, हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक उथल-पुथल के संकेत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



पंडित शशि पाल डोगरा, अध्यक्ष वशिष्ठ ज्योतिष सदन




जैसे ही हम नए साल यानी 2024 का स्वागत करने के लिए तैयार होते हैं, वैसे ही हम आने वाले समय के बारे में मार्गदर्शन प्राप्त करने के लिए अंकशास्त्र जैसी प्राचीन शास्त्रों पर नजर डालते हैं। आने वाला वर्ष कैसा रहेगा? अंक ज्योतिष के गणना के मुताबिक किस अंक के लिए कौन सा कार्य उचित होगा वशिष्ठ ज्योतिष सदन के अध्यक्ष पंडित शशि पाल डोगरा-अंकशास्त्र के अनुसार 2024 एक अविश्वसनीय रूप से शक्तिशाली वर्ष होगा।

2024 की अंक ज्योतिष प्राप्त करने के लिए, जिसे हम सार्वभौमिक वर्ष संख्या भी कहते हैं। वर्ष के अंकों को जोड़कर जो अंक प्राप्त होता है, उसी अंक का प्रभाव वर्ष भर रहता है। साल 2024 जिसका जोड़ 2+0+2+4= 8 अंक जो शनि का अंक है। पंडित डोगरा ने कहा कि शनि जो न्याय का कारक है जो ग्रह न्यायाधीश के पद पर विराजमान है। जो हमेशा ही न्याय करने का प्रयास करता है। शनि दंडाधिकारी है अगर कोई भी किसी भी प्रकार का अनुचित कार्य करता है, तो शनि महाराज उसे दंड देते हैं। शनि के दो रूप हैं आध्यात्मिक और भौतिक, पहले रूप में शनि धार्मिक विश्वास व कर्तव्य को दर्शाता है, वहीं दूसरा रूप विद्रोह अनुशासनहीनता संकट व क्रांति का रूप है। अंक ज्योतिष के हिसाब से 2024 का वर्ष आध्यात्मिक व भौतिक का वर्ष होगा। इस वर्ष में भूकंप और प्राकृतिक आपदा का खतरा बना रहेगा। अंक 8 नेतृत्व, समृद्धि और सफलता की संख्या है। पंडित डोगरा ने बताया कि कई आध्यात्मिक स्थानों में, आठ अनंत प्रतीक का भी प्रतिनिधित्व करता है, जो हमें लगातार दोहराए जाने वाले चक्रों के बजाय कर्म पूरा करने के लिए कहता है।

भारत (भारत 2+8+1+9+1+2 =23 =2+3= 5) अंक जो बुद्ध का अंक है और 8 अंक का मित्र अंक है। शुभ संकेत देता है। देश के अंदर युवा क्रांति ला सकता है। 2024 में लोकसभा का चुनाव होना है, जिसमें युवाओं को एक जबरदस्त मौका मिलना है। बहुत से नेताओं के सपने चूर होने हैं। जो किसी भी पार्टी में टिकट की आस में होंगे। भाजपा का 1 अंक बनता है, जो कि सूर्य का अंक है। सूर्य सत्ता का कारक है और शनि का शत्रु है। अगर भाजपा भारत के नाम से चुनाव लड़ती है, तो देश में पुन: स्थापित हो सकती है। अगर इंडिया के नाम से चुनाव लड़ेगी तो राह कठिन हो सकती है। जहां देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का मूलांक 8 ही है, जो शनि का अंक है। जहां अपने ही अंक पर आना शुभ संकेत है, वहीं द्विजन्मा योग भी बनाता है। स्वास्थ्य का ध्यान रखना होगा। शत्रु झूठा आरोप लगा सकते हैं और छवि को खराब करने की कोशिश करेंगे। वहीं, कांग्रेस का 8 अंक बनता है। जो शनि का अंक है। साल 2024 का भी 8 अंक ही बनता है। अपने ही अंक पर आने से जहां कांग्रेस लाभ ले सकती है, परंतु गठबंधन इंडिया (9+5+4+9+1= 28= 2+8=10=1+0=1 अंक बनता है, जो सूर्य का अंक है, जो शनि का शत्रु अंक है, जिसके कारण आपसी विरोध देगा। 2+2 चंद्र के अंक व 4 अंक राहु के मेल से बना हुआ ये 8 अंक बुद्धि को भ्रमित करेगा व वाणी पर संयम नहीं रहेगा और सत्ता में उच्च पद के लिए झगड़ा होगा, जिसका नुकसान भुगतना पड़ेगा। प्रदेश की बात करें तो राज्य का 9 अंक बनता है, जो मंगल का अंक है। 9 अंक मंगल 8 अंक शनि का शत्रु अंक है, जिसके कारण 2024 में हिमाचल प्रदेश में राजनीतिक उथल-पुथल के संकेत देती है।

## क्या कहती है अंक गणना

**2024 का वर्ष 1, 2, 7 व 9 अंक वालों के लिए शुभ नहीं है, यह किसी परेशानी में डाल देगा। वहीं 3, 4, 5, 6 व 8 के लिए शुभ है।**

### मूलांक 1 (1, 10, 19, 28

सूर्य से प्रभावित होते हैं। इस साल थोड़ा सावधान होकर काम करें। पार्टनरशिप से थोड़ा दूर रहें किसी से बिना वजह उलझे नहीं। किसी से ज्यादा उम्मीद न रखें। इस साल आप जो भी कर रहे हैं सावधान होकर करें। स्वास्थ्य का ज्यादा ध्यान रखें।
**उपाय:** हरे रंग का उपयोग ज्यादा करें।

### मूलांक 2

**2, 11, 20, 29 :** यह लोग चंद्र से प्रभावित होते हैं। साल 2024 में आपकी ऐंगजाइटी या मूड स्विंग हो सकते हैं। इस साल अपने ज्यादा भावुक न हों। आपकी अंतरात्मा जो कह रही है उसे सुनें। उन लोगों से मिलें, जो आपको खुशी दें।
**उपाय:** प्रकृति से जुड़ें और संभव हो तो सबकी सामर्थ्य अनुसार सेवा करें।

### मूलांक-3 (3, 12, 21, 30)

गुरु से प्रभावित होने वाला अंक, आपको मेहनत वाला काम करना पड़ सकता है। आपकी मेहनत का आपको अच्छा फल प्राप्त होगा। कुछ भी बोलने से पहले कई बातों को सोचें। अनुभवी लोगों से सलाह लें। इस साल आप पर ईश्वर की कृपा भी बनी रहेगी।
**उपाय:** गुरु से जुड़े या आध्यात्मिक जगह जाकर कोई शारीरिक श्रम करें।

### मूलांक 4 (4, 13, 22, 31)

यह लोग राहु से प्रभावित होते हैं। इस साल आपको एक चीज पर केंद्र करना है, ताकि आप उसे पा सकें। यदि आप धैर्य और संयम के साथ काम करते हैं, तो आपको सफलता जरूर मिलेगी। **उपाय:** इस साल जरूरतमंद लोगों की हर महीने कुछ न कुछ मदद करें।

### मूलांक (5 5, 14, 23)

बुध के प्रभाव में यह लोग होते हैं। इस साल लोग आपकी बातचीत से प्रभावित होंगे। इस साल धैर्यपूर्वक होकर काम करें। आप अपने काम की जिम्मेदारियां लें, तो आपके लिए अच्छा रहेगा।
**उपाय:** गरीब बच्चों को मुफ्त में पढ़ाने का प्रयास करें।

### मूलांक 6 (6, 15, 24)

यह लोग शुक्र से प्रभावित होते हैं। अपने अंदर सेवा भाव और विनम्रता लाएं। आप जहां भी जाएंगे लोग आपसे जुड़ना चाहेंगे। अपनी विशिष्ट पहचान विकसित करने में प्रभावी होंगे। **उपाय:** घर की जिम्मेदारी को सेवा भाव से करें।

### मूलांक 7 (7, 16, 25)

केतु के प्रभाव से लोग जुड़े होते हैं। अपने मन के प्रति कर्मठता लाएं। इस वर्ष आपको तरक्की मिलेगी। किसी से कोई अपेक्षा न रखें। शॉर्टकट मत लीजिए। इस वर्ष आप अपनी जिम्मेदारियों का भली-भांति निर्वहन करने में सफल रहेंगे। सामान्य तौर पर साल अच्छे परिणाम देने की कोशिश करेगा।
**उपाय:** एमेथिस्ट क्रिस्टल धारण करें।

### मूलांक 8 (8, 17, 26)

शनि के प्रभाव से लोग जुड़े होते हैं। साल 2024 आपके रुके हुए काम को पूरा करवाएगा। अपने काम को डिटेल से करेंगे, तो आपको सफलता मिलेगी। किसी की आलोचना करने से बचें। व्यर्थ की बातों और तथ्यहीन बातों से दूर रहना ही उचित रहेगा।
**उपाय:** आप कहीं भी सेवा करें।

### मूलांक 9 (9, 18, 27)

यह लोग मंगल के प्रभाव से होते हैं। बोलने से पहले सोचें। इस साल आपके कामों में कुछ धीमापन देखने को मिल सकता है। धैर्य के साथ किया गया काम अच्छे परिणाम भी देना चाहेगा। **उपाय:** तीखा खाने से परहेज करें, बड़े बुजुर्गों की सेवा करें।

## न्यूज ब्रीफ

### अक्षत कलश 30 को गगरेट में देगा दस्तक

**गगरेट।** श्री राम जन्मभूमि अयोध्या में बने भव्य राम मंदिर के 22 जनवरी को आयोजित किए जा रहे प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण विधानसभा क्षेत्र गगरेट के भी गांव-गांव में पहुंचेगा। अयोध्या से आए निमंत्रण के अक्षत लेकर राम भक्त 30 दिसंबर को शोभायात्रा निकालेंगे और अक्षत कलश के साथ गांव-गांव शोभायात्रा निकालकर प्राण प्रतिष्ठा समारोह का निमंत्रण देंगे। राम मंदिर के प्राण प्रतिष्ठा समारोह का लोगों में किस कद्र क्रेज है, इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इसके लिए बकायदा शोभायात्रा निकालने की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। बाबा गरीब दास जी मवा कहोलां वालों के सानिध्य में 30 दिसंबर सुबह आठ बजे मां छिन्नमस्तिका धाम हरवाल से शोभायात्रा शुरू होगी, जो कि विधानसभा क्षेत्र गगरेट के हर गांव तक पहुंचेगी और इसका समापन भी मां छिन्नमस्तिका धाम हरवाल में ही होगा।

### विश्वकर्मा योजना हस्तशिल्पियों के लिए वरदान

**गगरेट।** प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना हस्तशिल्पियों के लिए वरदान साबित हो सकती है। इसमें बीस प्रकार के ट्रेड में कार्य करने वाले हस्तशिल्पियों को ट्रेनिंग भी उपलब्ध होगी, तो ट्रेनिंग के दौरान पांच सौ रुपए प्रतिदिन भत्ता भी मिलेगा। यही नहीं बल्कि पंद्रह हजार रुपए एडवांस किट खरीदने को मिलेंगे, तो तीन फेज में ऋण प्राप्त करने का प्रावधान है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना ग्रामीण अर्थव्यवस्था को नए पंख दे सकती है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के लिए दर्जी, धोबी, माला मेकर, मोची, मूर्तिकार, कुम्हार, सुनार, लोहार व राज मिस्त्री सहित बीस प्रकार के शिल्पकारों को शामिल किया गया है।

### देश में वयस्कों को बीसीजी के लगेंगे टीके

**गगरेट।** वर्ष 2025 तक देश को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य लेकर चली केंद्र सरकार की ओर से अब तपेदिक के खिलाफ टीकाकरण अभियान चलाया जा रहा है। यह पहली मर्तबा है जब टीवी को हराने के लिए देश में वयस्कों को भी बीसीजी के टीके लगेंगे। इसे लेकर खंड स्तर पर तैयारियां शुरू हो चुकी हैं। पंद्रह जनवरी से इस अभियान को शुरू करने से पहले इन दिनों सिविल अस्पताल गगरेट में आशा वर्कर्स को ट्रेनिंग दी जा रही है। जो घर-घर जाकर पहले चरण में विशेष वर्ग के लोगों का चयन बीसीजी टीकाकरण के लिए करेंगी।

### कॉलेज परिसर में चलाया स्वच्छता अभियान

**बंगाणा।** अटल बिहारी वाजपेयी राजकीय महाविद्यालय बंगाणा में एकदिवसीय शिविर का आयोजन किया गया। इस दौरान स्वयंसेवियों ने योगा ड्रिल किया। दूसरे सत्र में स्वयंसेवियों ने कॉलेज परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया। स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय परिसर की सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद एक इंटरैक्टिव सेशन रखा गया। इसमें हाल ही में आयोजित राज्य स्तरीय मेगा कैंप गए एनएसएस के कैप्टन विशाल सोनी और कामना ने अपने अनुभव साझा किया।

### पंचायतों में नशे के खिलाफ होगी स्टिकर जंग

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विधानसभा क्षेत्र के थानाकलां में नशा मुक्त अभियान के तहत जिला परिषद के उपाध्यक्ष कृष्ण पाल शर्मा ने थानाकलां महिला मंडल व आगनबाड़ी कार्यकर्ताओं से हर घर दस्तक अभियान की शुरुआत की। कृष्ण पाल शर्मा ने कहा कि नशा मुक्त भारत, नशा मुक्त समाज अभियान में हर प्रतिनिधि की सहभागिता जरूरी है। समाज को नशा मुक्त बनाने के लिए हर व्यक्ति बेझिझक होकर अभियान से जुड़े। नशा मुक्त अभियान में उपमंडल बंगाणा की हर पंचायत में जनता का सहयोग बहुत मिल रहा है। लोग अब खुलकर नशे के खिलाफ जन आंदोलन चलाने की बात कर रहे हैं। कोई भी नशा कर रहा है, उसकी शिकायत नशा मुक्त ऊना अभियान के हेल्पलाइन पर कर रहे हैं, जिससे अब नशे के जाल में फंसे मरीजों का इलाज होना संभव हो रहा है।

### छात्रों ने ओपन रेसलिंग में चमकाया नाम



वशिष्ट पब्लिक स्कूल के प्रबंधकों के साथ विजेता प्रतिभागी।

**ऊना।** प्रदेश रेसलिंग एसोसिएशन के तत्वाधान में स्टूडेंट्स की एक दिवसीय ओपन रेसलिंग प्रतियोगिता करवाई गई, जिसमें प्रदेश के विभिन्न जिलों के बच्चों ने भाग लिया। इसमें स्थानीय वशिष्ट पब्लिक स्कूल के बच्चों ने उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। कक्षा आठवीं की मंशा शर्मा ने अंडर-15 वर्ग में भार 66 किलो में स्वर्ण पदक हासिल किया तथा आठवीं कक्षा के हरजिंदर सिंह अटवाल ने अंडर-15 वर्ग में भार 75 किलो में रजत पदक हासिल किया। आगामी दिनों में राष्ट्रीय स्तर पर होने वाली रेसलिंग प्रतियोगिता में इन दोनों बच्चों का चयन हुआ है।

### टेबलेट मेधावी छात्रों की सफलता की कुंजी



अंब स्कूल में टैबलेट प्राप्त करने वाले मेधावी छात्र विधायक के साथ।

**अंब।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल अंब में मेधावी स्टूडेंट्स को टेबलेट वितरित किए गए। बुधवार को आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्यातिथि पहुंचे विधायक चिंतपूर्णी सुदर्शन सिंह बबलू ने इसे प्रदेश सरकार की बड़ी उपलब्धि बताया। टेबलेट मेधावी छात्रों की सफलता की कुंजी हैं, इस कुंजी का सदुपयोग करके छात्र अपने भविष्य का निर्माण कर सकते हैं। उन्होंने चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के तहत आने वाले 259 स्टूडेंट्स को टैबलेट वितरित किए और उन्हें टैबलेट मिलने पर बधाई दी। साथ ही उन्होंने शिक्षा की गुणात्मकता व सुधार पर अपने विचार प्रकट किए।

# देहलां में एचआरटीसी व कैंटर की टक्कर परिचालक घायल,18 सवारियां सुरक्षित

## मैहतपुर पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई की शुरू

**अनंत ज्ञान, मैहतपुर**



देहला में भिड़ी बस और कैंटर का दृश्य

देहलां गांव में मंगलवार देर रात हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस को कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में बस का परिचालक घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे के समय बस में 18 यात्री सवार थे, लेकिन राहत की बात यह रही कि किसी भी यात्री को चोट नहीं आई। मैहतपुर पुलिस ने कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार मंगलवार देर रात परवाणू से धर्मशाला जा रही हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस (एचपी 68-5163), जैसे ही देहलां गांव पहुंची, तो उसी साइड से आ रहे कैंटर (एचपी 20 जी-7879) ने टक्कर मार दी। हादसे के समय बस में 18 सवारियां यात्रा कर रही थीं, लेकिन राहत की बात यह रही कि हादसे में सभी यात्री सुरक्षित हैं, जबकि हादसे के समय बसे की अगली सीट पर बैठे परिचालक मनोज कुमार पुत्र स्वर्गीय विशन दास निवासी गोपालपुर तहसील पालमपुर जिला कांगड़ा घायल हो गया, जिसे उपचार के लिए क्षेत्रीय अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। हादसे की सूचना मिलते ही मैहतपुर पुलिस थाना की टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने हादसे के संबंध में कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। बस के चालक कर्म सिंह पुत्र देशराज निवासी ठंगर तहसील जवाली जिला कांगड़ा ने बताया कि कैंटर चालक ने लापरवाही से सड़क में गलत दिशा से आया, जिसे देखकर उसने बस को रोक लिया, लेकिन कैंटर की रफ्तार तेज रफ्तार में होने के कारण कैंटर ने बस को टक्कर मार दी। हादसे में बस व कैंटर गाड़ी का काफी नुकसान हुआ है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि देहलां में हिमाचल पथ परिवहन निगम की बस को कैंटर ने टक्कर मार दी। हादसे में बस का परिचालक घायल हो गया। पुलिस ने हादसे के संबंध में कैंटर चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

## कार की टक्कर से दो बाइक सवार घायल

**अंब।** नंदपुर गांव में सड़क हादसे में कार की टक्कर से बाइक सवार दो लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें उपचार के लिए अंब अस्पताल में भर्ती करवाया गया है, पुलिस ने हादसे के संबंध में कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार सीरत पुत्री सुरजीत सिंह निवासी धमेटा, तहसील फतेहपुर जिला कांगड़ा मंगलवार को अपने दोस्त के साथ बाइक पर चंडीगढ़ से अपने घर जा रही थी, तो जब यह नंदपुर के पास पहुचें तो सामने से आ रही कार ने गलत दिशा में आकर बाइक को टक्कर मार दी, जिससे इन दोनों को काफी चोटें आई हैं। अंब पुलिस ने हादसे में घायल सीरत की शिकायत पर आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज किया है। एसपी अर्जित सेन ठाकुर ने बताया कि नंदपुर में सड़क हादसे में दो लोग घायल हुए हैं। पुलिस ने आरोपी कार चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है।

## हर हाथ अनंत ज्ञान



हरोली उपमंडल की सिंगा पंचायत के उपप्रधान भरत भूषण अनंत ज्ञान



सिंगा पंचायत के वार्ड चार से पंच राकेश राणा अनंत ज्ञान समाचार पत्र का अवलोकन करते हुए।



चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के गांव अणु में हमारे पाठक सुमित ठाकुर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



उपमंडल अंब के बाजार में भाजयुमो के साहिल शर्मा व कपीश अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।

## देवेंद्र ने पुन: संभाला कार्यभार

**अनंत ज्ञान, ऊना**




शिक्षा उपनिदेशक देवेंद्र चंदेल का स्वागत करते शिक्षक संघ के सदस्य

सेवानिवृत्त हुए शिक्षा उपनिदेशक देवेंद्र चंदेल को प्रदेश सरकार ने उन्हें सेवा विस्तार दिया है। सेवा विस्तार मिलने के बाद देवेंद्र चंदेल ने आज बुधवार को यहां उपनिदेशक कार्यालय पहुंच कर पदभार संभाला।

इस मौके पर विभिन्न खंडों के शिक्षक संघ के पदाधिकारियों व सदस्यों ने उनका स्वागत किया। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के प्रधान राकेश चंद्र शर्मा, महासचिव सतिंद्र मिंहास, खंड जोल के प्रधान महेश कुमार, राजेंद्र कुमार, संदीप कुमार, विजय पटियाल, खंड ऊना के प्रधान कपिल शर्मा, विनोद कुमार तथा महेश शारदा, खंड अंब के प्रधान जगदेव सिंह जग्गी, जिला प्राथमिक शिक्षक संघ के कैशियर जगमोहन सिंह, राज्य कार्यकारिणी से सुभाष सैनी, केशव सिंह, खंड गगरेट वन से कुलदीप कांग, शोभा गुलेरिया, गुरदीप सिंह, राजेश कुमार, खंड हरोली के प्रधान विजय शर्मा, विनोद कुमार, संदेश कुमार, हंसराज, संजय धीमान, अश्विनी मल्होत्रा, खंड बंगाणा के प्रधान वीरेंद्र सिंह, महासचिव किशोरी लाल शर्मा विशेष रूप से उपस्थित हुए। शिक्षक संघ के सदस्यों ने शिक्षा उपनिदेशक को गुलदस्ता देकर दोबारा पदभार संभालने पर उनका स्वागत किया। संघ ने कहा कि देवेंद्र चंदेल के कामों को देखते हुए प्रदेश सरकार ने उनके कार्यकाल को बढ़ाया है। जिला प्राथमिक शिक्षक संघ सरकार का भी बहुत-बहुत आभारी है। हमारे ऐसे ऑफिसर को हमारे बीच द्वारा लेकर आए हैं।

## कुटलैहड़ में स्कूल भवनों के जीर्णोद्धार को धन स्वीकृत

**अनंत ज्ञान, बंगाणा**



कुटलैहड़ क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के भवनों की मरम्मत के लिए विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टो के प्रयासों से लाखों की धन राशि स्वीकृत हुई है। इसके तहत आधा दर्जन प्राथमिक व वरिष्ठ माध्यमिक स्कूलों के भवन के जीर्णोद्धार के लिए धन स्वीकृत हुआ है।

कुटलैहड़ की आधा दर्जन पंचायतों में संपर्क मार्गों के लिए 40 लाख से अधिक की धनराशि हर पंचायत के लिए स्वीकृत हुई है। कुटलैहड़ कांग्रेस अध्यक्ष राम आसरा शर्मा व महासचिव प्रवीण पादा ने बताया कि विधायक देवेंद्र कुमार भुट्टों ने क्षेत्र के सभी सरकारी और गैर सरकारी स्कूल के प्रिंसिपल व हेडमास्टरों से बैठक कर स्कूलों में आ रही समस्याओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

प्रथम चरण में विधायक ने कुटलैहड़ के आधा दर्जन स्कूलों के भवनों के जीर्णोद्धार के लिए करीब 19.70 लाख की धनराशि मुहैया करवाई है। कुटलैहड़ में गांवों को सड़क सुविधा प्रदान करने के लिए आधा दर्जन पंचायतों के लिए 40 लाख उपलब्ध करवाया है। इस संबंध में विधायक देवेंद्र भुट्टो ने कहा कि कुटलैहड़ की जनता की सेवा मेरा परम धर्म है।

**आंदोलन** प्रदेश के हर गांव में प्रतिष्ठा आंदोलन अभियान चलाया जाएगा : सतीश शर्मा

# गो माता प्रतिष्ठा आंदोलन पहुंचा हिमाचल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, ऊना**



गोरक्षा के राष्ट्रीय अध्यक्ष के साथ बैठक में भाग लेते हिमाचल के प्रतिनिधि।

गौ रक्षा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सतीश शर्मा ने बताया कि चारों पीठों के पूज्य जगतगुरु शंकराचार्यों व देश के प्रतिष्ठित पूज्य संत महापुरुषों द्वारा गो माता, राष्ट्र माता प्रतिष्ठा आंदोलन के तत्वाधान में गौ संसद से भारत के सभी प्रदेशों के लिए गौ दूतों की नियुक्ति हुई।

प्रदेश के प्रत्येक क्षेत्र में गांव प्रतिष्ठा आंदोलन अभियान का वातावरण निर्माण करने चारों पीठों के पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य व राष्ट्र के प्रतिष्ठित संत महापुरुष और प्रधान पीठों के आचार्यों का आदेश तथा इस कार्य की सफलता का दायित्व हमें प्राप्त हुआ। प्रदेश के सभी प्रतिष्ठित संत महापुरुषों के सनातनियों को पूज्य शंकराचार्यों के अनुसार एकजुट होकर को प्रतिष्ठा आंदोलन को संपूर्ण देश में गति प्रदान करना है। चार जनवरी को वृंदावन में सभी प्रदेशों के गो भक्तों की एक विशेष गौ सभा होगी, जिसमें आंदोलन के विभिन्न पहलुओं को स्पष्ट देते हुए कमर कसी जाएगी। गौ प्रतिष्ठा आंदोलन के लोगों का प्रतिनिधिमंडल महामहिम राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, गृहमंत्री और विभिन्न प्रदेशों के मुख्यमंत्री से जाकर मिलेंगे और इससे भी अगर काम नहीं हुआ, तो फिर छह फरवरी को प्रयागराज तीर्थ में एक गोसंसद का आयोजन होगा, जिसमें देश भर के सभी संसदीय क्षेत्र से एक-एक को प्रतिनिधि मनोनीत होकर उसको संसार में सम्मिलित होगा और देश की जनता की ओर से प्रस्ताव पारित करेगा।

इस अवसर पर संत दीपक, गोरक्षा दल के संयोजक एसडी वशिष्ठ, अध्यक्ष डीडी राणा, महासचिव आतिश राजदेव, पुष्पेंद्र कुमार, चंद्र शेखर, राजीव और पीयूष सहित संगठन के अन्य कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

# खुले में 300 मीटर के अंदर लंगर लगाने पर रहेगा प्रतिबंध

**अनंत ज्ञान, चिंतपूर्णी**

**प्रशासन की अनुमति से ही लंगर लगाया जा सकता है**

छिन्नमस्तिका धाम माता चिंतपूर्णी नव वर्ष मेला एक दिसंबर से लेकर एक जनवरी, 2024 तक मनाया जा रहा है।

इस दो दिवसीय मेले के दौरान भारी संख्या में जुटने वाली श्रद्धालुओं की भीड़ की सुरक्षा, सेहत और सार्वजनिक शांति के साथ-साथ कानून एवं व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला दंडाधिकारी ऊना राघव शर्मा ने दंड प्रक्रिया संहिता की धारा 144 के तहत निहित शक्तियों का प्रयोग करते हुए आवश्यक आदेश जारी किए हैं। इन आदेशों के माध्यम से जिला दंडाधिकारी ने बताया कि मेले के दौरान कानून एवं व्यवस्था में तैनात जवानों को छोड़कर किसी भी व्यक्ति की ओर से जिले में आग्नेय शस्त्र लेकर चलने पर पूर्ण पाबंदी रहेगी। उपायुक्त राघव शर्मा ने बताया कि नव वर्ष मेले के दौरान ध्वनि प्रदूषण को रोकने के लिए मंदिर न्यास को छोड़कर अन्यों की ओर से लाऊड स्पीकर के इस्तेमाल करने पर पूर्ण मनाही रहेगी। इसके अतिरिक्त ब्रास बैंड, ड्रम, लंबे चिम्टे इत्यादि के लाने पर भी पूर्ण पाबंदी रहेगी। यदि कोई व्यक्ति इन वस्तुओं को अपने साथ लाता है, तो उन्हें पुलिस की ओर से स्थापित बैरियर पर ही जमा करवाना होगा। साथ ही इस दौरान पॉलीथिन के इस्तेमाल पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। जिला दंडाधिकारी ने कहा कि सड़क के किनारे और खुले में लंगर 300 मीटर के दायरे में लगाने पर भी प्रतिबंध रहेगा। केवल प्रशासन की अनुमति से ही लंगर लगाया जा सकता है तथा सड़क किनारे लंगर लगाने पर भी प्रतिबंधित रहेगा।

# राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज में एक सप्ताह से ऑक्सीजन प्लांट खराब

## सिलेंडरों से हो रही है सप्लाई, वार्डों में हो रही है दिक्कत, एक बेड पर दो-दो मरीज

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज में एक तरफ सर्दी, जुकाम और खांसी के मरीजों की तादाद में लगातार इजाफा हो रहा है, तो दूसरी ओर दाखिल मरीजों के वार्डों में ऑक्सीजन की डायरेक्ट सप्लाई रुक जाने से दिक्कतें पेश कर रही है। कारण यह है कि ऑक्सीजन प्लांट पिछले एक सप्ताह से तकनीकी खामी का शिकार है। इसलिए रात के समय जिन मरीजों को ऑक्सीजन के सहारे छोड़ जा रहा है। उनकी तो दिक्कत है ही, स्टाफ को भी समस्या का सामना करना पड़ रहा है।



मेडिकल कॉलेज हमीरपुर की बिल्डिंग।

अस्पताल के भीतर लगभग सभी वार्डों में ऑक्सीजन के प्लांट से डायरेक्ट सप्लाई हरेक बेड पर सुनिश्चित की गई है। उसका सिस्टम ऐसा बनाया गया है, ताकि सिलेंडर की जरूरत ही न पड़े। डायरेक्ट सप्लाई क्योंकि पाइपलाइन के साथ जुड़ी होती है और इसमें न ही तो स्टाफ को दिक्कत रहती है और न ही डॉक्टर के लिए कोई और समस्या खड़ी हो पाती है, लेकिन अब क्योंकि पाइपलाइन की सीधी सप्लाई बंद है। ऐसे में सिलेंडर कब खत्म हो जाए या कहीं सिलेंडर की सप्लाई ठीक से मरीज तक न पहुंच पा रही हो, इससे भी कई तरह के किंतु-परंतु लग रहे हैं। वैसे भी बड़ी तादाद में जब मरीज इन दिनों सर्दी-जुकाम और खांसी के दाखिल हो रहे हों, तो डायरेक्ट सप्लाई से काफी सहूलियत रहती है। इसकी कमी पिछले एक सप्ताह से खल रही है। (अनंत ज्ञान)

### ऑक्सीजन प्लांट में आई तकनीकी खामी

**सूत्रों** के मुताबिक जिस ऑक्सीजन प्लांट में तकनीकी खामी आई है। उसे एक सप्ताह पहले दुरुस्त किया गया था, लेकिन पेमेंट की किसी वजह से यह काम अटका पड़ा है। संबंधित कंपनी के ठेकेदार ने पेमेंट नहीं होने तक इसे दुरुस्त करने से मन कर दिया है। दरअसल में ऑक्सीजन प्लांट का कंप्रेसर भी किसी तकनीकी खामी का शिकार है, इसीलिए ऑक्सीजन प्लांट को फिलहाल बंद रखा गया है, ताकि कोई बड़ा लफड़ा पैदा न हो जाए।

### सभी वार्डों में एक बेड पर दो-दो मरीज

**मेडिकल** वार्ड के फीमेल और मेल दोनों वार्डों में इस प्लांट से पाइपलाइन के जरिए सप्लाई रहती है, वहीं पर सबसे बड़ी दिक्कत है। इमरजेंसी के लिए अलग से एक प्लांट है, लेकिन असल समस्या तो फीमेल और मेल मेडिकल वार्डों में ही है। जहां एक-एक बेड पर दो-दो मरीज लेट गए हैं। इन्हीं की सुविधा के लिए यह डायरेक्ट सप्लाई सहूलिया देती है।

> **थोड़ी-सी** तकनीकी खराबी है, उसे बहुत जल्दी दुरुस्त करवा दिया जाएगा। वैसे भी ऑक्सीजन के गैस सिलेंडरों की कमी नहीं है। फिलहाल उनसे कम चलाया जा रहा है, लेकिन जो तकनीकी खराबी आई है, उसे जल्दी ठीक करवाया जाएगा।
>
> -डॉ. अनिल वर्मा, मेडिकल सुपरिंटेंडेंट

# 83 युवाओं ने किए ई-टैक्सी खरीदने के लिए आवेदन

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

ई-टैक्सी खरीदने के लिए युवाओं में खूब क्रेज देखा जा रहा है, इसका अंदाजा इस बात से ही लगाया जा सकता है कि हमीरपुर जिला में ही 83 युवाओं ने ई-टैक्सी खरीदने के लिए परिवहन विभाग के पोर्टल पर आवेदन कर दिया है। प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 20 नवंबर को ई-टैक्सी खरीदने के लिए पोर्टल का शुभारंभ किया था। इसके तहत प्रदेश भर के युवा आवेदन करने में लगे हुए थे। ई-टैक्सी के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि 20 दिसंबर रखी गई थी। अब उसे बढ़ाकर पांच जनवरी कर दिया गया है।

बता दें कि प्रदेश सरकार ने राजीव गांधी स्वरोजगार स्टार्ट अप योजना के तहत ई-टैक्सी योजना राज्य में शुरू की है। पहले चरण में ई-टैक्सी के लिए प्रदेश भर में 500 परमिट जारी किए जा रहे हैं तथा आने वाले समय में मांग के आधार पर परमिट की संख्या बढ़ाई जाएगी। राज्य सरकार ई-टैक्सी की खरीद के लिए युवाओं को 50 प्रतिशत सब्सिडी भी प्रदान कर रही है, जो श्रम एवं रोजगार विभाग के माध्यम से प्रदान की जाएगी। इस योजना का लाभ उठाने के लिए युवाओं को परिवहन विभाग की बेवसाइट पर आवेदन करना पड़ेगा। आवेदन करने की न्यूनतम आयु लगभग 23 वर्ष तथा गाड़ी चलाने का अनुभव सात साल तक होना चाहिए और जो अंडर मैट्रिक है उनका 10 साल का एक्सपीरियंस अनिवार्य है। बोनाफाइड हिमाचली युवक ही इस योजना का लाभ उठा सकते हैं और लाभार्थी युवक को ई-टैक्सी स्वयं चलानी होगी। यही नहीं एक परिवार से एक ही व्यक्ति ही इस योजना का लाभ उठा सकता है। सभी औपचारिकताओं को पूरा करने के साथ ही आवेदक को परिवहन विभाग के ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से अनुमति के लिए आवेदन करना होगा। आवेदनों की जांच एवं लाभार्थी का चयन आरटीओ स्तर की कमेटी जिला स्तर पर करेगी। युवाओं को आय के निश्चित साधन उपलब्ध करवाने के लिए चरणबद्ध तरीके से सरकारी विभागों, स्थानीय प्राधिकरणों, स्वायत्त निकायों, बोर्ड, निगम व सरकारी उपक्रमों को ई-टैक्सी उपलब्ध करवाई जाएगी। ई-टैक्सी को चार श्रेणियों में बांटा गया है। जिसके आधार पर मासिक किराए की दरें तय कर दी गई हैं। यही नहीं जिन सरकारी विभागो को ई-टैक्सी की आवश्यकता होगी, उन्हें पोर्टल पर अपनी मांग अपलोड करने के लिए यूजर आईडी और पासवर्ड दिया जाएगा। ई-वाहनों की चार्जिंग के लिए आधारभूत ढ़ाचा तैयार किया जा रहा है, ताकि ई-टैक्सियों को चार्जिंग के लिए हाई-वे पर पर्याप्त समय मिल सके। (अनंत ज्ञान)



> **ई-टैक्सी** खरीदने के लिए जिला के 83 युवाओं ने आवेदन किया है। प्रदेश भर में सरकार युवाओं को ई-टैक्सी पर 50 फीसदी सब्सिडी मुहैया करवा रही है, ताकि ई-टैक्सी के लिए परमिट जारी हो सकें और उन्हें युवाओं को रोजगार मिल सके।
>
> -अंकुश शर्मा, क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी, हमीरपुर

# सुजानपुर में महिला एवं बाल विकास योजनाओं के सराहनीय परिणाम

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

सुजानपुर में महिला एवं बाल विकास योजनाओं के सराहनीय परिणाम खंड स्तरीय समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम राकेश शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि केवल नौ महीनों में ही प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के लगभग 110 प्रतिशत लक्ष्य हासिल करके सुजानपुर खंड पूरे प्रदेश में अव्वल चल रहा है। पोषण अभियान के तहत नव प्रयोगों एवं गंभीर प्रयासों के चलते यहां गंभीर कुपोषण का स्तर 0.5 प्रतिशत तक तथा मध्यम कुपोषण का स्तर 2.50 प्रतिशत तक सीमित हो गया है। इसी प्रकार 'बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ' योजना के अंतर्गत चलाए गए व्यापक अभियान के कारण बाल लिंगानुपात 954 हो गया है।



बैठक में उपस्थित एसडीएम राकेश व अन्य।

एसडीएम ने कहा कि वित्त वर्ष के दौरान बाल विकास परियोजना सुजानपुर में सक्षम आंगनबाड़ी केंद्र योजना के अंतर्गत 2564 बच्चों एवं 477 गर्भवती एवं धात्री महिलाओं को लाभ पहुंचाया गया है। मुख्यमंत्री कन्यादान योजना की पांच लाभार्थियों को 2.55 लाख रुपए, मुख्यमंत्री शगुन योजना की 16 लाभार्थियों को 4.96 लाख रुपए तथा मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना के अंतर्गत 75 माताओं को 3.23 लाख रुपए की आर्थिक सहायता प्रदान की गई है। बेटी है अनमोल योजना के अंतर्गत 13 बेटियों को 2.73 लाख रुपए की एफडी और 230 बालिकाओं को 2.65 लाख रुपए की छात्रवृत्ति प्रदान की गई है।

# लोक नृत्य प्रतियोगिता के लिए पंजीकरण पांच तक

**हमीरपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग हमीरपुर जिला की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जनवरी मास के दूसरे सप्ताह में जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। जिला भाषा अधिकारी निक्कू राम ने बताया कि इस जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर के सभी पंजीकृत अथवा अपंजीकृत सांस्कृतिक दलों एवं संस्थाओं के अलावा विद्यालय और महाविद्यालय भी भाग ले सकते हैं। इसके लिए पांच जनवरी तक किसी भी कार्य दिवस पर सलासी स्थित जिला भाषा अधिकारी कार्यालय में पंजीकरण करवाया जा सकता है।

पंजीकरण के बाद प्रतियोगिता के समय एवं आयोजन स्थल की अग्रिम सूचना पत्र के माध्यम से विभाग द्वारा दी जाएगी। जिला भाषा अधिकारी ने बताया कि सभी प्रतिभागियों को अपने क्षेत्र की संस्कृति का प्रदर्शन पारंपरिक वेशभूषा एवं वाद्य यंत्रों के साथ करना होगा।

### 'वो दिन' योजना के तहत ताल स्कूल में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

# भाषण प्रतियोगिता में आयुषी प्रथम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

विश्व मासिक धर्म स्वच्छता दिवस के उपलक्ष्य पर बाल विकास परियोजना अधिकारी कार्यालय भोरंज ने 'वो दिन' योजना के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला ताल में स्वास्थ्य विभाग और आयुर्वेद विभाग के सहयोग से एक जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया।

इस अवसर पर आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. चारु शर्मा ने मासिक धर्म और इससे संबंधित विभिन्न सावधानियों के बारे में विस्तृत जानकारी दी। चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमनदीप शर्मा ने स्टूडेंट्स और शिक्षकों को अनीमिया रोग के कारणों, इसके लक्षणों और उपचार के बारे में जागरूक किया। बाल विकास परियोजना अधिकारी ने बच्चों के पहले 1000 दिनों के महत्व और इस दौरान उनके सही पोषण की आवश्यकता से अवगत करवाया। कार्यक्रम के दौरान स्टूडेंट्स के लिए नारा लेखन प्रतियोगिता, पेंटिंग प्रतियोगिता और भाषण प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। भाषण प्रतियोगिता में कक्षा नौवीं की आयुषी पहले, 11वीं कक्षा की अंजली दूसरे और बारहवीं कक्षा की सिमरो तीसरे स्थान पर रही।



ताल स्कूल के स्टूडेंट्स और अध्यापक।

पेंटिंग प्रतियोगिता में ग्यारहवीं कक्षा की ईशा प्रथम, आठवीं कक्षा की तमन्ना द्वितीय और इसी कक्षा की श्रेया तृतीय रही। नारा लेखन प्रतियोगिता में 11वीं कक्षा की आकांक्षा ने पहला, इसी कक्षा की कशिश ने दूसरा और नौवीं कक्षा की राखी पटियाल ने तीसरा स्थान हासिल किया। इन विजेताओं को सामान्य ज्ञान की पुस्तकें और नकद पुरस्कार दिए गए।

## न्यूज ब्रीफ

### जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता जनवरी में

**हमीरपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग हमीरपुर जिले की संस्कृति के संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जनवरी माह के दूसरे सप्ताह में जिला स्तरीय लोकनृत्य प्रतियोगिता का आयोजन करने जा रहा है। इस जिला स्तरीय लोक नृत्य प्रतियोगिता में जिला हमीरपुर के सभी पंजीकृत अथवा अपंजीकृत दल, संस्था, विद्यालय, महाविद्यालय भाग ले सकते हैं। इच्छुक दल, संस्था, विद्यालय, महाविद्यालय पांच जनवरी 2024 तक अपना पंजीकरण जिला भाषा अधिकारी कार्यालय हमीरपुर में किसी भी कार्य दिवस में करवा सकते हैं।

### चुनावी स्कूल के बच्चों को दी ईवीएम की जानकारी

**सुजानपुर।** राजकीय महाविद्यालय सुजानपुर में चुनावी पाठशाला कार्यक्रम के अंतर्गत अध्यापकों, महाविद्यालय के कर्मचारियों तथा स्टूडेंट्स को ईवीएम द्वारा मतदान प्रणाली के संदर्भ में जागरूकता एवं अभ्यास कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में चुनाव विभाग की तरफ से देशराज और संजय सोनी ने ईवीएम द्वारा मतदान की प्रक्रिया के बारे में विस्तार से बताया। स्टूडेंट्स और कर्मचारियों ने व्यक्तिगत रूप से ईवीएम द्वारा मतदान करने का अभ्यास किया गया। इस कार्यक्रम में प्राचार्य डॉक्टर सुरेश ठाकुर ने स्टूडेंट्स को कार्यक्रम के महत्व समझाए। कार्यक्रम में प्रो. वंदना सूद, प्रोफेसर अश्वनी पूरी, डॉ. उमा देवी आदि मौजूद रहे।

### रैल को जोनल पशु चिकित्सालय बनाने की मांग

**बड़ा।** मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के गृह विधानसभा के लोगों ने पशु चिकित्सालय रैल को जोनल पशु चिकित्सालय का दर्जा देने की जोरदार मांग की हैं। पशुपालकों का कहना हैं कि प्रदेश के सभी जिलों में पशुपालकों को अपने पशुओं के उपचार के पशु पॉलीक्लिनिक एवं जोनल पशु चिकित्सालय की सुविधा उपलब्ध है, मात्र जिला हमीरपुर ही प्रदेश का ऐसा जिला है, जहां पशुपालकों को अपने पशुओं के उपचार के लिए न तो पशु पॉलीक्लीनिक की सुविधा हैं और न ही कोई जोनल पशु चिकित्सालय हैं। विडंबना की यह बात हैं कि पशुपालकों को कई बार अपने पशुओं को कई बार गंभीर बीमारी से उपचार करवाने के जिला कांगड़ा के कृषि यूनिवर्सिटी पालमपुर स्थित पशु चिकित्सालय में ले जाना पड़ता है। पशुपालकों ने अपनी इस मांग को एक बार उठाया है, उन्हें यह भी आस बंधी हुई है कि मुख्यमंत्री सुक्खू पशुपालकों की इस मांग को अवश्य पूरा करेंगे।

### बरठीं से 70 वर्षीय बुजुर्ग लापता



**बिझड़ी।** हमीरपुर जिले के सीमांत क्षेत्र बरठीं से 70 वर्षीय ज्ञान चंद सोनी लापता हुए हैं। लापता सोनी का रंग गेंहूआ, कद पांच फीट 10 इंच है। उन्होंने गहरे रंग की जैकेट, टोपी सकार्फ, लोअर और भूरे रंग के जूते पहने हुए हैं। किसी को भी यह व्यक्ति मिले तो कृपया 70181-34490, 70184-11047 पर संपर्क कर सकते हैं। सूचना देने वाले को इनाम दिया जाएगा।

### सरकार की योजनाओं का उठाएं लाभ : शैला

**नादौन।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक शाखा मानपुल द्वारा नावार्ड के सौजन्य से वित्तीय साक्षरता शिविर का आयोजन नादौन की मंझियार पंचायत के गांव चौकी में किया गया, जिसमें 50 से ज्यादा लोगों ने भाग लिया। इस कैंप में शाखा प्रबंधक शैला चंदेल ने महिलाओं से कहा कि वे स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से सरकार की योजनाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने लोगों को बैंक की योजनाएं व सरकार द्वारा चलाई गई स्कीमों, प्रधानमंत्री सुरक्षा बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना अटल पेंशन योजना, स्वयं सहायता समूह आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी। शिविर में बैंक कर्मचारी विकास ठाकुर, नीलम व अन्य गांव वासी मौजूद रहे।

### प्री-प्राइमरी के बच्चों की माताओं के लिए लगाई कार्यशाला

**हमीरपुर।** राजकीय प्राइमरी स्कूल अम्मन में प्री-प्राइमरी के बच्चों की माताओं के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। जानकारी देते हुए स्कूल के हेडमास्टर ने बताया कि इस अवसर पर माताओं के लिए अनेक रोचक गतिविधियां चेयर्स रेस, जलेबी रेस, कविता वचन, गाना व डांस का मुकाबला करवाया गया। इसमें प्रथम, द्वितीय व तृतीय स्थान पर आने वाली माताओं को डायरी, पैन व किट इनाम के तौर पर बांटे गए। अन्य सभी प्रतिभागी माताओं को कॉपी-पेंसिल व किट प्रदान किए गए।

### राष्ट्रीय आविष्कार अभियान पर कार्यक्रम आयोजित

**हमीरपुर।** राजकीय सीनियर सेकेंडरी स्कूल लदरौर में राष्ट्रीय अविष्कार अभियान पर बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रिंसिपल राजकुमारी ने बताया कि इस मौके पर राजकीय कॉलेज सरकाघाट के सहायक प्रोफेसर अरुण शर्मा ने स्टूडेंट्स को विज्ञान के अविष्कारों व नवाचार के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। उन्होंने स्टूडेंट्स को विज्ञान विषय के रोचक तथ्यों की जानकारी रखने के लिए भी प्रेरित किया। इस अवसर पर स्कूल के सभी स्टूडेंट्स व अध्यापक भी उपस्थित रहे।

### राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड के लिए स्टूडेंट्स चयनित

**हमीरपुर।** करियर प्वाइंट यूनिवर्सिटी के भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के चार स्टूडेंटस का राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस परेड 2024 के लिए चयन हुआ है। रोवर स्काउट लीडर डॉ. संजीव कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि चयनित होने वाले स्टूडेंटस में रोवर्स केशव व रेंजर्स के मिक्षा, शानू व ईशिता हैं। यूनिवर्सिटी के तीन रोवर्स और ग्यारह रेंजर्स राज्य प्रशिक्षण केंद्र रिवालसर शिविर में भाग लेने के लिए गए थे। इसमें चयनित होने वाले रोवर्स और रेंजर्स को राज्य स्तरीय गणतंत्र दिवस में 26 जनवरी परेड पे भाग लेने का अवसर मिलेगा। यूनिवर्सिटी प्रशासन व प्रोफेसरों ने चयनित स्टूडेंटस व भारत स्काउट्स एंड गाइड्स के समन्वयक कुंदन लाल को बधाई दी है।

### लोगों को बैंक सुविधाओं की दी जानकारी

**हमीरपुर।** कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक समिति लंबलू ने राष्ट्रीय कृषि एवं ग्रामीण विकास बैंक नावार्ड के सौजन्य से हमीरपुर की ग्राम पंचायत पंधेड के बल्यूट गांव में वित्तीय साक्षरता शिवर का आयोजन किया गया। शिवर के दौरान उपस्थित लोगों को बैंक शाखा अधिकारी सोहन चंद शर्मा ने अटल पेंशन, प्रधानमंत्री बीमा योजना, जीवन ज्योति योजना, केसीसी ऋण, फसल बीमा योजना, एसएचजी व यूपीआई सुविधा की जानकारी दी गई। इस शिवर मे 100 के करीब लोगों ने भाग लिया।





लोगों को जानकारी देते हुए बैंक के अधिकारी।

# विधायक लखनपाल ने धबीरी स्कूल भवन का किया उद्घाटन





विधायक इंद्रदत्त लखनपाल धबीरी स्कूल के भवन का उद्घाटन करते हुए।

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

विधायक इंद्रदत्त लखनपाल ने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला धबीरी में लगभग 90 लाख रुपए की लागत से निर्मित परीक्षा भवन का उद्घाटन किया। उसके बाद वार्षिक पारितोषिक वितरण समारोह में मेधावी स्टूडेंट्स को पुरस्कार वितरित किए।

उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार आने वाले शैक्षणिक सत्र से सरकारी स्कूलों में भी प्रारंभिक स्तर से गणित और साइंस की पढ़ाई अंग्रेजी माध्यम से शुरू करवाने जा रही है, ताकि सरकारी स्कूलों के बच्चे भविष्य में विभिन्न प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकें। इंद्रदत्त लखनपाल ने बताया कि प्रदेश सरकार शैक्षणिक ढांचे में कई अन्य बदलाव भी करने जा रही है, जिससे प्रारंभिक शिक्षा विभाग और उच्चतर शिक्षा विभाग के अधीन सरकारी स्कूलों में उपलब्ध सभी संसाधनों का सदुपयोग सुनिश्चित होगा। शिक्षा की गुणवत्ता में सुधार होगा, धबीरी स्कूल में लगभग 90 लाख रुपए की लागत से निर्मित नए भवन में स्टूडेंट्स को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। बड़सर विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों में कोई कमी नहीं रखी जाएगी। नए बजट में कई नई विकासात्मक परियोजनाएं आरंभ की जाएंगी। इस अवसर पर विधायक ने अपनी निधि से 11 हजार रुपए देने की घोषणा भी की। प्रधानाचार्य अश्वनी शर्मा ने मुख्यातिथि, अन्य अतिथियों तथा स्टूडेंट्स के अभिभावकों का स्वागत किया और स्कूल की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत की। स्कूली बच्चियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश किए। समारोह में प्रदेश कांग्रेस सचिव कृष्ण चौधरी, स्थानीय पंचायत प्रधान रवि ठाकुर, उपप्रधान रमेश चंद व अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे। (अनंत ज्ञान)

# नशे पर इंकलाब संस्था गांव स्तर पर चलाएगी जागरूकता अभियान

**नादौन।** प्रदेश में बढ़ती नशे की समस्या को लेकर इंकलाब संस्था रंगस द्वारा नशे से आजादी जागरूकता अभियान शुरू किया जा रहा है, जिसे गांव स्तर पर चलाया जाएगा। इंकलाब संस्था के नशा मुक्ति जागरूकता अभियान के पोस्टर का अनावरण मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू द्वारा किया था। संस्था के अध्यक्ष पुनीत उप्पल ने बताया कि इंकलाब संस्था के नशे से आजादी अभियान के तहत रक्तदान शिविरों, खेलकूद प्रतियोगिता, भाषण प्रतियोगिता, पोस्टर मेकिंग प्रतियोगिता व ग्राम स्तरीय जागरूकता शिविरों के माध्यम से प्रशासन के साथ मिलकर नशे के खिलाफ अभियान चलाया जाएगा, ताकि युवा पीढ़ी को चिट्टे जैसे खतरनाक नशों से दूर रखा जा सके। युवा पीढ़ी को बचाने, हर नागरिक और अभिभावक को जगाने के लिए इंकलाब संस्था ने नशा मुक्ति जागरूक अभियान नशे से आजादी चलाया है। उन्होंने बताया कि संस्था के सदस्य मुख्यमंत्री से कुछ माह पहले शिमला में भी इस विषय को लेकर मिले थे और मुख्यमंत्री को संस्था के इस अभियान के विषय में अवगत करवाया था और मुख्यमंत्री ने प्रशासन का पूरा सहयोग मिलने की बात कही थी। संस्था ने क्षेत्र कर नागरिकों, युवा पीढ़ी और अभिभावकों से विनम्र अपील है कि इस अभियान से जुड़कर सहयोग करें, ताकि कुछ घरों को नशे से बर्बाद होने से बचाया जा सके। इस मौके पर पुनीत उप्पल, रजत कौशल, एडवोकेट परवीन कौशल, सुभाष पंडित आदि उपस्थित रहे।

# एनआईटी हमीरपुर ने टेबल टेनिस और शतरंज में कमाया नाम





एनआईटी हमीरपुर की विजेता टीमें रजिस्ट्रार के साथ।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, हमीरपुर**

राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर (एनआईटी) ने अंतर-एनआईटी संकाय और कर्मचारी बैडमिंटन, टेबल टेनिस और शतरंज प्रतियोगिता में संस्थान का खूब नाम चमकाया है।

21 से 23 दिसंबर तक मौलाना आजाद राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान (मैनिट) भोपाल में आयोजित प्रतियोगिता में देश भर के 16 से अधिक एनआईटीज ने हिस्सा लिया। कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करते हुए एनआईटी हमीरपुर के संकाय और कर्मचारी सदस्यों ने पदक जीते और खेल कौशल का प्रदर्शन किया। 50 से ऊपर की श्रेणी की टीम स्पर्धा में, एनआईटी हमीरपुर ने बैडमिंटन में स्वर्ण पदक जीता। इलेक्ट्रॉनिक्स और संचार इंजीनियरिंग विभाग के डॉ. मनोरंजन राय भारती ने बैडमिंटन ओपन एकल में स्वर्ण पदक जीता।

डॉ. सुरेंद्र कुमार सोनी ने उसी श्रेणी में कांस्य पदक जीता। डॉ. राजेश कुमार शर्मा ने बैडमिंटन ओपन एकल श्रेणी में कांस्य पदक जीता। टीम मैनेजर डॉ. अशोक कुमार के साथ लगभग बीस संकाय और कर्मचारी सदस्यों ने विभिन्न स्पर्धाओं में भाग लिया। एनआईटी हमीरपुर के निदेशक प्रोफेसर एचएम सूर्यवंशी ने कहा कि हम अंतर-एनआईटी चैंपियनशिप में अपने संकाय और कर्मचारी सदस्यों के उत्कृष्ट प्रदर्शन पर अत्यंत गर्व महसूस कर रहे हैं। एनआईटी की रजिस्ट्रार डॉ. अर्चना ननोटी ने भी टीम को बधाई दी।

# लदरौर स्कूल के बच्चों ने एनआईटी हमीरपुर का किया शैक्षणिक भ्रमण





एनआईटी हमीरपुर में शैक्षणिक भ्रमण के दौरान लदरौर स्कूल के बच्चे।

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज उपमंडल के अधीन आने वाली राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला लदरौर में छठी से आठवीं कक्षा पढ़ने वाले करीब 51 बच्चों ने एकदिवसीय क्षेत्रीय भ्रमण के दौरान राष्ट्रीय प्रौद्योगिकी संस्थान हमीरपुर का दौरा किया। संस्थान के निदेशक एचएएम सूर्यावंशी की अनुमति पर स्कूली बच्चों को रासायन, विद्युत, टेक्निकल व अन्य प्रयोगशालाओं को भ्रमण करवाया गया।

इस दौरान बच्चों ने प्रो. राजीव, प्रो. डॉ. अर्चना संतोष डॉ. जोगिंद्र ने स्कूली बच्चों को वैज्ञानिक गतिविधियों से अवगत करवा तथा वैज्ञानिक सोच के साथ आगे बढ़ने के लिए प्ररित किया। इस दौरान स्कूली बच्चों ने राष्ट्रीय प्रोद्योगिकी संस्थान हमीरपुर परिसर को भी देखा तथा विभिन्न शिक्षप्रद गतिविधियों से ज्ञान हासिल किया। स्कूल प्रधानाचार्य राजकुमारी ने कहा कि बच्चों को अनेक गतिविधियों से जोड़ कर ज्ञानोवृद्धि करने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि बच्चों को एक दिवसीय शैक्षणिक भ्रमण काफी अच्छा रहा है। इससे बच्चों के ज्ञान में वृद्धि हुई है। इस दौरान शैक्षणिक भ्रमण में प्रशिक्षत कला स्नातक जोगिंद्र कुमार, किशोरी लाल, एहसास भाटिया, शशि कला अध्यापक, अनीता कुमारी टीजीटी, कुमारी प्रियंका भी उपस्थित रही।

**सवाल** सीपीडब्ल्यूडी से क्यों छीना 12 करोड़, एक साल से बैंक में जमा, अब कौन खरीदेगा फर्नीचर?

# किसने रुकवाई मेडिकल कॉलेज के फर्नीचर की खरीद

**विक्रम ढटवालिया, जोल-सप्पड़**

जोल-सप्पड़ में निर्माणाधीन राधाकृष्णन मेडिकल कॉलेज अस्पताल में फर्नीचर की खरीद में हो रही देरी पर सवाल उठने लगे हैं। तकरीबन 12 करोड़ की राशि सीपीडब्ल्यूडी के पास होने के बावजूद यह खरीद क्यों और किसने रुकवाई? यही यक्ष प्रश्न मुंह फुलाकर बैठा है।

**आठ महीने पहले शुरू हो जाती मेडिकल कॉलेज परिसर में कक्षाएं**

दरअसल भवन का निर्माण काफी समय पहले मुकम्मल हो चुका है। काम करने वाली एजेंसी सीपीडब्ल्यूडी ने तकरीबन आठ माह पहले फर्नीचर की खरीद का सिलसिला भी शुरू कर दिया था और इसके लिए करीब 50 लाख में खरीद भी करती थी।

मेडिकल कॉलेज में यह भी भीतरी व्यवस्था चलाने वाले महसूस कर रहे थे कि प्रशासनिक ब्लॉक के अलावा अस्पताल का पार्ट भी साथ ही मुकम्मल हो जाए तो एक साथ सारी व्यवस्था हो जाएगी। शायद यह वजह भी रही होगी? लेकिन इससे स्टूडेंट्स का जो बैच पास आउट हो रहा है, उसे फायदा हो जाता। (अनंत ज्ञान)



जोल-सप्पड़ में स्थित मेडिकल कॉलेज के नवनिर्मित प्रशासनिक भवन।

### पैसा क्यों लिया गया वापस

**निर्माण** के साथ ही सीपीडब्ल्यूडी ने फर्नीचर की व्यवस्था भी करनी थी, उसी के पास फर्नीचर का बजट भी तकरीबन 12 करोड़ जमा हो चुका था, अब 50 लाख की जो खरीद हुई है, उसे निकालकर बाकी का तकरीबन 11.30 करोड़ रुपए सीपीडब्ल्यूडी ने फिर से सरकार के खाते में जमा करवा दिया था। इसे काफी समय हो गया है, क्योंकि फर्नीचर की खरीद काफी समय से अधर में लटकी हुई है, इसीलिए यह सवाल पूछा जा रहा है। फर्नीचर की खरीद के लिए सीपीडब्ल्यूडी को मुहैया करवाया गया पैसा क्यों वापस लिया गया यही यक्ष प्रश्न है।

### प्रशिक्षु डॉक्टर्स की भी लगेंगी कक्षाएं

**दरअसल** में निर्माण अधीन परिसर में अकादमिक ब्लॉक का काम काफी समय से मुकम्मल हो चुका है। इसमें प्रिंसिपल ऑफिस के अलावा प्रशिक्षु डॉक्टर्स की कक्षाएं भी लगेंगी। इसी ब्लॉक के लिए यह फर्नीचर खरीदा जाना था। यदि ऐसा समय पर हो जाता है तो हमीरपुर में जिस अफरा-तफरी के माहौल में स्टूडेंट कक्षाएं लग रहे हैं, उस माहौल में बेहतरी हो जाती।

> **अब** सरकार ने मेडिकल कॉरपोरेशन बनाई है। उसी के द्वारा फर्नीचर की खरीद होनी है। वे इस सिलसिले में आज शिमला पहुंचे हैं। 10 से 12 करोड़ का यह पार्ट एमओयू में तो नहीं था। बाद में एड किया गया था। सरकारी खाते में अब यह पैसा है। चार महीने पहले पूरी प्रपोजल बनाकर भेजी गई है। नया फर्नीचर इसी से खरीदा जाएगा।
>
> -डॉ. राकेश भारती, प्रिंसिपल मेडिकल कॉलेज

हर हाथ अनंत ज्ञान



'आप' के प्रवक्ता सुमन प्रजापति बिलासपुर में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए।



जिला बिलासपुर के नम्होल शहर के वीरेंद्र तंवर अनंत ज्ञान समाचार पत्र पढ़ते हुए।



दधोल में अनंत ज्ञान अखबार पढ़ते हुए पाठक।

# हाउसलेस, लैंडलेस के बसाव के लिए दी जाएगी जमीन

## बिलासपुर जिले में उपमंडलवार पीड़ित परिवारों का चयन कर उपयुक्त जमीन की तलाश शुरू

**शुभम राही, बिलासपुर**

हिमाचल में इस बार आई आपदा से हाउसलेस और लैंडलेस हुए पीड़ितों को तीन बिस्वा जमीन उपलब्ध करवाई जाएगी। बिलासपुर जिला में उपमंडलवार ऐसे परिवारों का चयन कर जमीन की तलाश शुरू कर दी गई है। दूसरी ओर प्रशासन ने विशेष राहत पैकेज के तहत जिलेभर में 1162 आपदा पीड़ितों को 8.97 करोड़ रुपए की राशि उनके बैंक अकाउंट में ट्रांसफर कर दी है।

यह राशि तीन किस्तों में मिलेगी। पहली किस्त जारी हो चुकी है,जबकि दूसरी किस्त संबंधित उपमंडल अधिकारी की ओर से भेजी गई डिमांड के आधार पर मिलेगी। सरकार की ओर से विशेष राहत पैकेज में जिला बिलासपुर को 11 करोड़ रुपए का बजट मिला है। 112 पीड़ित ऐसे हैं, जिनके मकानों का नामोनिशान मिट चुका है, लिहाजा हाउसलेस व लैंडलेस को तीन बिस्वा जमीन उपलब्ध करवाने के लिए प्रशासन ने कदमताल शुरू कर दी है। बिलासपुर में आपदा ने जमकर तबाही मचाई,जो कि 1162 आपदा पीड़ितों को बड़े पैमाने पर जख्म दे गई। कई ऐसे परिवार हैं, जिनके सिर पर छत नहीं बची, जबकि कइयों के किचन शेड, गोशाला समेत मकान ध्वस्त हुए। इसके अलावा कई परिवारों को मकान, किचन शेड व गोशाला में आंशिक नुकसान हुआ है। सरकार ने विशेष राहत पैकेज में ग्यारह करोड़ का बजट दिया है।

25 अक्तूबर को यहां बहुउद्देश्यीय सांस्कृतिक परिसर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने इन सभी परिवारों को 1,97,52,000 हजार रुपए की राहत राशि वितरित की, जिन परिवारों के मकान पूरी तरह से ध्वस्त हो चुके हैं, उन्हें सात लाख रुपए की राहत राशि मिलेगी, जिसकी पहली किस्त तीन लाख रुपए जारी हो चुकी है। दूसरी किस्त संबंधित एसडीएम की ओर से डिमांड भेजे जाने के बाद जारी होगी। यह पैसा तीन किस्तों



में दिया जाएगा। उपमंडलवार बात करें तो नयनादेवी उपमंडल में 28 पीड़ितों को 19.10 लाख रुपए की राहत राशि प्रदान की गई है, जबकि झंडूता में 206 पीड़ितों को 1.26 करोड़ बांटे हैं। झंडूता उपमंडल में दो पीड़ित ऐसे हैं, जिनके मकान पूरी तरह से गिर गए हैं।

इसी प्रकार सदर बिलासपुर उपमंडल में 521 पीड़ितों को चार करोड़ आठ लाख पांच हजार रुपए दिए गए हैं और इन पीड़ितों में 46 ऐसे हैं, जिनके मकानों का नामोनिशान मिट चुका है। घुमारवीं उपमंडल में 532 पीड़ितों को चार करोड़ 59 लाख 11 हजार रुपए दिए गए हैं और इस उपमंडल में 64 परिवार ऐसे हैं, जिनके मकान आपदा निगल गई। उधर, उपायुक्त आबिद हुसैन सादिक के अनुसार सभी आपदा पीड़ित परिवारों को विशेष राहत पैकेज के तहत निर्धारित राशि प्रदान कर दी गई है। तीन किस्तों में पैसा दिया जाएगा। जिला बिलासपुर में हाउसलेस व लैंडलेस को तीन बिस्वा जमीन प्रदान की जाएगी, जिसके लिए उपमंडलवार जमीन की तलाश शुरू की गई है। इसके अलावा आपदा पीड़ित 1162 परिवारों को नौ करोड़ रुपए जारी किए हैं। सेकेंड इंस्टॉलमेंट संबंधित एसडीएम की ओर से दी गई डिमांड पर दी जाएगी।

- जिले के 1162 आपदा पीड़ितों को लगभग नौ करोड़ की राहत राशि की जा चुकी है वितरित
- संबंधित उपमंडल अधिकारियों की ओर से भेजी गई डिमांड पर जारी होगी सेकेंड इंस्टॉलमेंट

### यह है इंस्टॉलमेंट जारी करने का प्रोसेस

**विशेष राहत पैकेज** के तहत तीन किस्तों में पीड़ित परिवारों को मकान निर्माण के लिए राशि प्रदान की जाएगी। पहली किस्त के रूप में तीन लाख रुपए संबंधित परिवारों के बैंक अकाउंट में ट्रांसफर हो चुके हैं, जबकि दूसरी किस्त 2.50 लाख रुपए संबंधित एसडीएम की ओर से भेजी जाने वाली डिमांड पर दी जाएगी। इसके अलावा तीसरी किस्त 20 हजार रुपए मिलेगी। यह कुल राशि 5.70 लाख रुपए है, जो कि पीड़ित परिवारों को मिलेगी। इसके अलावा 1.30 लाख रुपए की राशि एसडीआरएफ और एनडीआरएफ नॉर्म्स के तहत केंद्र सरकार की ओर से प्रदान की जाएगी। इस लिहाज से यह कुल राशि सात लाख बनती है। सेकंड इंस्टॉलमेंट के लिए एसडीएम डिमांड देंगे।

### पहली किस्त मिलने के बाद पीड़ितों ने शुरू किया आशियानों का निर्माण

**पहली किस्त** मिलने के बाद हाउसलेस परिवारों ने मकानों का निर्माण शुरू कर दिया है। घुमारवीं के एसडीएम गौरव चौधरी के अनुसार उपमंडल के 64 हाउसलेस परिवार हैं, जिनमें से आधा दर्जन से अधिक परिवार मकानों का निर्माण कर रहे हैं। उन्होंने खुद कई जगह विजिट किया। लोगों को जागरूक किया जा रहा है कि भविष्य में आपदाओं की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए भूकंप रोधी तकनीक पर मकानों का निर्माण किया जाए। कई लोगों ने इस तकनीक का इस्तेमाल करने के लिए हामी भरी है।

### बैंक अकाउंट गलत आ जाने से पैदा हुई समस्या

**जब पहली किस्त** पीड़ितों के बैंक अकाउंट में डाली गई ,तो जिला के 240 पीड़ितों को डाली गई किस्त वापस आ गई। इसके पीछे बैंक प्रबंधन की ओर तर्क दिया गया कि खाता नंबर गलत होने की वजह से समस्या पैदा हुई। इस पर प्रशासन ने वैरिफाई किया और संबंधित लोगों के बैंक अकाउंट पता करवाकर फिर से पैसा जारी किया।

# आपदा राहत राशि वितरण को लेकर त्रिलोक जम्वाल ने खड़े किए सवाल

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सदर के विधायक त्रिलोक जम्वाल ने आपदा राहत राशि वितरण को लेकर सरकार और प्रशासन की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े किए हैं।

उन्होंने कहा कि राहत राशि प्रदान करने में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हो रही है। कई लोगों की शिकायतें मिल रही हैं कि इस मामले में 'पिक एंड चूज' की नीति अपनाई जा रही है। आपदा से वास्तविक रूप में प्रभावित हुए लोगों को दरकिनार करके ऐसे लोगों पर मेहरबानी दिखाई जा रही है, जिनका नुकसान ही नहीं हुआ है। इस तरह की बंदरबांट बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस तरह के मामलों को गंभीरता से लेकर पात्र प्रभावितों को राहत राशि का वितरण सुनिश्चित किया जाए।

# सप्लायर खुद नहीं पीते, लेकिन युवा पीढ़ी को लगा रहे नशे की लत : धर्माणी

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

'घुमारवीं अगेंस्ट चिट्टा' कार्यक्रम के तहत घुमारवीं पंचायत के टकरेड़ा गांव में पंचायत प्रतिनिधियों, वरिष्ठ लोगों, महिलाओं और बच्चों को नशे के खिलाफ जागरूक किया । संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि सप्लायर खुद नहीं पीते हैं और समाज में सफेद पोश बनाकर देश के भविष्य युवा पीढ़ी को नशे की ओर धकेल रहे हैं।

उन्होंने कहा कि हमें इन सफेदपोश नशे के सौदागरों से युवा पीढ़ी को मिलकर बचाना होगा। इस कार्यक्रम में टकरेड़ा की 15 वर्षीय अदिति चंदेल जो कि 11वीं की छात्रा है, ने नशे से दूर रहने के लिए संबोधित करते हुए कहा कि देश की युवा पीढ़ी नशे का शिकार होती जा रही है और नशे के सौदागर अब गांवों तक पहुंच रहे हैं। नशा एक ऐसी चीज है कि बस पांव रखने की देरी है और आप इस दलदल में फंसते चले जाते हैं। नशा करने वाला व्यक्ति जब तक जीता है, अपने परिवार, समाज व देश पर बोझ बनकर ही जीता है।

अदिति चंदेल ने कहा कि पता नहीं हमारे समाज को क्या हो रहा है, शादी, जन्मदिन और अन्य कार्यक्रमों में नशे की तरफ ज्यादा आकर्षित होते हैं। इस कारण दुर्घटनाएं भी बढ़ रही हैं और समारोह भी मातम में बदल रहे हैं, औरतें विधवा हो रही हैं, बहनों का भाई नहीं रह रहा है और मां का बेटा छिन रहा है। इसलिए हम सभी साथ में मिलकर समाज से नशे को बिलकुल खत्म करना है।



टकरेड़ा गांव में नशे के खिलाफ लोगों को जागरूक किया गया।

### ये रहे उपस्थित

इस कार्यक्रम में पंचायत उपप्रधान किशोरी लाल, वार्ड सदस्य अश्वनी, संजीवना, शकुंतला देवी, पूर्व पंचायत उपप्रधान अरविंद महाजन, किसान संघर्ष समिति प्रदेश अध्यक्ष बृजलाल शर्मा, ठाकुरदास, शास्त्री, प्रेमचंद, राम प्रकाश, महिला मंडल प्रधान पुष्पा देवी और बलदेव आदि उपस्थित रहे।

# कल होगा शाम-ए-गजल कार्यक्रम

**बिलासपुर।** भाषा एवं संस्कृति विभाग जिला बिलासपुर के तत्वावधान में 29 दिसंबर को शाम-ए-गजल कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। विभाग के संस्कृति भवन में होने वाले इस कार्यक्रम में जिलाभर के प्रसिद्ध गजल गायक अपनी प्रस्तुति देंगे और दर्शकों का मनोरंजन करेंगे।

जिला भाषा अधिकारी रेवती सैनी ने बताया कि शाम-ए-गजल कार्यक्रम में डॉ. रवि प्रकाश शर्मा, डॉ. मनोहर शर्मा, हिमाचल की आवाज के विजेता गुलशन गर्ग, गायक जावेद इकबाल और सौरभ वर्मा एक से बढ़कर एक गजलें प्रस्तुत करेंगे। इसके अलावा दीपांशु शर्मा तबले पर, संदीप भारद्वाज की-बोर्ड पर, उमेश ठाकुर गिटार पर संगत करेंगे। यह कार्यक्रम शाम छह बजे से शुरू होगा। उन्होंने समस्त लोगों से आग्रह किया है कि इस कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लें।

# सार्वजनिक पुस्तकालय घुमारवीं में आपदा प्रबंधन को लेकर की मॉकड्रिल

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

अग्निशमन विभाग और होम गार्ड विभाग की ओर से संयुक्त रूप से कंपनी कमांडर मदन लाल की अध्यक्षता में सावर्जनिक पुस्तकालय घुमारवीं में मॉकड्रिल आयोजित कर बच्चों को आग से बचाव और आपदा के समय कैसे निपटें, इसकी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम में बच्चों को मॉकड्रिल के माध्यम से अग्नि सुरक्षा और आपदा के समय बचाव के लिए बरते जाने वाले तौर तरीकों की जानकारी दी गई। अग्निशमन कर्मियों ने बच्चों को पहले तो अग्निशमन उपकरणों की जानकारी दी, फिर उन्हें उपकरणों के इस्तेमाल करने का तरीका भी समझाया।

इसके बाद सिलेंडर में लगी आग को बुझाकर दिखाया गया। फायर कर्मी विनय ने बताया कि आग लगने के दौरान उस पर कैसे काबू पाना है और अपने साथ किसी दूसरे को भी कैसे सुरक्षित किया जा सकता है, साथ ही संबंधित फायर स्टेशन को आग लगने की सूचना देनी चाहिए।

इस दौरान बच्चों को बताया गया कि घायल व्यक्ति को कैसे अस्पताल तक पहुंचाना है। इस दौरान उन्होंने बच्चों को स्ट्रेचर बनाना सिखाया गया। इस मौके पर कंपनी कमांडर मदनलाल ने बताया कि अग्निकांड ऐसी आपदा है, जिससे बहुत नुकसान होता है।

आग लगने पर 101 नंबर पर और घायल होने पर 108, आपदा आने पर 1077 पर फोन कर सकते हैं। इस मौके पर प्लाटून कमांडर चमन लाल, फायरमैन विनय गौतम, गृहरक्षक, राकेश कुमार व रोहित चंदेल मौजूद रहे।



मॉकड्रिल के जरिए आपदा से बचने के तरीके बताए गए।

# बस सुविधा तीन माह से बंद

**बिलासपुर।** लंझता गांव के लिए बस सुविधा पिछले तीन माह से बंद है। इस कारण क्षेत्र के सैकड़ों लोगों के साथ स्कूल बच्चों को मुश्किलों का सामना करना पड़ रहा है। पहले सड़क खराब होने के कारण बस नहीं चल रही थी, अब सड़क को दुरुस्त कर दिया गया, लेकिन निगम बस को गंतव्य की ओर नहीं भेज रहा है। लंझता गांववासियों के अनुसार रोजाना सैकड़ों बच्चे शिक्षण संस्थानों को जाते हैं।

लोगों के प्रयास से सड़क को वाहनों के गुजरने लायक बना दिया गया है, लेकिन बस नहीं चल रही है। बेला से सुबह आठ बजे घुमारवीं के लिए जो बस चलती थी, वही शाम को सवा छह बजकर वापस बेला के लिए आती थी। अब बस शाम को लंझता गांव से पीछे लेठवीं में खड़ी कर दी जाती है। आगे लोगों को अपने गंतव्य तक पैदल सफर करना पड़ रहा है। इसलिए इस बस को चलाने का सरकार आदेश जारी करे।

## एडीसी बिलासपुर ने चंगर सेक्टर में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र किया तैयार

# जिले का पहला आंगनबाड़ी केंद्र आधुनिक तकनीक से किया लैस





एडीसी बिलासपुर के प्रयास से शुरू चंगर सेक्टर में मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र में बच्चों को हिंदी और इंग्लिश मीडियम में पढ़ाई करवाई जा रही हैद्व

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर।**

बिलासपुर नगर के चंगर सेक्टर में स्थित आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल के रूप में बनाया गया है। यहां पर बच्चों को पढ़ाई आधुनिकता के साथ हिंदी और इंग्लिश मीडियम में करवाई जा रही है।

इस केंद्र को बनाने के लिए बिलासपुर एडीसी डॉ. निधि पटेल की मुख्य भूमिका रही है। एडीसी के प्रयासों से यह सफल उदाहरण सामने आया है, जिसमें पूरे जिला में इस तरह की पहली मॉडल आंगनबाड़ी केंद्र स्थापित किया गया है।

यह केंद्र पूरे बिलासपुर जिले के लिए एक अलग उदाहरण पेश कर रहा है। इस आंगनबाड़ी केंद्र को तमाम सुविधाओं से लैस किया गया है और यहां हिंदी के साथ साथ बच्चों को इंग्लिश मीडियम की पढ़ाई भी करवाई जाएगी।

इसे सीएसआर के माध्यम से तैयार करवाया गया है। यहां बच्चों की पढ़ाई व खेलकूद और मनोरंजन की तमाम सुविधाएं उपलब्ध हैं। यही नहीं यहां किड्स फ्रेंडली शौचालय स्थापित किए गए हैं। इसके अलावा इस केंद्र में लिखने के लिए सादी सतह, लकड़ी की खूंटी, बच्चों के लिए किताबों का कोना, झूला, फर्श पर पेंटिंग और ज्यामितीय आकृतियां पीने और हाथ धोने को पानी की व्यवस्था, चौकी, मेज, केंद्र के बरामदे व बाहरी दीवारों पर पेंटिंग और किड्स शौचालय आदि की सुविधा उपलब्ध है।

उधर, बिलासपुर की एडीसी डॉ. निधि पटेल ने बताया कि चंगर आंगनबाड़ी केंद्र को मॉडल केंद्र बनाया गया है। जिला की कई अन्य आंगनबाड़ी केंद्रों को भी इस तरह से बनाने का प्लान है।

# स्वयंसेवियों ने चलाया सफाई अभियान

## बिलासपुर कॉलेज के स्वयंसेवियों ने रैली निकाल स्वच्छता का दिया संदेश

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय बिलासपुर में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर के तीसरे दिन के प्रथम सत्र में स्वयंसेवियों ने महाविद्यालय से स्वच्छता जागरूकता रैली के माध्यम से लोगों को स्वच्छता का संदेश दिया।

महाविद्यालय से वरिष्ठ आचार्य प्रो. प्रेमजीत ने रैली को रवाना किया। इसके पश्चात बिलासपुर शहर के सार्वजनिक पार्कों की सफाई शुरू की। सर्वप्रथम स्वयंसेवियों ने जोरावर सिंह पार्क, ब्वॉयज स्कूल के साथ जुड़े चंपा पार्क और इसके उपरांत सिनेमा कॉलोनी में स्थित पार्क की सफाई की और वहां रहने वाले स्थानीय लोगों से इन्हें साफ रखने और शहर को साफ रखने का आह्वान किया।

दूसरे सत्र में महाविद्यालय के न्यू कैंपस को संवारा। भोजनावकाश के पश्चात अंतिम सत्र में जिला चिकित्सालय बिलासपुर से हेल्थ एजुकेटर दीप कुमार ठाकुर ने मेंस्ट्रूअल हाइजीन पर विस्तार से स्वास्थ्य संबंधी निर्देश, सावधानियां भ्रांतियों पर विराम लगाते हुए स्वयंसेवियों को इस विषय पर जागरूक किया।

उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव पर विचार व्यक्त करते हुए कहा कि जीवन में उच्च आदर्शों का पालन करते हुए स्वामी विवेकानंद, भगत सिंह उधम सिंह जैसे युवाओं के आदर्शों को जीवन में अपनाएं।



स्वयंसेवियों ने जोरावर सिंह पार्क, ब्वॉयज स्कूल के साथ जुड़े चंपा पार्क और सिनेमा कॉलोनी में स्थित पार्क की सफाई की।

# जुखाला कॉलेज के छात्रों ने देवली मछली प्रजनन केंद्र की ली जानकारी



देवली मछली प्रजनन केंद्र का भ्रमण करते जुखाला कॉलेज के विद्यार्थी।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

राजकीय महाविद्यालय जुखाला के विद्यार्थियों ने देवली मछली प्रजनन केंद्र में मत्स्य पालन की जानकारी ली। इस अवसर पर महाविद्यालय के प्रो. डॉ. देवेंद्र ने विशेष भूमिका निभाई। छात्रों के साथ महाविद्यालय के प्रो. डिंपल चौहान उपस्थित रहे।

महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. ध्रुव पाल सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के तहत मछुआरों व मत्स्य पालकों का निशुल्क बीमा योजना का भी प्रावधान है। इस तरह की योजनाएं मत्स्य पालकों के परिवारों के लिए आत्मनिर्भर बनाने में मदद करेंगी।

इस मौके पर डॉ. देवेंद्र ने विभाग के अधिकारियों की ओर से विचार साझा करके मत्स्य पालन से संबंधित लाभान्वित किया। संदीप कुमार वरिष्ठ मत्स्य अधिकारी की ओर से मत्स्य प्रबंधन एवं प्रजनन व सजावटी मछलियों की जानकारी देकर विद्यार्थियों को लाभान्वित किया।

**बैठक** अनुसूचित जाति/जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की डीसी ने ली बैठक

# सर्वोच्च न्यायालय के निर्णय का करें पालन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अनुसूचित जाति एवं जन जाति अत्याचार निवारण अधिनियम के अंतर्गत जिला बिलासपुर में दर्ज विभिन्न मामलों के पीड़ितों को नियमानुसार 16 लाख 51 हजार 558 रुपए की राहत राशि प्रदान की गई है। यह जानकारी उपायुक्त बिलासपुर आबिद हुसैन सादिक ने बुधवार को बचत भवन में आयोजित अनुसूचित जाति जनजाति अत्याचार निवारण अधिनियम की बैठक की अध्यक्षता करते हुए दी।

गैर सरकारी सदस्यों की ओर से बैठक में इस संबंध में लंबित मामलों के जल्द निर्णय के लिए भी कार्रवाई की आवश्यक पर चर्चा की गई, ताकि पीड़ितों को न्याय मिल सके। उपायुक्त ने माननीय सर्वोच्च न्यायालय की ओर से वर्ष 2018 के निर्णय की कठोरता से अनुपालना सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके तहत जातिगत भेदभाव प्रेरित व प्रयुक्त किए जाने वाले असंवैधानिक शब्दों को सरकारी रिकॉर्ड से हटाने तथा बोल-चाल में इसकी इस्तेमाल को पूर्ण रूप से प्रतिबंध लाने के निर्देश शामिल है।

उन्होंने कहा कि अधिनियम के अंतर्गत उपमंडल स्तरीय सतर्कता एवं प्रबोधन समिति की समितियां का गठन कर त्रैमासिक बैठकों का आयोजन प्रत्येक उपमंडलाधिकारी सुनिश्चित करें।

उन्होंने बताया कि अधिनियम के अंतर्गत जिला बिलासपुर में जागरूकता शिविरों का आयोजन तहसील व जिला स्तर पर किया जा रहा है।

इसके अंतर्गत अभी तक जिला में सात शिविरों का आयोजन किया गया है। बैठक में गैर सरकारी सदस्य प्रेम धीमान, अधिवक्ता संजीव कुमार, नरेश कुमार, सीमा चंदेल, चंद्रशेखर और यशपाल शामिल हुए, जबकि जिला न्यायवादी चंद्रशेखर भाटिया, डीएसपी घुमारवीं चंद्रपाल सिंह, उपनिदेशक उच्च शिक्षा जोगिंदर राव, उपनिदेशक प्राथमिक शिक्षा बीडी धीमान बैठक में मौजूद थे।



बुधवार को बचत भवन में आयोजित बैठक में विचार-विमर्श करते गणमान्य।

# झंडूता में लोगों को केंद्र की योजनाओं की दी जानकारी



झंडूता की पंचायतों में पहुंची विकसित भारत संकल्प यात्रा।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

झंडूता के विधायक जीतराम कटवाल ने कहा कि गरीबों का उत्थान वही कर सकता है, जिसने खुद गरीबी देखी हो। देश की 75 फीसदी आबादी गांवों में रहती है।

इसके मद्देनजर प्रधानमंत्री ने विकास का रुख और पैसे बजट का मुख गांवों की ओर मोड़ा है। इसी का नतीजा है कि झंडूता विधानसभा क्षेत्र भी विकास की राह पर तेजी से आगे बढ़ रहा है। मोदी का सपना भारत को वर्ष 2047 तक विकसित राष्ट्र बनाना है। उनके इस सपने को साकार करने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को अपना योगदान देने का संकल्प लेना चाहिए।

विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत बुधवार को झंडूता विधानसभा क्षेत्र की बाला और गालियां पंचायतों में आयोजित कार्यक्रमों को जीतराम कटवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास के मूलमंत्र के साथ काम करते हैं।

# तीसरे दिन हमीरपुर, शिमला व चंबा के कलाकारों ने दी रंगारंग प्रस्तुति

## सूफियाना महफिल सजी, कश्मीर के झनकार ग्रुप के गायक शफी सोपोरी ने साथियों के साथ दी प्रस्तुति, दर्शकों ने भरपूर आनंद उठाया

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिमला विंटर कार्निवाल

जिला हमीरपुर, शिमला और चंबा के कलाकारों ने विंटर कार्निवाल में रंगारंग प्रस्तुति दी। कुसुम कला मंच लदरौर, हमीरपुर, गुगा महाराज कला मंच पंचभैया, कुपवी, चामुंडा सांस्कृतिक दल देवी कोठी चुराह चंबा, पूजा कला मंच शगीन, तारादेवी शिमला और एनजेडसीसी पटियाला के राजस्थान के कलाकारों ने लोगों का मनोरंजन किया।

कार्निवाल के तीसरे दिन रिज मैदान पर सूफियाना महफिल सजी, जिसमें कश्मीर के झनकार ग्रुप के गायक शफी सोपोरी ने अपने साथियों के साथ प्रस्तुति दी, जिसको देखने का दर्शकों ने भी भरपूर आनंद उठाया।



विंटर कार्निवाल के दौरान रिज पर आयोजित बेबी शो में भाग लेते बच्चे।

पुलिस सहायता कक्ष के समीप गृह रक्षा बैंड के जवानों ने संगीतमय प्रस्तुतियां दीं, जिनका पर्यटकों और स्थानीय लोगों ने खूब आनंद उठाया।

### 300 लोगों ने ली ईवीएम की जानकारी

**शिमला** विंटर कार्निवाल में आने वाले पर्यटक व स्थानीय लोग, जिसमें खासकर युवा ईवीएम व वीवीपैट से संबंधित जानकारी हासिल करने में अधिक रुचि दिखा रहे हैं। कार्निवाल के तीसरे दिन तक 300 से अधिक लोगों ने ईवीएम व वीवीपैट की जानकारी हासिल की, कार्निवाल में ईवीएम डेमनस्ट्रेशन सेंटर स्थापित करने का उद्देश्य अधिक लोगों को मतदान प्रक्रिया के बारे में जागरूक करना है, ताकि आगामी लोकसभा चुनाव में लोग बढ़-चढ़कर मतदान करें।

नृत्य प्रस्तुति...



रिज पर आयोजित कार्यक्रम के दौरान नृत्य प्रस्तुत करती राजस्थान की कलाकार।

# नेगेटिव और पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की कमी, मरीज हो रहे परेशान

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

आईजीएमसी में नेगेटिव व पॉजिटिव ब्लड ग्रुप की कमी छा गई है। ऐसे में अब मरीजों से डोनर मंगवाए जा रहे हैं। सर्दी में अब बल्ड की कमी आनी शुरू हो गई है। हालांकि अभी शिमला में बर्फबारी का दौर शुरू नहीं हुआ है, जैसे ही बर्फबारी का दौर शुरू होगा, तो यहां पर इससे भी ज्यादा कमी आनी है।

इन दिनों मरीजों को रक्त की बूंद के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है और लोग मरीजों का इलाज नहीं करवा पा रहे हैं। प्रशासन भी ब्लड बैंक की सूध नहीं ले रहा है। आईजीएमसी में काफी ज्यादा मरीज उपचाराधीन हैं। वैसे तो तीनों सरकारी अस्पताल केएनएच, डीडीयू व आईजीएमसी में रक्त की कमी चल रही है, लेकिन आईजीएमसी में सबसे ज्यादा दिक्कतें हैं। कई बार अगर आपातकालीन स्थिति में भी मरीजों को रक्त की आवश्यकता पड़ती है, तो चिकित्सक स्पष्ट शब्दों में कहते हैं कि हमारे पास रक्त उपलब्ध नहीं है। आपको रक्त देने के लिए डोनर लाना होगा।

> **अस्पताल** में मरीजों को कोई दिक्कतें नहीं आने दी जा रही हैं, वैसे अस्पताल में कई बार मरीजों की संख्या बढ़ने के चलते कुछ प्रतिशत रक्त की कमी तो रहती है, लेकिन हमारे पास आपातकालीन से निपटने के लिए हमेशा ही रक्त उपलब्ध होता है। अस्पताल में रक्त की कमी को जल्द दूर किया जाएगा।
>
> **-डॉ. राहुल राव, चिकित्सक अधीक्षक आईजीएमसी।**

# पक्की सड़कों के लिए जाना जाएगा नावर

## शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नक्सेल्टी धारीकुपड़ सड़क व पंचायत घर खारला का किया लोकार्पण

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर ने नावर क्षेत्र में नाल्टीबाऊ-नक्सेल्टी-धारीकुपड़ सड़क का लोकार्पण किया।

इस तीन किलोमीटर लंबी सड़क का निर्माण कार्य लगभग 70 लाख रुपए से पूर्ण किया गया है। धराडा पंचायत के धारीकुपड़ में धराडा एवं खारला पंचायत के लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि नावर क्षेत्र पूर्व की भाजपा सरकार के कार्यकाल के दौरान कच्ची सड़कों के लिए जाना जाता है, लेकिन आने वाले समय में यह क्षेत्र पक्की सड़कों के लिए जाना जाएगा। बदशाल पुल से खारला सड़क का निर्माण कार्य एक करोड़ रुपए से पूर्ण किया गया है, वहीं पुजारली-कोटि-शराईधार सड़क के निर्माण पर लगभग 82 लाख रुपए की राशि खर्च कर कार्य को पूर्ण किया गया है। शिक्षा मंत्री ने कहा कि घनासीधार खदराला सड़क का निर्माण कार्य लगभग नौ करोड़ रुपए से किया जा रहा है। नावगा पलोथर सड़क के लिए 11 करोड़ रुपए की डीपीआर तैयार की जा चुकी है, इसके अतिरिक्त तमशाल खारला सड़क का निर्माण कार्य 60 लाख रुपए की लागत से 15 जनवरी तक पूर्ण किया जाएगा। इसके अतिरिक्त क्षेत्र की अन्य सड़कों को चरणबद्ध तरीके से सुदृढ़ किया जाएगा, ताकि क्षेत्र के बागवानों को उसका लाभ प्राप्त हो सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के अंतर्गत प्रदेश को लगभग 2600 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है, जिसमें जुब्बल-नावर-कोटखाई विधानसभा क्षेत्र को सर्वाधिक 190 करोड़ रुपए की राशि प्राप्त हुई है। इस राशि से क्षेत्र की सड़कें अवश्य रूप से सुदृढ़ होंगी। विधानसभा उपचुनाव के उपरांत क्षेत्र की 66 सड़कें पास की गई हैं, जो अपने आप में एक उपलब्धि है। आपदा से प्रदेश को लगभग 12 हजार करोड़ रुपए की क्षति हुई है।



शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर नावर क्षेत्र में लोगों को संबोधित करते हुए।

### सड़कों को सुदृढ़ करना प्राथमिकता

**रोहित** ने कहा कि बागवानी बहुल क्षेत्र में सड़कों को सुदृढ़ करना हमारी प्राथमिकता है, जिसके दृष्टिगत समय-समय पर उचित कदम उठाए जा रहे हैं। बागवानों को फफूंद नाशक एवं कीटनाशक पर मिलने वाले उपदान को प्रदेश सरकार की ओर से पुनः बहाल किया गया, ताकि बागवानों को राहत प्रदान हो सके। इसके अतिरिक्त, जिले में अतिरिक्त सीए स्टोर का निर्माण भी किया जाएगा।

### खारला में लोकार्पण

33 लाख रुपए की लागत से निर्मित पंचायत सामुदायिक केंद्र एवं पंचायत घर खारला का लोकार्पण किया। पंचायत घर के निर्माण कार्य से यहां की पंचायत के विकास कार्यों को अवश्य रूप से गति प्रदान होगी। पंचायत भवन में फर्नीचर के लिए भी लगभग दो लाख 69 हजार रुपए की राशि प्रदान की जा चुकी है।

### मंत्री ने सुनी समस्याएं

**शिक्षा** मंत्री ने नावर क्षेत्र के प्रवास कार्यक्रम के दौरान पंचायत घर खारला एवं ग्राम पंचायत धराड़ा के लोगों की सस्याय सुनीं। लोगों की सस्याओं का त्वरित समाधान करना हमारी प्राथमिकता है। इस अवसर पर उन्होंने संबंधित अधिकारियों को प्राप्त समस्याओं के संदर्भ में उचित कार्रवाई करने के निर्देश दिए।

# कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाना

**अनंत ज्ञान, कुमारसैन**

राजकीय महाविद्यालय कुमारसैन में बुधवार को साहित्य परिषद की संयोजक डॉ. संतोष शर्मा एवं शीनम राजटा के नेतृत्व में एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश ढोरटा मुख्यातिथि रहे। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की ओर से विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए, जिसमें कविता गायन, नाटक मंचन, पहाड़ी नाटी, लोकगीत, माईम और प्रदेश के विभिन्न जिलों के लोकनृत्य आदि कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। कॉलेज साहित्य परिषद की संयोजक डॉ. संतोष शर्मा ने बताया कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में साहित्य के प्रति रुचि बढ़ाना है। साहित्य से तात्पर्य मात्र शिष्ट साहित्य से नहीं है, अपितु लोक साहित्य से भी है। विद्यार्थियों को अधिक से अधिक लोकगीत, लोक कथा, लोक गाथा आदि की जानकारी होनी चाहिए, जो अपने क्षेत्र से संबंधित हो इससे हम अपने क्षेत्र के लोकसाहित्य का विस्तार कर सकते हैं। कार्यक्रम के अंत में महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेश ढोरटा ने कार्यक्रम की सराहना करते हुए विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया। तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।



कॉलेज में साहित्यिक इकाई के कार्यक्रम में सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत करते हुए।

# छात्रों के निष्कासन बहाल करने के फैसले को किया जाए निरस्त

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन के छात्रों ने हिमाचल प्रदेश विश्वविद्यालय की कार्यकारिणी परिषद की बैठक से पूर्व छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर सदस्यों को मांग पत्र सौंपे। परिसर अध्यक्ष योगेश यादव ने कहा कि छात्र संगठन एनएसयूआई ने यूनिवर्सिटी व कॉलेजों में छात्र संघ चुनाव बहाल करने की मांग रखी है।

साथ ही एनएसयूआई ने विवि में छात्र के साथ मारपीट करने वाले एसएफआई कार्यकर्ताओं को पुन: निष्कासित करने की मांग भी सख्ती से उठाई। एनएसयूआई महासचिव परवीन मिन्हास व परिसर अध्यक्ष योगेश यादव ने कहा कि वामपंथी छात्र संगठन एसएफआई का हमेशा से ही छात्र राजनीति के नाम पर शिक्षण संस्थानों में हिंसा फैलाने का काम करते आए हैं। ऐसे में शिक्षण संस्थानों में हिंसा व दंगो को बढ़ावा देने वाले गुंडातत्व छात्रों को निष्कासित करने का फैसला एकदम सही है। ये कदम शिक्षण संस्थानों में अनुशासन व शैक्षणिक माहौल बनाए रखने के लिए बेहद जरूरी हैं। छात्र संगठन एनएसयूआई विश्वविद्यालय प्रशासन की ओर से आरोपी छात्रों के निष्कासन बहाल करने के खिलाफ है और उक्त छात्रों को पुन: निष्कासित करने की लगातार मांग कर रही है।

> बैठक से पूर्व छात्रों की विभिन्न मांगों को लेकर सदस्यों को मांग पत्र सौंपे

# नशा छोड़ो खेल-खेलो के थीम पर क्रिकेट टूर्नामेंट का आगाज

**अनंत ज्ञान, सुन्नी**

नशा छोड़ो खेल-खेलो के थीम को लेकर सुन्नी कॉलेज मैदान में बुधवार को एनएसयूआई की सुन्नी ईकाई की ओर से 15 दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट का शुभारंभ किया गया। टूर्नामेंट का शुभारंभ प्रदेश महिला कांग्रेस की एक्जीक्यूटिव सदस्य सत्य वर्मा ने किया।



आयोजित क्रिकेट टूर्नामेंट के मुख्यातिथि का स्वागत करते आयोजक।

इस दौरान उनके साथ मल राणा, पंचायत समिति सदस्य लोक चंद, युवा कांग्रेस शिमला ग्रामीण के महासचिव ईश्वर वर्मा तथा कोषाध्यक्ष धर्मेंद्र मौजूद रहे। आयोजकों के अनुसार टूर्नामेंट में क्षेत्र व आस-पास की लगभग 50 टीमें हिस्सा ले रही हैं। टूर्नामेंट के प्रथम विजेता को 61,000 व ट्रॉफी तथा उपविजेता टीम को 31,000 व ट्रॉफी इनाम स्वरूप दी जाएगी। टूर्नामेंट में बेहतर प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को पुरस्कृत किया जाएगा।

# विद्यार्थियों को रोजगार कार्यालय की कार्यप्रणाली की दी जानकारी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

राजकीय आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय, सुन्नी में आयोजित कार्यक्रम में विद्यार्थियों को रोजगार कार्यालय की कार्य प्रणाली तथा कोशल विकास संबंधी जानकारी दी गई।

रोजगार कार्यालय, शिमला व प्रदेश कौशल विकास निगम, प्रदेश की अधिकारी आरती ठाकुर ने उपस्थित विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि विद्यार्थी जीवन के उपरांत बच्चों को अपना जीवन सुचारू रूप से चलाने के लिए सबसे पहली सीढ़ी रोजगार कार्यालय है। उन्होंने बताया कि पहले रोजगार कार्यालय में पंजीकरण ऑफलाइन होता था परंतु जब से डिजिटल इंडिया का निर्माण हुआ है, तबसे पंजीकरण की प्रक्रिया ऑनलाइन हो गई है, जिस कारण रोजगार कार्यालय में पंजीकरण कराना आसान हो गया है। हमें हर क्षेत्र की जानकारी रखनी चाहिए। उन्होंने विभिन्न क्षेत्रों में रोजगार के अवसर बारे भी विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने प्रशासनिक क्षेत्र के साथ स्वास्थ्य, सैन्य बल तथा बैंकिंग में रोजगार के अवसर संबंधी जानकारी भी दी।



रोजगार कार्यालय की कार्य प्रणाली व कौशल विकास के बारे में जानकारी देते हुए।

# चक्कर में आज भाजपा किसान मोर्चा की बैठक

**शिमला।** भारतीय जनता पार्टी किसान मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारियों, जिलाध्यक्षों, जिला महामंत्रियों एवं मंडल अध्यक्षों की 28 को भाजपा मुख्यालय चक्कर में प्रात: 10 बजे होने वाली बैठक की व्यवस्थाओं को लेकर एक विशेष बैठक मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष संजीव देष्टा की अध्यक्षता में आयोजित की गई। संजीव देष्टा ने बताया कि किसान मोर्चा के गठन के पश्चात् मोर्चा की यह प्रथम बैठक है। बैठक में व्यवस्था की दृष्टि से कार्यकर्ताओं में कार्य विभाजन भी किया गया।

संजीव देष्टा ने बताया कि कल होने वाली बैठक में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल, पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर, प्रदेश संगठन महामंत्री सिद्धार्थन एवं किसान मोर्चा के राष्ट्रीय सचिव व मोर्चा के प्रदेश प्रभारी अवतार सिंह मांड कार्यकर्ताओं का मार्गदर्शन करेंगे। बैठक में प्रदेश महामंत्री अखिलेश कपूर, संजीव ठाकुर, प्रवक्ता दीपक पनैइक, कार्यालय सचिव इंद्र ठाकुर आदि शामिल होंगे।

# लोगों ने स्केटिंग का उठाया लुत्फ

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

शहर के लक्कड़ बाजार में फिर से आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग शुरू हो गई है। बुधवार को लोगों ने स्केटिंग करने का भरपूर आनंद उठाया। कुछ दिन पहले स्केटिंग करने वालों पर संकट छा गया था।

मौसम खराब होने के कारण यहां पर बर्फ पिघलने लगी। हालांकि क्लब की ओर से बर्फ जमाने का पूरा प्रयास किया जा रहा था। यहां तक की अब तो क्लब ने स्केटिंग का शाम का सेशन भी शुरू कर दिया था, लेकिन बीते शनिवार को मौसम खराब रहने के कारण सुबह का सेशन नहीं हो पाया। हालांकि उम्मीद जताई जा रही है थी कि बर्फ फिर से जम जाएगी, लेकिन अब फिर से जम चुकी है और अगर मौसम ने साथ दिया तो लगातार स्केटिंग होती रहेगी। आइस स्केटिंग रिंक के सचिव पंकज प्रभाकर ने बताया कि यहां पर सैकड़ों खिलाड़ी आई स्केटिंग कर रहे हैं और बहुत से बच्चे आइस स्केटिंग सिखने भी पहुंच रहे हैं।



शिमला के लक्कड़ बाजार स्थित आइस स्केटिंग रिंक में स्केटिंग करते स्केटर्स।

# 37 वर्षीय व्यक्ति ने घर में फंदा लगाकर दी जान

**शिमला।** छोटा शिमला थाना के तहत कुसुम्पटी में अपने घर के अंदर ही 37 वर्षीय एक व्यक्ति ने फंदा लगाकर जान दे दी है।

सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद किया और पोस्टमार्टम करवा देह परिजनों को सौंप दी है। पुलिस के अनुसार अनिल शर्मा निवास कुसुम्पटी ने अपने घर के अंदर फांसी लगाकर जान दे दी। लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी और पुलिस ने सीआरपीसी 174 के तहत कार्रवाई अमल में लाई है और आत्महत्या के कारणों की जांच में जुट गई है।

# जाइका प्रोजेक्ट को शिखर पर पहुंचा रहे नागेश

## आयोजित कार्यशाला एवं प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि रहे विधायक चंद्रशेखर

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

प्रदेश में जाइका वानिकी परियोजना को शिखर पर पहुंचाने के लिए मुख्य परियोजना निदेशक नागेश गुलेरिया सराहनीय कार्य कर रहे हैं।

यह बात बुधवार को जिला मंडी के धर्मपुर के समीप सिद्धपुर में जाइका वानिकी परियोजना की ओर से आयोजित एकदिवसीय कार्यशाला एवं प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि एवं स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ने कही। यहां जनसभा को संबोधित करते हुए चंद्रशेखर ने मुख्य परियोजना निदेशक नागेश की ओर से किए गए कार्यों की सराहना की। नागेश जाइका वानिकी परियोजना को शिखर पर पहुंचाने का काम कर रहे हैं। विधायक चंद्रशेखर ने कहा कि इस परियोजना को उंचाइयों पर पहुंचाने में सीपीडी नागेश ने सराहनीय कार्य किए हैं। विधायक ने कहा कि जाइका में लोकतांत्रिक प्रक्रिया से काम हो रहा है। सभी स्वयं सहायता समूहों को अधिक से अधिक बिजनेस प्लान तैयार करने को कहा। मुख्य परियोजना निदेशक नागेश ने अपने संबोधन के माध्यम से लोगों को मशरूम की खेती के लिए प्रोत्साहित किया। तीन किस्मों की मशरूम की खेती से लोगों को आजीविका कमाने का मौका मिलेगा। नागेश ने यहां मौजूद स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों ने सीधा संवाद किया।




प्रदर्शनी के शुभारंभ अवसर पर मुख्यातिथि व अन्य।

### विजनरी लीडर चंद्रशेखर

**मुख्य** परियोना निदेशक नागेश ने कहा कि यहां के स्थानीय विधायक चंद्रशेखर एक विजनरी लीडर हैं। विधायक चंद्रशेखर धर्मपुर क्षेत्र को पर्यटन के मानचित्र पर लाएंगे। जाइका वानिकी परियोजना स्वयं सहायता समूहों के प्रतिनिधियों को कौशल विकास के लिए प्रशिक्षण दे रही है। पिछले डेढ़ साल में स्वयं सहायता समूहों की ओर से निर्मित उत्पादों से एक करोड़ 25 लाख की बिक्री हो चुकी है।

**कार्यक्रम** रारंग स्कूल ने विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव व पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया

# मंत्री नेगी के नेतृत्व में स्कूलों में मिल रही गुणात्मक शिक्षा

**जीता सिंह नेगी, रिकांगपिओ**

सीनियर सेकेंडरी स्कूल रारंग ने विद्यालय परिसर में वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया। समारोह का शुभारंभ डॉ. सूर्य बोरस जनजातीय सलाहकार परिषद सदस्य बतौर मुख्यातिथि उपस्थित रहे। मुख्यातिथि ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया सांस्कृतिक कार्यक्रम की शुरुआत सरस्वती वंदना से की गई।

मुख्यातिथि डॉ. सूर्या बोरस ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के नेतृत्व वाली प्रदेश सरकार ने अपनी गारंटी के तहत सभी स्कूलों में अगले सत्र से इंग्लिश माध्यम से पढ़ाई शुरू करवाने का निर्णय लिया है, जिससे छात्रों का निजी स्कूलों की ओर रुख नहीं होगा। बोरस ने कहा कि कैबिनेट मंत्री जगत सिंह नेगी के कुशल नेतृत्व में जिला के स्कूलों में गुणात्मक शिक्षा प्रदान करने व लोगों को स्वास्थ्य सहित अन्य क्षेत्रों में बेहतर लाभ मिल रहा है। रारंग गांव से कई नामी अधिकारी सरकार के उच्च पदों पर रहे हैं। उन्होंने छात्रों को उनके नक्श कदम पर चलकर आगे बढ़ने की प्रेरणा लेने की अपील की, ताकि जिले का नाम प्रदेश व देश में रोशन हो। मुख्यातिथि ने पढ़ाई, खेलकूद व अन्य गतिविधियों में अव्वल रहे सभी बच्चों को बधाई दी व उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। विद्यालय के प्रधानाचार्य सरोज नेगी ने अतिथियों का हार्दिक अभिनंदन किया तथा वार्षिक रिपोर्ट में वर्षभर की उपलब्धियों तथा विद्यालय की कार्य पद्धति पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर स्टूडेंट्स ने एक से बढ़कर एक आकर्षक प्रस्तुति दी। सांस्कृतिक कार्यक्रम में छात्र-छात्राओं ने पहाड़ी, किन्नौरी नृत्य की शानदार प्रस्तुति देकर अतिथिगण व अभिभावकों का मन मोह लिया। मेधावी और प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को शैक्षिक, सहशैक्षिक गतिविधि तथा खेलकूद में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया। कार्यक्रम में अतिथिगणों को समृद्धि चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस अवसर पर तानिष बेस्ट बॉय ऑफ दी ईयर व प्रतिभा कुमारी को बेस्ट गर्ल का खिताब दिया गया। इसी तरह बेस्ट हाउस शिवालिक हाउस रहा। (अनंत ज्ञान)



वार्षिकोत्सव एवं पुरस्कार वितरण समारोह में पहुंचने पर मुख्यातिथि का स्वागत करते हुए।

### ये रहे उपस्थित

वार्षिक वितरण समारोह में उपप्रधान रारंग रंजीत नेगी, गेस्ट ऑफ ऑनर नरेंद्र नेगी पूर्व प्रिंसिपल, चंद्र प्रकाश, रिटायर्ड शास्त्री, गुमान नेगी एसएमसी अध्यक्ष, प्रदीप नेगी, महिला मंडल प्रधान रारंग, खदरा, शिलापुर, छोज़्ज़ल ज्ञाछे वार्ड सदस्य, स्कूल स्टाफ व अभिवाहक उपस्थित थे।

# इंटक ने सुन्नी बांध परियोजना के प्रबंधन को सौंपा मांग पत्र

**महेंद्र कुमार, सुन्नी**

सुन्नी बांध परियोजना में मजदूरों और प्रबंधन में गतिरोध के चलते इंटक की ओर से परियोजना प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा गया।

इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी सेवगी की अध्यक्षता में इस मांग पत्र में परियोजना में कार्यरत मजदूरों के लिए बनाए गए श्रम कानून को लागू करने की मांग की गई। मांग पत्र में मुख्य मांग मजदूरों के लिए आवास, खान-पान की व्यवस्था तथा मानदेय समय पर दिया जाना है, बता दें कि परियोजना में कार्यरत मजदूरों को पिछले लगभग तीन महीने से वेतन नहीं मिल पाए हैं और न ही उनके रहने की कोई उचित व्यवस्था की गई है। इन मांगों के चलते इंटक की ओर से प्रबंधन को मांग पत्र सौंपा तथा आग्रह किया कि मांगे न मानने पर आंदोलन किया जाएगा।

इस दौरान सुन्नी में इंटक इकाई का गठन भी किया गया। इंटक के प्रदेश उपाध्यक्ष बिहारी सेवागी की मौजूदगी में इकाई का गठन संपन्न हुआ। सुन्नी ईकाई के प्रधान पद के लिए नीरज कुमार, दयाल पलसरा को महासचिव, हेमंत कुमार को कोषाध्यक्ष, राकेश को उपाध्यक्ष, योगेंद्र और हरदयाल को सचिव बनाया गया। (अनंत ज्ञान)



सुन्नी बांध परियोजना के प्रबंधन को मांग पत्र सौंपते हुए इंटक के पदाधिकारी।

# भाजपा समर्थित पार्षद के सहयोग से कांग्रेस के अनुज बने नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष

## सोलन नगर निगम में करारी हार के बाद कांग्रेस के जख्मों पर लगा कुछ मरहम

**कृष्ण रघुवंशी, अर्की**

नगर पंचायत अर्की के अध्यक्ष हेमेंद्र गुप्ता के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पश्चात बुधवार को नगर पंचायत कार्यालय में उपायुक्त सोलन के निर्देशानुसार एक विशेष बैठक व चुनाव का आयोजन किया गया। इस बैठक में नगर पंचायत अर्की के कांग्रेस समर्थित पार्षद अनुज गुप्ता, रुचिका गुप्ता, पद्म कौशल, निर्मला देवी व भाजपा समर्थित भारती वर्मा उपस्थित रहे।

अर्की के एसडीएम यादविंद्र पाल ने बताया कि उपायुक्त सोलन के निर्देशानुसार नगर पंचायत अर्की के वर्तमान अध्यक्ष के खिलाफ लाए गए अविश्वास प्रस्ताव के पश्चात चुनाव करवाया गया। इसमें नगर पंचायत के पांच पार्षदों ने अपनी उपस्थिति दर्ज की तथा दो पार्षद अनुपस्थित रहे।

इससे कोरम पूरा होने पर उपस्थित पार्षदों की ओर से सर्वसम्मति से वर्तमान पार्षद अनुज गुप्ता को नगर पंचायत का अध्यक्ष चुन लिया गया। अनुज गुप्ता ने कहा कि अर्की में विकास कार्यों के ठप पड़ने व सभी पार्षदों को विश्वास में न लेने के कारण अध्यक्ष हेमेंद्र गुप्ता के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव लाया गया था, जो कि पास हो गया है व जल्द ही नोटिफिकेशन होने के उपरांत अध्यक्ष पद हेतु चुनाव करने की मांग की गई थी। इसके चलते आज उपायुक्त सोलन के निर्देशानुसार एसडीएम अर्की की निगरानी में चुनाव करवाए गए, जिसमें सात में से चार पार्षद उपस्थित रहे, जिन्होंने उन्हें पुनः अध्यक्ष नामित कर उन पर विश्वाश जताया।

उन्होंने कहा कि आने वाले दिनों में शहर के विकास कार्यों को करवाने के लिए तेजी लाई जाएगी व हर वार्ड में दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समान विकास करवाया जाएगा। वह सभी के विश्वास पर खरा उतरने की कोशिश करेंगे। इस मौके पर अर्की विधायक व मुख्य संसदीय सचिव संजय अवस्थी भी पहुंचे।

उन्होंने उपस्थित लोगों को आश्वासन दिया कि नगर पंचायत अर्की में जो भी विकास कार्य के लिए सहयोग होगा, उसके लिए वह हर तरह से अनुज गुप्ता के साथ हैं। (अनंत ज्ञान)


अनुज गुप्ता की जीत पर सीपीएस संजय अवस्थी भी बधाई देने पहुंचे।

# पांवटा साहिब में युवाओं ने देखा प्रधानमंत्री मोदी का लाइव प्रसारण

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा साहिब के शिव मंदिर धर्मशाला में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण देखने के लिए वर्तमान में शिमला संसदीय क्षेत्र के प्रभारी, पूर्व ऊर्जा मंत्री और पांवटा के विधायक सुखराम चौधरी, मंडल महामंत्री हितेंद्र कुमार, महामंत्री दिनेश चौधरी, मीडिया प्रभारी सोनू चौधरी, सुखविंद्र चौधरी, युवा मोर्चा अध्यक्ष चरणजीत चौधरी, महामंत्री तरनजीत सिंह गिल, वरिष्ठ प्रवक्ता मेहराज कासमी व नितिन शर्मा आदि मौजूद रहे।

इसके बाद युवा मोर्चा का प्रशिक्षण वर्ग हुआ, जिसमें कई युवा शामिल हुए। विधायक सुखराम चौधरी ने कहा कि जो भी कार्य आरंभ करें, उन्हें गंभीरता से पूर्ण करें। तब तक संतुष्ट न हों, जब तक अपना सर्वश्रेष्ठ न दे दें। जितना कठिन संघर्ष होगा, जीत उतनी ही शानदार होगी। उन्होंने कहा कि मान-सम्मान किसी की देने से नहीं मिलता, अपनी योग्यतानुसार मिलता है।

महामंत्री हितेंद्र कुमार ने कहा कि अटल कहा करते थे कि छोटे मन से कोई बड़ा नहीं होता, टूटे मन से कोई खड़ा नहीं होता, साथ ही चरणजीत सिंह ने इस बार 31 हजार से अधिक बोट के साथ पांवटा साहिब से लीड देने की बात कही। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव के लिए सभी को साथ मिलकर काम करना है।


पांवटा साहिब में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव भाषण सुनते स्थानीय लोग और गणमान्य।

# 15 जनवरी तक कालका-शिमला ट्रैक पर जारी रहेगी स्पेशल ट्रेन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

पर्यटकों की बढ़ती मांग को देखते हुए रेलवे अंबाला डिवीजन के कालका-शिमला ट्रैक पर चलाई जा रही स्पेशल ट्रेन 15 जनवरी तक जारी रहेगी। यह स्पेशल ट्रेन कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक पर विशेष ट्रेन 18 दिसंबर से शुरू की गई थी। कालका से शिमला तक सभी ट्रेनों की ओक्यूपेन्सी फुल होने के कारण पर्यटकों के लिए विशेष ट्रेन शुरू करने की घोषणा की गई थी।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि इंग्लैंड के साथ-साथ पश्चिम बंगाल, महाराष्ट्र और दिल्ली से बड़ी संख्या में पर्यटक शिमला जा रहे हैं। कालका से शिमला तक ट्रेनें खचाखच भरी हुई हैं। हालांकि शिमला से कालका जाने वाले यात्रियों की संख्या कम है।

हर साल क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए हजारों पर्यटक शिमला पहुंचते हैं। पर्यटकों की सुविधा के लिए हर वर्ष हॉलिडे स्पेशल ट्रेनों का संचालन किया जाता है। इस वर्ष नए साल का जश्न मनाने के लिए अधिक संख्या में पर्यटकों के आने की उम्मीद है। कालका-शिमला हेरिटेज ट्रेक 108 साल पुराना ट्रेक है। इसे धरोहर का दर्जा दिया गया है।

हिमाचल सहित राजधानी शिमला में हर साल क्रिसमस और नए साल का जश्न मनाने के लिए बड़ी संख्या में देशी और विदेशी सैलानी आते हैं। कालका और शिमला के बीच इन दिनों हॉलीडे स्पेशल ट्रेन सहित सात गाड़ियां चल रही हैं।

मंडल रेल प्रबंधक (डीआरएम) मनदीप सिंह भाटिया ने कहा कि कालका-शिमला हेरिटेज ट्रैक पर विशेष ट्रेन चलाई जा रही है।

उन्होंने कहा कि कालका से शिमला तक सभी ट्रेनों की ऑक्यूपेंसी फुल होने के कारण रेलवे अंबाला डिवीजन ने पर्यटकों की भीड़ को देखते विशेष ट्रेन शुरू करने का फैसला किया था।

### स्पेशल ट्रेन में सात कोच होंगे

वर्तमान में कालका-शिमला रेलवे लाइन पर छह ट्रेनें चलती हैं। कालका से पहली ट्रेन (ट्रेन नंबर 52457) सुबह 3.45 बजे निकलती है और ट्रेन नंबर 52458 शिमला से सुबह 10.55 बजे चलती है। ट्रेन नं. 04506 सुबह 4.45 बजे रवाना होती है और वापसी में ट्रेन नं. 04505 शिमला से दोपहर 2.15 बजे कालका के लिए रवाना होती है। ट्रेन नं. कालका से 52451 सुबह 5.45 बजे प्रस्थान करती है और ट्रेन नं. 52452 शिमला से शाम 5.25 बजे चलती है। ट्रेन नं. 52453 सुबह 6.20 बजे प्रस्थान करती है और वापसी ट्रेन नं. 52454 शिमला से शाम 5.45 बजे निकलती है। ट्रेन नं. 52459 सुबह सात बजे प्रस्थान करती है और ट्रेन नं. 52460 शिमला से कालका के लिए दोपहर 3.50 बजे चलती है। ट्रेन नं. 52455 दोपहर 12.10 बजे प्रस्थान करती है और वापसी में ट्रेन नं. 52456 शिमला से शाम 6.30 बजे चलती है।

# द स्कॉलर्स होम स्कूल में 19वें खेल दिवस की शुरुआत

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

द स्कॉलर्स होम स्कूल के प्रांगण में 19वें खेल दिवस की शुरुआत की गई। इस अवसर पर स्कूल चेयरपर्सन इकबाल कौर नारंग, स्कूल निदेशक डॉ. नरेंद्र पाल सिंह नारंग, स्कूल निदेशक गुरमीत कौर नारंग तथा मुख्य अतिथि के तौर पर आदित्य शर्मा (एसीएफओ) पांवटा साहिब उपस्थित थे। बता दें कि खेल दिवस के पहले दिन सर्वप्रथम एनसीसी की छात्रा कैडेट्स ने आदित्य शर्मा की अगुआई में उपस्थिति दर्ज करवाई।

स्कूल के चारों हाउस (ध्रुव हाउस, मनु हाउस, अजीत सिंह हाउस तथा श्रवण हाउस) ने एकता एवं समन्वयता का परिचय देते हुए परेड की तथा मुख्य अतिथि ने खेल दिवस की शुरुआत की घोषणा की। इस अवसर पर एकता की मिसाल देते हुए तिरंगे के रंग में रंगे गुब्बारों ने एक साथ बंधे हुए आकाश को छुआ। इस अवसर पर स्कूल निदेशक तथा उपस्थित मुख्य अतिथि ने दो कबूतरों को आजाद भी किया। जिन्होंने आकाश ही सीमा है की परिभाषा को सच करते हुए अपनी क्षमता से ऊंची उड़ान भरी तथा सभी सदस्यों को उत्साहित किया।

परेड का परिणाम घोषित होते ही मनु हाउस में खुशी की लहर दौड़ गई, क्योंकि वे इस अवसर पर प्रथम रहे। तत्पश्चात प्रत्येक हाउस के विद्यार्थियों ने डंबल ड्रिल, रिंग ड्रिल, पोम पोम ड्रिल, फैन ड्रिल और योगा का प्रदर्शन किया।

इस अवसर पर मुख्य अतिथि आदित्य शर्मा ने विद्यार्थियों से अपने विचार साझा करते हुए उन्हें खेल भावना तथा खेल की महत्वता को बनाए रखने के लिए प्रेरित किया तथा प्रस्तुत की गई गतिविधियों की सराहना की।

कार्यक्रम के अंत में अंग्रेजी के एचओडी सपना पुंज ने उपस्थित सभी सदस्यों का हार्दिक धन्यवाद किया। आज की इन प्रतिस्पर्धाओं में 800 मीटर रेस, 400 मीटर रेस, हाई जंप तथा शॉटपुट शामिल हैं, जो कि अंडर 13, अंडर 15 तथा अंडर 19 वर्गों के अंतर्गत खेली गई।

आज हुई गतिविधियों में स्कूल के शारीरिक प्रशिक्षक कुलदीप बतान (एचओडी), रोहित शर्मा, प्रवीण कुमार, निशा ठाकुर, कुमारी लक्ष्मी शर्मा, सुधीर कुमार तथा अमित कुमार आदि का अहम योगदान रहा।



द स्कॉलर्स होम स्कूल के प्रांगण में 19वें खेल दिवस की शुरुआत करवाते गणमान्य, (दाएं) प्रतियोगिता में ऊंची कूद में भाग लेती छात्रा।

# संजय अवस्थी आज अर्की के प्रवास पर

**अर्की।** मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी 28 दिसंबर को प्रातः 11 बजे राजकीय महाविद्यालय अर्की में आयोजित कॉलेज फेस्ट (सृजन) एक युवा उत्सव समारोह में बतौर मुख्यातिथि शिरकत करेंगे।

# श्री राम कलश यात्रा एक जनवरी को ददाहू में

**श्री रेणुका जी।** भगवान राम की नगरी अयोध्या में आगामी 22 जनवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की मौजूदगी में रामलला की प्राण प्रतिष्ठा किए जाने को लेकर देशभर में विभिन्न धार्मिक गतिविधियों का आयोजन हो रहा है। इसी कड़ी मे एक जनवरी को 10 बजे सिरमौर जिले के ददाहू में राम मंदिर की पूजित कलश यात्रा का नागरिक अभिनंदन किया जाएगा। इस दौरान मंदिर अभियान, स्वयंसेवक संघ व हिंदुवादी संगठनों से जुड़े स्वयंसेवक तथा एकल विद्यालय की अध्यापिकाएं सहयोग करेंगे।

भगवान राजिला संघ चालक केदार सूर्यवंशी व कार्यक्रम के आयोजक दीवान, सुनील, सतपाल, रविंद्र तथा विद्यादत आदि ने बताया कि अयोध्या से पांवटा होकर पहुंचे इस पवित्र कलश को आज ही शुभ मुहूर्त में मां भंगाईणी मंदिर हरिपुरधार में स्थापित किया जाएगा।

# चरणबद्ध ढंग से वादों को पूरा करने की बात करती तो सत्ता में न आती कांग्रेस : बिंदल


सोलन प्रवास के दौरान मीडिया से बातचीत करते डॉ. राजीव बिंदल, साथ हैं अन्य।

**अनंत ज्ञान, सोलन**

आज अपने सोलन प्रवास के दौरान डॉ. राजीव बिंदल ने मीडिया से संबोधित होते हुए कहा कांग्रेस अपनी झूठी गारंटियों को चरणबद्ध ढंग से पूरा करने की बात करके अपनी ही बात से किनारा कर रही है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस 2024 के चुनावों को प्रभावित करने का प्रयास कर रही है, लेकिन प्रदेश की जनता यह सब समझ चुकी है वह उनके झूठे इरादों और वादों को कभी पूरा नहीं कर सकेगी।

कांग्रेस ने 1500 का वादा प्रदेश की 22 लाख महिलाओं से किया था। एक लाख रोजगार का वादा प्रदेश के युवाओं से किया गया था, प्रतिवर्ष गोबर खरीद व दूध खरीद की बात कर कर ग्रामीणों को धोखा दिया गया। सारी गारंटियों को पहले ही कैबिनेट में पारित करने का भरोसा देकर कांग्रेस सत्ता में आई, अगर उस समय चरणबद्ध ढंग से इन वादों को पूरा करने की बात की होती तो आज कांग्रेस सत्ता में नहीं होती। झूठ बोलकर सत्ता हथियाने वाली कांग्रेस को जनता माफ नहीं करेगी।

इस मौके पर उनके साथ प्रदेश की उपाध्यक्ष रश्मि धर सूद, उपाध्यक्ष डा. राजीव सैजल, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विवेक डोबाल, सोलन की डिप्टी मेयर मीरा आनंद, पुरुषोत्तम गुलेरिया, राजेश कश्यप, मदन ठाकुर, जिला मीडिया प्रभारी संजीव मोहन, संजय मालिक के अलावा मंडल व जिले के सभी पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# सीएम दिन-रात कर रहे हैं लोगों की सेवा

## भाजपा को लोगों की चिंता होती तो प्राकृतिक आपदा को राष्ट्रीय आपदा घोषित करवाते : बिट्टू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू ने कहा कि प्रदेश की जनता के सहयोग और विश्वास से कांग्रेस को सेवा का मौका मिला है। इसके लिए मुख्यमंत्री दिन-रात एक कर मेहनत कर रहे हैं। हाल ही में प्रदेश सरकार ने अपना एक वर्ष का कार्यकाल पूरा किया है। धर्मशाला में आयोजित व्यवस्था परिवर्तन समारोह में ऐतिहासिक जनसैलाब से स्पष्ट होता है कि जनता सरकार की जनकल्याण नीतियां से खुश है। उन्होंने कहा कि सरकार, शिक्षा और पर्यटन को बढ़ाने की दिशा में आगे बढ़ रही है। शर्मा ने कहा कि प्रदेश सरकार चरणबद्ध तरीके से सभी गारंटियों को पूरा करेगी।

सरकार दिन-रात एक कर प्रदेश के आखिरी नागरिक तक सुविधा पहुंचाने को कृतसंकल्प है। उन्होंने कहा की प्राकृतिक आपदा के बावजूद प्रदेश की अर्थव्यवस्था को पटरी पर लाने के लिए मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने 4500 करोड़ रुपए का आपदा राहत कोष घोषित का किया है, जो कि ऐतिहासिक फैसला है। उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा के पास कहने को कुछ भी नहीं है। यदि भाजपा को प्रदेश के लोगों की चिंता होती, तो वह केंद्र सरकार से प्रदेश को राष्ट्रीय आपदा घोषित कर कोई बड़ी आर्थिक सहायता दिलाने में मदद करता।

उन्होंने ऑपरेशन लोटस को लेकर पूछे सवाल पर कहा कि भाजपा खरीद-फरोख्त की राजनीति करती है। इससे उसका असल चेहरा सामने आ गया है। हिमाचल की जनता और चुने गए प्रतिनिधि लोकतंत्र में विश्वास करते हैं, ऐसे में बीजेपी के मनसूबे कभी पूरे नहीं होंगे।

सरकार और संगठन में आपसी तालमेल बेहतर है। हर किसी की अपनी महत्वाकांक्षा होती है। शर्मा ने कहा कि सरकार सभी को साथ लेकर मजबूती से आगे बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि सीएम अगले चार वर्षों में प्रदेश की आर्थिक व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए कारगर कदम उठा रहे हैं।


मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा सोलन में पत्रकार वार्ता करते हुए

# राजगढ़ कॉलेज के एनसीसी कैडेट्स का प्रशिक्षण शिविर में शानदार प्रदर्शन

**अनंत ज्ञान, राजगढ़**

**हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टिट्यूशन कालाअंब में हुआ आयोजन**

वन एचपी गर्ल्स बटालियन की ओर से आयोजित वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में राजकीय महाविद्यालय राजगढ़ की कैडेट्स की ओर से शानदार प्रदर्शन किया गया। यह शिविर हिमालयन ग्रुप ऑफ प्रोफेशनल इंस्टीट्यूशन कालाअंब में संपन्न हुआ। प्रशिक्षण शिविर में कैडेट्स ने वॉलीबाल, कबड्डी व टेंट पिचिंग में प्रथम स्थान, जबकि पोस्टर मेकिंग, पब्लिक स्पीकिंग व पायलटिंग में द्वितीय स्थान प्राप्त किया।

इस शिविर में सीनियर विंग की तृतीय वर्ष व द्वितीय वर्ष की सभी छात्राओं ने भाग लिया। प्रथम स्थान प्राप्त करने वाली वॉलीबाल टीम में महक बाला, तमन्ना व पल्लवी, कबड्डी में सेजल थापा, साक्षी व भारती, टेंट पिचिंग में सलोनी कंवर, महक बाला व भारती ने भाग लिया। द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाली पब्लिक स्पीकिंग टीम में सलोनी कंवर, पायलटिंग में वंशिका व प्रीति, पोस्टर मेकिंग में सुहानी, भूमिका व नेहा ने प्रतिनिधित्व किया।

महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. राजेंद्र वर्मा ने विजेता प्रतिभागियों को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने सभी कैडेट्स को प्रशिक्षण सेवा में उनके किए शानदार प्रदर्शन के साथ -साथ महाविद्यालय की एनसीसी प्रभारी डॉ. शशि किरण के प्रयासों की प्रशंसा की। उन्होंने आशा व्यक्त की कि भविष्य में भी महाविद्यालय के विद्यार्थी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करेंगे।

**आयोजन** कुनिहार में किसान मेले के दौरान बोले सीपीएस संजय अवस्थी

# किसानों की आर्थिकी मजबूत करना सरकार का लक्ष्य

**अनंत ज्ञान, अर्की**

मुख्य संसदीय सचिव (लोक निर्माण, स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सूचना एवं जन संपर्क विभाग) संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र में आधुनिक तकनीक के उपयोग एवं राज्य की भौगोलिक स्थिति के अनुरूप नवीन योजनाएं कार्यान्वित कर किसानों की आर्थिकी को मजबूत करने के लिए कार्यरत है। संजय अवस्थी अर्की विधानसभा क्षेत्र के कुनिहार में कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) के सौजन्य से आयोजित एकदिवसीय जिला स्तरीय किसान मेले को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार कृषि क्षेत्र में उन्नत तकनीक के उपयोग पर बल दे रही है। उन्होंने कहा कि किसानों तक नवीन प्रौद्योगिकी एवं जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से अर्की विधानसभा क्षेत्र में ही नहीं, अपितु पूरे सोलन जिला में समय-समय पर किसान मेले आयोजित किए जाएंगे।

किसानों की आर्थिकी को मजबूत बनाकर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए जहां एक ओर सड़क एवं सिंचाई जैसी मूलभूत सुविधाओं को सुधारा जा रहा है, वहीं लगभग 500 करोड़ रुपए की दूध गंगा योजना के माध्यम से किसानों की आर्थिक उन्नति सुनिश्चित बनाने के प्रयास किए जा रहे हैं।

प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के कुशल नेतृत्व में आम जन के हित को सर्वोच्च अधिमान दे रही है। उन्होंने आश्वासन दिया कि नागरिक अस्पताल कुनिहार में शीघ्र ही स्टाफ की कमी को पूरा किया जाएगा तथा भविष्य में अस्पताल के नए भवन के लिए भूमि चयनित करके समुचित बजट उपलब्ध करवाया जाएगा। मुख्य संसदीय सचिव की ओर से इस अवसर पर खंड स्तर पर उत्कृष्ट कार्य करने वाले 15 किसानों को 10-10 हजार रुपए के चेक भी वितरित किए गए।

संजय अवस्थी ने इससे पूर्व कृषि प्रदर्शनी का अवलोकन किया। आत्मा के राज्य परियोजना निदेशक डॉ. वाईआर चौहान ने मुख्य अतिथि का स्वागत किया तथा कृषि प्रौद्योगिकी प्रबंधन अभिकरण की गतिविधियों की जानकारी दी।

इस अवसर पर प्यारे लाल शर्मा, सीडी बसंल, कमलेश शर्मा, विमला ठाकुर, रोशन लाल शर्मा, दिलीप सिंह, विजय ठाकुर, मंडल के सचिव राजेश शांडिल सहित कांग्रेस पार्टी के विभिन्न पदाधिकारी, कृषि विभाग सोलन के अधिकारी तथा बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।


जिला स्तरीय किसान मेले के दौरान सीपीएस अवस्थी लोगों की समस्याएं सुनते हुए।

# नघेता विद्यालय के छात्र राज्य स्तरीय एनएसएस कैंप में लेंगे भाग

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

एनएसएस यानी राष्ट्रीय सेवा योजना के तहत राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय नघेता के दो विद्यार्थियों का राज्य स्तर पर मेघा एनएसएस कैंप में चयन हुआ है।

इन विद्यार्थियों ने विद्यालय का मान बढ़ाते हुए लोकेश तोमर व नीलाक्षी शर्मा राज्य स्तर पर मेगा एनएसएस कैंप में भाग लेंगे।

वहीं, राष्ट्रीय सेवा योजना के विद्यालय प्रभारी प्रवक्ता अंग्रेजी के कमलेश शर्मा ने बताया कि यह कैंप ऊना जिला के हरोली में 29 दिसंबर से पांच जनवरी तक आयोजित होगा। इसमें विद्यालय के दो विद्यार्थी भाग लेंगे।

राष्ट्रीय सेवा योजना एक सरकारी योजना है, जो भारतीय नागरिकों को सामाजिक सेवा और समाज सेवा के क्षेत्र में योगदान करने के लिए प्रोत्साहित करती है। इस योजना के तहत विभिन्न विश्वविद्यालयों और कॉलेजों में विद्यार्थियों को समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय रूप से भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

इसके तहत विद्यार्थी समुदाय में जागरूकता फैलाने, स्वच्छता अभियान, ब्लड डोनेशन और अन्य सामाजिक कार्यक्रमों में भाग लेते हैं।



मेघा एनएसएस कैंप के लिए चयनित छात्र अध्यापकों के साथ।

पेरिस में अगले साल होने जा रहे ओलंपिक, प्रबंधन चलाने के लिए भारतीय ओलंपिक संघ ने लिया फैसला

# कुश्ती संघ को चलाएगी तीन सदस्यीय कमेटी, भूपेंद्र सिंह बाजवा बनाए अध्यक्ष

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**पेरिस** में अगले साल 26 जुलाई, 2024 से 11 अगस्त 2024 तक ओलंपिक का आयोजन होने जा रहा है। इसके चलते



भारतीय ओलंपिक संघ ने भारतीय कुश्ती महासंघ को चलाने के लिए तीन सदस्य समिति का गठन किया है, जिसका भारतीय वुशू संघ के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा को अध्यक्ष बनाया है, जबकि पूर्व हॉकी ओलंपियन एमएम सोमाया और पूर्व अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन खिलाड़ी मंजुषा कंवर दो अन्य सदस्य हैं।

इनका काम डब्ल्यूएफआई के विभिन्न कार्यों और गतिविधियों की देखरेख में होगा। इसमें खिलाड़ियों का चयन, अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट के लिए खिलाड़ियों के नाम भेजना, खेलों का आयोजन, पर्यवेक्षण और बैंक खातों का प्रबंधन शामिल है।



कुश्ती संघ के विरोध में प्रदर्शन पर बैठे पहलवान। (फाइल फोटो)

## पहलवानों के विरोध प्रदर्शन के बाद निलंबित किया संघ

खेल मंत्रालय ने गत रविवार को भारतीय कुश्ती महासंघ को अगले आदेश तक निलंबित कर दिया है, क्योंकि नवनिर्वाचित संस्था ने पहलवानों को तैयारी के लिए पर्याप्त समय दिए बिना अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप के आयोजन की जल्दबाजी में घोषणा की थी। भारतीय कुश्ती संघ (डब्ल्यूएफ आई) के चुनाव 21 दिसंबर को हुए थे, जिसमें पूर्व अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के विश्वासपात्र संजय सिंह और उनके पैनल ने बड़े अंतर से जीत दर्ज की थी। इसके बाद पहलवानों ने आपत्ति जताई थी। साक्षी मलिक ने संन्यास ले लिया, जबकि बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट ने पद्म श्री, खेल रत्न और अर्जुन अवॉर्ड लौटाने की घोषणा की। खेल मंत्रालय के एक अधिकारी ने बताया कि नए निकाय ने डब्ल्यूएफआई संविधान का पालन नहीं किया गया, इसलिए महासंघ को अगले आदेश तक निलंबित किया गया। उन्हें बस उचित प्रक्रिया और नियमों का पालन करने की जरूरत है।

## एक साल से विवादों में कुश्ती संघ

कुश्ती संघ पिछले एक साल से लगातार विवादों में है। जनवरी के महीने में कुछ महिला पहलवानों जिनमें साक्षी मलिक और विनेश फोगाट का नाम सबसे ज्यादा चर्चा में आया, इन्होंने संघ के अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह पर यौन शोषण का आरोप लगाया था और उन्हें पद से हटाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया था। पहलवानों के प्रदर्शन में कई पुरुष पहलवान जिनमें बजरंग पुनिया भी हैं, वे शामिल हुए। पहलवानों के प्रदर्शन का मामला जब ज्यादा बड़ा हुआ तो बृजभूषण सिंह ने इस्तीफा दे दिया था। उसके बाद 21 दिसंबर को कुश्ती संघ के लिए चुनाव हुए और यह चुनाव तब विवादों में आया जब नए अध्यक्ष संजय सिंह पर यह आरोप लगा कि वह बृजभूषण शरण सिंह के करीबी है और उनके ही फैसलों को अमल मे लेकर आ रहे हैं।

## जल्दबाजी में चैंपियनशिप की घोषणा

अध्यक्ष संजय कुमार सिंह ने 21 दिसंबर, 2023 को अध्यक्ष चुने जाने के दिन घोषणा की कि कुश्ती के लिए अंडर-15 और अंडर-20 राष्ट्रीय चैंपियनशिप साल खत्म होने से पहले ही उत्तर प्रदेश के गोंडा के नंदिनी नगर में होगी। उन्होंने यह घोषणा जल्दबाजी में की। उन पहलवानों को सूचना दिए बिना जिन्हें राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भाग लेना है। डब्ल्यूएफआई के संविधान के प्रावधानों का पालन भी नहीं किया गया। इससे पहलवानों में रोष और बढ़ गया और संन्यास लेने व पद्मश्री लौटाने तक की घोषणा कर दी।

# सेंचुरियन में शतक जड़ केएल राहुल ने रचा इतिहास, विराट की बराबरी की



**101** रन की पारी खेली
**137** गेंदें 14 चौके 4 छक्के
**245** रन भारत ने अपनी पहली पारी में बनाए

**एजेंसी, नई दिल्ली**

साउथ अफ्रीका के खिलाफ सेंचुरियन में साउथ अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग-डे टेस्ट में एक बार फिर से भारतीय स्टार केएल राहुल ने धमाल मचाया। दो साल पहले भी इस मैदान पर इसी टीम के सामने राहुल ने शतक जड़ा था। अब राहुल ने फिर से शतक पूरा करते ही एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली।

भारत ने अपनी पहली पारी में 245 रन बनाए। साउथ अफ्रीका के खिलाफ सीरीज के पहले टेस्ट मैच के दूसरे दिन भारत ने अपनी पहली पारी में 245 रन बनाए। टीम इंडिया की ओर से विकेटकीपर बल्लेबाज लोकेश राहुल ने सर्वाधिक 101 रन बनाए। विराट कोहली ने 38 रन की पारी खेली। उन्होंने 137 गेंदों की अपनी पारी में 14 चौके और 4 छक्के जड़े। साउथ अफ्रीका की तरफ से पेसर कागिसो रबाडा ने पांच, जबकि नांद्रे बर्गर ने तीन विकेट चटकाए।

## 2021 में जड़ा था शतक

केएल राहुल इसी के साथ साउथ अफ्रीका के सेंचुरियन में दो शतक जड़ने वाले पहले विदेशी क्रिकेटर भी बन गए। उन्होंने 2021 में साउथ अफ्रीका के खिलाफ बॉक्सिंग-डे टेस्ट मैच में 123 रनों की पारी खेली थी। अब वह इसी मैदान पर 101 रन बनाकर लौटे, जिससे ये मुकाम हासिल किया। इतना ही नहीं, उन्होंने भारत के धाकड़ बल्लेबाज विराट कोहली की बराबरी भी की।

## विराट की बराबरी

साउथ अफ्रीका में शतक जड़ने वाले एशियाई बल्लेबाजों में टॉप पर सचिन तेंदुलकर का नाम आता है। सचिन ने 5 शतक साउथ अफ्रीका में जड़े हैं। पाकिस्तान के अजहर महमूद और श्रीलंका के तिलकरत्ने समरवीरा, भारत के धुरंधर विराट कोहली और अब केएल राहुल ने दो-दो शतक साउथ अफ्रीका में लगा दिए हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मेलबर्न टेस्टः पाक गेंदबाजों ने अतिरिक्त 52 रन देकर बनाया अनचाहा रिकॉर्ड



**मेलबर्न।** पाकिस्तान के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहली पारी में 318 रन बनाकर आउट हो गई। पाकिस्तान की ओर से आमेर जमाल ने तीन और शाहीन अफरीदी दो विकेट लिए। ऑस्ट्रेलिया की ओर से मार्नस लाबुशेन ने 63 रन की पारी खेली। टेस्ट मैच में पाकिस्तानी गेंदबाजों ने एक अनचाहा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। दरअसल, ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ मेलबर्न टेस्ट में पाकिस्तान के गेंदबाजों ने अतिरिक्त में कुल 52 रन दिए, जो मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर किसी टेस्ट पारी में किसी टीम द्वारा दिए गए अब तक के सर्वाधिक अतिरिक्त रन देने का अनचाहा रिकॉर्ड है।

### चार साहिबजादे हॉकी गोल्ड कप मास्टर में हिमाचल ने जीता सिल्वर, मंडी की वंदना छाई



**मंडी।** जम्मू में आयोजित तीन दिवसीय चार साहिबजादे हॉकी गोल्ड कप मास्टर में हिमाचल की टीम ने सिल्वर मेडल जीता। जम्मू के हक्कू स्टेडियम में हुई प्रतियोगिता में मास्टर वर्ग से कई टीमों ने भाग लिया। हिमाचल प्रदेश की महिला हॉकी टीम मास्टर की टीम में शामिल मंडी की वंदना ने शानदार प्रदर्शन किया। वंदना पहले भी मास्टर हॉकी प्रतियोगिताओं में कई मेडल जीत चुकी है। वह ग्रामीण विकास विभाग के विकास खंड सदर मंडी में तैनात है।

### सुभाष स्टेडियम के इंडोर हाल में तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का हुआ आगाज

**उधमपुर।** जिला बैडमिंटन एसोसिएशन उधमपुर ने सुभाष स्टेडियम के इंडोर हाल में विभिन्न वर्ग के लिए आयोजित की जा रही तीन दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आगाज किया। प्रतियोगिता में कुल 120 लड़के व लड़कियां भाग ले रही हैं। प्रतियोगिता का उद्घाटन एसएसपी उधमपुर जोगिंद्र सिंह सम्याल ने किया। इस अवसर एएसपी उधमपुर अनबर-उल-हक कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। पहले दिन खेले गए महिला एकल के मुकाबलों में सुभादर्शिनी ने लक्षिता को 21-5, 21-4 के सैटों से हराया, जबकि सोनधारवी ने सावनी को 21-12, 21-10 से हराया जबकि कुलनाज ने कोमल को 21-13, 21-15 से हराया।

### ऑल इंडिया सॉलिसिटर्स क्रिकेट प्रतियोगिता में दिल्ली और लखनऊ में होगी खिताबी भिड़ंत

**प्रयागराज।** असद दिल्ली ने एपीसीएल मथुरा को 13 रन और यूपीएएसटी लखनऊ ने कोलकाता हाई कोर्ट को 67 रन से हराकर ऑल इंडिया सॉलिसिटर्स क्रिकेट प्रतियोगिता के फाइनल में प्रवेश किया। जहां दोनों की भिड़ंत वीरवार को होगी। एनसीआर रेलगांव मैदान पर बुधवार को खेले गए पहले सेमीफाइनल में असद दिल्ली ने 16 ओवर में 109 रन बनाए। दूसरे सेमीफाइनल में यूपीएएसटी लखनऊ ने 16 ओवर में 3 विकेट पर 156 रन पर समेट दिया। दोनों मैच में शिशिर मेहरोत्रा व मोहम्मद आरिफव राज यादव स्कोरर रहे। फाइनल मुकाबला सुबह 11 बजे से खेला जाएगा।



# सूर्य की चमक शीर्ष पर बरकरार

**एजेंसी, दुबई**

इंग्लैंड के सलामी बल्लेबाज फिल साल्ट वेस्टइंडीज के खिलाफ टी-20 शृंखला में शानदार प्रदर्शन करने के बाद करियर के उच्चतम रेटिंग अंक (802) के साथ टी-20 अंतरराष्ट्रीय बल्लेबाजी रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंच गए हैं।

आईसीसी की रिपोर्ट के अनुसार, त्रिनिदाद में साल्ट के 119 और 38 के स्कोर ने उन्हें 18 स्थान ऊपर पहुंचाया। उनके करियर की सर्वोच्च रेटिंग 802 है, जो तीसरे (787) स्थान पर मौजूद पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान से 15 रेटिंग अंक आगे है। साल्ट की छलांग के बावजूद सूर्यकुमार यादव 887 अंकों के साथ शीर्ष पर बरकरार हैं।

## लिविंगस्टोन की रैंकिंग भी सुधरी

साल्ट की टीम के साथी लियाम लिविंगस्टोन भी बल्लेबाजी रैंकिंग में ऊपर चढ़े हैं। लिविंगस्टोन समान मैचों में नाबाद 54 और 28 रनों की पारी के बाद 27 स्थान ऊपर चढ़कर 38वें स्थान पर पहुंच गए। इस प्रदर्शन की बदौलत लिविंगस्टोन को ऑलराउंडर श्रेणी में भी मदद मिली है और वह चार पायदान ऊपर आठवें (175) पर पहुंच गए हैं।

## वेस्टइंडीज के खिलाफ बेहतरीन प्रदर्शन

हमवतन मोईन अली और पाकिस्तान के शादाब खान संयुक्त रूप से नौवें स्थान (173) पर हैं। वेस्टइंडीज ने आखिरी मैच जीतकर पांच मैचों की टी20 सीरीज में 3-2 से जीत हासिल कर ली। उनकी जीत का श्रेय मुख्य रूप से शानदार गेंदबाजी प्रदर्शन को दिया, जिसने इंग्लैंड को 132 रनों के मामूली स्कोर पर रोक दिया। इसके बाद वेस्टइंडीज ने अंतिम ओवर में छह विकेट शेष रहते लक्ष्य का सफलतापूर्वक पीछा कर लिया।

## 41वें स्थान पर भारत के अर्श



रैंकिंग में शोरफुल इस्लाम गेंद के साथ बेहतरीन प्रदर्शन के बाद 24 स्थान ऊपर चढ़कर 35वें स्थान पर पहुंच गए, जबकि भारत के युवा बाएं हाथ के अर्शदीप सिंह 41 वें स्थान ऊपर चढ़ गए हैं। हालांकि, वह अभी भी शीर्ष 100 से बाहर हैं।

## आईसीसी टी-20 रैंकिंग में दूसरे स्थान पर पहुंचे इंग्लैंड के बल्लेबाज साल्ट



# सब जूनियर महिला हॉकी लीग: साई शक्ति , एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़, साई बाल, जय भारत ने दर्ज की जीत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

दूसरे खेलो इंडिया सब जूनियर महिला हॉकी लीग के पहले चरण के सातवें दिन साई शक्ति टीम, खेलो इंडिया हॉकी एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़, साई बाल टीम और जय भारत हॉकी अकादमी ने अपने-अपने मैचों में जीत दर्ज की।

## साई शक्ति टीम की बड़ी जीत

दिन के पहले मैच में साई शक्ति टीम ने राजा करण हॉकी अकादमी को 28-0 से हराया। पूर्णिमा यादव (4', 34', 35', 42', 45', 49', 54') ने सात गोल किए, कप्तान काजल (3', 6', 22', 29', 50', 60') ने छह, बिनती मिंज (2', 9', 25', 56') और रवीना (15', 20', 38', 55') ने चार-चार गोल किए, श्वेता (12', 57') और साक्षी (24') ने चार-चार गोल किए। (59') ने ब्रेसिज़ बनाए जबकिजबकि नवरूप कौर (7'), तम्मन्ना (14') और निशा दादेल (18') ने एसएआई शक्ति टीम के लिए एक-एक गोल किया।



## करीबी मैच में हारा ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर

दिन के दूसरे मैच में खेलो इंडिया हॉकी एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ ने ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर को 2-1 से हराया। ओडिशा नेवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर की डोली भोई (18') ने पेनल्टी कॉर्नर को गोल में बदलकर मैच का पहला गोल किया। अक्षिता (23') ने पांच मिनट बाद खेलो इंडिया हॉकी एक्सीलेंस सेंटर छत्तीसगढ़ के लिए बराबरी की, इसके बाद मधु सिदार (28') ने दूसरे क्वार्टर के अंत में उन्हें बढ़त दिलाई। उन्होंने अपनी बढ़त बरकरार रखते हुए मैच 2-1 से जीत लिया।

## साई बाल टीम ने दर्ज की आसान जीत

दिन के तीसरे मैच में साई बाल टीम ने घुम्मनहेड़ा राइजर की हॉकी अकादमी को 12-0 से हराया। वंदना पटेल (17', 52', 57') ने हैट्रिक बनाई, रिया (15', 27'), तनीषा एक्का (30', 48') और सिसलिया सैंडी पूर्ति (38', 53') ने दो-दो गोल किए, जबकि ज्योति जाक्सा (26'), निधि (42') और लालपेकसंगी (55') ने एक-एक गोल किया।

**जय भारत हॉकी अकादमी ने भाई बहलो हॉकी अकादमी, भगता को हराया :** दिन के चौथे मैच में जय भारत हॉकी अकादमी ने भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता को 3-1 से हराया। मैच का पहला गोल भाई बहलो हॉकी अकादमी भगता की ओर से अंजलि (6') ने किया। हालांकि, निशा (23', 45') के दो और कप्तान अन्नू (51') के फील्ड गोल की बदौलत जय भारत हॉकी अकादमी ने 3-1 से आसन जीत दर्ज की।

## ओडिशा जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप की मेजबानी को तैयार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा सरकार का खेल और युवा सेवा विभाग, जिम्नास्टिक्स सेंटर, कलिंगा स्टेडियम, भुवनेश्वर में 2023-24 सीजन के लिए जूनियर और सीनियर आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक नेशनल चैंपियनशिप की मेजबानी करने के लिए पूरी तरह तैयार है। ओडिशा जिम्नास्टिक एसोसिएशन और जिमनास्टिक फेडरेशन ऑफ इंडिया के सहयोग से चैंपियनशिप में देश भर के शीर्ष जिम्नास्ट राष्ट्रीय मंच पर अपने कौशल का प्रदर्शन करेंगे। जूनियर चैंपियनशिप 28-30 दिसंबर 2023 तक आयोजित की जाएगी, जबकि सीनियर चैंपियनशिप 2-4 जनवरी 2024 तक राज्य की राजधानी में होगी। जिम्नास्टिक कौशल का भव्य प्रदर्शन होने वाले इस कार्यक्रम में देश भर से 550 खिलाड़ी, 120 सहायक कर्मचारियों और 100 अधिकारियों सहित कुल 750 प्रतिभागियों के भाग लेने की उम्मीद है। चैंपियनशिप में जिमनास्टिक्स फेडरेशन ऑफइंडिया की 28 संबद्ध इकाइयां भाग लेंगी।

## पीकेएल-10 : घरेलू दर्शकों के सामने धमाकेदार प्रदर्शन को तैयार यूपी योद्धाज

**नोएडा।** दिल्ली एनसीआर में कबड्डी का बुखार बढ़ने वाला है, क्योंकि प्रो कबड्डी लीग (पीकेएल) 10 में उत्तर प्रदेश राज्य का प्रतिनिधित्व करने वाली जीएमआर ग्रुप की स्वामित्व वाली यूपी योद्धाज एक बार फिर अपने घरेलू मैदान पर लौटने की तैयारी कर रही है। योद्धाज अपने घरेलू मैदान पर दो सीजन के लंबे इंतजार के बाद खेलन को लेकर काफी उत्सुक है। यूपी योद्धाज की टीम अपने घरेलू दर्शकों के सामने चार रोमांचक मुकाबले खेलेगी। यूपी की टीम 29 दिसंबर, को बेंगलुरु बुल्स के खिलाफ होम लेग की शुरुआत करेगी। होम लेग की शुरुआत से पहले जीएमआर लीग गेम्स के सीईओ पीकेएसवी सागर ने बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बताया कि हम अपने होम लेग, नोएडा में प्रो कबड्डी लीग का स्वागत करते हुए बेहद रोमांचित हैं। इस बार हमने टिकटों की कीमत भी बहुत उचित दर पर रखी है ।

**चैंपियन** प्रत्येक प्रमुख पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बने

# 2023 में नीरज ने अपने नाम किया अनोखा खिताब

**एजेंसी, नई दिल्ली**

नीरज चोपड़ा 2023 में प्रत्येक प्रमुख पदक जीतने वाले पहले भारतीय ट्रैक और फील्ड एथलीट बन गए हैं। उन्होंने अपना और भारत का पहला विश्व एथलेटिक्स चैंपियनशिप में स्वर्ण जीता और दूसरा एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतकर भारत की झोली में डाला। ट्रैक के बाहर, नीरज ने दिखाया कि वह सिर्फ एक चैंपियन एथलीट ही नहीं, बल्कि एक चैंपियन इंसान भी है। भारत के विरोध करने वाले पहलवानों का समर्थन करने से लेकर अपनी प्रतिस्पर्धा के बीच में हमवतन किशोर जेना के लिए खड़े होने तक, उन्होंने महानता का एक और स्तर दिखाया।

ओलंपिक चैंपियन कमर की चोट से उबरकर वापस आए, भारत के पहले ट्रैक और फील्ड विश्व चैंपियन बने और अपने एशियाई खेलों के खिताब का सफलतापूर्वक बचाव भी किया। इस दौरान, उन्होंने फाइनल में दूसरे स्थान पर रहने से पहले दो डायमंड लीग प्रतियोगिताएं जीतीं और अपने करियर का चौथा सर्वश्रेष्ठ थ्रो परफेक्ट 88.88 मीटर भी दर्ज किया। 2023 में उन्होंने जिन छह स्पर्धाओं में भाग लिया, उनमें से चार में वह पोडियम पर शीर्ष पर रहे।



## पूरे वर्ष भारतीय एथलीटों का समर्थन करते रहे नीरज

इस वर्ष नीरज हर जगह थे। जब किशोर को वर्ल्डस में प्रतिस्पर्धा करने के लिए समय पर वीजा नहीं मिल सका, तो नीरज ने इस मुद्दे को सत्ता तक पहुंचाने के लिए हस्तक्षेप किया। जब भारत के शीर्ष पहलवान भारतीय कुश्ती महासंघ के पूर्व प्रमुख के विरोध में बैठे तो नीरज ने सोशल मीडिया पर उन्हें अपना समर्थन दिया।

## युवा खिलाड़ियों को किया प्रेरित

एशियाई खेल गांव में नीरज लगातार मौजूद रहे और उन्होंने सभी को प्रेरित करने का प्रयास किया चाहे वह शॉटपुट में कांस्य पदक जीतने से पहले किरण बलियान के साथ एक संक्षिप्त बातचीत हो या जब किशोर ने पुरुषों की 4 गुना 400 मीटर रिले टीम फिनिश लाइन पर एक नया व्यक्तिगत सर्वश्रेष्ठ हासिल किया तो उसे थपथपाना हो या उसके साथ जश्न मनाने के लिए दौड़ना हो।

## भारत और पाकिस्तान के बीच तनावपूर्ण संबंधों को खेल में नहीं आने दिया

भारत और पाकिस्तान के बीच लंबे समय से तनावपूर्ण संबंध रहे हैं, लेकिन नीरज ने इसे कभी भी खेल में नहीं आने दिया। 2018 एशियाई खेलों में पाकिस्तान के अरशद नदीम के साथ सौहार्दपूर्ण क्षण वाली एक तस्वीर वायरल हुई। जब नदीम पर टोक्यो ओलंपिक में बिना अनुमति के नीरज के भाले का उपयोग करने का आरोप लगाया गया, तो नीरज ने उस मुद्दे को दूर करने के लिए कदम उठाया। 2023 में नीरज ने विश्व चैंपियनशिप जीती और नदीम दूसरे स्थान पर रहे। नीरज को भारत का झंडा दिया गया, लेकिन नदीम को झंडा सौंपने के लिए पाकिस्तानी दल की ओर से कोई नहीं था। चमकते कैमरों के लिए पोज देते समय, नीरज ने यह देखा और नदीम को भारत के झंडे के नीचे शामिल होने का इशारा किया। यह एक सरल, छोटा सा इशारा था, जिस पर किसी का ध्यान नहीं जा सकता था, लेकिन ये बातें नीरज को अलग बनाती हैं।

## राष्ट्रीय स्तर एवं आल इंडिया जोनल कराटे के पदक विजेता खिलाड़ी किए सम्मानित



**एजेंसी, वाराणसी**

वाराणसी के सामनेघाट स्थित आरबी मार्शल आर्ट्स अकादमी में राष्ट्रीय स्तर एवं ऑल इंडिया जोनल कराते 2023 के पदक विजेता खिलाड़ियों को इंटेलिजेंट बिल्डिंग सॉल्यूशन (आईबीएस) ने सम्मानित गया। इन खिलाड़ियों का सम्मान विशिष्ठ अतिथि समाजसेवी अमित राय, नागेंद्र कुमार राय एवं आईबीएस मैनेजर निर्भय सिंह ने किया। सम्मानित किए खिलाड़ियों ने कराटे के राष्ट्रीय व जोनल स्तर पर पदक जीतकर वाराणसी का नाम रोशन किया है। सम्मानित हुए खिलाड़ियों में अदिति सोनकर, आरुष देव वर्मा ,देवेंद्र राय, शिवेश शर्मा, आदर्श सोनकर शामिल हैं। सम्मानित हुए खिलाड़ियों के कोच अरविंद यादव ने बताया कि इनमें से चार खिलाड़ी आदर्शन सोनकर, अदिति सोनकर, आरुष देव और देवेंद्र राय जापान शोतोकान कराटे डो कांनीनजुकु जुकु, इंडिया की ओर से कराटे के विंटर ट्रेनिंग कैंप में भी हिस्सा ले रहे हैं। तीन दिनी इस कैम्प का आयोजन महाराष्ट्र के खंडाला में 28,29 और 30 दिसंबर को हो रहा है।

# अब 25 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से चावल बेचेगी सरकार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आटा और दाल के बाद सरकार अब भारत ब्रांड के तहत 25 रुपए प्रति किलो पर चावल बेचेगी। मार्केट में चावल की कीमतें आसमान छू रही हैं, जिन्हें नियंत्रित करने के लिए सरकार ऐसा कर रही है। बता दें कि उपभोक्ता मंत्रालय की वेबसाइट पर दिए गए आंकड़ों के मुताबिक, पिछले एक साल में चावल के दाम 14.06 फीसदी बढ़े हैं। अभी देश में चावल की औसत कीमत 43 रुपए प्रति किलो है।

**भारत ब्रांड के तहत देशभर में मिलेगा चावल, अभी 43 रुपए प्रति किलो है कीमत**



'भारत राइस' को भारतीय नेशनल एग्रीकल्चरल को-ऑपरेटिव मार्केटिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया, नेशनल को-ऑपरेटिव कंज्यूमर्स फेडरेशन और केंद्रीय भंडार आउटलेट के माध्यम से बेचा जाएगा। एक वरिष्ठ सरकारी अधिकारी ने यह जानकारी दी है। गौरतलब है कि छह नवंबर 2023 को केंद्र सरकार ने 'भारत आटा' लॉन्च किया था। इसकी कीमत 27.50 रुपए प्रति किलो है। इसे दस किलो और 30 किलो के पैक में उपलब्ध कराया जाएगा। गेहूं की बढ़ती कीमत की वजह से यह फैसला लिया गया था। वहीं, भारत ब्रांड के तहत चना दाल 60 रुपए प्रति किलो के हिसाब से बेची जाएगी।

# एचडीएफसी बैंक के चेयरमैन बने रहेंगे अतनु चक्रवर्ती

**नई दिल्ली।** एचडीएफसी बैंक ने चेयरमैन के रूप में अतनु चक्रवर्ती की फिर से नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बैंक के निदेशक मंडल ने गैर-कार्यकारी चेयरमैन अतनु चक्रवर्ती को तीन साल का एक और कार्यकाल देने पर मुहर लगा दी है।




एचडीएफसी बैंक ने बुधवार को शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि निदेशक मंडल ने अंशकालिक गैर-कार्यकारी चेयरमैन एवं स्वतंत्र निदेशक के तौर पर अतनु चक्रवर्ती को नियुक्त करने की अनुशंसा रिजर्व बैंक से की है। हालांकि चक्रवर्ती की नियुक्ति को बैंक के शेयरधारकों से भी स्वीकृति लेनी होगी।

नियामकीय सूचना के मुताबिक अतनु चक्रवर्ती का बैंक के साथ लगातार ये दूसरा कार्यकाल होगा। बैंक बोर्ड ने उन्हें पांच मई, 2024 से चार मई, 2027 तक के तीन साल के कार्यकाल के लिए गैर-कार्यकारी चेयरमैन नियुक्त करने की अनुशंसा की है। चक्रवर्ती को मई, 2021 में पहली बार एचडीएफसी बैंक का चेयरमैन नियुक्त किया गया था।

# अडाणी-ग्रीन-एनर्जी और टोटल-एनर्जीज के जॉइंट वेंचर की प्रोसेस प्रक्रिया पूरी

## 2,500 करोड़ रुपए का निवेश कर रही फ्रांस की कंपनी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

अडाणी ग्रुप की कंपनी अडाणी ग्रीन एनर्जी लिमिटेड ने फ्रांस की कंपनी टोटल एनर्जीज के साथ एक जॉइंट वेंचर बनाने की प्रोसेस पूरी कर ली है। इस जॉइंट वेंचर में दोनों कंपनियों की हिस्सेदारी 50-50 प्रतिशत है। जॉइंट वेंचर में टोटल एनर्जीज 300 मिलियन डॉलर यानी 2,500 करोड़ रुपए का निवेश कर रही है। बुधवार को अडाणी ग्रीन एनर्जी ने इस बात की जानकारी बीएसई-एनएसई को दी है।




### अडाणी ग्रीन एनर्जी का शेयर 1,611 रुपए पर

**कंपनी** का शेयर 0.20 प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 1,597 रुपए पर बंद हुआ। 26 दिसंबर को कंपनी का शेयर 1600 रुपए के लेवल पर बंद हुआ था। वर्तमान में अडाणी ग्रीन एनर्जी का मार्केट कैप 2.53 लाख करोड़ रुपए से ज्यादा है।

### जॉइंट वेंचर में दोनों कंपनियों का क्या-क्या है योगदान

**कंपनी** ने कहा कि लेन-देन के हिस्से के तौर पर जॉइंट वेंचर में AGEL ने 300 MW की ऑपरेशनल कैपेसिटी, 500 के अंडर कंस्ट्रक्शन अपर प्रोजेक्ट और 250 MW के अंडर डेवलपमेंट एसेट्स का योगदान किया है। वहीं टोटल एनर्जीज ने 300 मिलियन डॉलर का इक्विटी इनवेस्टमेंट किया है। यह डेवलपमेंट सितंबर 2023 में AGEL और टोटल एनर्जीज के बीच डिक्लेयर्ड बाइंडिंग एग्रीमेंट के अनुरूप है। 1050 MW के इस जॉइंट वेंचर में भारत में कई कैपेसिटी के सोलर और विंड पावर प्रोजेक्ट हैं।

# सेंसेक्स पहली बार 72,000 के पार निफ्टी ने भी सेट किया नया रिकॉर्ड

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार ने फिर से नया ऑल टाइम हाई लेवल बनाया है। शेयर बाजार में बुधवार को तूफानी तेजी देखी गई है। बाजार रिकॉर्ड उछाल के साथ बंद हुआ है। भारतीय शेयर बाजार की लगातार चौथे दिन हरे निशान पर क्लोजिंग हुई है। इस दौरान न सिर्फ सेंसेक्स और निफ्टी में मजबूती दिखी है।



बाजार नए ऑल टाइम हाई पर भी बंद होने में सफल रहा है। सेंसेक्स पहली बार 701.63 अंकों यानी 0.98 प्रतिशत की बढ़त के साथ 72,038.43 के स्तर पर बंद हुआ। दूसरी ओर निफ्टी पहली बार 213.41 अंक यानी 1.00 प्रतिशत मजबूत होकर 21,654.75 के रिकॉर्ड हाई पर बंद हुआ है। देश के वृहद-आर्थिक बुनियादी पहलुओं और वैश्विक बाजार में मजबूत रुझान से उपजे आशावादी माहौल में घरेलू मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी बुधवार को छलांग लगाते हुए अपने उच्चतम स्तर पर पहुंच गए हैं। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 72,000 अंक के ऐतिहासिक स्तर को पार कर गया।

**वर्ल्ड न्यूज**

## दक्षिण अफ्रीका में भारी बारिश छह लोगों की मौत, दस लापता

**जोहान्सबर्ग।** दक्षिण अफ्रीकी अधिकारियों ने कहा है कि देश की आपदा प्रबंधन टीमें अभी भी क्वाजुलु-नटाल प्रांत में भारी बारिश के कारण लापता हुए दस लोगों की तलाश कर रही हैं। बारिश के कारण छह लोगों की मौत भी हो गई है। समाचार एजेंसी शिन्हुआ ने सहकारी प्रशासन और पारंपरिक मामलों के प्रांतीय विभाग के एक बयान का हवाला देते हुए बताया कि रविवार को भारी बारिश के कारण बेलस्प्रूट नदी के बांध टूट गए, पास में स्थित घर नष्ट हो गए, जबकि परिवार के तीन सदस्य बह गए।

## झारखंड के घाटशिला में दो ट्रकों के बीच टक्कर में तीन की मौत

**जमशेदपुर।** घाटशिला थाना क्षेत्र में दो ट्रकों के बीच हुई टक्कर में तीन लोगों की मौत हो गई। हादसा बुधवार सुबह मनोहर कॉलोनी के पास हुआ। हादसे में एक व्यक्ति घायल भी है, जिसे इलाज के लिए हॉस्पिटल में दाखिल कराया गया है। बताया गया कि दोनों ट्रकों से बालू की ट्रांसपोर्टिंग की जा रही थी। इनमें से एक ट्रक में खराबी आ गई थी और वह रोड पर खड़ा था। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहे दूसरे ट्रक ने सड़क पर खड़े ट्रक में टक्कर मार दी। इस हादसे में जिन तीन लोगों की मौत हुई है।

## गिरिडीह में बोलेरो से 40 लाख रुपए बरामद, युवक हिरासत में

**गिरिडीह।** झारखंड के गिरिडीह के पुलिस क्षेत्र में बुधवार तड़के एक बोलरो से 40 लाख रुपए की नकदी बरामद हुई है। पुलिस ने बोलेरो को जब्त कर लिया है। साथ ही बोलेरो में मौजूद युवक को हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में पुलिस ने कुछ भी बताने से इनकार कर दिया है। एसपी दीपक कुमार शर्मा का कहना है कि ऐसी सूचना मिली है। इसके बाद संबंधित थाने ने आयकर विभाग को सूचना दी है। सभी गड्डियों में पांच-पांच सौ रुपये के नोट हैं। युवक से पूछताछ की जा रही है।

## सर्राफा बाजार में सोने की बढ़ी चमक, चांदी में मामूली गिरावट

**नई दिल्ली।** घरेलू सर्राफा बाजार में सोना बुधवार लगातार तीसरे दिन मजबूती के साथ कारोबार करता नजर आ रहा है। तेजी के कारण ज्यादातर सर्राफा बाजारों में कारोबारी 24 कैरेट सोना 64 हजार रुपए प्रति दस ग्राम के करीब पहुंच कर कारोबार कर रहा है। दूसरी ओर, चांदी के भाव में आज मामूली गिरावट दर्ज की गई है। देश की राजधानी दिल्ली में 24 कैरेट सोना 63,960 रुपए प्रति दस ग्राम के स्तर पर कारोबार कर रहा है, जबकि 22 कैरेट सोने की कीमत 58,650 रुपए प्रति दस ग्राम दर्ज की गई।

## ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने को कैबिनेट की मंजूरी

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को न्यूजीलैंड के ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खोलने के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। ऑकलैंड में भारत का महावाणिज्य दूतावास खुलने से भारत के राजनयिक कदम को बढ़ाने में मदद मिलेगी और भारत की बढ़ती वैश्विक भागीदारी को देखते हुए भारत का राजनयिक प्रतिनिधित्व मजबूत होगा। इससे भारत के रणनीतिक और वाणिज्यिक हितों को बढ़ावा देने और ऑकलैंड में भारतीय समुदाय के कल्याण को बेहतर ढंग से पूरा करने में भी मदद मिलेगी।

## गाजा पट्टी में तीन और इसराइली सैनिकों की मौत, संख्या 164 हुई



**अवीव।** इसराइल रक्षा बल ने बुधवार को उत्तरी गाजा में लड़ रहे तीन सैनिकों की मौत की घोषणा की। इसके साथ ही गाजा पट्टी में 27 अक्तूबर को शुरू हुए जमीनी ऑपरेशन के बाद इसराइली मृतकों की संख्या 164 हो गई है। मृत सैनिकों की पहचान लेफ्टिनेंट यारोन एलीएजर चिटिज (23), स्टाफ सार्जेंट इटाय बुटन (20) और स्टाफ सार्जेंट एफ्रैम याचमैन (21) के रूप में हुई है, जो नेव डैनियल से गिवती ब्रिगेड में शेक्ड बटालियन में एक सैनिक थे।

हमास के लोगों द्वारा दक्षिणी इसराइल में घुसकर 1,200 लोगों की हत्या करने और 3,000 से अधिक लोगों को घायल करने के बाद इसराइल गाजा पट्टी में हमास आतंकवादी समूह से मुकाबला कर रहा है। आतंकियों ने 240 लोगों का अपहरण किया है।


# हूती विद्रोहियों ने पाकिस्तान जा रहे जहाज पर किया हमला

## अमेरिका ने दस घंटे में हूतियों के 12 ड्रोन्स, चार मिसाइलें मार गिराईं

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

लाल सागर में पाकिस्तान के कराची जा रहे जहाज पर बुधवार को हमला हुआ। यह शिप 26 दिसंबर को सऊदी अरब से रवाना हुआ था। हूती विदेहियों ने इस हमले की जिम्मेदारी ली है। शिप पर कितने लोग मौजूद थे।

फिलहाल इसकी जानकारी नहीं दी गई। शिप को कितना नुकसान हुआ है इस बारे में भी खबर नहीं है। इस बीच अमेरिकी मिलिट्री ने लाल सागर में हूती विद्रोहियों की तरफ से दागी गईं दर्जनों मिसाइलों और ड्रोन्स को मार गिराया है।



### एक महीने में 100 से ज्यादा हमले किए

**पिछले** चार हफ्तों में हूतियों ने लाल सागर और उसके आसपास 100 से ज्यादा हमले किए हैं। करीब एक महीने पहले हूती विद्रोहियों ने लाल सागर में एक कार्गो शिप गैलेक्सी लीडर को हाईजैक कर लिया था। यह जहाज तुर्की से भारत आ रहा था। हूती विद्रोहियों ने इसे इसराइली जहाज समझ कर हाईजैक किया था। वारदात से पहले हूती समूह ने इसराइली जहाजों पर हमले की चेतावनी दी थी। हूती विद्रोहियों के एक स्पोक्सपर्सन ने कहा था कि इसराइल की तरफ से चलने वाले सभी जहाजों को निशाना बनाया जाएगा।

### हूतियों के 12 ड्रोन्स तबाह

**पेंटागन** के सेंट्रल कमांड ने कहा- हमने दस घंटे के अंदर हूतियों के 12 ड्रोन्स, तीन शिप से हमला करने वाली बैलिस्टिक मिसाइलों और दो जमीन से हमला करने वाली मिसाइलों को मार गिराया है। हालांकि इस दौरान किसी भी जहाज को नुकसान नहीं पहुंचा है।

### भारत आ रहे तेल टैंकर पर भी हो चुका है हमला

**इससे** पहले ईरान समर्थित हूथी विद्रोहियों के लाल सागर में भारत जा रहे जहाज पर भी हमला किया था। यह हमला शनिवार को गुजरात के गिर सोमनाथ जिले में वेरावल से 200 समुद्री मील दूर दक्षिण पश्चिम क्षेत्र में ईरान से आए ड्रोन से किया था। इसके कारण आग लगी थी।

### इराक को अमेरिका का कड़ा संदेश

# देश की सुरक्षा के लिए हमला करने से हम नहीं हिचकिचाएंगे

**एजेंसी, वाशिंगटन**

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने कहा देश की सुरक्षा के लिए इराक पर हमला करने से नहीं हिचकिचाएंगे। ऑस्टिन ने यह टिप्पणी इराक में ईरान समर्थित गतिविधियों को लेकर दी है।

अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने एक बयान में कहा 'ईरानी-प्रायोजित मिलिशिया' द्वारा इराक और सीरिया में अमेरिकी कर्मियों के खिलाफ हमलों के जवाब में अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में तीन स्थानों पर 'आवश्यक और आनुपातिक हमले' किए। ऑस्टिन ने आगे कहा कि अमेरिका की सुरक्षा से बढ़कर कोई 'उच्च प्राथमिकता' नहीं है और वह देश, उसके सैनिकों और हितों की रक्षा के लिए आवश्यक कार्रवाई करने में 'संकोच नहीं करेगा'। लॉयड ऑस्टिन ने कहा, 'राष्ट्रपति बाइडेन के निर्देश पर, अमेरिकी सैन्य बलों ने इराक में कातिब हिजबुल्लाह और संबद्ध समूहों के इस्तेमाल वाली तीन सुविधाओं पर


अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन।

अमेरिकीहमले किए।' इराक और सीरिया में अमेरिकी कर्मियों के खिलाफ एक प्रतिक्रिया है और इसका उद्देश्य ईरान-गठबंधन मिलिशिया समूहों की क्षमताओं को 'बाधित और खराब' करना था। ईरान से संबद्ध कताइब हिजबुल्लाह और एरबिल एयर बेस पर संबद्ध समूहों का हमला शामिल था। सोमवार के हमले में तीन अमेरिकी कर्मी घायल हो गए, जिससे एक सेवा सदस्य की हालत गंभीर हो गई। ऑस्टिन ने कहा, हम क्षेत्र में संघर्ष को बढ़ाना नहीं चाहते हैं, लेकिन हम अपने लोगों की सुविधाओं की सुरक्षा के लिए और आवश्यक कदम उठाने के लिए प्रतिबद्ध और पूरी तरह से तैयार हैं।

# पूरे उत्तर भारत में कोहरे का अलर्ट बारिश के बाद पड़ेगी कड़ाके की सर्दी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

देश की राजधानी दिल्ली-एनसीआर सहित पूरे उत्तर भारत में इस वक्त घना कोहरा छाया हुआ है। सड़कों पर विजिबिलिटी रात के वक्त कुछ स्थानों पर जीरो तक हो जाती है। यही वजह है कि मौसम विभाग ने दिल्ली-एनसीआर, उत्तर प्रदेश , राजस्थान और हरियाणा सहित तमाम उत्तर भारत में कोहरे का अलर्ट जारी किया गया है। मौसम वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा कि अगले एक सप्ताह के दौरान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू कश्मीर में बर्फबारी की संभावना है। हालांकि फिलहाल नए साल तक ठंड में ज्यादा बढ़ोतरी होने की उम्मीद नहीं है। दावा किया गया कि 31 जनवरी से दो जनवरी तक उत्तर भारत में वेस्टर्न डिस्टर्बेंस के चलते बारिश की संभावना है, जिसके कारण कड़ाके की सर्दी पड़ सकती है। अगले दो दिन पूरे उत्तर-भारत में घना कोहरा छाया रहेगा। दिल्ली-एनसीआर में प्रदूषण और ठंड

**अगले एक सप्ताह के दौरान हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड और जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी की संभावना**



की दोहरी मार जारी है। शीतलहर के साथ-साथ कोहरे और वातावरण में जमी प्रदूषण की परत राजधानी को गैस चैंबर की तरह बना रहे हैं, लेकिन अभी भी ठंड पिछले सालों की तुलना में कम पड़ रही है। ऐसा क्यों और कब तक कोहरे के असर कम पड़ने की उम्मीद है? इसको लेकर मौसम वैज्ञानिक कुलदीप श्रीवास्तव ने कहा दिल्ली एनसीआर समेत उत्तर प्रदेश, पूरे उत्तर भारत में ही लगातार कोहरा छाया हुआ है। इसके अलावा लखनऊ से कश्मीर तक पर भी पारा लुढ़क गया है। विजिबिलिटी ना के बराबर हो गई है। दिल्ली-एनसीआर में ऑरेंज अलर्ट जारी किया है और मौसम में बदलाव के ज्यादा संभावना नहीं हो रही, लेकिन जैसे-जैसे आगे जनवरी का फर्स्ट वीक आएगा, आगे ठंड भी बढ़ती चली जाएगी। बर्फबारी का अलर्ट जारी नहीं किया गया है, लेकिन जम्मू-कश्मीर, हिमाचल उत्तराखंड मैं इसकी जरूर संभावना है।

## भारत और इटली के बीच प्रवासन और गतिशीलता समझौते को कैबिनेट ने दी मंजूरी



**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने बुधवार को भारत और इटली के बीच प्रवासन और गतिशीलता समझौते पर हस्ताक्षर करने और पुष्टि करने के विदेश मंत्रालय के प्रस्ताव को मंजूरी दे दी। यह समझौता लोगों के बीच संपर्क बढ़ाएगा। छात्रों, कुशल श्रमिकों, व्यापारिक लोगों और युवा पेशेवरों की गतिशीलता को बढ़ावा देगा और दोनों पक्षों के बीच अनियमित प्रवासन से संबंधित मुद्दों पर सहयोग को मजबूत करेगा।

यह समझौता वर्तमान इटली वीजा व्यवस्था को लॉक करता है, जिसमें अध्ययन के बाद के अवसरों, इंटर्नशिप, पेशेवर प्रशिक्षण के लिए तंत्र शामिल हैं, जो फ्लो डिक्री के तहत मौजूदा श्रम गतिशीलता मार्गों के तहत भारत के लिए लाभ का आश्वासन देते हैं। इस समझौते के तहत इटली में शैक्षणिक व व्यावसायिक प्रशिक्षण पूरा करने के बाद प्रारंभिक पेशेवर अनुभव हासिल करने के इच्छुक भारतीय छात्रों को 12 महीने तक के लिए इटली में अस्थायी निवास की अनुमति दी जा सकती है।

# महाकाल शिवलिंग क्षरण की जांच के लिए उज्जैन पहुंची एएसआई-जीएसआई की टीम

**एजेंसी, भोपाल**

विश्व प्रसिद्ध ज्योतिर्लिंग भगवान महाकालेश्वर के शिवलिंग का क्षरण तो नहीं हो रहा है, इसकी जांच करने के लिए मंगलवार को भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण (एएसआई) और भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई) की आठ सदस्यीय टीम महाकालेश्वर मंदिर पहुंची थी।

टीम के सदस्यों ने यहां धागे से बाबा महाकाल के शिवलिंग की गोलाई नापी और यंत्रों से शिवलिंग के क्षरण की जांच की। टीम के अन्य सदस्यों ने अलग-अलग तरीके से शिवलिंग के अनगिनत



फोटो भी लिए। इसके साथ ही टीम के सदस्य महाकालेश्वर मंदिर के गर्भगृह में जाने के साथ ही मंदिर परिसर में स्थित भगवान नागचंद्रेश्वर और ओमकारेश्वर महादेव के गर्भगृह में भी पहुंचे और यहां भी यह पता किया कि पूजन-अर्चन से कहीं शिवलिंग का शरण तो नहीं हो रहा है। एएसआई और जीएसआई की आठ सदस्यीय टीम के प्रमुख रामजी निगम हैं।

टीम ने मंगलवार को उज्जैन पहुंचकर सबसे पहले भगवान भगवान महाकाल मंदिर में पूजन-अर्चन किया, जिसके बाद बाबा महाकाल के शिवलिंग, महाकाल मंदिर के गर्भगृह, मंदिर के शीर्ष भाग पर स्थित ओंकारेश्वर मंदिर और नागचंद्रेश्वर मंदिर का निरीक्षण किया। यहां मजबूती को लेकर बारीकी से जांच की गई।

## महादेव बेटिंग ऐप घोटाले का मुख्य आरोपी सौरभ चंद्राकर दुबई में नजरबंद

**एजेंसी, नई दिल्ली**



महादेव ऐप घोटाला मामले के मुख्य आरोपी को दुबई में हिरासत में लिया गया है। दुबई पुलिस ने महादेव ऑनलाइन ऑनलाइन बेटिंग ऐप के दो प्रमोटरों में से एक सौरभ चंद्राकर की को नजर बंद कर लिया है। पुलिस ने उसे एक घर में नजरबंद कर रखा है। अब जल्द ही उसे भारत लाने की प्रक्रिया शुरूवहीं, छत्तीसगढ़ की दुर्ग क्राइम ब्रांच ने महादेव बुक ऐप से जुड़े दीपक नेपाली को भिलाई से मंगलवार देर रात गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस को दीपक के लंबे समय से तलाश थी। नेपाली पर अपहरण, लूट सहित कई मामले दर्ज हैं। इस समय दीपक नेपाली से पूछताछ की जा रही है।

## ऑस्ट्रेलिया में आए तूफान से तबाही, अब तक नौ मरे

**सिडनी।** ऑस्ट्रेलिया में क्रिसमस की छुट्टियों के दौरान देश के पूर्वी हिस्से में आए शक्तिशाली तूफान से अब तक नौ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बुधवार को कहा, हजारों घरों में अब भी बिजली गुल है। बिजली आपूर्ति बहाल करने में अधिक समय लग सकता है। द डेली टेलीग्राफ की रिपोर्ट के अनुसार 25 और 26 दिसंबर को विक्टोरिया, न्यू साउथ वेल्स और क्वींसलैंड राज्यों में मौसम की कड़ी मार पड़ी।

**अनंत ज्ञान**

# आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

## आज का पंचांग

(28 दिसंबर, 2023)

**विक्रमी संवत :** 2080, **शक संवत** :1945 (शोभकृत), **मास :** पौष, **शुभ मुहूर्तः** अभीजित सुबह 12:00 -12:43 दोपहर तक, **तिथि :** द्वितीया (पूर्ण रात्रि), **नक्षत्र :** पुनर्वसु 01:05 रात्रि, **पक्ष :** कृष्ण,
**राहुकाल :** 01:39-02:57 दोपहर बाद।

## व्रत त्योहार

पंजाब में भरने वाला तीन दिवसीय जोड़ मेला आज हो जाएगा पूर्ण।

सूर्योदय : 07 :12
सूर्यास्त : 05 :32

**मेष :** आज वाहन चलाते हुए सावधानी बरतें। आप अपने मन को शांत तथा प्रसन्न रखें। आज आप किसी महिला के प्रति आकर्षित हो सकते हैं। आज जीवनसाथी के साथ मतभेद हो सकता है। संबंधो में उतार-चढ़ाव की स्थिति है। नौकरी व व्यवसाय में सहयोग से सफलता मिलेगी।

**वृषभ :** आप नौकरी व व्यवसाय में परिश्रम से सफलता प्राप्त करेंगे। विद्यार्थियों के लिए समय अच्छा है। आज आप किसी धार्मिक या सामाजिक उत्सव में सम्मलित हो सकते हैं। किसी महिला के लिए आकर्षण का केंद्र बन सकते हैं। अविवाहितों के लिए विवाह के प्रस्ताव आ सकते हैं।

**मिथुन :** आज का दिन आपके लिए सर्वश्रेष्ठ है। आज आपको मान सम्मान की प्राप्ति होगी। व्यापारी आज ज्यादा मुनाफा कमाएंगे।अध्ययन के प्रति रुचि पैदा होगी। कार्यक्षेत्र में सफलता प्राप्त होगी। किसी महिला का सहयोग प्राप्त हो सकता है। निवेश के लिए समय उपर्युक्त है।

**कर्क :** आज मन को नकारात्मक विचारों से दूर कर सकारात्मक विचारों की तरफ केंद्रित करें। आज आपके घर पर कुछ मेहमान आ सकते हैं। आज आपको स्वास्थ्य संबंधी कोई समस्या या विकार हो सकता है। वाणी में मधुरता के कारण कोई महिला आपके प्रति आकर्षित हो सकती है।

**सिंहः** आज परिवार के साथ समय व्यतीत हो सकता है। आज आपको अपेक्षाकृत अच्छे परिणाम नहीं मिलेंगे जिससे आपको निराशा होगी। मन शांत तथा प्रसन्न रह सकता है। पारिवारिक दायित्वों में बढ़ोतरी हो सकती है। किसी खास मकसद से यात्रा के योग हैं।

**कन्या :** आज नौकरी तथा व्यवसाय में परिश्रम से लाभ के योग हैं। आज आप थोड़ा तनाव में रहेंगे। थोड़ा सय्यम रखें। आप अपने भविष्य के लिए सकारात्मक होकर निर्णय लें। परिवार से सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक स्थिति मजबूत हो सकती है। शत्रु पक्ष प्रभावी रहेगा। मित्रों से सावधान रहें।

**तुला :** आज नौकरी व व्यवसाय की स्थिति अच्छी है। मन में तरह-तरह के विचार आ सकते हैं। आज आपको कड़ी मेहनत करने से ही सफलता प्राप्त होगी। किसी रिश्तेदार से मिलने जा सकते हैं। कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। किसी मित्र के सहयोग से रुके कार्यों में सफलता प्राप्त कर सकते हैं।

**वृष्चिकः** पारिवारिक व मानसिक तनाव से मुक्ति मिल सकती है। आज आपको परिवार से सहयोग प्राप्त होगा। अगर कोई संपत्ति खरीदने की सोच रहे हैं तो दिन अच्छा है। नौकरी व व्यवसाय में सहयोग से सफलता प्राप्त होगी। पारिवारिक जिम्मेदारियाँ बढ़ेंगी। नौकरीपेशा के लिए दिन सामान्य रहेगा।

**धनुः** आपको शैक्षिक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। संबंधो में कुछ उतार-चढ़ाव हो सकते हैं। सम्बंधो में मधुरता आ सकती है। आज आपके शत्रु आपको हानि पहुंचा सकते हैं। आज अपनी रणनीति किसी के साथ साझा न करें। स्वास्थ्य संबंधी दिक्कत आ सकती है। किसी पर अधिक विश्वास न करें।

**मकर :** आपका मन शांत तथा प्रसन्न रह सकता है। स्वास्थ्य को लेकर थोड़ा चिंतित रह सकते हैं। परिश्रम से कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। महत्वपूर्ण कार्यों को समय पर पूर्ण करना लाभदायक रहेगा। यात्रा संभव है। जीवनसाथी की सेहत का ध्यान रखें। कारोबार में लापरवाही न करें धन लाभ के अच्छे योग है।

**कुंभ :** आज आप दूसरों की भलाई करने के लिए आगे आएंगे। नौकरी में बदलाव होगा। बना हुआ काम बिगड़ सकता है। प्रियजन की सलाह मानेंमन को शांत तथा प्रसन्न रखें। आज आपका झुकाव धार्मिक कार्यों के प्रति अधिक रहेगा। किसी नई योजना पर कार्य करने का मन बनेगा। मान-सम्मान में बढ़ोतरी होगी।

**मीन :** आज आप नौकरी व व्यावसायिक कार्यों में परिश्रम से सफलता प्राप्त करेंगे। परिश्रम की अधिकता रहेगी। स्वास्थ्य में कुछ गिरावट हो सकती है। माता का सानिध्य एवं सहयोग मिलेगा। स्वभाव में चिड़चिड़ापन हो सकता है। धार्मिक कार्यों के प्रति रुझान बढ़ सकता है।

**फैसला** यूजीसी चेयरमैन ने विश्वविद्यालयों को 2024-25 सेशन के लिए दाखिला न देने को कहा

# एमफिल मान्यता प्राप्त डिग्री नहीं, न लें एडमिशन

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**देशभर** में एमफिल की तैयारी करने जा रहे विद्यार्थियों के लिए बड़ी खबर सामने आई है। यूनिवर्सिटी ग्रैंट्स कमीशन (यूसीजी) ने एमफिल की डिग्री को खत्म कर दिया है यानी अब से किसी भी कॉलेज में एमफिल के लिए एडमिशन नहीं होगा। यूसीजी ने कॉलेजों को नोटिस जारी किया है। यूसीजी सेक्रेटरी मनीष जोशी ने स्टूडेंट्स से आग्रह किया कि वे इस कोर्स में एडमिशन न लें यानी अब से एमफिल कोर्स की मान्यता खत्म कर दी गई है। यूजीसी चेयरमैन प्रोफेसर एम जगदीश कुमार के मुताबिक, यूजीसी ने सभी कॉलेजों को 2024-25 सेशन के लिए एडमिशन रोकने के लिए तत्काल कदम उठाने के लिए कहा है। हालांकि, पहले से एमफिल कर रहे छात्रों पर इसका प्रभाव नहीं पड़ेगा। छात्रों को इस संबंध में सतर्क रहने को कहा है।

**पहले से एमफिल कर रहे छात्रों पर नहीं पड़ेगा कोई प्रभाव**



### कोई भी उच्च शिक्षण संस्थान एमफिल की पेशकश नहीं कर सकता

**यूजीसी** चेयरमैन ने बताया कि उपरोक्त अधिसूचना के नियम 14 में कहा गया है कि पीएचडी नियमों की अधिसूचना से पहले शुरू हुआ एमफिल कार्यक्रम प्रभावित नहीं होगा। यानी अधिसूचना जारी किए जाने से पहले दाखिला ले चुके छात्रों को एमफिल की उपाधि के लिए पूरा करने की अनुमति दी जाएगी, लेकिन यह भी स्पष्ट तौर पर कहा गया है कि उपरोक्त नियमों की अधिसूचना के बाद अब देशभर का कोई भी उच्च शिक्षण संस्थान एमफिल की पेशकश नहीं कर सकता है।

### स्टूडेंट्स रहें सतर्क

**यूजीसी** का कहना है कि छात्र किसी भी विश्वविद्यालय की ओर से प्रस्तावित एमफिल प्रोग्राम में दाखिला न लें। यूजीसी के मुताबिक, एमफिल की डिग्री को मान्यता नहीं है। यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन (यूजीसी) ने सभी उच्च शिक्षण संस्थानों को निर्देश जारी करते हुए कहा कि विश्वविद्यालयों या फिर उनसे संबंधित कॉलेज एमफिल न कराएं। हालांकि, यूजीसी की ओर से जारी किए गए निर्देशों के बावजूद भी कुछ विश्वविद्यालय एमफिल जैसे प्रोग्राम उपलब्ध करा रहे हैं। यूजीसी ने छात्रों को सतर्क रहने को कहा है।

### उच्च शिक्षा संस्थान केवल निर्दिष्ट डिग्रियां ही प्रदान कर सकते

**छात्रों** के बीच अभी भी असमंजस की स्थिति है और एमफिल पर यूजीसी की अधिसूचना के बाद मौजूदा छात्रों के लिए इसकी वैधता पर प्रश्न आ रहे हैं। इस पर यूजीसी चेयरमैन का कहना है कि उच्च शिक्षा संस्थान केवल यूजीसी की ओर से निर्दिष्ट डिग्रियां ही प्रदान कर सकते हैं। यूजीसी (पीएचडी डिग्री प्रदान करने के लिए न्यूनतम मानक और प्रक्रिया) विनियम सात नवंबर 2022 को अधिसूचित किए गए थे।

प्रकाशक एवं मुद्रक विशाल धीमान द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी। आरएनआई संदर्भ संख्या-HPIN01099, ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com, फोन नंबर : 01892-299098, 98168-75517